Mahendra's™

अप्रैल 2016
₹ 40

मास्टर इन
# करेन्ट अफेयर्स

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु ...



## 2016 ऑस्ट्रेलियन ओपन



12वें दक्षिण एशियाई खेल 2016



- स्टैंड-अप इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

## पद्म पुरस्कार 2016





सत्यमेव जयते

Mahendra Publication Pvt. Ltd.

# माह की शीर्ष चर्चित खबरें



एलिस वैद्यन जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पहली महिला सीएमडी नियुक्त।

**1**



जय शंकर मेनन संयुक्त राष्ट्र की पर्यवेक्षक सेना के प्रमुख नियुक्त।

**2**



भारतीय लेखिका अनुराधा रॉय ने दक्षिण एशियाई साहित्य के लिए प्रतिष्ठित डीएससी पुरस्कार जीता।

**3**



लियोनार्डो डिकैप्रियो ने द रेवनेंट में अपने अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का बाफ्टा पुरस्कार जीता।

**4**



भारत की महान शास्त्रीय नृत्यांगना मृणालिनी साराभाई का निधन।

**5**



कांग्रेस पार्टी के नेता एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ का निधन।

**6**



भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर एस.एस. तारापुर का निधन।

**7**



हेनरी तिफाग्ने ने भारत में मानवाधिकार के लिए एमनेस्टी पुरस्कार जीता।

**8**




अमीना जे मोहम्मद अग्रणी वॉश संगठन की अध्यक्ष नियुक्त।

**9**



गूगल के सुन्दर पिचई अमेरिका में सर्वाधिक वेतन पाने वाले सीईओ बने।

**10**

*Mahendra Publication Pvt. Ltd.*

Mahendra Publication Pvt. Ltd.

भाग - 6
अंक - 4




**सम्पादक**
एन.के. जैन

**सह-सम्पादक**
नीरज गौड़

**सलाहकार**
नीरज छाबड़ा
के.सी. गुप्ता

**पंजीकृत कार्यालय**
महेन्द्रा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,
103, प्रगतिदीप बिल्डिंग, प्लॉट न. 08, लक्ष्मीनगर, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, नई दिल्ली - 110092
TIN- 07136921593
डब्ल्यू.ई.एफ. 10-04-2014

**शाखा कार्यालय**
महेन्द्रा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,
ई-42, 43, 44, सेक्टर-7, नोएडा, (यू.पी.)

प्रसार, वितरण एवं विज्ञापन सम्बन्धी सभी जानकारियों के लिए सम्पर्क करेंः-
mahendrapublication.org
Ph.: 0522-3247030

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक
एन.के. जैन
103, प्रगतिदीप बिल्डिंग, प्लॉट न. 08, लक्ष्मीनगर, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, नई दिल्ली - 110092 से प्रकाशित।



**कॉपीराइट**
- प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना इस पत्रिका में प्रकाशित किसी भी सामग्री को उद्धत या उसका अनुवाद नहीं किया जा सकता है।
- किसी भी प्रकार के विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा।



कृपया अपने सुझाव एवं शिकायत हमें निम्न पते पर भेजेंः- महेन्द्रा पब्लिकेशन, प्राइवेट लिमिटेड, सी.पी.-9 विजयन्त खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ -226010
mahendrapublication.org


# अनुक्रमाणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| साक्षात्कार | 5 | प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना | 89 |
| कम्पटीशन बूस्टर | 6-11 | ऑस्ट्रेलियन ओपन 2016 | 90-91 |
| एक नजर में | 12 | प्रश्न खजाना (भाग-ए) | 93-97 |
| न्यूज़ मेकर्स | 13-18 | प्रश्न खजाना (भाग-बी) | 98-101 |
| न्यूज़ डायरी | 20-82 | प्रश्न खजाना (भाग-सी) | 102-113 |
| पद्म अवार्ड 2016 | 84 | राष्ट्रीय | 102-105 |
| | | अन्तर्राष्ट्रीय | 106 |
| स्टैंड-अप इंडिया, स्टार्ड अप इंडिया | 85-86 | अर्थव्यवस्था | 107-111 |
| 12वें दक्षिण एशियाई खेल | 87-88 | विविध | 112-113 |


पद्म अवार्ड 2016



स्टैंड-अप इंडिया, स्टार्ड अप इंडिया




12वें दक्षिण एशियाई खेल

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना



ऑस्ट्रेलियन ओपन 2016



# संपादकीय

**"मन में व्याप्त विशेष विचार ही, वास्तविक भौतिक या मानसिक स्थिति में रूपांतरित होते हैं।"**

**स्वामी विवेकानन्द**

12 वें दक्षिण एशियाई खेलों के समापन के अवसर पर पूर्वोत्तर की विविध व रंगीन संस्कृति पूरे शबाब पर थी व लयबद्ध शानदार आतिशबाजी से गुवाहाटी शहर के ऊपर रात का आकाश रोशनी से सराबोर हो गया था। केंद्रीय खेल मंत्री सर्वानंद सोनोवाल द्वारा इंदिरा गांधी एथलेटिक्स स्टेडियम से आठ सार्क देशों के 12 दिन के सबसे बड़े बहु खेल आयोजन के समापन की घोषणा के साथ ही खेलों का औपचारिक समापन हो गया। ये खेल संयुक्त रूप से गुवाहाटी और शिलांग द्वारा सह-आयोजित किये गये थे। इन खेलों का उद्घाटन एक शानदार समारोह में 5 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। संगठनात्मक मुद्दों तथा मीडिया सुविधाओं के प्रावधान के कुछ मुद्दों के अतिरिक्त यह आयोजन खेल के मोर्चे पर काफी सफल रहा।

गुवाहाटी की रात की जगमगाती आसमानी आतिशबाजी के साथ खेल की मशाल की ज्वाला को बुझाया गया। दक्षिण एशियाई ओलंपिक परिषद का झंडा उतारा गया और अगले मेजबान देश-नेपाल के अधिकारियों को सौंप दिया गया। कलकत्ता (1987) और मद्रास (1995) के बाद तीसरी बार खेलों की मेजबानी करने वाले भारत ने अभूतपूर्व 308 पदक (188 स्वर्ण, 90 रजत, 30 कांस्य) जीतकर 12वें दक्षिण एशियाई खेलों में अपना दबदबा बनाये रखा और क्षेत्र में एक बेजोड़ खेल शक्ति के रूप में स्थापित किया। श्रीलंका 25 स्वर्ण, 63 रजत और 98 कांस्य के साथ काफी अंतर के साथ दूसरे स्थान पर था, जबकि पाकिस्तान 12 स्वर्ण, 37 रजत और 57 कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर था। भारत ने, वास्तव में, 23 अनुशासनों में उपलब्ध कुल 239 में से लगभग तीन-चौथाई पदक हासिल किये।

पिछले कुछ वर्षों में भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक कूटनीति अपने चरम पर रही है। इससे न केवल दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में बल्कि खेलों में भी बाधा उत्पन्न हुई है। यही कारण रहा है कि, 12वें दक्षिण एशियाई खेलों के आयोजन में दो साल की देरी हुई। एक ओर जहाँ हमें सीमा पर या कश्मीर घाटी में या यहां तक कि भारत-पाकिस्तान के बीच खेल स्पर्धा आयोजित करने वाले खेल स्टेडियमों में युद्ध जैसा दृश्य दिखाई देता है, जिसे लोगों द्वारा और भी प्रोत्साहित ही किया जाता है, परंतु दूसरी ओर सीमा पार से आने वाले खिलाड़ियों के लिये यह सुखद अनुभव नहीं होता, क्योंकि वे दोनों देशों की साझी संस्कृति और परंपरा के बीच प्रेम और सद्भाव बांटने की उम्मीद कर रहे होते हैं।

पड़ोसी देशों को विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान को अपने सैन्य और अन्य सीमा विवादों को एक ओर रख कर टीम भावना के साथ दक्षिण एशियाई देशों के बीच मिलनसार संबंधों को बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिए। केवल तभी हम दक्षिण एशियाई खेलों के असली उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं।

आपका शुभेच्छु

महेन्द्रा पब्लिकेशन प्रा. लि.




## व्यक्तिगत विवरण



नाम : अक्षय टंडन

पिता का नाम : श्री राकेश स्वरूप टंडन

माता का नाम : श्रीमती अल्का टंडन

शिक्षा : बी. ए. (अंग्रेजी साहित्य)

रूचियाँ : क्रिकेट खेलना

अंतिम चयन : आर्यावर्त ग्रामीण बैंक (क्लर्क)

उत्तीर्ण परीक्षा का अनुक्रमांक : **3010729477**

महेंद्रा संस्थान का अनुक्रमांक : **PDH 0270663986**

माइका : सर्वप्रथम आपको ''आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में क्लर्क'' पद पर चयनित होने पर हार्दिक बधाई।

अक्षय : धन्यवाद।

माइका : आप अपनी सफलता का श्रेय किसे देना चाहेंगे?

अक्षय : मैं अपने चयन का श्रेय अपने परिवार और अपने दोस्तों को देना चाहता हूँ जिन्होंने मुझे प्रेरित किया और हर संभव तरीके से मेरी सहायता की।

माइका : आपको, कितने प्रयासों के बाद बैंक परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई?

अक्षय : यह मेरा दूसरा प्रयास था।

माइका : क्या आपने परीक्षा की तैयारी के लिए किसी संस्थान की सहायता ली, यदि हां तो आपकी सफलता में संस्थान का क्या योगदान है?

अक्षय : हाँ मैंने महेंद्रा संस्थान से मार्गदर्शन लिया था। संस्थान ने परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक वातावरण प्रदान करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

माइका : आपने लिखित परीक्षा की तैयारी कैसे की?

अक्षय : मैंने महेंद्रा की अध्ययन सामग्री, स्पीड टेस्ट, बैंकर्सगुरू वेबसाइट, प्रॉब्लम सॉल्विंग सेशन जैसी सुविधाओं के द्वारा तैयारी की।

**संख्यात्मक अभियोग्यता:**

नियमित रूप से ऑनलाइन स्पीड टेस्ट दिया।

**तार्किक अभियोग्यता:**

महेंद्रा की अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन स्पीड टेस्ट और बैंकर्सगुरू वेबसाइट पर उपलब्ध क्विज ने मेरी बहुत सहायता की।

**अंग्रेजी:**

मैंने 'द हिंदू' से संपादकीय पढ़े और नियमित रूप अपने क्लास नोट को बार-बार दुहराया। अभ्यास के लिए मैंने स्पीड टेस्ट दिये।

**सामान्य सचेतता:**

माइका से तैयार किया, दैनिक आधार पर वेबसाइट देखता था और कक्षा के नोटों को दुहराता था।

**कम्प्यूटर एवं विपणन:**

मैंने कंप्यूटर ऑपरेशंस में डिप्लोमा किया है। इसलिए, इसमें मुझे कोई परेशानी नहीं हुई।

माइका : ज्ञान पर आधारित एक स्रोत के रूप में सामान्य सचेतता के लिए ''मास्टर इन करेन्ट अफेयर्स'' पत्रिका, बैंकर्स गुरू तथा इंटरव्यू गुरू वेबसाइटों के बारे में आपका क्या अनुभव है?

अक्षय : माइका और ''बैंकर्स गुरू'' वेबसाइट ने मेरे चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। माइका, सामान्य जागरूकता के सभी प्रासंगिक विषयों को शामिल करती है, जबकि बैंकर्स गुरु वेबसाइट सभी विषयों के लिए एक वन-स्टॉप साइट है।

माइका : आपके अनुसार, आपके कोचिंग संस्थान की सबसे अच्छी बात क्या है?

अक्षय : मेरे संस्थान के बारे में सबसे अच्छी बात यहाँ के उच्च शिक्षित शिक्षक, ऑनलाइन स्पीड टेस्ट और ऑनलाइन प्रॉब्लम सॉल्विंग सेशन है।

माइका : किसी की सफलता में ''समय प्रबंधन'' का क्या योगदान है?

अक्षय : ''समय प्रबंधन'' सफलता के लिये प्रमुख एवं अनिवार्य स्तंभ है। बिना समुचित समय प्रबंधन के लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करना अत्यंत मुश्किल कार्य है।

माइका : आपने साक्षात्कार के लिए तैयारी किस प्रकार की?

अक्षय : मैंने नियमित आधार पर महेंद्रा की पीडीएच की कक्षाएं लीं, अपनी प्रस्तुति, आत्मविश्वास और अपना ज्ञान बढ़ाने के लिये मैने नियमित रूप से छद्म साक्षात्कार दिये।

माइका : साक्षात्कार बोर्ड के बारे में आपकी धारणा क्या है और आपसे साक्षात्कार में किस तरह के प्रश्न पूछे गए?

अक्षय : बोर्ड ज्ञान की प्रतिमूर्ति की तरह दिखाई दे रहा था, बोर्ड के सभी सदस्य सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहवर्धक थे।

पूछे गये प्रश्न :-

**(I)** आपने इंटरमीडिएट में विज्ञान की पढ़ाई की फिर बाद में आपने कला का चुनाव क्यों किया?

**(II)** रॉबर्ट ब्राउनिंग की प्रसिद्ध पंक्ति बताइये।

**(III)** जवाहर लाल नेहरू की प्रसिद्ध पंक्तियाँ बताइये।

**(IV)** बैंकिंग से संबंधित कुछ प्रश्न।

**(V)** समसामयिक जानकारी पर कुछ प्रश्न।

माइका : आपको अपने चयन की जानकारी कैसे प्राप्त हुई और आपकी प्रतिक्रिया क्या थी?

अक्षय : मेरे एक दोस्त ने मुझे फोन पर मेरे रिजल्ट के बारे में बताया। यह सुनकर मैं एक पल के लिए स्तब्ध रह गया।

माइका : आप अन्य अभ्यर्थियों के लिए क्या संदेश देना चाहते हैं?

अक्षय : दृढ़ संकल्प और निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। कभी आशा न छोड़ें और कभी भी हार न मानें।

माइका : एक बार फिर से आपको सफलता के लिए बधाई व आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएँ।

अक्षय : धन्यवाद!

डॉ डी. जे. पांडियन को एआईआईबी का उपाध्यक्ष, मुख्य निवेश अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# कम्पटीशन बूस्टर

| | |
|---|---|
| किसे यूरोपीयन टूर का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गोल्फर नामित किया गया है? | रॉरी मैक्लरॉय |
| 59वें राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक किसने जीता? | अपूर्वी चंदेला |
| कौन सा देश 34 देशों के "इस्लामी सैन्य गठबन्धन" का नेतृत्व कर रहा है? | सऊदी अरब |
| न्यूजीलैंड के नए ध्वज का नाम क्या है? | सिल्वर फर्न |
| मालदीव में भारत के उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? | अखिलेश मिश्रा |
| उत्तर प्रदेश के लोकायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? | न्यायमूर्ति संजय मिश्रा |
| सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष ...... के पूर्व पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगा दिया है। | 2005 |
| 2016 के सत्र से तीन वर्षों के लिए हाकी इंडिया लीग का नया टाइटिल प्रायोजक किसे बनाया गया है? | कोल इंडिया लिमिटेड |
| केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बंदरगाहों से जुड़े मामलों पर सहयोग के लिए भारत और ....... के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है। | स्पेन |
| फ्रेंकोइस होलांद भारत के 67वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। वह किस देश के राष्ट्रपति हैं? | फ्रांस |
| केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और उसके ..........समकक्षों के बीच ऊर्जा से संबंधित मामलों पर तैयार समझौते पत्र को पूर्वव्यापी स्वीकृति दे दी। | ब्रिक्स |
| तीसरे राष्ट्रीय यश चोपड़ा मेमोरियल पुरस्कार के लिए किसे चयनित किया गया है? | रेखा |
| किस राज्य ने राज्य में अपराधों से बेहतर तरीके से निपटने के लिए योजना 'डायल 100' का शुभारंभ किया? | उत्तर प्रदेश |
| किसे वर्ष 2015 के सीआईआई - आईटीसी सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है? | केयर्न इंडिया |
| किसने यूसी बर्कले-हास स्कूल ऑफ बिजनेस की ओर से 'सार्वजनिक नवाचार में उत्कृष्ट वैश्विक मार्गदर्शन' के लिए गारवुड पुरस्कार प्राप्त किया? | प्रणब मुखर्जी |
| ........... और हॉलीवुड निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की ड्रीमवर्क्स स्टूडियोज ने संयुक्त रूप से एम्ब्लिन पार्टनर्स कंपनी का गठन किया। | रिलायंस एंटरटेनमेंट |
| 2015 में व्यापार करने के लिहाज से सर्वश्रेष्ठ देशों की फोर्ब्स की वार्षिक सूची में भारत का क्या स्थान है? | 97वां |
| किस भारतीय फिल्म निर्देशक को पाकिस्तान में आयोजित रफी पीर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2015 में सम्मानित किया गया है? | मधुर भंडारकर |
| यान ढांडा लिवरपूल के साथ एक पेशेवर अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाले भारतीय मूल के पहले फुटबॉल खिलाड़ी बन गए हैं। वह किस देश के लिए खेलते हैं? | इंग्लैंड |
| कौन विश्व व्यापार संगठन का 164वां और नवीनतम सदस्य है? | अफगानिस्तान |
| मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? | आर.के. माथुर |
| उस शारीरिक रूप से विकलांग भारतीय का नाम क्या है जिसने तैराकी में एक रिकॉर्ड बना कर यूआरएफ एशियाई रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा लिया है? | ई.डी. बाबुराज |
| किस देश ने सफलतापूर्वक डार्क मैटर पार्टिकल एक्सप्लोरर (डीएएमपीई) उपग्रह का प्रक्षेपण किया है? | चीन |
| कौन सा राज्य 2019 में राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा? | आंध्र प्रदेश |

ऑस्ट्रेलिया ने हरिंदर सिद्धू को भारत में अपना उच्चायुक्त नियुक्त किया है।

| | |
|---|---|
| किस देश ने चीन की मुद्रा युआन को आधिकारिक तौर पर अपनाने की घोषणा की है? | जिम्बाब्वे |
| खाद्य नियामक एफएसएसएआई के सीईओ के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? | पवन कुमार अग्रवाल |
| स्वदेशी तकनीक से निर्मित देश के प्रथम नौसेना युद्धपोत ........को मुम्बई में सेवानिवृत्त कर दिया गया। | आईएनएस गोदावरी |
| संयुक्त राष्ट्र ने माली में ........ को नए शांति संस्थापक प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है। | महामत वर्षेह अन्नादिफ |
| किसको इस वर्ष अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबाल खिलाड़ी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है? | माइकल ब्रेडली |
| भारत और रूस के बीच कितने समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए? | **16** |
| कौन सी कंपनी वर्ष **2015** की **500** सबसे बड़ी भारतीय कम्पनियों की सूची में शीर्ष पर है? | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन |
| कौन सा शहर यातायात नियमों के उल्लंघन से निपटने के लिए के. एस. राधाकृष्णन के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एक समिति की सिफारिशों को लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है? | दिल्ली |
| पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) योजना के क्रियान्वयन पर गौर करने के लिये सरकार द्वारा न्यायिक समिति का प्रमुख .............. को नियुक्त किया गया है। | एल. नरसिम्हा रेड्डी |
| पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कृष्णा गोदावरी (केजी) गैस क्षेत्र में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के बीच विवाद को देखने के लिए ...........के अंतर्गत एक समिति नियुक्त की है। | अजित प्रकाश शाह |
| वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल की समीक्षा व पुनरूद्धार पर किसकी अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट जारी की है? | विजय केलकर |
| भारत रूस संयुक्त नौसेना अभ्यास इंद्रनेवी का ..........संस्करण बंगाल की खाड़ी में आयोजित किया गया। | **8**वाँ |
| भारतीय तटरक्षक बल ने कोचीन शिपयार्ड द्वारा निर्मित किये जा रहे **20** त्वरित गश्ती पोतों में से **19** वें को अपने बेड़े में सम्मिलित किया है। इस पोत का नाम क्या है? | आईसीजीएस अतुल्य |
| प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में तीनों सेनाओं का वार्षिक आयोजन ''कमांडरों का संयुक्त सम्मेलन'' ..... के बोर्ड पर आयोजित किया गया था। | आईएनएस विक्रमादित्य |
| पूर्व केंद्रीय मंत्री....... की आत्मकथा 'ऑन माई टर्म्सः फ्रॉम द ग्रासरूट्स टू द कॉरिडोर ऑफ पॉवर', का विमोचन हाल ही में किया गया है। | शरद पवार |
| अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी .......ने फॉल्कन **9** रॉकेट के साथ **11** उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। | स्पेस एक्स |
| हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन का पांचवां संस्करण किस देश में आयोजित किया गया था? | पाकिस्तान |
| रक्षा खरीद परिषद ने ............से लगभग **40000** करोड़ रुपए मूल्य के उन्नत एस**400** ट्रियम्फ एयर डिफेंस मिसाइल प्रणाली की खरीद को स्वीकृति दी है। | रूस |
| भारतीय सेना और वायु सेना ने चेन्नई (तमिलनाडु) में भारी बाढ़ में राहत कार्य के लिए ऑपरेशन ...... शुरू किया था। | मदद |
| प्रसिद्ध ...........सुबीर सेन का निधन हो गया। | गायक |
| इसरो ने .......... से अपने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवीसी-**29** के साथ छह उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। | सिंगापुर |
| ..................... के इम्पीरियल कॉलेज के वैज्ञानिकों ने मलेरिया बीमारी से लड़ने के लिये मलेरिया उत्पन्न करने वाली एनॉफिलीज गैम्बी प्रजाति को आनुवंशिक रूप से संशोधित किया। | ब्रिटेन |
| भारतीय जंतुवैज्ञानिक सर्वेक्षण के वैज्ञानिकों ने ईल मछली की नई प्रजाति बंगाल मोरे ईल (जिम्नोथोरैक्स मिश्राई) की पश्चिम बंगाल के किस जिले में खोज की है? | पूर्व मेदिनीपुर |
| **Centre for Development of Advanced Computing** का संक्षिप्त रूप क्या है? | **CDAC** |
| किस टीम ने हरियाणा हैमर्स को हराकर प्रो कुश्ती लीग का खिताब जीता हैं? | मुंबई गरुड़ |

बहुप्रशंसित फिल्म निर्देशक अरविंद मुखर्जी का निधन हो गया।

- सीनियर राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप किस राज्य में आयोजित की गयी थी? — पंजाब
- छठा ग्लोब फुटबॉल पुरस्कार **2015**-सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी लियोनेल मेसी, बेस्ट क्लब ............। बेस्ट कोच मार्कविल्मॉट्स। — एफ. सी. बार्सिलोना
- एक प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद ..........के क्रिकेटर कुशाल परेरा को चार वर्ष के लिए प्रतिबंध कर दिया गया है। — श्रीलंका
- सरकार ने ........ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-**1**ए को स्वीकृति दे दी है। यह **6928** करोड़ रुपये की लागत से **22** स्टेशनों के साथ लगभग **23** किलोमीटर की दूरी को तय करेगी। — लखनऊ
- सरकार ने **2015** में कम बारिश से प्रभावित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और ................. के लिए **6,794** करोड़ रुपये की सहायता को स्वीकृति दे दी है। — मध्य प्रदेश
- किस देश के ब्योर्न आइसबर्ग को कोल इंडिया हॉकी इंडिया लीग के टूर्नामेंट निदेशक (एचआईएल) के रूप में नियुक्त किया गया है? — स्वीडन
- डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) का **10** वीं मंत्रिस्तरीय सम्मेलन .....के नैरोबी में आयोजित किया गया था। — केन्या
- प्रसिद्ध ........... छायाकार हास्केल वेक्स्लर का निधन हो गया। — अमेरिकी
- प्रख्यात ............ कवि मंगेश पडगांवकर का निधन हो गया। — मराठी
- एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) के सदस्य देशों की सरकारों के प्रमुखों की **14** वीं बैठक किस देश के झेंग्झौ में सम्पन्न हुई? — चीन
- द्वितीय विश्व इंटरनेट सम्मेलन ............. के झेजियांग प्रांत में आयोजित किया गया था। — चीन
- दक्षिण कोरिया और ............ महिलाओं की सुविधा के मुद्दे पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। — जापान
- पेट्रोलियम निर्यातक देशों के के संगठन ओपेक के विश्व तेल आउटलुक **2015** के अनुसार, **2040** तक तेल और गैस से वैश्विक ऊर्जा मांग की ............... आपूर्ति होने का अनुमान है। — **53%**
- कौन सा देश, फ्रांसीसी दवा निर्माता सनोफी पाश्चर द्वारा निर्मित दुनिया के अब तक के पहले डेंगू के टीके डेंगवैक्सिया की बिक्री को स्वीकृति देने वाला पहला एशियाई देश बन गया है? — फिलीपींस
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा के दौरान भारत की रिलायंस डिफेंस ने रूसी हथियार फर्म ......... के साथ **6** बिलियन डॉलर के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं? — अल्माज अंते
- भारत की इंडियन ऑयल कार्पोरेशन (आईओसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) ने रूसी तेल कंपनी .................. के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। — रोजनेफ्त
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस, अफगानिस्तान और पाकिस्तान की अपनी हाल की यात्रा के दौरान .......... के काबुल में भारत द्वारा निर्मित नई संसद का उद्घाटन किया। — अफगानिस्तान
- प्रसिद्ध ......... विज्ञान गल्प लेखक जॉर्ज क्लेटन जॉनसन का निधन हो गया। वह डिस्टोपियन उपन्यास ‘लोगान्स रन के लिए सर्वश्रेष्ठ जाने जाते थे। — अमेरिकी
- प्रख्यात .......... साधना शिवदासानी का निधन हो गया। — अभिनेत्री
- **200** कामोव **226**टी हल्के हेलीकाप्टरों के निर्माण के लिए ......की रॉस्टेक निगम ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ **1** बिलियन अमेरिकी डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। — रूस
- केंद्र ने निम्नलिखित देशों में से किसके साथ बंदरगाह मामलों में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए जाने को स्वीकृति दी है? — स्पेन
- विप्रो लिमिटेड के नए सीईओ कौन हैं? — आबिद अली जेड. नीमचवाला
- न्यायमूर्ति आर. एम. लोढ़ा समिति संबंधित है- — आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग
- किस आसियान देश के साथ भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं? — सिंगापुर

देवेंद्र सिंह को पेरिस स्थित आईसीसी आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

- भारत अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और अवैध दवाओं में तस्करी का मुकाबला करने में सहयोग करने पर निम्नलिखित में से किस देश के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करने पर सहमत हो गया है? — बहरीन
- कौन से संगठन/परिषद ने आईएसआईएस और अल-कायदा के लिए धन के सभी स्रोतों को समाप्त करने के एक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया है? — संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद
- नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति द्वारा नए कानून को स्वीकृति दिये जाने के बाद कौन से देश ने, अपने पहले आतंकवाद विरोधी कानून को पुस्तकबद्ध किया है? — चीन
- कौन से दो देश महिलाओं की सुविधा के मुद्दे पर एक समझौते पर पहुँचे हैं? — जापान और दक्षिण कोरिया
- जनरल मोटर्स का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है? — मेरी बारा
- 'बदलते मधुमेह' अभियान के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में किसे नामित किया गया है? — सचिन तेंदुलकर
- ऐम्प्युटी पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा ने अर्जेंटीना के किस पर्वत पर विजय प्राप्त की है? — माउंट एकांकागुआ
- किस ऑनलाइन मार्केटप्लेस ने अपनी मोबाइल वेबसाइट का हिंदी और तेलुगु भाषा में शुभारंभ किया है। — स्नैपडील डॉट कॉम
- मिस यूनिवर्स **2015** का ताज किसने जीता है? — पिया अलोंजो वुर्त्जबच
- विभिन्न कविता शैलियों के लिए .................. को अमेरिकी राज्य ओहियो द्वारा पहला कवि पुरस्कार विजेता नामित किया गया है? — अमित मजमूदार
- आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिये किसे नियुक्त किया गया है? — उर्जित आर. पटेल
- किस सॉफ्टवेयर कंपनी ने भानुमूर्ति बी.एम. को अपना अध्यक्ष व सीओओ नियुक्त किया है? — विप्रो
- किस बैंक ने चौबीसो घंटे मुफ्त धन स्थानांतरण की सुविधा प्रदान करने के लिये मिस्ड कॉल प्रणाली का शुभारंभ किया है? — फेडरल बैंक
- मणि शंकर मुखर्जी कौन हैं? — लेखक
- भारत का महा पंजीयक एवं जनगणना आयुक्त किसे नियुक्त किया गया है? — शैलेष
- रेलवे ने **1** फरवरी से, .................. से संबंधित दुरूपयोग को रोकने के लिये गलत आयु घोषित करने वाले यात्रियों से सख्ती से निपटने का फैसला किया है- — वरिष्ठ नागरिक कोटा
- किस उत्सव को केंद्र सरकार द्वारा कुछ सुरक्षा मानकों के साथ अनुमति प्रदान की गयी है जिसमें साड़ों को प्रदर्शनकारी जंतु के रूप में प्रयोग किया जाता है? — जल्लीकट्टू
- किस भारतीय टैंक के लिये डीआरडीओ ने नये फायरिंग आयुध भेदन-सह-विस्फोट (पीसीबी) एवं तापभारीय (टीबी) आयुध का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है? — अर्जुन
- पाकिस्तानी महिला सामाजिक कार्यकर्ता व नोबेल पुरस्कार विजेता के जीवन पर निर्मित अमेरिकी डॉक्युमेंटरी फिल्म को किस पुरस्कार के लिये नामित किया गया है? — बाफ्टा पुरस्कार
- चेन्नई ओपन का खिताब जीतने वाले स्टानिस्लास वावरिंका किस देश से संबंधित हैं? — क्रोएशिया
- दक्षेस के किस सदस्य देश को संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ) के कार्यकारी बोर्ड में **2016-2018** के लिये एशिया-प्रशांत राज्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिये सदस्य के रूप में चुना गया है? — नेपाल
- रविंद्र कालिया का हाल ही में निधन हो गया। वह कौन थे? — एक प्रख्यात हिंदी लेखक एवं पत्रकार
- किस फिल्म के लिये लियोनार्डो डिकैप्रियो ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामाटिक अभिनेता के लिये गोल्डेन ग्लोब पुरस्कार जीता है? — द रेवेनैंट
- राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट योगदान के लिये 'बुलंद भारत' पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है? — जी. एम. राव
- मारिया टेरेसा डी फिलिप्स, जिन्हें पहली महिला फार्मूला **1** ड्राइवर के रूप में जाना जाता है, का **89** वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह किस देश से संबंधित हैं- — इटली
- भारत की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट के नये सीईओ निम्न में से कौन हैं? — बिन्नी बंसल

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना **11** राज्यों के **61** जिलों में विस्तारित की गयी है।

# कम्पटीशन बूस्टर (बैंकिंग एवं वित्तीय सचेतता)

| | |
|---|---|
| केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? | अरुण कुमार जैन |
| विश्व बैंक द्वारा महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत अभियान के लिए कितना ऋण अनुमोदित किया गया है? | 1.5 अरब डॉलर |
| किसे 2 लाख रुपए से अधिक के सभी प्रकार के सौदों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है? | पैन |
| ''मोबोमनी'' नामक अपनी मोबाइल वॉलेट सेवा शुरू की है? | टेक महिंद्रा लिमिटेड |
| वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद का केंद्र सरकार का पूर्वानुमान क्या है? | 7-7.5% |
| इकरा ने किस बैंक की दीर्घ-कालिक क्रेडिट रेटिंग को ''पॉजिटिव'' से घटाकर ''स्टेबल'' कर दिया है? | यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया |
| कोटक महिंद्रा बैंक ने किस अभियान का शुभारंभ किया है? | 'फोन फोन में कोटक' |
| कौन सा ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर सेवा ''ई-साइन'' शुरू करने वाला पहला बैंक बन गया है? | एक्सिस बैंक |
| कौन सा मोबाइल एप्लिकेशन हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा पेश किया गया है? | स्टेट बैंक समाधान |
| वर्ष 2005 से पहले के जारी करेंसी नोटों को नए नोटों से बदलने की नई समयसीमा क्या है? | 30 जून 2016 |
| भारतीय रिजर्व बैंक ने .............की अध्यक्षता में वित्तीय समावेशन पर मध्यावधि मार्ग पर समिति की रिपोर्ट जारी की है। | दीपक मोहंती |
| मुख्य आर्थिक सलाहकार ........के नेतृत्व में गठित समिति ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अंतर्गत कर की दरों पर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की। | अरविंद सुब्रमण्यन |
| पीडीटी आचारी पैनल की सिफारिशों के आधार पर, किस राज्य के विधानमंडल ने विधान सभा सदस्य वेतन, भत्ते एवं पेंशन संशोधन विधेयक 2015 पारित किया है? | मध्य प्रदेश |
| टाइम्स ग्रुप द्वारा प्रायोजित ब्रिक्स उभरती अर्थव्यवस्थाओं के विश्वविद्यालयों का शिखर सम्मेलन 2015 ....... में आयोजित किया गया। | दिल्ली |
| सिंधु नदी बेसिन में जल संसाधनों के विकास का समर्थन करने के लिए विश्व बैंक ने ............ को 35 मिलियन डॉलर की सहायता को मंजूरी दी है। | पाकिस्तान |
| IIM का पूर्ण रूप क्या है? | Indian Institute of Management |
| ONGC का पूर्ण रूप क्या है? | Oil and Natural Gas Corporation |
| विश्व बैंक ने स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के लिए कितने ऋण की स्वीकृति दी है? | 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर |
| वर्तमान में, विश्व स्तर पर उन्नत स्वच्छता की पहुँच न रखने वाले 2.4 बिलियन लोगों में से 750 मिलियन से अधिक लोग भारत में रहते हैं, उनमें से .................. लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। | 80 प्रतिशत |
| आईआरसीटीसी ने यात्रियों को किस मोबाइल वॉलेट का उपयोग करते हुये ट्रेन में भोजन व्यवस्था पाने की अनुमति दी है? | पेटीएम |
| IRCTC का पूर्ण रूप क्या है? | Indian Railway Catering and Tourism Corp. |
| एफआईपीबी ने .......... रुपये मूल्य के तीन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी है। | 136 करोड़ |
| एक्सिम बैंक ने अपने डिजिटल बैंकिंग पहल 'ई-साइन' को आगे बढ़ाने के लिए किसके साथ भागीदारी की है? | ई-मुद्रा लिमिटेड |
| किस देश ने तेल निर्यात से 40 वर्षीय प्रतिबंध हटा लिया है? | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति कौन है? | बराक ओबामा |

ममता बनर्जी ने हावड़ा के पंचला में आईटीसी की एक विनिर्माण इकाई की नींव रखी।

| | |
|---|---|
| चीन आधारित शंघाई हिताची विद्युत कंपनी (SHEC) की सहायक कंपनी, हाइली इंडिया कहां स्थित है? | चंगोदर, अहमदाबाद |
| एसोचैम की एक मध्य वर्षीय समीक्षा में कहा गया है कि, चालू वित्त वर्ष में भारत सकल घरेलू उत्पाद में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करेगा और इसके --------------- की गति से त्वरित होने की "काफी संभावना है"। | 7.8-8.0 प्रतिशत |
| राजकीय और आधिकारिक पासपोर्ट धारक लोगों के लिए वीजा आवश्यकताओं से छूट समझौते के अंतर्गत वीजा मुक्त प्रवेश, पारगमन और भारत में 180 दिन (या अधिक) किसी भी अवधि में ............ तक रहने की सुविधा प्रदान करेगा। | 90 दिन (या कम) |
| सरकार ने लौह अयस्क के छर्रों पर निर्यात शुल्क कितने प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया है? | पांच प्रतिशत |
| सरकार ने मत्स्य पालन क्षेत्र के विकास एवं प्रबंधन के लिए ........... के परिव्यय के साथ एक एकीकृत योजना को मंजूरी दे दी है। | 3,000 करोड़ रूपये |
| वोल्वो समूह ने अपनी ............और संयुक्त कंपनी वोल्वो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (वाआईपीएल) के विलय की घोषणा की है। | वोल्वो बसेज इंडिया |
| वी.आर.वी. श्रीप्रसाद ..................... में वोल्वो बस व्यापार का नेतृत्व करते रहेंगे। | भारत |
| किस बैंक ने अपने एटीएम का पता लगाने में ग्राहकों को सक्षम बनाने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन एटीएम असिस्ट का शुभारंभ किया है? | पीएनबी |
| सरकार ने केसेसिन के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजना कितने राज्यों के 26 चयनित जिलों में लागू की जायेगी? | आठ |
| **DBT** का पूर्ण रूप क्या है? | **Direct Benefit Transfer** |
| शेयर बाजारों को सार्वजनिक श्रेणी में ........... की हिस्सेदारी बनाए रखने के लिये कदम उठाने होगें और सुनिश्चित करना होगा कि ट्रेडिंग सदस्यों, सहयोगियों या एजेंटों की धारिता .......... से अधिक न हो। | 51 प्रतिशत, 49 प्रतिशत |
| ग्रिड से जुड़ी सौर छत प्रणालीयों के कार्यान्वयन के लिए बजट को 600 करोड़ रूपये से बढ़ाकर कितना कर दिया गया है? | 5000 करोड़ रूपये |
| ........ प्रति वर्ष से ऊपर की कर योग्य आय वाले उपभोक्ताओं को जनवरी 2016 से एलपीजी सब्सिडी नहीं मिलेगी। | लाख रूपये |
| रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी सब्सिडी का लाभ पाने के लिए कर योग्य आय सीमा कितने से कम होनी चाहिए? | 10 लाख रूपये |
| भारत पेट्रोलियम की मुंबई रिफाइनरी की क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट (सीडीयू) किसके द्वारा राष्ट्र को समर्पित की गयी? | देवेन्द्र फडणसीस |
| **LFE** का पूर्ण रूप क्या है? | **Liquid Fuel Equivalent** |
| किस बैंक ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से रेल टिकट बेचने के लिए रेलवे के ई-टिकटिंग मंच आईआरसीटीसी के साथ समझौता किया है। | आईसीआईसीआई |
| आरडीएसओ ने किस आईआईटी सहयोगात्मक अनुसंधान के साथ कार्य करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं? | आईआईटी-कानपुर |
| रिजर्व बैंक के अनुसार, अधिकांशतः राज्य संचालित बैंकों ने, दिसंबर के पहले सप्ताह तक सरकार के वित्तीय समावेशन अभियान के अंतर्गत ------ खाते खोले हैं। | 19.52 करोड़ |
| रक्षा लिमिटेड और रूस की अग्रणी विकासकर्ता और निर्माता .........रक्षा मिसाइल प्रणाली अल्माज-एंटी का निर्माण करती है। | एस-400 ट्रियम्फ एयर |
| किस संगठन ने राष्ट्रीय सुशासन दिवस के अवसर पर फेसबुक और ट्विटर पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है। | ईपीएफओ |
| किस कंपनी के साथ, आईसीसी ने 2016-2023 के दौरान होने वाले आईसीसी आयोजनों के लिये इसे आयोजन भागीदार घोषित करने के लिये आठ वर्षीय समझौते की घोषणा की है? | मनीग्राम |

मुकेश अंबानी को अमेरिका के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी के लिए चुना गया है।

# एक नज़र में



## संक्षिप्तीकरण

| | |
|---|---|
| बायोफिन | : बायोडायवर्सिटी फाइनेंस इनिशिएटिव |
| बीईपीएस | : बेस इरोजन एंड प्रॉफिट शिफ्टिंग |
| समर | : सिस्टम ऑफ एयरोसोल मॉनिटरिंग एंड रिसर्च |
| एनएफएमई | : नेशनल प्रेमवर्क फॉर मलेरिया इरैडिकेशन |
| यूएनआईसी | : यूनाइटेड नेशंस इनफॉर्मेशन सेंटर |
| ईडीएफ | : इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट फंड |

## महत्वपूर्ण तिथि और दिवस

| | |
|---|---|
| 2 फरवरी | : विश्व आर्द्रभूमि दिवस |
| 4 फरवरी | : विश्व कैंसर दिवस |
| 10 फरवरी | : राष्ट्रीय डीवॉर्मिंग दिवस |
| 13 फरवरी | : विश्व रेडियो दिवस |
| 20 फरवरी | : विश्व सामाजिक न्याय दिवस |
| 21 फरवरी | : अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस |
| 22 फरवरी | : विश्व स्काउट दिवस |
| 23 फरवरी | : विश्व शांति एवं सूझबूझ दिवस |

## आर्थिक शब्दावली

### निकासी कीमत

किसी वस्तु अथवा प्रतिभूति की वह कीमत जिस पर, उस वस्तु अथवा प्रतिभूति की बाजार से निकासी हो जाती है, निकासी कीमत कहलाती है। इस कीमत पर आपूर्ति की मात्रा, मांग की मात्रा बराबर होती है और क्रेता एवं विक्रेता, व्यापार संपन्न करते हैं।

आम तौर पर, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि, विक्रेता अपने उत्पाद के लिए उच्चतम संभव मूल्य प्राप्त करने की उम्मीद करता है जबकि क्रेता सबसे कम संभव कीमत पर उस वस्तु को प्राप्त करना चाहते हैं। ऐसे परिदृश्य में, वह कीमत जिस पर लेन-देन का निपटारा हो जाता है और दोनों पक्ष परस्पर सहमत होते हैं, निकासी कीमत कहलाती है। इस कीमत का निपटान बिंदु, अन्य विभिन्न कारकों से भी प्रभावित होता है। इसे संतुलन कीमत के रूप में भी जाना जाता है।

इस प्रकार निकासी कीमत, एक विक्रेता द्वारा अपनी वस्तु के लिये वांछित न्यूनतम मूल्य और एक क्रेता द्वारा उसके लिए देय उच्चतम मूल्य, के बराबर होती है। अतः यह वह कीमत है जिस पर नवीनतम लेनदेन किया गया है।

## पुस्तक और लेखक

ए स्ट्रेंजनेस इन माई माइंड




- ओरहान पामुक



ग्लोबल गेम चेंज




- जॉन नैसबिट और डोरिस नैसबिट



हाफ ऑफ व्हाट आई से




- अनिल मेनन



नाथूराम गोडसे-द स्टोरी ऑफ एन असेसिन




- अनूप अशोक सरदेसाई



द ऑक्युपेशन ट्रिलोजी




- पैट्रिक मोडियानो



द जेड फैक्टर




-सुभाष चंद्र



आर. के. वर्मा को रेलवे बोर्ड के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।




## नियुक्ति

### अतुलेश जिंदल



वरिष्ठ राजस्व सेवा अधिकारी अतुलेश जिंदल को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वह ए. के. जैन का स्थान लेंगे। जैन का कार्यकाल इस महीने समाप्त हो जाएगा।

सीबीडीटी आयकर विभाग की नीतियां बनाने वाला शीर्ष निकाय है।

कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने सीबीडीटी चेयरमैन के तौर पर जिंदल की नियुक्ति को स्वीकृति दी है। जिंदल भारतीय राजस्व सेवा के **1978** बैच के अधिकारी हैं। वह अभी सीबीडीटी (रेवेन्यू) सदस्य के रूप में कार्य कर रहे हैं।

### एलिस वैद्यन



एलिस वैद्यन को भारतीय साधारण बीमा निगम (जीआईसी री) का चेयरपर्सन और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। यह कंपनी देश में पुनर्बीमा का कारोबार करने वाली राष्ट्रीय कंपनी है, पहली बार कोई महिला न केवल इस राष्ट्रीय कंपनी के प्रमुख का पद संभालने जा रही हैं, बल्कि बीमा के क्षेत्र में यह पद धारण करने वाली वह पहली महिला हैं।

जीआईसी री दुनिया की **14**वीं सबसे बड़ी पुनर्बीमा कंपनी है। देश में पुनर्बीमा का कारोबार करने वाली यह एक मात्र कंपनी है। वैद्यन साधारण बीमा उद्योग के लिए सीधे नियुक्त किये गये अधिकारियों के **1983** बैच की हैं। वह अक्तूबर **2012** से जीआईसी री में महा प्रबंधक और मुख्य वित्त अधिकारी पद पर थीं।

वह पदेन जीआईसी साउथ अफ्रीका री, केनइंडिया इंश्योरेंस कंपनी केन्या और जीआईसी हाउसिंग फानांस कंपनी की चेयरपर्सन भी होगी। वह नये पद पर **31** जुलाई **2019** तक रहेंगी।

### रवि चेल्लम



प्रसिद्ध पर्यावरणविद रवि चेल्लम ने ग्रीन पीस इंडिया के कार्यकारी निदेशक का पद भार संभाल लिया। एक गैर सरकारी संगठन ने इसकी घोषणा की। चेल्लम की नियुक्ति इस गैर सरकारी संगठन को एक नया आधार देने के उद्देश्य से की गयी है। यह गैर सरकारी संगठन कई सरकारी एजेंसियों से चुनौतियों का सामना कर रहा है।

संगठन के यौन शोषण के दो मामलों से निपटने के तरीके की आंतरिक समीक्षा के बाद पूर्व कार्यकारी निदेशक समित आइक ने पिछले साल जून में पद से इस्तीफा दिया था। कार्यक्रम निदेशक दिव्या रघुनंदन ने भी तभी इस्तीफा दे दिया था।

रवि चेल्लम संस्था में सम्मिलित होने से पहले चेल्लम वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, यूएनडीपी, सहित कई संगठनों के लिए काम कर चुके हैं।

### गुरदीप सिंह



देश के सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने को गुरदीप सिंह चेयरमैन और एमडी नियुक्त किया है। **51** साल के सिंह पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिनका चयन सर्च कमेटी के जरिए किया गया है।

अभी वे गुजरात स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉरपोरेशन के प्रमुख हैं।

सिंह फिलहाल गुजरात राज्य बिजली कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। वर्ष **1987** में एनटीपीसी से ही शुरुआत करने के बाद सिंह ने ऊर्जा क्षेत्र की कई कंपनियों में काम किया है।

सिंह विभिन्न पदों पर सीएसईसी, पावरजेन और आईडीएफसी परियोजनाओं में काम कर चुके हैं।

जीएसईसी के प्रबंध निदेशक के तौर पर सिंह गुजरात में कई प्रमुख बिजली सुधारों की शुरुआत कर चुके हैं। इनमें सबसे प्रमुख सरदार सरोवर नहर पर सौर ऊर्जा संयंत्र है।

जस्टिस धीरेंद्र हीरालाल वाघेला बंबई उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश बने ।

## जे.एस. दीपक



जे.एस दीपक को दूरसंचार विभाग के सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। वर्तमान में दीपक विद्युत एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल की समिति ने इस नियुक्ति को स्वीकृति दी है। दीपक का मौजूदा विभाग और दूरसंचार विभाग दोनों संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से जुड़े हैं। वह राकेश गर्ग का स्थान लेंगे, जिन्हें अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय का सचिव बनाया गया है।

दीपक, 1982 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वर्ष 2010 में दूरसंचार विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर रहते हुए उन्होंने 3 जी और 4 जी स्पेक्ट्रम की सफल नीलामी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिससे तत्कालीन यूपीए सरकार को लगभग 1.067 लाख करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था।

मौजूदा केंद्र सरकार जल्द ही 700 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम नीलामी करने पर विचार कर रही है, जिससे उसे पांच लाख करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। ऐसे में दीपक की टेलीकॉम सचिव के पद पर तैनाती महत्वपूर् ण हो जाती है। वह इस समय इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव हैं। दीपक की जगह अरुणा शर्मा को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है।

## डॉ. कमलेश कुमार पांडे



डॉ. कमलेश कुमार पांडे को तीन वर्ष की अवधि के लिए निशक्तजनों का मुख्य आयुक्त (सीसीपीडी) नियुक्त किया गया है। डॉ. पांडे ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक एवं आगरा विश्वविद्यालय से 1990 में चिकित्सा में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। वे झुग्गियों के लिए कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन सेवा भारती से सम्बंधित थे। दृष्टिबाधितों के लिए कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन अखिल भारतीय दृष्टिहीन कल्याण संघ के संगठन सचिव भी रह चुके हैं। सीसीपीडी से जुड़ने से पहले डॉ. पांडे डिसेबिलिटी के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन सक्षम के संगठन सचिव थे।

केंद्र सरकार द्वारा डिसेबिलिटी के क्षेत्र में पुनर्वास के संबंध में विशेष ज्ञान और प्रायोगिक अनुभव रखने वाले व्यक्ति को निशक्तजनों का मुख्य आयुक्त (सीसीपीडी) बनाया जाता है। सीसीपीडी केंद्र सरकार द्वारा दिए धन के उपयोग की निगरानी, लाभार्थियों को उपलब्ध कराई गई सुविधाओं और अधिकारों की सुरक्षा, और पीडब्ल्यूडी कानून, 1995 के क्रियान्वयन पर पर केंद्र सरकार को रिपोर्ट जमा करने के लिए राज्य सरकारों के आयुक्तों के साथ समन्वय का भी कार्य करता है।

## डॉ. श्याम अग्रवाल



भारतीय प्रशासनिक सेवा, राजस्थान के 1980 बैच के अधिकारी डॉ. श्याम एस. अग्रवाल ने जनजातीय मामले मंत्रालय के सचिव का पदभार संभाला है। उत्कल विश्वविद्यालय के विज्ञान स्नातक अग्रवाल राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर हैं। उन्होंने स्लोवेनिया की जुबलीजाना विश्वविद्यालय से एम.बी.ए. भी किया है।

अमेरिका के लॉस एंजिल्स की सदर्न कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में पीएचडी की शिक्षा हासिल करने वाले डॉ. अग्रवाल ने वाणिज्य और उद्योग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालयों एवं गृह मंत्रालय में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। वर्तमान कार्यभार संभालने से पूर्व डॉ. अग्रवाल राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में सचिव के तौर पर कार्यरत थे। उन्होंने अरूण झा का स्थान लिया है।

## जयशंकर मेनन



भारतीय सेना के मेजर जनरल जयशंकर मेनन को संयुक्त राष्ट्र के एक महत्वपूर्ण बल का प्रमुख नियुक्त किया गया है। यह बल इजरायल और सीरिया के बीच संघर्ष विराम को बनाए रखने के लिए गोलान में तैनात है।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव बान की मून ने मेजर जनरल मेनन को यूनाइटेड नेशंस डिसएंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) का प्रमुख नामित किया है। वह नेपाल के लेफ्टिनेंट जनरल पूर्ण चंद्र थापा का स्थान लेंगे। थापा का कार्यभार सात फरवरी, 2016 को पूरा हो रहा है।

एक बयान में संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति अभियानों में मेनन के व्यापक अनुभव को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी दी गई है। इस समय मेनन भारतीय सेना में अतिरिक्त महानिदेशक उपकरण प्रबंधन हैं।

वह 2012 से 2013 तक एक इंफेंट्री डिवीजन के जनरल अफसर रह चुके हैं। इजरायल और सीरिया के बीच गोलान में संघर्ष विराम के समझौते के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से 31 मई, 1974 को यूएनडीओएफ की स्थापना की गई।

केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के चार हिमालयी तीर्थों के लिए 900 किमी. सड़क बनेगी।

# पुरस्कार/सम्मान

## डॉ. राकेश जैन



भारतीय अमेरिकी डॉ. राकेश के. जैन को राष्ट्रपति बराक ओबामा राष्ट्रीय विज्ञान पदक से सम्मानित करेंगे। वह हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में प्रोफेसर और मैसाच्यूसेट्स जनरल अस्पताल में ट्यूमर बायोलाजी लेबोरेटरी के निदेशक हैं।

उन्होंने आईआईटी कानपुर से केमिकल इंजीनियरिंग में बी. टेक किया है।

65 वर्षीय डॉ. जैन को नेशनल मेडल ऑफ साइंस और नेशनल मेडल ऑफ टेक्नोलाजी एंड इनोवेशन के दूसरे 16 विजेताओं के साथ यह सम्मान अगले वर्ष के प्रारम्भ में व्हाइट हाउस में दिया जाएगा।

ओबामा ने कहा, ''विज्ञान और प्रौद्योगिकी हमारे देश की सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान करने का मूल है।''

1959 में स्थापित राष्ट्रीय विज्ञान पदक, विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है।

## 'लॉरेंजो नताली मीडिया पुरस्कार'



हरियाणा में खाप पंचायतों के फरमान का खतरा झेल रही युवतियों के संवेदनशील जीवन पर लिखने वाली दिल्ली की पत्रकार और लेखिका अंकिता आनंद को यूरोपीयन आयोग की ओर से 2015 के प्रतिष्ठित 'लॉरेंजो नताली मीडिया पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है।

हरियाणा के जिन क्षेत्रों में महिलाओं के खिलाफ खाप संस्थाओं की हुकूमत चलती है वहां लेखिका ने कुछ खाप सदस्यों और महिलाओं के एक वर्ग का साक्षात्कार किया।

जिनमें खेल से जुड़ी पुरस्कार विजेता रही शख्सियतें भी शामिल हैं। लेखिका ने उनसे जाति आधारित पंचायतों की घोषणाओं और समाज में लिंगभेद पर उनके विचार जाने।

अंकिता के अनुभव और प्रयास उनकी समीक्षा 'नो कंट्री फॉर द न्यू वुमेन' में समाहित हैं जो त्रैमासिक पत्रिका 'द इक्वाडोर लाइन' के 'भारत में महिला आजादी' विषय पर केंद्रित अप्रैल-जून 2015 के अंक में प्रकाशित हुआ था।

## अनुराधा रॉय



भारतीय लेखक अनुराधा रॉय ने दक्षिण एशियाई साहित्य के लिए विख्यात पुरस्कार डीएससी पुरस्कार प्राप्त किया। उन्हें यह पुरस्कार उनके उपन्यास 'स्लीपिंग ऑन जुपिटर' के लिए श्रीलंका में आयोजित गाले लिटररी फेस्टिवल में दिया गया।

उन्हें श्रीलंका के प्रधानमंत्री रनिल विक्रमसिंघे द्वारा पुरस्कार तथा एक ट्रॉफी प्रदान की गयी।

इस पुरस्कार के लिए अन्य छह नामांकित लेखक थेः-

- यू. के. आधारित लेखक अखिल शर्मा - फैमिली लाइफ
- के. आर. मीरा - हैंगवुमन (जे देविका द्वारा अनुवादित)
- मिर्जा वाहिद - द बुक ऑफ गोल्ड लीव्स
- नील मुखर्जी - द लाइव्स ऑफ अदर्स
- राज कमल जा - शी विल बिल्ड हिम अ सिटी

## अनुराधा रॉय

- वह भारतीय लेखक, पत्रकार एवं सम्पादक हैं।
- उन्होंने पब्लिकेशन हाउस - परमानेंट ब्लैक की वर्ष 2000 में स्थापना की।
- उनके पहले उपन्यास, एन एटलस ऑफ इम्पॉसिबल लोंगिंग का विश्व की 50 भाषाओं में अनुवाद हो चुका है।

## निशागांधी पुरस्कारम



संगीतकार इलैयाराजा को भारतीय फिल्म संगीत में उनके अमूल्य योगदान के लिए केरल सरकार ने प्रतिष्ठित 'निशागांधी पुरस्कारम' से सम्मानित किया। पुरस्कार में 1,50,000 रूपये, एक प्रशस्ति पत्र और एक प्रतिमा शामिल है।

राज्य पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित निशागांधी वार्षिक नृत्य एवं संगीत समारोह के

क्रिसिल रिसर्च के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था 2016-17 के दौरान 7.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

उद्घाटन समारोह में इलैयाराजा को मुख्यमंत्री ओमन चांडी ने पुरस्कार प्रदान किया।

### यश चोपड़ा मेमोरियल अवॉर्ड



वरिष्ठ अभिनेत्री रेखा को तीसरे यश चोपड़ा मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी विद्यासागर राव ने रेखा को उनकी प्रतिभा और फिल्म उद्योग में उनके योगदान के लिए तीसरे यश चोपड़ा मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया।

इस अवसर पर रेखा ने कहा कि यह अवॉर्ड उन्हें याद दिलाता है कि पर्दा अभी गिरा नहीं है। 'यह अवॉर्ड याद दिलाता है कि पहले से और अधिक बेहतर करना है।'

### ज्ञानपीठ नवलेखन पुरस्कार

भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा दिया जाने वाला प्रतिष्ठित नवलेखन पुरस्कार वर्ष **2015** के लिए अमलेन्दु तिवारी और ओम नागर को दिया जाएगा। भारतीय ज्ञानपीठ ने एक विज्ञप्ति में बताया, ''वर्ष **2015** के लिए अमलेन्दु तिवारी को उनके उपन्यास की पांडुलिपि 'परित्यक्त' को और कथेतर गद्य के लिए ओम नागर की पांडुलिपि 'निब के चीरे से' को ग्यारवें नवलेखन पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।''

विज्ञप्ति के अनुसार दोनों लेखकों को **50.50** हजार रूपये नकद, प्रशस्ति पत्र, वाग्देवी की प्रतिमा दी जाएगी एवं भारतीय ज्ञानपीठ उनकी रचनाओं को प्रकाशित भी करेगा। इसके अलावा भारतीय ज्ञानपीठ साहित्य क्षेत्र में प्रतिष्ठित 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' और 'मूर्तिदेवी पुरस्कार' प्रदान करती है।

### बाफ्टा पुरस्कार

'द रेवनेंट' ने बाफ्टा पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ फिल्म सहित कई शीर्ष पुरस्कारों से झोली भरी जबकि इसी फिल्म में एक लड़के की भूमिका के लिए लियोनार्डो डी कैप्रियो को बाफ्टा पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार प्रदान किया गया।

भारतीय ब्रिटिश फिल्म निर्माता आसिफ कपाडिया को दिवंगत ब्रिटिश गायिका ऐमी वाइनहाउस पर बनाए गए वृत्तचित्र ऐमी के लिए सर्वश्रेष्ठ बाफ्टा वृत्तचित्र का पुरस्कार प्रदान किया गया। डि कैप्रियो इस वर्ष ऑस्कर में पुरस्कार के दावेदारों में सबसे आगे माने जा रहे हैं जहां उन्होंने एलेजांद्रो गोंजालेज इनारितू की फिल्म में बेहद शानदार अभिनय किया है। वह इससे पहले भी 'द एविएटर', 'दी डिपार्टेड' और हाल ही में 'द वूल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट' के लिए भी ऑस्कर में नामांकन हासिल कर चुके हैं।



'द रेवनेंट' **19**वीं सदी के एक लड़ाके की सच्ची कहानी पर आधारित फिल्म है जो एक भालू के हमले और दोस्तों द्वारा मरने के लिए छोड़ दिए जाने के बावजूद जिंदगी के लिए संघर्ष करता है।

बैरी लार्सन को रूम के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। उन्होंने इस फिल्म में एक ऐसी महिला की भूमिका अदा की है जिसे अपहरण के बाद उसके बेटे के साथ एक छोटे से कमरे में रखा जाता है। उनकी ओर से पुरस्कार फिल्म के निदेशक ने ग्रहण किया।

जॉर्ज मिलर की 'मैड मैक्स:फ्यूरी रोड' को हेयर एंड मेकअप, संपादन, कॉस्ट्यूम डिजाइन और प्रोडक्शन डिजाइन के लिए चार बाफ्टा पुरस्कार प्रदान किए गए।

सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता अभिनेत्री के दोनों पुरस्कार ब्रिटिश अभिनेताओं के हिस्से में आए। डिकैप्रियो की 'टाइटैनिक' की अभिनेत्री केट विंसलेट ने स्टीव जॉब्स में एप्पल की मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के लिए तीसरा बाफ्टा पुरस्कार जीता। इससे पहले वह 'सेंस एंड सेंसुएलिटी' और 'द रीडर' के लिए यह पुरस्कार जीत चुकी हैं।

मार्क रेलेंस को स्टीवन स्पीलबर्ग की 'ब्रिज ऑफ स्पाइज' में रूसी जासूस की भूमिका निभाने के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार प्रदान किया गया।

जर्नलिज्म पर आधारित ड्रामा स्पाटलाइट को सर्वश्रेष्ठ मौलिक पटकथा श्रेणी में बाफ्टा पुरस्कार दिया गया तथा सह लेखक और निदेशक टौम मैकार्थी ने पुरस्कार को बोस्टन ग्लोब के पत्रकारों को समर्पित किया जिन्होंने कैथोलिक चर्च के पादरी के बाल यौन शोषण में शामिल होने की घटना का खुलासा किया था।

Mahendra's™
YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS
Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations

12 वें दक्षिण एशियाई खेलों में मनप्रीत कौर सीनियर ने महिला शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता।

# निधन

## यासुतारो कोइडी



दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति यासुतारो कोइडी की **112** साल की उम्र में मौत हो गई। वह जापान के नागोया शहर में रहते थे। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यासुतारो का जन्म **13** मार्च **1903** में हुआ था और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से उन्हें इस साल अगस्त में सबसे बुजुर्ग व्यक्ति का खिताब दिया गया था। उस वक्त उन्होंने अपनी लंबी उम्र का राज बताया था।

दुनिया के सबसे बुजुर्ग महिला का रिकॉर्ड अमेरिका की सुसनाह मुशट जोन्स के नाम है, जिनकी उम्र **116** साल है। उन्हें यह रिकॉर्ड पिछले साल जापान की मिसाओ ओकावा की मौत के बाद मिला था। मिसाओ की **117** साल की उम्र में मौत हो गई थी। गिनीज के अनुसार, सबसे बुजुर्ग व्यक्ति का रिकॉर्ड फ्रांस की जेनी कालमेंट के नाम है, जो **122** साल और **164** दिन जिंदा रही थीं। उनकी अगस्त **1997** में मौत हो गई थी।

## मृणालिनी साराभाई



सुप्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना और पद्मभूषण से सम्मानित मृणालिनी साराभाई का अहमदाबाद में निधन हो गया। वह **97** साल की थीं। उनको अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। मृणालिनी साराभाई के बेटे कार्तिकेय साराभाई, सेंटर ऑफ एंवायर्नमेंट एजुकेशन (सीएसई) के संस्थापक हैं। केरल में जन्मी मृणालिनी साराभाई 'दर्पण एकेडमी' की संस्थापक थी।

मृणालिनी साराभाई ने अपना बचपन स्विट्जरलैंड में बिताया था। यहां डेलक्रूज स्कूल से उन्होंने पश्चिमी तकनीक से नृत्य कलाएं सीखीं। उन्होंने शांति निकेतन से भी शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने भारत लौटकर जानीमानी नृत्यांगना मीनाक्षी सुंदरम पिल्लई से भरतनाट्यम का प्रशिक्षण लिया था और फिर दक्षिण भारतीय शास्त्रीय नृत्य और पौराणिक गुरु थाकाजी कुंचू कुरुप से कथकली के शास्त्रीय नृत्य-नाटक में प्रशिक्षण लिया था। मृणालिनी को भारत सरकार की ओर से देश के नागरिक सम्मान पद्मभूषण और पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंगलिया, नॉविच यूके ने भी उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि दी थी। इंटरनेशनल डांस काउंसिल पेरिस की ओर से उन्हें एग्जीक्यूटिव कमेटी के लिए भी नामित किया गया था।

## पंडित शंकर घोष



विख्यात तबला वादक पंडित शंकर घोष का निधन हो गया। घोष की उम्र **80** साल थी। उनकी बहू जया शील घोष ने बताया कि घोष को दिल की बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती करवाया गया था और वह पिछले **40** दिन से कोमा में थे।

पंडित शंकर घोष का नाम देश के मशहूर तबला वादकों में शुमार है। उन्हें वर्ष **2000** में प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के फरूखाबादी घराने से संबंध रखने वाले पंडित शंकर घोष ने न केवल कोलकाता में अनेकों छात्रों को तबला का प्रशिक्षण प्रदान किया है, बल्कि यूरोप में भी अपनी कला का प्रसार बखूबी किया था।

## के. वी. कृष्णा राव



पूर्व सेना प्रमुख जनरल के. वी. कृष्णा राव का नई दिल्ली के मिलिट्री अस्पताल में निधन हो गया। के. वी. कृष्णा राव एक ऐसे दूरदृष्टि वाले सैन्य नेता थे, जिन्होंने कई पीढ़ियों के सैनिकों को प्रेरित किया और **1980** के शुरुआती दशक में भारतीय सेना के आधुनिकीकरण की शुरुआत की।

**1971** के युद्ध और देश की एकता और अखंडता में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। जनरल के. वी. कृष्णा राव का भारतीय सेना में चार दशक से भी लंबे समय का कैरियर था।

उन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान बर्मा, नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर और बलूचिस्तान में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष **1947-48** के दौरान उन्होंने पाकिस्तान से हुए युद्ध में हिस्सा लिया।

वह **1949-51** के दौरान राष्ट्रीय सैन्य अकादमी के संस्थापक अनुदेशक रहे। वर्ष **1969-70** के दौरान उन्होंने जम्मू क्षेत्र में इनफैंट्री डिवीजन की कमान संभाली और **1970-72** के दौरान नागालैंड और मणिपुर में विद्रोहियों के खिलाफ अभियानों का नेतृत्व किया। इस दौरान उनकी डिवीजन ने **1971** के भारत-पाकिस्तान में पूर्वी क्षेत्र में हिस्सा लिया। सिलहट क्षेत्र पर कब्जे और पूर्वोत्तर बांग्लादेश को आजाद कराने में उनका योगदान रहा।

अमेरिका जीआईपीसी की जारी अंतर्राष्ट्रीय आईपी सूचकांक 'इनफाइनाइट पोस्सिबिलिटी' के शीर्ष पर है।

## बलराम जाखड़



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा के पूर्व स्पीकर बलराम जाखड़ का निधन हो गया।

वह 92 वर्ष के थे। वह लगातार रिकॉर्ड दो बार लोकसभा के स्पीकर थे। 23 अगस्त, 1923 को पंजाब राज्य के फिरोजपुर जिले में पंचकोसी गांव में जन्मे डॉ. बलराम जाखड़ को लगातार दो बार सर्वसम्मति से लोकसभा स्पीकर चुने जाने के लिए याद किया जाता है।

डॉ. जाखड़ ने साल 1972 में पंजाब विधान सभा से चुने गए। विधान सभा के लिए उनके निर्वाचन के एक वर्ष के भीतर ही उन्हें सहकारिता, सिंचाई और विद्युत उपमंत्री के रूप में मंत्रिपरिषद में शामिल कर लिया गया। वह वर्ष 1977 तक मंत्री रहे।

वर्ष 1977 में विधान सभा के लिए पुनः निर्वाचित होने पर उन्हें कांग्रेस (इ.) विधान मंडल पार्टी के नेता के रूप में चुन लिया गया और उस हैसियत से उन्हें पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। इस पद पर वह जनवरी 1980 में तब तक रहे जब उन्हें फिरोजपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं लोक सभा के लिए चुना गया।

जाखड़ को 22 जनवरी, 1980 को सातवीं लोक सभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। दिसम्बर 1984 के आम चुनाव में वह फिर राजस्थान के सीकर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीते और फिर उन्हें आठवीं लोकसभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

भारतीय संसद में समिति प्रणाली को नया रूप देने में जाखड़ ने महत्वपूर्ण प्रयास किए।

इसके अलावा संसद सदस्यों के लिए सेवाओं के कम्प्यूटरीकरण तथा स्वचालन प्रणाली की शुरूआत भी जाखड़ के अध्यक्ष रहते हुए ही हुई थी। उन्होंने सदस्यों के हित के लिए संसदीय ग्रंथालय और इसकी शोध, सन्दर्भ, प्रलेखन और सूचना सेवाओं के विस्तार में भी रूचि दिखाई।

## एस. एस. तारापोर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व डिप्टी गवर्नर एसएस तारापोर का मुंबई में निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। उन्हें मुद्रास्फीति और पूंजी खाता परिवर्तनीयता के क्षेत्र में अपने विचारों के लिए जाना जाता था।

एसएस तारापोर वर्ष 1961 में अनुसंधान अधिकारी के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में शामिल हुए। वह भारतीय रिजर्व बैंक से वर्ष 1996 में डिप्टी गवर्नर के पद से सेवानिवृत्त हुए।

सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने पूर्ण पूंजी खाता परिवर्तनीयता पर गठित दो समितियों की अध्यक्षता की। उन्होंने वर्ष 1958 में शेफील्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में बीए किया और लंदन विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। पूंजी खाता परिवर्तनीयता पर तारापोर के कार्यों को अच्छी तरह याद किया जाता है और यहां तक कि आज के संदर्भ में उद्धृत भी किया जाता है। 1997 में, भारतीय रिजर्व बैंक से सेवानिवृत्ति लेने के बाद, तारापोर को पूंजी खाता परिवर्तनीयता पर समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।



तारापोर को मुद्रास्फीति के बाज के रूप में भी जाना जाता है। मुद्रास्फीति नियंत्रण पर ढीलाई बरतने पर उनकी सार्वजनिक टिप्पणी और लेखन के माध्यम से नीति निर्माताओं की खिंचाई करने के लिये याद किया जाता रहेगा। वास्तव में, सन 2000 में एम. नरसिम्हन की अध्यक्षता में गठित समिति में तारापोर को एक सदस्य के रूप में शामिल थे, जिसने सुझाव दिया था कि सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक के लिए मुद्रास्फीति की दर नियत करनी चाहिये। लगभग 15 वर्षों के बाद, भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकार के साथ एक मौद्रिक नीति समझौते पर हस्ताक्षर किये जो जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को (4% - 2%) नीचे लाने के लिये निर्देशित किया गया है।

## ओ एन वी कुरुप



ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता, प्रसिद्ध मलयाली कवि और गीतकार ओ एन वी कुरुप का 13 फरवरी 2016 को निधन हो गया. वे 84 वर्ष के थे। उनका निधन तिरुवनंतपुरम के एक अस्पताल में हुआ।

- भारतीय साहित्य में बहुमूल्य योगदान देने वाले कुरुप का जन्म 27 मई 1931 को केरल में हुआ था।
- ओट्टपलक्कल नम्पियाटिक्कल वेलु कुरुप, ओ.एन.वी. कुरुप के नाम से अधिक जाने जाते हैं।
- उन्हें वर्ष 2007 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया जो भारत का सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है।
- उन्हें 1998 में पद्मश्री तथा 2011 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।
- वर्ष 1989 में फिल्म वैशाली के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला।
- उनके परिवार में पत्नी सरोजिनी तथा बेटा राजीवन और बेटी मायादेवी हैं।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री सुशील कोइराला का निधन हो गया।

# Mahendra's™

YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS

Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations

# ACADEMY OF EXCELLENCE & PERSONALITY DEVELOPMENT

## Features

- We organize new batches for CWE PO/Clerk interviews every week.
- We provide Interview facility for all kinds of Banking & other competitive examinations on all the centres
- We provide real environment for Interview.
- The Mock Interviews are conducted by highly professional, experienced & reputed personalities.
- We create environment for Extempore, big fight, Group Discussion & Case study.
- We provide complete Interview material for all competitive examinations.
- We provide special classes for Personality Development.
- We provide open sessions for all the candidates where they can discuss their problems with the Experts.
- We provide minimum 3 Special classes, 5 Mock Interviews & Open Sessions.
- Minimum of 4 board members will be present at all mock sessions.
- Interview material kit is free for our candidates (who are going to appear in the interview).
- We conduct felicitation programme for our successful candidates.
- Facility of watching LIVE Interviews is provided so that our candidates can learn more.
- Lowest fee charged all over India.



TOLL FREE NO.
1800-103-5225

WEBSITES

www.mahendras.org
www.interviewguru.mahendras.org
www.mahendrapublication.org
stportal.mahendras.org
enews.mahendras.org
myshop.mahendras.org
www.bankersguru.org
www.railwayguru.org
www.sscguru.org

# न्यूज़ डायरी

**राष्ट्रीय**



डॉ. महेश शर्मा ने लाला लाजपत राय पर 150 रुपये का स्मृति सिक्का और 10 रुपये का इस्तेमाल किया जाने वाला सिक्का जारी किया।

**राज्य**



उत्तर-प्रदेश बजट 2016-17 विधान सभा में पेश

**अंतर्राष्ट्रीय**



जॉन निकोल्सन अफगानिस्तान में नाटो कमांडर नियुक्त




## डॉ. हर्ष वर्धन ने एयरोसॉल निगरानी एवं अनुसंधान प्रणाली (समर) राष्ट्र को समर्पित की 16 जनवरी



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने भारत मौसम विभाग (आईएमडी) की नई वेबसाइट का उद्घाटन किया और एयरोसॉल निगरानी एवं अनुसंधान प्रणाली (समर) को राष्ट्र को समर्पित किया। इस प्रणाली में 16 एथेलोमीटर, 12 स्काई रेडियोमीटर और 12 नेफेलोमीटर सम्मिलित हैं। वे आईएमडी के 141वें स्थापना दिवस के समारोह के मुख्य अतिथि थे। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. माधवन नायर राजीवन ने समारोह की अध्यक्षता की। आईएमडी के द्वारा एसएमएस, कृषि पोर्टल और वेबसाइट के जरिए 2015 में 1.15 करोड़ किसानों को मौसम संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी समय पर प्रदान की, जिससे अनियमित वर्षा से खरीफ फसल पर पड़ने वाला दुष्प्रभाव कम हुआ। आईएमडी के निदेशक एवं महाप्रबंधक डॉ. एल. एस. राठौड़ ने उल्लेख किया कि 2015 सबसे गर्म वर्ष था और आईएमडी ने जो भविष्यवाणी की थी कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून औसत से कम होगा, उससे किसानों को बहुत लाभ हुआ। समारोह में डॉ. राजीवन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का मुकाबला करने के लिए एक सटीक प्रणाली को अपनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त कदम से कृषि क्षेत्र को मानसून के उतार-चढ़ाव से बचाने में सफलता मिलेगी और हमारा आर्थिक विकास बढ़ेगा।

## सुषमा स्वराज ने फिलिस्तीन में डिजिटल अध्ययन केंद्र का उद्घाटन किया 18 जनवरी



विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने अल कुद्स विश्वविद्यालय परिसर में 'भारत-फिलिस्तीन अध्ययन एवं नवोन्मेष केंद्र' का उद्घाटन किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता विकास स्वरूप ने ट्वीट के जरिए बताया कि अल कुद्स में युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए विदेश मंत्री ने भारत-फिलिस्तीन डिजिटल लर्निंग सेंटर का उद्घाटन किया है। यह केंद्र भारत द्वारा फिलिस्तीन में क्षमता निर्माण की कोशिशों का हिस्सा है। इससे पहले सुषमा स्वराज ने फिलिस्तीन के विदेश मंत्री रियाद मलिकी से प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।

## आईसीसी, यूनीसेफ, बीसीसीआई का संयुक्त स्वच्छता अभियान शुरू 19 जनवरी



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सामाजिक संस्था यूनीसेफ और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ मिलकर 'क्रिकेट फॉर गुड एंड टीम स्वच्छ' अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड रिचर्ड्सन, यूनीसेफ की दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय निदेशक करीन हुलशेफ, बीसीसीआई के सचिव अनुराग ठाकुर और यूनीसेफ के सद्भावना राजदूत पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर उपस्थित थे।

अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना और लोगों को खुले में शौच करने से रोकना है। इस अभियान को मार्च माह में भारत की मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप में अमली जामा पहनाया जाएगा। भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता को देखकर आईसीसी और यूनीसेफ ने इसमें बीसीसीआई को सम्मिलित किया है।

भारत-नेपाल संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण नौवीं पिथौरागढ़ में आयोजित हुआ।

**अर्थव्यवस्था**



भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक देश बना

**खेल**



सानिया के साथ संयुक्त रूप से नंबर वन बनीं मार्टिना

**विज्ञान**



भारत ने पांचवां नौवहन उपग्रह आईआरएनएसएस-1ई लांच किया

**विविध**




यूएनडब्ल्यूटीओ ने विश्व पर्यटन बैरोमीटर जारी किया

## शिपिंग मंत्रालय ने 'परियोजना हरित बंदरगाह' का शुभारंभ किया

20 जनवरी




सतत विकास के लिए पर्यावरणीय परिप्रेक्ष्य का अंदाजा लगाते हुए शिपिंग मंत्रालय ने 'परियोजना हरित बंदरगाह' का शुभारंभ किया है, जिससे देश भर में फैले प्रमुख बंदरगाह और ज्यादा स्वच्छ एवं हरियाली युक्त हो जायेंगे। 'परियोजना हरित बंदरगाह' के तहत दो कार्यक्षेत्र होंगे- पर्यावरणीय मुद्दों से जुड़ी 'हरित बंदरगाह पहल' और 'स्वच्छ भारत अभियान'।

हरित बंदरगाह पहल में 12 कदम शामिल होंगे, जिन्हें कठोरता के साथ समय पर क्रियान्वित किया जायेगा, ताकि लक्ष्य हासिल किये जा सकें। इनमें से कुछ कदम ये हैंः- योजना तैयार करना एवं उस पर नजर रखना, पर्यावरणीय प्रदूषण पर नजर रखने के लिए आवश्यक उपकरणों को हासिल करना, धूल रोकने वाली प्रणाली हासिल करना, सीवेज/गंदा जल शोधन संयंत्र/कचरा निपटान संयंत्र की स्थापना करना, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से ऊर्जा उत्पादन के लिए परियोजनाएं स्थापित करना, तेल रिसाव अनुक्रिया (ओएसआर) सुविधाओं (टियर-1) में कमी को पूरा करना, समुद्र में लगभग सभी तरह के कचरे को गिरने से रोकने की व्यवस्था करना, बंदरगाह कचरे की गुणवत्ता को बेहतर करना इत्यादि।

'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत मंत्रालय ने निश्चित समय सीमा वाली 20 गतिविधियों की पहचान की है, ताकि बंदरगाह परिसरों में स्वच्छता को बढ़ावा दिया जा सके। इनमें से कुछ गतिविधियां ये हैंः घाटों की सफाई, शेड की सफाई व मरम्मत, बंदरगाहों से जुड़ी सड़कों की सफाई व मरम्मत, सड़क संकेतों, जेबरा क्रासिंग एवं फुटपाथ के किनारों को अंकित करना, परिचालन क्षेत्र में स्थित तमाम शौचालय परिसरों का आधुनिकीकरण एवं उनकी सफाई, नियमित अंतराल पर कूड़ेदान (डस्टबिन) लगाना, पार्कों का सौंदर्यीकरण तथा उनकी सफाई, स्वच्छता के संदेश देने वाले बोर्डों को लगवाना, सभी नालों व तूफानी जल प्रणालियों की साफ-सफाई एवं मरम्मत और वृक्षारोपण।

## डॉ. हर्षवर्धन ने भारतीय भू-चुम्बकत्व संस्थान के शिलांग भूभौतिकीय अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया

20 जनवरी



केन्द्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने भारतीय भू-चुम्बकत्व संस्थान के शिलांग भूभौतिकीय अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया।केन्द्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि शिलांग भूभौतिकीय अनुसंधान केंद्र (एसजीआरसी) आने वाले वर्षों में भूकंप प्रक्रियाओं को उजागर करने और भूकंप के पूर्वानुमानों के लिए एक अग्रदूत मॉडल का सृजन करने के लिए विश्व में अपने किस्म के एक केन्द्र के रूप में उभरेगा।

भारतीय भू-चुम्बकत्व संस्थान विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन एक प्रमुख अनुसंधान संगठन है, जो भू-चुम्बकत्व और संबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान के कार्य कर रहा है। इसका मुख्यालय मुंबई के पास न्यू पनवेल में स्थित है।

इसके पूरे देश में दो क्षेत्रीय केंद्र और 12 चुंबकीय वेधशालाएं स्थित हैं। आईआईजी ने अपने तीसरे क्षेत्रीय केंद्र के रूप में शिलांग भूभौतिकीय अनुसंधान केंद्र (एसजीआरसी) की स्थापना करके एक नई पहल की है। शिलांग में स्थापित नये केन्द्र का अनुसंधान में ध्यान संख्यात्मक मॉडलिंग उपकरणों द्वारा सहायता प्राप्त अवलोकन तकनीक की एक किस्म का उपयोग करके उत्तर-पूर्व में विभिन्न वायुमंडलीय क्षेत्रों में पूर्व और सह-भूकंपीय सिग्नेचरों के गूढ़ रहस्यों का पता लगाने पर केन्द्रित होगा।

सीएसओ ने चालू वित्त वर्ष 2015-16 के लिए जीडीपी विकास दर 7.6 प्रतिशत का अनुमान लगाया है।

## कैबिनेट द्वारा नई विद्युत प्रभार नीति को स्वीकृति

**20 जनवरी**



कैबिनेट ने एक नई विद्युत प्रभार नीति को स्वीकृति दी है। इसके माध्यम से सरकार की स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की, डिस्कॉम्स (सरकारी बिजली वितरण कंपनियों) के लिए बेहतर नियम और जल्द निवेश सुनिश्चित करने की योजना है। कैबिनेट ने सोलर प्रोजेक्ट्स के लिए 5,050 करोड़ रुपए के खर्च को भी स्वीकृति दी।

नई नीति में तेज निवेश को प्रोत्साहन देने के अतिरिक्त पर्यावरण के प्रति चिंता और नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन की बात भी जाहिर होती है।

इससे रेग्युलेटरी मैकेनिज्म को भी मजबूती मिलेगी, जिससे डिस्कॉम्स ज्यादा कुशल और अपने उपभोक्ताओं के प्रति ज्यादा सजग हों।

वर्ष 2006 में केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, 2003 के प्रावधानों के अंतर्गत राष्ट्रीय विद्युत प्रभार नीति को स्वीकृति दी थी। ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल ने हाल में यह संकेत दिया था कि पॉलिसी में स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

उन्होंने कहा था, 'अब हमारे सामने 1.75 लाख मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ने की चुनौती है, इसे देखते हुए हम टैरिफ पॉलिसी में कुछ बिंदु जोड़ रहे हैं जिससे नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।'

## ईको ने प्रभु मनी के साथ पेश की भारत-नेपाल धनप्रेषण सेवा

**20 जनवरी**

मोबाइल आधारित वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी, ईको ने नेपाल के प्रभु मनी समूह के साथ भागीदारी में भारत-नेपाल धनप्रेषण सेवा पेश करने की घोषणा की है।

कंपनी ने कहा, 'यह ईको का रेमिटेन्स सेवाओं के लिए पहला अंतर्राष्ट्रीय गठजोड़ है।'

इस उत्पाद की पेशकश के साथ ईको के एजेंट नेपाल के लिए मनीऑर्डर की प्रक्रिया शुरू कर सकेंगे। इस सेवा से देश भर में 50 लाख नेपाली प्रवासियों को फायदा होगा। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि इस सेवा से भारतीयों और भारत में रहने वाले नेपाली नागरिकों को नेपाल धन भेजने में सहायता मिलेगी और प्राप्तकर्ताओं को नकदी तुरंत मिलेगी।

## भारत, ब्रिटेन बढ़ाएगे आर्थिक सहयोग

**20 जनवरी**



भारत एवं ब्रिटेन बुनियादी ढांचा तथा वित्तीय सेवाओं में अपना आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर सहमत हो गए है और उन्होंने सीमा पार कर चोरी व अपवंचन के समाधान के प्रति प्रतिबद्धता जताई है।

वित मंत्री अरुण जेटली ने 8वीं भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के अंग के तौर पर ब्रिटेन के अपने समकक्ष जॉर्ज ऑसबर्न से वार्ता की और ब्रिटेन के निवेशकों तथा कोष प्रबंधकों के साथ कई बैठकें की थीं।

वित्त मंत्री के अनुसार, उनकी यात्रा से ब्रिटेन के साथ आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता आगे बढ़ी है।

जेटली और ऑसबर्न की वार्ता के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया जिसमें बुनियादी ढांचा समेत विभिन्न खंडों में सहयोग बढ़ाने की चर्चा है।

साथ ही सीमा पार करचोरी तथा अपवंचन के मुद्दों के समाधान और विदेशी वकीलों के लिए भारतीय कानूनी क्षेत्र खोलने के संबंध में बातचीत हुई।

## राजनाथ सिंह ने 'सहकारी संघवाद पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन' का उद्घाटन किया

**20 जनवरी**

केन्द्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में ''सहकारी संघवाद के सुदृढ़ीकरणः राष्ट्रीय परिपेक्ष्य तथा अंतर्राष्ट्रीय अनुभव'' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

यह दो दिवसीय सम्मेलन गृह मंत्रालय के अंतर राज्य परिषद सचिवालय (आईएससीएस) द्वारा फोरम ऑफ फेडरेशन्स, यूएनडीपी तथा विश्व बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया।

देश में यह पहला सम्मेलन है जहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहकारी संघवाद विषय पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

सम्मेलन के दौरान सहकारी संघवाद को सुविधाजनक बनाने के लिए संस्थान, व्यवस्था तथा प्रक्रिया, संस्थागत तथा कानूनी व्यवस्थाओं स्वास्थ्य और शिक्षा पर फोकस के साथ वित्तीय संघवाद तथा आंतरिक सुरक्षा और अपराध तथा हरित संघवाद पर क्षैतिज और लंबवत सहयोग विषयों पर पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे।

लॉर्ड्स स्टेडियम, 2017 में महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल की मेजबानी करेगा।

## एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा की आत्मकथा का विमोचन

**20 जनवरी**



एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा की आत्मकथा का विमोचन एक भव्य समारोह में किया गया। इस आत्मकथा का शीर्षक "द जी फैक्टरः माई जर्नी एज दी रॉन्ग मैन एट दी राइट टाइम" है और इसे प्रांजल शर्मा के साथ लिखा गया है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने डॉ. सुभाष चंद्रा की आत्मकथा के विमोचन के बाद कहा कि आत्मकथा लिखना काफी हिम्मत की बात है और इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं।

डॉ. चंद्रा के स्वभाव में जोखिम लेना है और जोखिम लेकर ही सुभाष जी यहां तक पहुंचे हैं। सुभाष जी से पहले मेरा इनके पिता से परिचय था।

लंबे वक्त से चंद्रा जी का परिवार सामाजिक कार्यों में लगा है और आज ये देश भर में 52 हजार एकल विद्यालय चलाते हैं।

पीएम ने कहा कि मैंने सुभाष जी को कभी तनाव में नहीं देखा। ये हमेशा प्रसन्नचित रहते हैं और ये बड़ा कठिन काम है।

इस किताब को हार्पर कोलिन्स की ओर से प्रकाशित किया गया है।

डॉ सुभाष चंद्रा जो भारत के मीडिया मुगल के तौर पर जाने जाते हैं, ने साल 1992 में देश का पहला उपग्रह हिंदी चैनल जी टीवी और बाद में पहला प्राइवेट न्यूज चैनल को लॉन्च कर टेलीविजन उद्योग में एक क्रांति ला दी।

इन्हें भारत में सैटेलाइट टीवी क्रांति का जनक कहा जाता है। साल 2011 में डॉ. सुभाष चंद्रा को इंटरनेशनल एमी डायरोक्टोरेट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। डॉ. चंद्रा यह अवॉर्ड पाने वाले पहले भारतीय हैं। इन्हें यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन ने भी डाक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है।

## अंतरिक्ष विभाग/इसरो और कुवैत के बीच बाहरी अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन

**21 जनवरी**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल को अंतरिक्ष विभाग/भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (डीओएस/इसरो) और कुवैत वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान (केआईएसआर) के बीच शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बाहरी अंतरिक्ष के उपयोग और अन्वेषण में सहयोग पर समझौता ज्ञापन के बारे में जानकारी दी गई है।

इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों देशों के बीच कुछ अनुसंधान और अनुप्रयोग परियोजनाओं की पहल के लिए केआईएसआर द्वारा भारतीय दूरसंवेदी (आईआरएस) उपग्रहों से आंकड़ों का उपयोग, प्रशिक्षण और व्यवसायिक शर्तों पर दूरसंवेदी और संचार उपग्रहों के निर्माण और प्रक्षेपण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार होगा।

इस समझौते ज्ञापन से इसरो और केआईएसआर सदस्यों के बीच एक संयुक्त कार्यकारी समूह का गठन किया जाएगा, जिससे इस समझौते ज्ञापन के कार्यान्वयन के साधनों और समयबद्ध कार्ययोजनाओं को आगे बढ़ाया जा सकेगा।

इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से केआईएसआर के साथ सहयोग से मानवता के लाभ के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग के क्षेत्र में संयुक्त गतिविधि को विकसित किया जाएगा।

इस प्रकार से देश के सभी वर्ग और क्षेत्र लाभान्वित होंगे।

इस समझौता ज्ञापन से पृथ्वी के दूरसंवेदी, उपग्रह संचार, उपग्रह नौवहन, अंतरिक्ष विज्ञान और बाहरी अंतरिक्ष की खोज जैसे क्षेत्रों में नई अनुसंधान गतिविधियों को अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा।

## विनोद अग्निहोत्री को मिला तेरहवां शैलीकार सम्मान

**21 जनवरी**



प्रख्यात साहित्यकार एवं स्वतंत्रता सेनानी पद्मश्री विभूषित डॉ. कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर की स्मृति में उपराष्ट्रपति भवन, दिल्ली में शैलीकार सम्मान समारोह हुआ।

इस समारोह में वरिष्ठ पत्रकार विनोद अग्निहोत्री को तेरहवां शैलीकार सम्मान दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति एम. हामिद अंसारी ने डॉ. कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर के साहित्य को देश व समाज की अमूल्य धरोहर बताया।

उन्होंने कहा कि प्रभाकर के व्यक्तित्व में देशप्रेम और साहित्य का अद्भुत संगम दिखाई देता है, जो युवाओं के लिए प्रेरक है। विनोद अग्निहोत्री ने डॉ. कन्हैया लाल मिश्र के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डाला।

भारतीय सुंदर पिचाई अमेरिका में सबसे अधिक भुगतान वाले सीईओ बन गए है।

## भारत ने विश्व बैंक के साथ 250 मिलियन डॉलर का वित्तीय समझौता किया

**21 जनवरी**




झेलम और तवी फ्लड रिकवरी परियोजना के लिए भारत ने विश्व बैंक के साथ 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के वित्तीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। वित्तीय समझौते पर भारत सरकार की तरफ से आर्थिक मामलों के विभाग के संयुक्त सचिव राजकुमार और विश्व बैंक की तरफ से भारत में कंट्री डायरेक्टर ऑन्नो रूह्ल ने हस्ताक्षर किए। एक आनुषांगिक समझौता भारत सरकार और परियोजना कार्यान्वयन घटक जम्मू-कश्मीर सरकार के बीच भी किया गया।

परियोजना का प्रमुख लक्ष्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को दोबारा तैयार करना है। इसके प्रमुख लाभार्थी जम्मू-कश्मीर के सभी समुदाय होंगे, जिन्हें जनसेवा बुनियादी ढांचे के तबाह हो जाने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परियोजना के अंतर्गत इन बुनियादी ढांचों को दोबारा बनाने और उनमें सुधार करने का लक्ष्य रखा गया है। आपदा जोखिम प्रबंधन प्रणालियों और संस्थानों को मजबूत करने से परियोजना के अंतर्गत पूरे प्रभावित क्षेत्र को लाभ होगा। परियोजना के सात घटक हैंः- (1) महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का पुनर्निमाण और उसे मजबूत बनाना, (2) सड़कों और पुलों का पुनः निर्माण, (3) शहरी बाढ़ प्रबंधन बुनियादी ढांचे को दोबारा बनाना, (4) आजीविका के अवसर दोबारा पैदा करना, (5) आपदा जोखिम प्रबंधन क्षमता को मजबूत बनाना, (6) आपात स्थिति से निपटना और (7) कार्यान्वयन समर्थन। यह 5 वर्षों की कार्यान्वयन अवधि के लिए ऋण है। जम्मू-कश्मीर सरकार इसकी कार्यान्वयन एजेंसी है।

## अमिताभ-प्रियंका अतुल्य भारत के नए चेहरे होंगे

**21 जनवरी**



बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा 'अतुल्य भारत' अभियान के नए ब्रांड एंबेसडर होंगे। यह अभियान केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय की ओर से चलाया जाता है। अभियान के लिए पहली बार सरकार ने पुरुष और महिला का चयन किया है। बिग बी और प्रियंका दोनों सितारे इसके लिए 3 वर्ष के लिए अपनी सेवाएं मुफ्त में देंगे। इसकी अधिकारिक घोषणा 26 जनवरी के बाद की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, पर्यटन मंत्रालय की पहली पसंद अमिताभ बच्चन थे। अमिताभ ने भी प्रस्ताव मिलने पर इसे स्वीकार करने की बात कही थी। वह इससे पहले गुजरात पर्यटन के ब्रांड एंबेसडर रहे हैं। आमिर खान पिछले 10 वर्ष से ब्रांड एंबेसडर थे। हाल में पर्यटन मंत्रालय ने इस अभियान के लिए आमिर का कॉन्ट्रेक्ट खत्म होने की जानकारी दी थी।

## उम्मेद भवन पैलेस दुनिया का सबसे अच्छा होटल

**22 जनवरी**

ट्रैवल साइट ट्रिपएडवाइजर के सर्वेक्षण में जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस को दुनिया का सबसे अच्छा होटल आंका गया है। यह निष्कर्ष विभिन्न समीक्षाओं व टिप्पणियों के आधार पर निकाला गया है। बलुआ पत्थर से बने इस भव्य होटल में 347 कमरे हैं। ट्रिपएडवाइजर के ट्रेवलर्स च्वाइस अवार्ड फार होटल्स में दुनिया के शीर्ष होटल श्रेणी में इसे पहले स्थान पर रखा गया है। इस श्रेणी के 25 शीर्ष होटलों की सूची में मैसूर का ऑरेंज कंट्री रिसॉर्ट 13वें स्थान पर है।

ट्रिपएडवाइजर के सदस्यों के अनुसार 2016 के शीर्ष 10 होटल निम्न हैं:

1. उम्मेद भवन पैलेस जोधपुर - जोधपुर, भारत
2. शिन्ता मणि रिजॉर्ट - सिएम रीप, कंबोडिया
3. बेलेव्यू सिरीन - सोरेंटो, इटली
4. हनोई ला सिएस्ता होटल एंड स्पा - हनोई, वियतनाम
5. एक्टिस होटल - एफ्टॉस, ग्रीस
6. बेलमॉण्ड ली मैनोइर ऑक्स क्वॉट सैजन्स- ग्रेट मिल्टन, यूनाइटेड किंगडम
7. मिरिही द्वीप रिजॉर्ट - मिरिही, मालदीव
8. बुकुटी एवं तारा बीच रिसॉर्ट्स अरूबा - पाम-ईगल बीच अरूबा
9. खालाबैश लक्जरी बुटीक होटल एंड स्पा - लांस ऑक्स एपाइन्स, ग्रेनाडा
10 होटल रिट्टा होप्नर- ग्रमाडो, ब्राजील

## 'हिमालयन फारेस्ट थ्रश' नामक चिड़िया की प्रजाति की खोज

**22 जनवरी**



वैज्ञानिकों के एक दल ने भारत-चीन सीमा पर चिड़िया की नई प्रजाति की खोज की है। इस प्रजाति को वैज्ञानिकों ने 'हिमालयन फारेस्ट थ्रश' या 'ज़ूथेरा सलीम अली' नाम दिया गया है। ज्ञात हो सलीम अली भारत के प्रख्यात पक्षी वैज्ञानिक थे।

इस खोज की पुष्टि मिशिगन और उपवर्षा विश्विद्यालय,स्वीडन के वैज्ञानिकों ने एवियन रिसर्च नामक पत्रिका के एक अंक में प्रकाशन के माध्यम से की है।

प्रारम्भ में वैज्ञानिक इसे चिड़िया की एक और प्रजाति 'ज़ूथेरा मोलीइससीमा' समझ रहे थे जिसका पीछे का हिस्सा 'प्लेन ब्लैक' होता है। परन्तु हिमालयन फारेस्ट थ्रश, ज़ूथेरा मोलीइससीमा से आवाज़ के सन्दर्भ में भिन्न है। वैज्ञानिकों का मानना है की 'ज़ूथेरा मोलीइससीमा' नामक चिड़िया की आवाज़ ज्यादा कठोर, और बेसुरी होती है जबकि हिमालयन फारेस्ट थ्रश की आवाज़ सुरीली है।

ज्ञात हो वर्ष 1949 से अब तक भारत में सिर्फ 4 प्रजातियों को खोजा जा सका है।

12वें दक्षिण एशियाई खेलों में सुशीला पंवार ने भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक जीता।

## ओवीएल ने इक्वाटोरियल गिनी के साथ एमओयू किया

**24 जनवरी**

तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की विदेशों में कारोबार करने वाली इकाई ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) ने अफ्रीकी देश इक्वाटोरियल गिनी में तेल एवं गैस खोज के क्षेत्र में सहयोग के लिए आपसी सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

अफ्रीकी देश के साथ इस एमओयू पर हस्ताक्षर करने के पीछे ओवीएल की तेल एवं गैस के लिहाज से धनी अफ्रीकी महाद्वीप में अपनी उपस्थिति बढ़ाना है।

एमओयू पर ओवीएल के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ नरेंद्र के. वर्मा ने हस्ताक्षर किए जबकि इक्वाटोरियल गिनी की तरफ से उसके खान मंत्री गैब्रियल बागा ओबियांग लिमा ने हस्ताक्षर किए।

चौथे भारत-अफ्रीका हाईड्रोकार्बंस सम्मेलन के दौरान एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

ओवीएल की अफ्रीका के मोजाम्बिक, सूडान और दक्षिणी सूडान में पहले से ही उपस्थिति है।

ओएनजीसी विदेश भारत की विदेशों में तेल एवं गैस खोज कारोबार करने वाली सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय कंपनी है।

ओएनजीसी विदेश की अजरबैजान, बांग्लादेश, ब्राजील, कोलंबिया, इराक, कजाखस्तान, लीबिया, म्यांमार, रूस, सीरिया, वेनेजुएला और वियतनाम सहित 17 देशों में 36 परियोजनाओं में भागीदारी है।

ओवीएल की विभिन्न देशों में भागीदारी से 2014-15 में 88.7 लाख टन तेल और तेल समान गैस का उत्पादन हुआ। 01 अप्रैल 2015 को कंपनी के पास कुल 64.74 करोड़ टन तेल अथवा गैस का भंडार था।

31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार ओवीएल का विदेशों में कुल निवेश 23.77 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है।

## रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने रांची में फहराया देश का सबसे विशाल तिरंगा

**25 जनवरी**



रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने रांची में पहाड़ी मंदिर के पास सबसे ऊंचे खंभे पर देश के सबसे विशाल तिरंगे झंडे को फहराया। पर्रिकर ने रांची में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 119वीं जयंती पर देश के सबसे लंबे, सबसे बड़े और सबसे खूबसूरत तिरंगे झंडे का ध्वजारोहण करके मैं गर्वित महसूस कर रहा हूं। झंडा 66 फुट लंबा, 99 फुट चौड़ा है जिसे 293 फुट ऊंचे खंभे पर फहराया गया।

इससे पहले तक फरीदाबाद में 250 फुट ऊंचे खंभे पर लहरा रहा 96 फुट गुणा 64 फुट परिमाप वाला झंडा देश का सबसे विशाल और लंबा तिरंगा झंडा था। इसे पिछले वर्ष फहराया गया था।

## 'प्रजातांत्रिक परंपरा स्थायी समिति' के लिए नामांकित हुए तीन भारतवंशी

**25 जनवरी**



अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से औपचारिक रूप से उम्मीदवारों की घोषणा करने वाली 'परंपरा स्थायी समिति' के लिए दो महिलाओं सहित तीन प्रसिद्ध भारतीय-अमेरिकियों को नामांकित किया गया है। शिकागो-स्थित 'स्पान टेक' की सीईओ भारतीय-अमेरिकी स्मिता शाह इस सूची में शीर्ष पर हैं जिन्हें 'नियम समिति' के उपाध्यक्ष के तौर पर नामांकित किया गया है। कैलिफोर्निया की शेफाली राजदान दुग्गल को भी 'नियम समिति' के सदस्य के तौर पर नामांकित किया गया है जो राष्ट्रपति बराक ओबामा और अब हिलेरी क्लिंटन के लिए धन जुटाने के मामले में शीर्ष पर रही हैं।

'प्रजातांत्रिक राष्ट्रीय समिति' (डीएनसी) की अध्यक्ष डेब्बी वासरमैन शुल्ट्ज की ओर से जारी सूची के अनुसार, जाने माने नेत्र विज्ञानी और उद्यमी डॉ. श्रीधर पोट्टाराजू को 'साक्ष्य समिति' के लिए नामांकित किया गया है।

फिलाडेल्फिया में जुलाई में 'कन्वेंशन स्थायी समिति' की बैठक होगी जिसमें डीएनसी अध्यक्ष को उपलब्ध नियमों के अंतर्गत 75 पार्टी नेता और चयनित आधिकारिक सदस्यों की घोषणा होगी, जो औपचारिक रूप से पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों की भी घोषणा करेगा।

शुल्ट्ज ने कहा, ''उम्मीदवारों की सूची हमारी पार्टी को बनाने वाले नजरिया, पृष्ठभूमि और अनुभवों को दिखाता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि नस्ल, लिंग, आयु और भौगोलिकता के आधार पर हमारी पार्टी की विविधता उच्च स्तर पर परिलक्षित हो।'' भारतीय-अमेरिकी नागरिकों के अतिरिक्त पाकिस्तान मूल के सैफ खान को भी 'नियम समिति' के लिए नामांकित किया गया है।

सरकार ने गुवाहाटी में नॉर्थ ईस्ट के लिए हाइड्रोकार्बन विजन डॉक्यूमेंट 2030 जारी किया है।

## मुंबई सेंट्रल पर वाई-फाई सेवा शुरू

**25 जनवरी**

डिजिटल इंडिया के पहल के अंतर्गत रेल टेल कॉर्पोरेशन और गूगल के सहयोग से भारतीय रेल की एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत माननीय रेल मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में वाई-फाई सेवा का शुभारम्भ किया।

यह सेवा भारतीय रेल की दूरसंचार शाखा रेलटेल द्वारा 'रेलवायर' के रूप में इसके गहन फाइबर नेटवर्क द्वारा गूगल के साथ मिलकर उपलब्ध कराई गई है।

उपयोगकर्ताओं को बेहतर इंटरनेट अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई यह रेलवायर वाई-फाई किसी भी स्मार्ट फोन उपयोगकर्ता हेतु उपलब्ध रहेगी।

इस सेवा का उपयोग कर यात्री ट्रेन की प्रतीक्षा के दौरान एक हाई डेफिनेशन वीडियो देख सकेंगे अथवा अपने गंतव्य तक जाने के लिए कुछ वीडियो ऑफ लाइन देखने हेतु मोबाइल में सेव कर सकेंगे या यात्रा के लिए एक पुस्तक अथवा गेम भी डाउनलोड करने में सक्षम हो सकेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 4 उच्च न्यायालय के 4 न्यायाधीशों को पदोन्नति दी

**26 जनवरी**



जस्टिस एस. के. मित्तल को राजस्थान उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। इससे पहले वे पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे।

जस्टिस अजीत सिंह को गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है।

इससे पूर्व वे राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। जस्टिस डी. एच. वाघेला को बॉम्बे उच्च न्यायालय, जस्टिस दिनेश महेश्वरी को मेघालय उच्च न्यायालय, जस्टिस अजीत सिंह को गुवाहाटी उच्च न्यायालय, जस्टिस एसके मुखर्जी को कर्नाटक उच्च न्यायालय और जस्टिस विनीत शरण को ओडिशा उच्च न्यायालय में मुख्य नयायाधीश बनाया गया है। जस्टिस आर सुभाष रेड्डी को गुजरात उच्च न्यायालय का मुख्य नयायाधीश व जस्टिस हेमंत गुप्ता को पटना उच्च न्यायालय में अतिरिक्त मुख्य नयायाधीश बनाया है।

## बुनियादी और खोजी वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु भारत और रूस में करार

**27 जनवरी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद को भारत और रूस के बीच मई 2015 में हुए एक समझौते से अवगत कराया गया। यह समझौता भारत और रूस के शोधकर्ताओं को मूल और खोजी विज्ञान (बेसिक एंड एक्सप्लोरेटरी साइंसेज) के क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाओं के संयुक्त कार्यान्वयन के लिए प्रतिस्पर्धी अनुसंधान अनुदान उपलब्ध कराता है।

समझौते में अवधि छह वर्ष के लिए वैध है और इसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी (डीएसटी) विभाग और रूसी विज्ञान फेडरेशन (आरएसएफ) के बीच आपसी सहमति के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है।

यह प्रतिस्पर्धा गणित, कंप्यूटर एवं प्रणाली विज्ञान, भौतिकी एवं अंतरिक्ष विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वस्तु शास्त्र, जीव एवं जीवन विज्ञान, दवा, कृषि विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान और इंजीनियरिंग विज्ञान के लिए बुनियादी अनुसंधान के क्षेत्रों में आयोजित की जाएगी।

वित्त पोषण के लिए अनुसंधान परियोजनाओं की पहचान करने का निर्णय डीएसटी और आरएसएफ द्वारा संयुक्त रूप से लिया जाएगा। इस सहयोग के माध्यम से ज्ञान की नई पीढ़ी, संयुक्त वैज्ञानिक प्रकाशनों, जनशक्ति प्रशिक्षण और आईपी पीढ़ी को बढ़ावा मिलेगा।

## केरल मूल के दंत चिकित्सक को शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई सम्मान

**27 जनवरी**



केरल मूल के मेलबर्न निवासी दंत चिकित्सक को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। सजीव कोशी को ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में दंत चिकित्सा में अपनी सेवा के लिए पुरस्कृत किया गया।

कोशी ने केरल इंडियन डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवा प्रदान की है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के गवर्नर जनरल द्वारा ऑस्ट्रेलिया डे पुरस्कार 2016 से सम्मानित किया गया।

कोशी वर्तमान में रॉयल मेलबर्न दंत चिकित्सा अस्पताल में एंडोडॉन्टिक्स प्रमुख हैं, जो मेलबर्न विश्वविद्यालय का शिक्षण अस्पताल हैं।

ट्राई ने डाटा सर्विस में अंतर मूल्य निर्धारण नेट तटस्थता को बड़ा बढ़ावा देने के विरूद्ध निर्णय दिया है।

## दिव्यांगों के लिए राष्ट्रीय आजीविका पोर्टल का शुभारम्भ

**28 जनवरी**




सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने दिव्यांगों के लिए एक विशेष राष्ट्रीय आजीविका पोर्टल की शुरूआत की। इस पोर्टल के जरिए दिव्यांग स्व-रोजगार ऋण, शिक्षा ऋण, कौशल परिक्षण, छात्रवृत्ति और रोजगार के बारे में सूचना संबंधी विभिन्न सुविधाओं को एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकते हैं।

दिव्यांगों के कौशल प्रशिक्षण को सरकार उच्च प्राथमिकता दे रही है और उसने लक्ष्य निर्धारित किया है कि अगले तीन वर्षों में 5 लाख दिव्यांगों को कुशल बनाया जाएगा। कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त 'प्रशिक्षण साझीदारों' के नेटवर्क के जरिए चलाया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए सरकार ने एक समय आधारित कार्य योजना तैयार की है, जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण के बाद दिव्यांगों को निजी क्षेत्र में रोजगार दिया जाएगा।

हाल में मूक और बाधिर बच्चों की सहायता के लिए विशेष उपकरण संबंधी एक योजना शुरू की गई है। अब तक डेढ़ महीने के अंदर 305 बच्चों को ये उपकरण प्रदान किए गए हैं। इसके बड़े सकारात्मक परिणाम सामने आए है और ये बच्वें अब सामान्य बच्चों की तरह ही बोलने और सुनने में सक्षम हो गए हैं। सरकार दिव्यांगों को पहचान पत्र देने के संबंध में एक कार्यक्रम चलाने पर विचार कर रही है, ताकि पहचान पत्र के जरिए दिव्यांगों को पूरे देश में सुविधाएं मिल सकें।

मंत्रालय के अधीन दिव्यांग अधिकारिता विभाग ने राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त एवं विकास निगम (एनएचएफडीसी) को यह जिम्मेदारी दी है कि वह दिव्यांगों के लिए एक राष्ट्र स्तरीय आजीविका पोर्टल विकसित करे। राष्ट्र स्तरीय आजीविका पोर्टल **www.disabilityjobs.gov.in** दिव्यांगों की रोजगार संबंधी हर प्रकार की सहायता करेगा।

इस अवसर पर 100 दिव्यांग उद्यमियों की सफलता की कहानी संबंधी एक पुस्तक 'यस वी कैन' का विमोचन भी किया गया, जिसे एनएचएफडीसी के सहयोग से पेंगुइन ने प्रकाशित किया है।

## हेनरी तीफाग्ने ने भारत में मानवाधिकार के लिये एमनेस्टी अवॉर्ड जीता

**28 जनवरी**



भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता हेनरी तीफाग्ने ने वर्ष 2016 का एमनेस्टी इंटरनेशनल अवार्ड जीता है। मानवाधिकार वकील हेनरी को एमनेस्टी इंटरनेशनल जर्मनी द्वारा आठवें ह्यूमन राइट्स अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार के अंतर्गत दस हजार यूरो (लगभग 7.39 लाख रुपये) का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

एमनेस्टी ने मानवाधिकारों के प्रति हेनरी की असाधारण प्रतिबद्धता को सम्मानित करने के लिये पुरस्कृत किया है। उन्हें 25 अप्रैल को बर्लिन स्थित मैक्सिम गोर्की थियेटर में पुरस्कृत किया जाएगा।

एमनेस्टी इंटरनेशनल जर्मनी ने कहा, 'पिछले कई दशकों से हेनरी मानवाधिकारों के लिए बिना थके बहादुरी से डटे हैं। उनके संगठन ने भारत में भेदभाव और यातना के खिलाफ अभियान चलाने समेत कई अमूल्य काम किए हैं।' हेनरी भारत में मानवाधिकार समूह 'पीपल वॉच' के संस्थापक हैं। यह समूह मानवाधिकार उल्लंघनों पर शोध करके दस्तावेज जुटाने का काम कर रहा है। इसके अतिरिक्त 20 वर्षों से प्रभावित लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध करा रहा है।

## डॉ. महेश शर्मा ने लाला लाजपत राय पर 150 रुपये का स्मृति सिक्का और 10 रुपये का इस्तेमाल किया जाने वाला सिक्का जारी किया।

**29 जनवरी**

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. महेश शर्मा ने स्वर्गीय लाला लाजपत राय पर 150 रुपये का एक स्मृति सिक्का और 10 रुपये का इस्तेमाल किया जाने वाला सिक्का जारी किया। 150 रुपये का स्मृति सिक्का मिश्रित चतुर्धातु से निर्मित है और इसका व्यास 44 मिमी और वजन 35 ग्राम है। वहीं 10 रुपये के इस्तेमाल किए जाने वाले सिक्के का वजन 7.71 ग्राम और व्यास 27 मिमी है। यह द्विधात्विक सामग्री (बाई-मेटालिक मैटरियल) से बना है। संस्कृति मंत्रालय ने पिछले वर्ष 28 जनवरी 2015 से 28 जनवरी 2016 तक लाला लाजपत राय की 150वीं जयंती मनाई है।

संस्कृति मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) में 13 जनवरी 2016 को लाला लाजपत राय की स्मृति में एक कार्यक्रम और प्रदर्शनी का आयोजन किया था। वहीं पंजाब सरकार ने लाला जी की जन्मस्थली में एक सभागार के लिए पांच करोड़ रुपये और हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रो टर्फ बनाए जाने के लिए तीन करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। स्वतंत्रता संग्राम के दिग्गज लाला लाजपत राय की गिनती भारत के सबसे उत्कृष्ट नेताओं में होती है। वह 'पंजाब केसरी' या 'शेरे-ए-पंजाब' के नाम से प्रख्यात थे। 28 जनवरी 1865 को पंजाब के फिरोजपुर जिले के छोटे से गांव ढुढिके में जन्मे लाला लाजपत राय महात्मा गांधी सहित तमाम महान दिग्गजों के समकालीन थे।

न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ब्रेंडन मैकुलम बैरी एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (वनडे) से सेवानिवृत्त हुए।

## भारत ने किया आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण
29 जनवरी




भारत ने आज चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (आईटीआर) में जमीन से हवा में वार करने वाली स्वदेशी मिसाइल आकाश का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल को डिफेंस रिसर्च एंड डवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (**DRDO**) ने विकसित किया है।

इस मौके पर एक सेना अधिकारी ने बताया कि वायु सेना के अधिकारियों ने लक्ष्यों पर निशाना साधकर तीन दौर में टेस्टिंग की जो सफल रही।

आकाश **25** किलोमीटर तक मार करने और **60** किलोग्राम गोला-बारूद लेकर जाने की क्षमता रखती है। मिसाइल का टेस्टिंग आईटीआर के टेस्टिंग रेंज-**3** में सुबह **11** बजे से दोपहर **2** बजे तक की गई।

आकाश मिसाइल में रामजेट-रॉकेट संचालन प्रणाली लगाई गई है।

इस मिसाइल को इंटीग्रेटिड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत विकसित किया गया है।यह **2.8** से **3.5** मैक की सुपरसोनिक गति से उड़ान भर सकती है और लगभग **25** किलोमीटर तक की दूरी के हवाई लक्ष्यों को भेद सकती है।

इस मिसाइल को जुलाई **2015** में वायु सेना में सम्मिलित किया गया था।

अमेरिकी एमआईएम-**104** पैट्रियट मिसाइल की तुलना में आकाश में लड़ाकू विमानों, क्रूज मिसाइलों और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों को भेदकर गिराने की क्षमता है।

## वाइस एडमिरल लूथरा बने नौसेना के दक्षिणी कमान के नए प्रमुख
30 जनवरी



वाइस एडमिरल गिरीश लूथरा ने भारतीय नौसेना के कोच्ची स्थित दक्षिणी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ का पदभार संभाल लिया।

लूथरा ने वाइस एडमिरल सुनील लांबा का स्थान लिया है। सुनील लांबा को नौसेना की मुंबई स्थित पश्चिमी कमान का प्रभार सौंपा गया है। वह सेवानिवृत्त हो रहे वर्तमान फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ एसपीएस चीमा का स्थान ग्रहण करेंगे।

इस मौके पर कोच्ची नौसेना बेस पर एक शानदार परेड का आयोजन किया गया। नए कमान प्रमुख के पारंपरिक स्वागत के साथ ही निवर्तमान कमान प्रमुख को विदाई दी गई। वाइस एडमिरल लूथरा ने पदभार संभालने से पहले शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## वाइस एडमिरल सुनील लाम्बा ने संभाली पश्चिमी नौसेना कमान की जिम्मेदारी
31 जनवरी



वाइस एडमिरल सुनील लाम्बा ने पश्चिमी नौसेना कमान के प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल ली है। उन्होंने आईएनएस शिक्रा पर आयोजित समारोह में वाइस एडमिरल एस. पी. एस. चीमा से अपनी नई जिम्मेदारी हासिल की। एस. पी. एस. चीमा ने नौसेना और देश की लगभग चार दशकों तक सेवा पूरी करने के बाद अवकाश ग्रहण किया।

वाइस एडमिरल लाम्बा रक्षा सेवाओं के स्टॉफ कॉलेज में पढ़े नौवहन और निर्देशन के विशेषज्ञ हैं और उन्होंने तीन दशकों से ज्यादा समय तक बेहतरीन संचालन और कुशलता का अनुभव हासिल किया है।

उन्होंने लड़ाकू जलपोत आईएनएस सिन्धुदुर्ग और आईएनएस हिमगिरी के साथ ही आईएनएस रणविजय और आईएनएस मुम्बई जैसे विध्वंसक विमान वाहक पोतों को अग्रिम मोर्चों पर पहुंच कर उनकी कमान संभाली।

वाइस एडमिरल लाम्बा उच्च कोटि की सेवा प्रदान करने के कारण परम विशिष्ट सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा मेडल से भी सम्मानित हैं।

उनकी पत्नी रीना लाम्बा अब नौसेना की पत्नी कल्याण संगठन पश्चिम क्षेत्र की अध्यक्षता करेंगी। वे गृहिणी होने के साथ ही योग्य अध्यापिका भी हैं।

## नासा के 'स्पेशवार्ड बाउंड प्रोग्राम 2016' के लिए लद्दाख का चयन
01 फरवरी

नासा के 'सेप्सवार्ड बाउंड प्रोग्राम' के लिए जम्मू कश्मीर के लद्दाख को चुना गया है। भारत के लद्दाख में इस कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा), मार्स सोसायटी ऑफ ऑस्ट्रेलिया और बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान, लखनऊ द्वारा किया जाएगा। स्पेशवार्ड बाउंड प्रोग्राम, वर्ष **2006** में नासा के एमीस रिसर्च सेंटर द्वारा स्थापित किया गया था। यह कार्यक्रम विश्व के एस्ट्रोबायोलोजिस्ट, वैज्ञानिकों और छात्रों को विश्व के उन स्थानों पर अध्ययन करने का मंच प्रदान करता है जहां जीवन बहुत जटिल है।

भारत का दूसरा मंगल अभियान, **2020** में भेजा जाना प्रस्तावित है। लद्दाख क्षेत्र की शुष्क जलवायु मंगल ग्रह से मिलती जुलती है।

यह क्षेत्र कई झीलों, ग्लेशियरों और अन्य भौगोलिक स्थितियों को धारण करता है जो जीवन की उत्पत्ति में जानकारी पाने के लिए आवश्यक सिद्ध हो सकते हैं। अन्य मुख्य कारण इस क्षेत्र का कम जनसंख्या घनत्व जिससे इसका मूल वातावरण बना हुआ है।

इसके अतिरिक्त यह क्षेत्र साफ मौसम भी प्रदान करता है जो ऐसे अध्ययन के लिए आवश्यक है।

पारादीप रिफाइनरी देश की शीर्ष रिफाइनरी है।

## भूकंप की क्रिया विधि को समझने के लिए जियोफिजिक्स रिसर्च लेब्रोट्रेरी की स्थापना

02 फरवरी



महाराष्ट्र के कोयना क्षेत्र में भूकंप की क्रिया विधि को समझने के लिए जियोफिजिक्स रिसर्च लेब्रोट्रेरी की आधारशिला रखी गई। केंद्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कराड के हजारमाची में बोरहोल जियोफिजिक्स रिसर्च लेब्रोट्रेरी (बीजीआरएल) के निर्माण की आधारशिला रखी।

**संबंधित मुख्य तथ्यः**

- भारत सरकार का पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भूकंपीय समस्याओं की वजह से सामाजिक दिक्कतों की चुनौतियों को खत्म करने के लिए कराड में बोरहोल जियोफिजिक्स रिसर्च लेब्रोट्रेरी (बीजीआरएल) की स्थापना कर रहा है।
- इसके जरिये ड्रिलिंग इनवेस्टिगेशन किया जाएगा।
- महाराष्ट्र के भूकंपीय क्षेत्र कोयना के इंटर-प्लेट भूकंपीय इलाके में गहराई तक वैज्ञानिक ड्रिलिंग की मंत्रालय की अवधारणा के अंतर्गत बीजीआरएल की स्थापना का फैसला किया गया ताकि इलाके में भूकंप से जुड़े अनुसंधानों और मॉडलों की दिशा में काम किया जा सके।
- शिवाजी सागर लेक को वर्ष **1962** को ले लेने के बाद कोयना क्षेत्र में जलाशय की वजह से लगातार भूकंप आ रहे है।
- वर्ष **1967** में कोयना क्षेत्र में **6.3** तीव्रता का भूकंप आया था। अब तक **5** या इससे ज्यादा तीव्रता के **22** भूकंप आ चुके हैं। चार और इससे ज्यादा तीव्रता के **200** से ज्यादा भूकंप आ चुके हैं।
- इस क्षेत्र में कम तीव्रता के हजारों भूकंप आ चुके हैं। सभी भूकंप **30** गुना **20** किलोमीटर के दायरे में सीमित रहे हैं।
- लगातार भूकंपीय गतिविधियों और कोयना के वार्षिक लोडिंग और अनलोडिंग चक्र और निकटवर्ती वार्ना जलाशय में मजबूत संबंध है। हालांकि जलाशयों की ओर से भूकंप पैदा होने की परिघटना को समझने के लिए बनाए गए मॉडल से यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

उपरोक्त कार्यक्रम के अंतर्गत कोयना में भूकंप आने की क्रियाविधि को समझने के लिए एक खास नजरिया अपनाया जा रहा है। इसके लिए भूकंपीय क्षेत्र में गहरे तक खुदाई जाएगी और गहराई में एक बोरहोल वेधशाला स्थापित की जाएगी। इस तरह प्रत्यक्ष अवलोकन से इन भूकंपों की क्रिया विधि का मॉडल तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण और नई जानकारी मिल सकेगी।

## भारत एवं ब्रूनेई के मध्य तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर

03 फरवरी




भारत एवं ब्रूनेई ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने हेतु तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये। यह समझौते ब्रूनेई की राजधानी बांदर सेरी बेगावन में उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान किये गये।

**तीन समझौता ज्ञापन**

- स्वास्थ्य क्षेत्र पर समझौता ज्ञापनः इसका उद्देश्य तकनीकी, वैज्ञानिक, वित्तीय और मानव संसाधन क्षेत्र सहित दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए साझेदारी बढ़ाना है।
- रक्षा क्षेत्र में समझौता ज्ञापनः इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना है। वर्तमान में दोनों देश नेवी जहाज, वरिष्ठ मिलिट्री अफसरों का प्रशिक्षण साझा कर रहे हैं।
- युवा एवं खेल मामलों पर समझौता ज्ञापनः इससे दोनों देशों के बीच खेल एवं खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उन्हें उत्तम प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना शामिल है।

इसके अतिरिक्त उपराष्ट्रपति ने ब्रूनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया मुईजदिन वदाउल्लाह से मुलाकात की तथा वे सुल्तान ओमर अली सैफुद्दीन की मस्जिद पर भी गये।

भारत और चीन ने लद्दाख में अपने पहले संयुक्त सामरिक अभ्यास का आयोजन किया।

## सीएसआईआर - नेशनल केमिकल लेब्रोट्री, पुणे में मैजिक प्रोसेस लैब का उद्घाटन
03 फरवरी



केंद्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने पुणे के सीएसआईआर-नेशनल केमिकल लेब्रोट्री में (सीएसआईआर-एनसीएल) में अनोखे मैजिक (एमएजीआईसी-मॉड्यूलर, एजाइल, इन्टेंसिफाइड एंड कंटीन्यूस) प्रोसेस लैब का उद्घाटन किया। इस प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि मैजिक प्रोसेस और ये संयंत्र भविष्य में फाइन और स्पेशियलिटी केमिकल के भविष्य के परिचालन को बदल कर रख देंगे।

पिछले तीन दशक के दौरान वैश्विक फाइन एंड स्पेशिलियटी केमिकल उद्योग ने अपना विनिर्माण आधार पश्चिमी दुनिया से भारत और चीन की ओर कर लिया है। सीएसआईआर-एनसीएल में विकसित प्रोसेसेस अब तक इस्तेमाल हो रहे प्रोसेस टेक्नोलॉजी को आधुनिक प्रोसेसेस में बदल सकती है जो पहले से साफ, पर्यावरण सुरक्षित, सुरक्षित, सुगठित, मापे जाने लायक और किफायती है। परिणामस्वरूप मैजिक प्रोसेसेस में देश को इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में एक वैश्विक पॉवरहाउस में बदल देने की क्षमता है। इससे अगले कुछ साल में वैश्विक स्तर पर रसायनों के उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी मौजूदा तीन प्रतिशत से बढ़ कर पांच प्रतिशत तक हो जाएगी। डॉ. हर्षवर्धन ने देश के रसायन उद्योग से इस राष्ट्रीय सुविधा का इस्तेमाल करने और इस क्षेत्र में निर्धारित देश के लक्ष्य को हासिल करने में मदद देने की अपील की।

मैजिक लैब की प्रदर्शनी के दौरान मैजिक कार्यक्रम के तहत प्रोसेसेस और उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। मंत्री महोदय ने मैजिक रियेक्टरों के जरिये प्रमुख रासायनिक प्रतिक्रियाओं जैसे नाइट्रेशन, डाइजिटजेशन, अल्कलाइएशन, इस्टरीफिकेशन और हाइड्रोनाइजेशन को भी अवलोकन किया। इनमें से कई प्रक्रियाओं को उद्योग में शामिल कराया जा चुका है और बाजार में उतारे जाने के विभिन्न चरण में हैं। इससे पूरे देश में छोटे और मझोले रसायन उद्योग को फायदा होगा। इससे इन उद्योगों को फायदा भी होगा और पर्यावरण को होने वाला नुकसान भी रूकेगा।

## रूस ने भारत को एमआई-17वी-5 हेलीकॉप्टरों की अंतिम खेप सौंपी
03 फरवरी

रूस ने भारत को तीन एमआई-17वी-5 सैन्य मालवाहक हेलीकॉप्टरों की अंतिम खेप सौंप दी है जबकि वह **48** ऐसे हेलीकॉप्टरों के एक अन्य सौदे को अंतिम रूप देने की तैयारी कर रहा है। रोस्टेक स्टेट कारपोरेशन की कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ समझौता के तहत भारत को 'कजान हेलीकॉप्टर प्लांट' की ओर से निर्मित एमआई-17वी-5 हेलीकॉप्टरों की **151** इकाई की आपूर्ति होनी थी।

भारत को जिन एमआई-17वी-5 की आपूर्ति की गई है वे एमआई-8.17 के प्रौद्योगिकीय रूप से सर्वाधिक विकसित हेलीकॉप्टर हैं। प्रत्येक भारतीय एमआई-17वी-5 में एक जटिल नैविगेशन और इलेक्ट्रानिक डिस्प्ले केएनईआई-8 है। भारत को मिले हेलीकॉप्टरों में विभिन्न सूचना प्रणालियों को कम कर के चार मल्टी-फंक्शन डिस्प्ले में समेटा गया है। इससे चालक दल का काम बहुत आसान हो जाता है। इन हेलीकॉप्टरों में संयुग्मी प्रणालियों (कंजुगेट सिस्टम) के सभी सेंसरों से सूचना एक एकल मोनिटर स्क्रीन पर पेश किया जाता है जिससे उड़ान पूर्व जांच खासी आसान हो जाती है। रोसोबोरोनएक्सपोर्ट ने भारत को **80** एमआई-17वीं-5 की आपूर्ति करने के लिए **2008** में एक करार किया था। आपूर्ति का यह काम **2011-2013** में पूरा हो गया। इसके बाद **2012-13** में वायुसेना, गृहमंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय की जरूरतों को पूरा करने के लिए कुल **71** एमआई-17वी-5 की आपूर्ति करने के लिए करार किए गए।

## राष्ट्रपति ने जनरल राजेन्द्र छेत्री को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक प्रदान की
03 फरवरी



राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष अधिष्ठापन समारोह में नेपाली सेना के सेनाध्यक्ष प्रख्यात त्रिसहकति-पट्टा जनरल राजेन्द्र छेत्री को उनकी सराहनीय सैन्य क्षमता एवं भारत के साथ नेपाल के दीर्घकालिक एवं मैत्रीपूर्ण संबंध को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक प्रदान की।

इस अवसर पर प्रशंसात्मक उल्लेख में कहा गया "जनरल राजेन्द्र छेत्री की स्वरहित सेवा, समर्पित भावना एवं उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता सैन्य सेवा की बेहतरीन परंपराओं के अनुकूल है तथा उनकी एवं नेपाल की सेना की विशिष्ट साख को परिलक्षित करती है।

अपने पूरे शानदार कार्याकाल के दौरान जनरल छेत्री ने गतिशील नेतृत्व एवं असाधारण पेशेवर क्षमता प्रदर्शन किया है।

जनरल राजेन्द्र छेत्री ने भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच तथा विश्व की अन्य सेनाओं के साथ भी सद्भावना एवं आपसी समझ पर आधारित मित्रता के वर्तमान संबंध को बढ़ावा देने में योगदान दिया है।

उनकी सराहनीय सैन्य क्षमता एवं भारत के साथ दीर्घकालिक एवं मैत्रीपूर्ण संबंध को और अधिक बढ़ाने में उनके असीम योगदान के सम्मान में भारत के राष्ट्रपति जनरल राजेन्द्र छेत्री को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक प्रदान करते है।"

सरकार द्वारा एक 24x7 टोल फ्री पर्यटक इंफोलाइन 12 भाषाओं में शुरू किया गया है।

## एयरफोर्स में अतिरिक्त एयर मार्शल पद को स्वीकृति
**03 फरवरी**



कैबिनेट बैठक ने एयर मार्शल के एक अतिरिक्त पद के सृजन को स्वीकृति प्रदान की है। सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के आदेश के तहत एयर मार्शल का यह एक अतिरिक्त पद 17 महीने के लिए सृजित किया गया है।

यह निर्णय पूर्व प्रभाव से लागू होगा और यह पद 01 दिसम्बर 2014 से 30 अप्रैल 2016 तक के लिए सृजित कया गया है। इस पद के सृजन का आदेश सशस्त्र बल न्यायाधिकरण की प्रधान पीठ ने दिया था।

इस अतिरिक्त पद का सृजन वायु सेना के एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग विभाग में एयर मार्शल के स्वीकृत पदों की संख्या से अलग किया गया है। इस निर्णय से रक्षा मंत्रालय एयर वाइस मार्शल संजय शर्मा की प्रोन्नति के बारे में कैबिनेट की नियुक्ति समिति की मंजूरी लेने के लिए उनके आवेदन पर विचार कर सकेगा।

## भारत और जर्मनी के बीच भारत-जर्मनी आईजीएसटीसी की अवधि को 2017 से बढ़ा कर 2022 तक विस्तारित करने के लिए संयुक्त घोषणा
**03 फरवरी**



केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और जर्मनी के बीच भारत-जर्मनी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र (आईजीएसटीसी) की अवधि को विस्तारित करने के लिए संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये गये हैं। यह घोषणा पत्र द्विपक्षीय आईजीएसटीसी की अवधि को 2017 से पांच वर्ष और अधिक विस्तारित कर 2022 तक किए जाने से संबंधित है। इसमें प्रत्येक पक्ष द्वारा वित्त पोषण आवंटन को दो मिलियन यूरो प्रति वर्ष से बढ़ाकर अधिकतम चार मिलियन यूरो प्रति वर्ष किए जाने का प्रावधान है। प्रतिबद्ध वित्त पोषण औद्योगिक महत्व की सहयोगात्मक अनुसंधान साझेदारियों के समर्थन के लिए गतिविधि समरूप वित्त पोषण के सिद्धांतों पर आधारित होगा।

दोनों देशों के शिक्षा क्षेत्र एवं उद्योग से जुड़ी संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का लक्ष्य नए वैज्ञानिक ज्ञान आधार का सृजन करना तथा प्रौद्योगिकी विकास एवं उन्हें प्रयुक्त करने के लिए अनुसंधान परिणामों का उपयोग करना होगा। यह नया घोषणा पत्र आईजीएसटीसी को दोनों देशों की प्रयोगशालाओं, शिक्षा क्षेत्र एवं उद्योग के बीच सहयोग के जरिए औद्योगिक महत्व के अनुसंधान एवं प्रौद्योगिक सहयोग को और अधिक बढ़ाने, उन्हें मजबूत करने तथा बेहतर बनाने में सक्षम होगा।

आईजीएसटीसी भारत एवं जर्मनी की अनुसंधान प्रयोगशालाओं एवं उद्योग (22 योजना) से जुड़ी चुनी हुई आरएंडडी परियोजनाओं का समर्थन एवं वित्त पोषण करेगा तथा सहयोगात्मक औद्योगिक आरएंडडी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए संसाधनों को जुटाने में मदद करेगा।

आईजीएसटीसी की स्थापना अक्टूबर 2007 में दोनों देशों की सरकारों के बीच एक समझौते के तहत की गई थी और इसने 2011 से संचालन प्रारंभ कर दिया था। वर्तमान में आईजीएसटीसी (उन्नत विनिर्माण) जैव चिकित्सकीय उपकरण एवं स्वास्थ्य देखभाल बद्ध नैनोटेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग वाटर सेंसर्स क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी एवं सूचना तथा कम्प्यूटिंग टेक्नोलॉजी।

## भारत ईएमबीओ का एसोसिएट सदस्य देश बना
**04 फरवरी**

भारत ने यूरोपीय आण्विक जीवविज्ञान संगठन (ईएमबीओ) के एसोसिएट सदस्य देश का दर्जा हासिल करने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से एक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे इस क्षेत्र में भारत और यूरोप के बीच वैज्ञानिक वार्ता और सहयोगात्मक अनुसंधान मजबूत करने में मदद मिलेगी। जुलाई, 2015 में ईएमबीसी द्वारा सिंगापुर के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद भारत यूरोपीय क्षेत्र से बाहर का दूसरा देश बन गया है।

ईएमबीओ 1700 अग्रणी अनुसंधानकर्ताओं का एक संगठन है जो जीव विज्ञान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य प्रतिभाशाली अनुसंधानकर्ताओं को उनके अपने करियर के सभी चरणों में सहायता प्रदान करना और वैज्ञानिक जानकारी के आदान प्रदान को प्रोत्साहित करना है। यह आंदोलन 1964 में यूरोपीय आण्विक जीवविज्ञान सम्मेलन (ईएमबीसी) के रूप में शुरू किया गया था और बाद में इसे अंतर सरकारी वित्त पोषण प्राप्त हुआ।

ईएमबीसी का एसोसिएट सदस्य देश बनने के बाद भारत में काम कर रहे अनुसंधानकर्ता अब ईएमबीओ के सभी कार्यक्रमों और गतिविधियों में भाग लेने के लिए पात्र हैं। भारतीय वैज्ञानिक पोस्टडॉक्ट्रल अनुसंधानकर्ताओं के लिए दीर्घकालीन और अल्पकालीन फैलोशिप, पाठ्यक्रमों के साथ - साथ ईएमबीओ युवा अन्वेषक कार्यक्रमों के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर ईएमबीओ के निदेशक प्रोफेसर मारिया लेप्टिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से हम यूरोप के बाहर बातचीत को प्रोत्साहन दे रहे हैं और अब भारत हमारा प्रमुख भागीदार है।

केन्द्र सरकार ने झारखंड में एक संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए स्वीकृति दे दी है।

## भारत कोबरा गोल्ड 2016 सैन्य अभ्यास में भाग लेगा

05 फरवरी

कोबरा गोल्ड तब चर्चा में आया जब भारत ने थाईलैंड में आयोजित होने वाले इस संयुक्त सैन्य अभ्यास में भाग लेने की घोषणा की। यह घोषणा उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी की थाईलैंड यात्रा के दौरान की गई।



कोबरा गोल्ड एशिया-प्रशांत क्षेत्र का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास है जो प्रत्येक वर्ष थाईलैंड में आयोजित किया जाता है। यह विश्व के कुछ चुने हुए सैन्य अभ्यासों में से है जिसमे संयुक्त राज्य अमेरिका भाग लेता है। यह सैन्य अभ्यास सर्वप्रथम वर्ष 1982 में अमरीका और थाईलैंड के सशस्त्र बलों के मध्य आयोजित की गई थी। वर्ष 2015 में आयोजित किए गए इस सैन्य अभ्यास में इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया ने भाग लिया था। वर्ष 2015 में चीन ने पहली बार इस सैन्य अभ्यास में भाग लिया था।

## सिक्किम में राष्ट्रीय जैविक खेती अनुसंधान संस्थान (एनओएफआरआई) की स्थापना की घोषणा

06 फरवरी



केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने गंगटोक, सिक्किम में राष्ट्रीय जैविक खेती अनुसंधान संस्थान (एनओएफआरआई) की स्थापना की घोषणा की। सिंह ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 87वीं आम सभा के दौरान गंगटोक, सिक्किम में राष्ट्रीय जैविक खेती अनुसंधान संस्थान (एनओएफआरआई) की स्थापना की घोषणा की। सिक्किम को हाल ही में देश का पहला जैविक राज्य घोषित किया गया है। उपरोक्त के दृष्टिगत, केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री ने एनओएफआरआई बनाने की घोषणा की।

यह संस्थान देश में सामान्य तौर पर और विशेषकर पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र में जैविक उत्पादन प्रणाली की पृष्ठभूमि में अनुसंधान और तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। यह संस्थान देश में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए हितधारकों को व्यवसायिक एवं उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इसके लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन, मानव शक्ति और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

## प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर राष्ट्र को समर्पित किया

08 फरवरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भुवनेश्वर में, राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईएसईआर) राष्ट्र को समर्पित किया।




प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि विज्ञानिक संस्थानों में नवाचार का माहौल को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने ओडिशा स्थित इस संस्थान के संदर्भ में कोयला गैसीकरण, स्वच्छ ऊर्जा, नील क्रांति जैसे क्षेत्रों में नवाचार के लिए और 2022 तक सभी को आवास उपलब्ध कराने की संभावनाओं का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री एनआईएसईआर के छात्रों से अनुरोध किया कि वे इस संस्थान को जहां केवल नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग होता है, भारत का सबसे हरित, शून्य उत्सर्जन परिसर बनाने की दिशा में काम करें।

## भारत और चीन की सेनाओं ने लद्दाख में किया पहला रणनीतिक साझा अभ्यास

08 फरवरी



भारत और चीन की सेनाओं ने पहला रणनीतिक साझा अभ्यास लद्दाख में किया। ये संयुक्त सैन्य अभ्यास भारत-चीन सरहद के पास चुशुल-मोल्दो इलाके में किया गया।

लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल यानी एलएसी पर ये अभ्यास दोनों देशों के जवानों के बीच सीमा पर आपसी मेलजोल को बढ़ाने और शांति कायम रखने के लिये हो रहे प्रयासों का हिस्सा है। यह साझा अभ्यास इस बात पर केन्द्रित था कि अगर सीमा पर प्राकृतिक आपदा आ जाए तो दोनों देश मिलकर कैसे बचाव और राहत अभियान चलाए।

यह साझा अभ्यास शिनो इंडिया कोऑपरेशन 2016 नाम से एक दिन चला। भारत और चीन की सेना के बीच पहले से हैंड इन हैंड नाम से आपसी विश्वास और भरोसा बढ़ाने के लिये सैन्य अभ्यास होते रहे हैं।

सिंगर दान हिक्स का निधन हो गया है।

## उर्दू के मशहूर शायर निदा फाजली का मुंबई में निधन

**08 फरवरी**



उर्दू के मशहूर शायर निदा फाजली का निधन हो गया है। वह **78** वर्ष के थे। उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। इसी के बाद उन्हें दिल का दौरा पड़ा जिसके बाद उन्होंने मुंबई के वर्सोवा वाले अपने घर में अंतिम सांस ली। वह **2013** मे पद्‌म श्री सम्मान से भी सम्मानित किये जा चुके हैं।

निदा फाजली का जन्म **12** अक्तूबर **1938** को दिल्ली में हुआ था। निदा फाजली का असली नाम मुक्तदा हसन था। उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं जिसमें जिगर मुरादाबादीः मोहब्बत का सायरा काफी मशहूर रहीं।

निदा फाजली ने 'सैलाब', 'नीम का पेड़', 'जाने क्या बात हुई' एवं 'ज्योति' जैसे टीवी धारावाहिकों के लिए शीर्षक गीत लिखे। उनका गीत 'कोई अकेला कहाँ' जिसे कविता कृष्ण मूर्ति ने गाया था, भी काफी लोकप्रिय हुआ था।

निदा फाजली को आसान भाषा में लिखे दोहों के लिए याद किया जाएगा। उनके दोहों और गजलों को जगजीत सिंह की आवाज ने लाखों-लाख लोगों तक पहुँचाया। **1990** के दशक में निदा फाजली के दोहों का एलबम जगजीत सिंह ने गाया था जो बहुत लोकप्रिय हुआ था, इस एलबम का नाम इनसाइट था।

उन्होंने 'कभी किसी को मुकम्मल जहां नहीं मिलता' (आहिस्ता-आहिस्ता), 'आ भी जा, आ भी जा' (सुर), 'तू इस तरह से मेरी ज़िन्दगी में' (आप तो ऐसे न थे), 'होश वालों को खबर क्या' (सरफरोश) जैसे यादगार गीत लिखे।

## जानकारी देने वाली 24×7 टोलफ्री इनफोलाइन का शुभारंभ

**08 फरवरी**




केन्द्रीय पर्यटन, संस्कृति (स्वतंत्र प्रभार) और नागर विमानन राज्य मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने एक कार्यक्रम में हिन्दी और अंग्रेजी सहित **12** अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में **24×7** टोल फ्री पर्यटक इन्फोलाइन का शुभारंभ किया, जो मौजूदा टोल फ्री नंबर **1800111363** या एक शार्ट कोड **1363** पर उपलब्ध है।

यह परियोजना मैसर्स टाटा बीएसएस के माध्यम से पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लागू की जा रही है। मैसर्स टाटा बीएसएस खुली बोली प्रक्रिया के बाद इस कार्य से जुड़ी है। संपर्क केन्द्रों द्वारा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा **10** अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं- अरबी, फ्रेंच, जर्मन, इटेलियन, जापानी, कोरियाई, चीनी, पुर्तगाली, रूसी और स्पेनिश में जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर जापानी, चीनी, रूसी और इटेलियन भाषाओं में इस बहुभाषीय इन्फोलाइन सेवा का 'लाइव डेमो' किया गया।

मंत्री महोदय ने यह घोषणा भी की कि जल्दी ही यह मंत्रालय पर्यटकों को बेहतर रूप से सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अतुल्य भारत मोबाइल एप की शुरूआत करेगा।

## भारत-नेपाल सैन्य अभ्यास सूर्यकिरण-IX

**09 फरवरी**

भारत और नेपाल की सेना का संयुक्त **14** दिवसीय सैन्य अभ्यास सूर्यकिरण-**IX** की



शुरुआत पिथौरागढ़ में हुई। इस अभ्यास में नेपाल की सेना की ओर से श्रेष्ठ बटालियन रुद्रभोज बटालियन के अधिकारी और जवान भाग ले रहे हैं जबकि भारतीय सेना की ओर से इंफेंट्री बटालियन भाग ले रहा है। इस संयुक्त बटालियन स्तर के अभ्यास का संचालन मध्य कमान के पंचशूल ब्रिगेड द्वारा किया जा रहा है। **9**वें सैन्य अभ्यास के दौरान दोनों सेनाएं एक दूसरे के साथ युद्ध संबंधी अनुभव साझा करेगी और पर्वतीय क्षेत्रों में लड़े जाने वाले जंगल युद्ध और आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन के संबंध में एक दूसरे के साथ तालमेल बढ़ाएंगी। हाल के वर्षों में दोनों देशों में आपदा प्रबंधन के दौरान सैन्य बलों की भूमिका अहम हुई है। इस अभ्यास में आपदा के समय में मानवीय सहायता और बचाव कार्य सहित चिकित्सा और हवाई सहायता पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

इसमें विशेष तौर पर आतंकवाद से जुड़ी चुनौतियां और हाल के वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आपदा प्रबंधन महत्वपूर्ण हैं। अभ्यास के दौरान भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ नेपाल की सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी इस सैन्य अभ्यास का निरीक्षण करेंगे।

युक्त सैन्य अभ्यास में दोनों देशों के **600** सैनिक भाग ले रहे हैं। सूर्य किरण नामक इस अभ्यास श्रृंखला का आयोजन नेपाल और भारत में बारी-बारी से वर्ष में दो बार होता है। भारत और नेपाल की सेनाओं के मध्य पहला सूर्य किरण संयुक्त सैन्य अभ्यास मिजोरम में में **2011** में शुरू किया गया था।

कांगो, माली को **3-0** से पराजितकर अफ्रीकन नेशन्स चैम्पियनशिप (चान) **2016** का विजेता बन गया है।

## आर. के. वर्मा ने रेलवे बोर्ड के नये सचिव का पदभार संभाला
10 फरवरी



भारतीय अभियांत्रिकी रेल सेवा के 1980 बैच के अधिकारी आर. के. वर्मा ने रेलवे बोर्ड के सचिव का पदभार संभाला है। सचिव पदभार संभालने से पूर्व, वह रेल राज्य मंत्री के सलाहकार (लोक शिकायत) के रूप में सेवारत थे।

वाराणसी के आईआईटी(बीएचयू) से बी.टैक (सिविल इंजीनियरिंग) के बाद आईआईटी दिल्ली से एम.टैक (ढांचागत अभियांत्रिकी) की शिक्षा प्राप्त करने के बाद 10 फरवरी, 1982 को भारतीय रेल सेवा में शामिल हुए। उन्होंने रेलवे में दक्षिण, पूर्वोत्तर फ्रंटियर पूर्वी और पश्चिमी सहित पुणे में भारतीय रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ सिविल इंजीनियरिंग में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में हैवी हॉल ऑपरेशन में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स ने अंबेडकर से जुड़े दस्तावेज जारी किए
10 फरवरी

10 ब्रिटेन के प्रसिद्ध लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स ने डॉ. बीआर अंबेडकर की 125 वीं जयंती पर अपने प्रसिद्ध छात्र और भारतीय संविधान के निर्माता पर अभिलेखीय दस्तावेज जारी किया है। अंबेडकर 1920 में जब कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे थे तो अर्थशास्त्री एडविन आर सेलिगमेन ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) में पढ़ाने वाले प्रोफेसर हार्बर्ट फॉक्सवेल को पत्र लिखकर अंबेडकर की पढ़ाई में मदद करने को कहा था।

अंबेडकर के लंदन में छात्र दिनों को पिछले साल नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेखांकित किया, जब उन्होंने उत्तरी लंदन में उनके पहले के घर में एक संग्रहालय का उद्घाटन किया। अंबेडकर मास्टर डिग्री में पंजीकरण के लिए गए थे और एलएसई में पीएचडी पूरी की थी।

## भारत में ऑस्ट्रेलिया की नई उच्चायुक्त होंगी हरिंदर सिद्धू
11 फरवरी



ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय मूल की हरिंदर सिद्धू को भारत में देश की अगली उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किए जाने की घोषणा की है। भारतीय पृष्ठभूमि वाली सिद्धू सिंगापुर से अपने परिवार के साथ बचपन में ऑस्ट्रेलिया आ गई थीं। वह निवर्तमान उच्चायुक्त पैट्रिक सकलिंग की जगह लेंगी। व्यापार एवं विदेश मामलों के विभाग में वरिष्ठ करियर अधिकारी सिद्धू मल्टीनेशनल पॉलिसी डिविजन की प्रथम सहायक सचिव के रूप में भी सेवाएं दे रही हैं।

वह इससे पहले मॉस्को और दमिश्क में भी सेवा दे चुकी हैं। आस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री जूली बिशप ने नई उच्चायुक्त की घोषणा करते हुए कहा, 'भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत आस्ट्रेलिया के सबसे निकटवर्ती और सबसे महत्वपूर्ण साझीदारों में से एक है। वह हमारा 10वां सबसे बड़ा कारोबारी साझीदार है और दोनों ओर से हमारा निवेश 20 अरब डॉलर से अधिक है।' जूली ने इस बात पर जोर दिया कि ऑस्ट्रेलिया भारत के साथ समग्र आर्थिक सहयोग समझौते को निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए कोशिश करना जारी रखेगा ताकि 'हमारे आर्थिक संबंधों को नए स्तर' पर ले जाया जा सके।

जूली ने कहा, 'हरिंदर भूटान में भी उच्चायुक्त की जिम्मेदारी निभाएंगी। आस्ट्रेलिया और भूटान के बीच अच्छे संबंध हैं जो लोगों के बीच आपसी संपर्क और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा में बढते सहयोग पर आधारित हैं।' उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया के भारत के साथ सामरिक और रक्षा संबंध भी मजबूत हैं। दोनों देशों ने पहला द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 2015 में किया था। जूली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में इस समय भारतीय मूल के 4,50,000 से अधिक लोग रह रहे हैं जो हमारे शैक्षणिक, सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधी संबंधों को मजबूत बनाते हैं। इससे पहले हरिंदर जलवायु पर्वितन विभाग में प्रथम सहायक सचिव, राष्ट्रीय मूल्यांकन कार्यालय में सहायक महानिदेशक और प्रधानमंत्री कार्यालय में वरिष्ठ सलाहकार रह चुकी हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी से कानून और अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्रियां प्राप्त की हैं।

भारत, 12 वें दक्षिण एशियाई खेलों (एसएजी) में महिलाओं की कम्पाउंड तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता।

## 2030 तक भारत मलेरिया मुक्त देशः जेपी नड्डा

**11 फरवरी**




केंद्र सरकार ने 2030 तक देश को मलेरिया से मुक्त कराने का लक्ष्य तय किया है। श्रीलंका और नेपाल जैसे कुछ पड़ोसी देशों में पिछले कुछ सालों में इस विषाणु जनित रोग से कोई मौत न होने की खबरें सामने आने के बाद सरकार ने आज यह लक्ष्य तय किया।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, 'हम 2030 तक मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय संसाधनों की जरूरत होगी। हम विकास साझेदारों और सिविल सोसाइटी के साथ मिलकर प्रभावी तौर पर काम करेंगे।' यहां राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन रूपरेखा (2016-2030) पेश करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दक्षिण एशिया में मलेरिया के 70 प्रतिशत मामले और मलेरिया से होने वाली 69 प्रतिशत मौतें भारत में होती हैं।

नड्डा ने कहा, 'रूपरेखा का उद्देश्य 2024 तक सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में मलेरिया की घटनाओं में इतनी कमी लाना है कि हर साल प्रति 1000 की आबादी पर मलेरिया के एक से भी कम मामले सामने आए। हम सभी राज्य सरकारों से कहेंगे कि वे अपने नीतिगत मामलों में मलेरिया उन्मूलन को शामिल करें।'आंकड़ों का हवाला देते हुए नड्डा ने कहा कि देश की 80 प्रतिशत से ज्यादा आबादी आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित अन्य राज्यों के करीब 200 जिलों के ऐसे इलाकों में रहती है जहां मलेरिया की चपेट में आने का जोखिम बहुत ज्यादा रहता है।

नड्डा ने कहा, 'अभी मलेरिया के 80 फीसदी मामले ऐसे 20 फीसदी लोगों के बीच है जो 'उच्च जोखिम' की श्रेणी में आते हैं। हालांकि, देश की करीब 82 फीसदी आबादी ऐसे इलाकों में रहती है जहां मलेरिया की चपेट में आने का जोखिम बहुत ज्यादा होता है।' उन्होंने कहा कि मलेरिया उन्मूलन की रूपरेखा के तहत इस रोग से जुड़े मामलों के सामने आने के आधार पर देश को तीन श्रेणियों में बांटा गया है।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना 61 अतिरिक्त जिलो में विस्तारित की गई

**11 फरवरी**




महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को 61 अतिरिक्त जिलों में (11 राज्य शामिल) विस्तारित कर दिया है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना हरियाणा के पानीपत में 22 जनवरी, 2015 को प्रारंभ की गई थी। यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालयों समेत 3 मंत्रिस्तरीय प्रयासों का परिणाम है। पहले चरण में निम्न सीएसआर वाले 100 जिलों का इस मुद्दे के बारे में जागरूकता एवं समर्थन का सृजन करने तथा बीबीबीपी योजना के कार्यान्वयन के लिए चयन किया गया था। पिछले एक वर्ष के दौरान बीबीबीपी योजना का कार्यान्वयन संबंधित जिला मजिस्ट्रेट/उप-आयुक्तों के समग्र दिशा-निर्देश एवं पर्यवेक्षण में किया जा रहा है।

इस योजना के प्रति स्थानीय स्तर पर विभिन्न पहलों एवं अन्वेषणों के रूप में हितधारकों द्वारा शानदार प्रतिक्रिया को देखते हुए स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव वी सोमसुन्दरन की अध्यक्षता के तहत 5 जनवरी, 2016 को आयोजित अपनी बैठक में निम्न सीएसआर वाले 61 अतिरिक्त जिलों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के विस्तार को मंजूरी दे दी। इसका उद्देश्य योजना के प्रदर्शन पर ध्यान रखते हुए इस मुद्दे के बारे में जागरूकता फैलाना है।

## गंतव्य पूर्वोत्तर-2016 पर्व का उद्घाटन

**12 फरवरी**




पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास संबंधी केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह और गृह राज्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गंतव्य पूर्वोत्तर-2016 पर्व का उद्घाटन किया। इस पर्व का आयोजन पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया गया है। इस सिलसिले में राष्ट्रीय स्तर पर पूर्वोत्तर क्षेत्र अपनी आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है।

पर्व का उद्घाटन करते हुए डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि युवा उद्यमी और स्टार्टअप के लिए पूर्वोत्तर को महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले महीनों में पूर्वोत्तर पर्व पर मुम्बई और बेंगलूरू में भी कार्यक्रम आयोजित

उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी के एक रॉकेट को लॉन्च तोंगचांग-री प्रक्षेपण स्टेशन से किया गया।

किये जाएंगे। पूर्वोत्तर तक ज्यादा पहुंच बढ़ाने के लिए कई बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इनमें से एक है दिल्ली से दीमापुर के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू करना। देश के बाकी हिस्से को पूर्वोत्तर से जोड़ने की जरूरत है जिससे ये अर्थपूर्ण सिद्ध हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वोत्तर के विकास में रूचि ले रहे हैं। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मानव संसाधन का विकास सुनिश्चित करके पूर्वोत्तर के अकादमिक संस्थाओं के उन्नयन की जरूरत है।

उद्घाटन के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास की पहल के लिए कई सत्र आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें पूर्वोत्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने और आईटी के अवसरों का सृजन और इस क्षेत्र को हर तरह से उभारना शामिल है। सत्र के दूसरे दिन आपसी बातचीत के माध्यम से पूर्वोत्तर की आजीविका के मौके बढ़ाना, समावेशी विकास के लिए सूक्ष्म वित्तीय प्रबंध करना, इस क्षेत्र में स्टार्टअप अवसरों और चुनौतियां का समावेश, हैंडलूम से लेकर निर्माण सामग्री और वस्त्रों के मूल्यों से जुड़ी समूची वृद्धि, कुशलता विकास और उद्यमशीलता को उन्नत बनाने और पूर्वोत्तर में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक प्रीमियम ब्रांड के रूप उभारने पर जोर दिया गया।

## म्युचुअल फंड्स द्वारा बॉन्डस में निवेश के नए नियम लागू

15 फरवरी



सेबी ने म्युचुअल फंड्स से जुड़े नए नियमों को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। पिछले महीने ही सेबी ने किसी एक कंपनी के बॉन्ड्स में निवेश सीमा से जुड़े नियमों को सख्त करने का ऐलान किया था।

नए नियमों के अनुसार फंड्स द्वारा किसी एक कंपनी के बॉन्ड्स में निवेश की सीमा घटाकर **10** प्रतिशत कर दी गई है। फिलहाल ये सीमा **15** प्रतिशत है। सेबी ने ये निर्णय जेपी मार्गन म्युचुअल फंड को एमटेक ऑटो में हुए नुकसान के बाद लिया है। फंड ने एमटेक ऑटो की डेट सिक्युरिटीज में निवेश किया था।

सेबी के अनुसार ये सीमा सरकारी सिक्युरिटीज, ट्रेजरी बिल्स पर लागू नहीं होगी। सेबी ने नए नियमों पर नोटिफिकेशन **12** फरवरी को जारी किया है। और नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

## राष्ट्रपति ने 6 वैज्ञानिकों को इंफोसिस पुरस्कार से सम्मानित किया

15 फरवरी

इंफोसिस साइन्स फाउन्डेशन ने विज्ञान एवं मानविकी में अनुसंधान के लिए इंफोसिस पुरस्कार **2015** के विजेताओं को पुरस्कृत किया। राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने आयोजित एक समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया।




इंफोसिस पुरस्कार छह श्रेणियों में दिया जाता है। इनमें शामिल हैं- इंजीनियरिंग एवं कम्प्यूटर विज्ञान, मानविकी, जीवन विज्ञान, गणित विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान। हर श्रेणी के विजेता को **65** लाख रुपये **22** कैरट सोने के पदक और एक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

जूरी में मौजूद चांसलर प्रदीप के. खोसला (युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सैन डिएगो) ने इंजीनियरिंग एवं कम्प्यूटर विज्ञान के लिए, प्रोफेसर अमर्त्य सेन (हार्वर्ड युनिवर्सिटी) ने मानविकी के लिए, डॉ. इंदर वर्मा (साल्क इन्स्टीट्यूट ऑफ बायोलॉजिकल साइन्सेज) ने जीवन विज्ञान के लिए, प्रोफेसर श्रीनिवास एस. आर. वर्धन (न्यूयॉर्क युनिवर्सिटी) ने गणित विज्ञान के लिए, प्रोफेसर श्रीनिवास कुलकर्णी (कैलिफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी) ने भौतिक विज्ञान के लिए तथा प्रोफेसर कौशिक बसु (द वर्ल्ड बैंक) ने सामाजिक विज्ञान के लिए विजेताओं का चयन किया।

इंफोसिस पुरस्कार **2015** के छह विजेताओं में प्रोफेसर उमेश वाघमारे, प्रोफेसर जोनार्दन गनेरी, डॉ. अमित शर्मा, प्रोफेसर महन एम. जे., प्रोफेसर जी. रविन्द्र कुमार और डॉ. श्रीनाथ राघवन। इन विजेताओं का चयन **206** प्रत्याशियों में से किया गया है।

कार्यक्रम में इंफोसिस साइन्स फाउन्डेशन के ट्रस्टी उपस्थित थे। इस अवसर पर इंफोसिस के ट्रस्टी एस. डी. शिबुलाल ने कहा कि हमें खुशी है कि हम इन्फोसिस पुरस्कार **2015** के विजेताओं को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित कर रहें हैं।

विप्रो को आसा एब्लॉय से पांच वर्ष की अवधि वाला सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना का एक ठेका मिला।




## सिक्किम के पूर्व राज्यपाल वी रामा राव का निधन
**18 जनवरी**



सिक्किम के पूर्व राज्यपाल एंव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता वी. रामा राव का हैदराबाद में निधन हो गया। वह **80** वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं।

**12** दिसम्बर **1935** को जन्मे राव पेशे से वकील थे एवं आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में कार्यरत थे। उन्होंने ट्रेड यूनियन मुकदमों में एक निर्णायक भूमिका निभाई है और कई राज्य और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निगमों के अध्यक्ष, कर्मचारियों और श्रमिकों यूनियन के कार्यकर्ता के रूप में सेवा भी की।

वर्ष **1965** में उन्होंने जन संघ बतौर सदस्य ज्वाइन किया और अगले कई वर्षो तक भारतीय जन संघ के सदस्य के रूप में कार्य किया। उन्होंने लगातार चार बार हैदराबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से आंध्र प्रदेश राज्य विधान परिषद के लिए चुनाव लड़ा एवं **1966**, **1972**, **1978** एवं **1984** में जीत दर्ज की। वर्ष **2002** में वे सिक्किम के गवर्नर नियुक्त किये गये तथा **2007** तक कार्यरत रहे।

## उत्तर प्रदेश ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती
**26 जनवरी**

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। यह खिताब उत्तर प्रदेश ने दो बार विजेता रही बड़ौदा की टीम को **25** रनों से हराकर प्राप्त किया। ज्ञात हो बड़ौदा की टीम वर्ष **2011-12** और वर्ष **2013-14** का यह खिताब जीत चुकी है। उत्तर प्रदेश की कप्तानी सुरेश रैना ने की और उत्तर प्रदेश की टीम इस टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के बारे में

- यह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली घरेलू ट्वेन्टी **20** चैंपियनशिप है।
- पहली बार इसका आयोजन वर्ष **2008-09** में किया गया था।
- यह मैच रणजी टीमों के बीच खेला जाता है।
- इस ट्रॉफी का नाम भारतीय खिलाड़ी सैयद मुश्ताक अली के नाम पर पड़ा।

## राजस्थान ''उदय'' योजना में शामिल हुआ, समझौते ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर करने वाला तीसरा राज्य
**27 जनवरी**



भारत सरकार, राजस्थान और राजस्थान के डिस्कॉम्स (जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड,जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड) ने डिस्कॉम्स के परिचालन और वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए ''उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना''- उदय स्कीम के अंतर्गत समझौते ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर किये। उदय के अंतर्गत समझौते ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर करने वाला राजस्थान तीसरा राज्य है, अन्य दो राज्य झारखंड और छत्तीसगढ़ हैं।

उदय योजना का शुभारंभ भारत सरकार द्वारा **20** नवम्बर, **2015** को ऋण में डूबी वितरण इकाईयों के लिए वित्तीय स्थिरता और विकास हेतु एक स्थायी और दीर्घकालिक समाधान को सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। देशभर की वितरण कंपनियों पर लंबे समय से लगभग **4.3** लाख करोड़ रूपए का ऋण बकाया है। उदय के माध्यम से इन डिस्कॉम की वित्तीय और परिचालनगत हालत को सुधारते हुए सस्ती दरों पर पर्याप्त विद्युत की आपूर्ति और सभी के लिए **24** घंटे बिजली एवं **100** प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण की दिशा में सरकार के प्रयासों को सक्षम बनाने का एक प्रयास है।

उदय के अंतर्गत समझौते ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर होने से, राजस्थान की डिस्कॉम्स वित्तीय सुधार की दिशा में प्रथम कदम उठा चुकी हैं। **30.09.2015** को डिस्कॉम्स का बकाया ऋण **80500** करोड़ रूपए था, जिसमें से **75** प्रतिशत अर्थात **60500** करोड़ रूपए का वहन योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। यह योजना **20000** करोड़ रूपए के शेष ऋण के लिए औसत वर्तमान ब्याज दर से भी कम लगभग **3** प्रतिशत के कूपन मूल्यों का पुनर्मूल्य तय किए जाने अथवा राज्य द्वारा गारंटीकृत बांड्स की सुविधा भी प्रदान करती है। राजस्थान डिस्काम्स के ऋण में कमी आने और शेष ऋण पर ब्याज दरों में कमी होने से वार्षिक ब्याज लागत में लगभग **3000** करोड़ रूपए की बचत होगी।

प्रख्यात उर्दू और हिंदी कवि निदा फाजली का हाल ही में निधन हो गया।

## केरल और आंध्र प्रदेश में रेल अवसंरचना विकास के लिए संयुक्त उद्य कंपनी बनाने पर समझौते

**28 जनवरी**




रेल मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु की उपस्थिति में केरल और आंध्र प्रदेश में रेल अवसंरचना विकास के लिए संयुक्त उद्य कंपनी बनाने पर केरल और आंध्र प्रदेश सरकार के साथ रेलवे के दो अलग-अलग समझौते किए गए।

यह समझौता रेल बजट में रेल मंत्री द्वारा परियोजना विकास, संसाधन जुटाने, भूमि अधिग्रहण, परियोजना क्रियान्वयन तथा महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं की निगरानी के लिए राज्यों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करने का संकल्प व्यक्त किए जाने के परिपेक्ष्य में किए गए हैं।

रेलवे और अधिक कंपनियां बना रहा है और वह इसके लिये कोष का लाभ उठाएंगी। 400 स्टेशनों का कायाकल्प करना बहुत बड़ा कार्य है। इससे रेलवे के लिए बड़े पैमाने पर संसाधन जुटेगा।

रेलवे परिवहन का सबसे सस्ता माध्यम है लेकिन रेलवे में निवेश नहीं हुआ है। सड़क परिवहन में निवेश से बल मिला है। रेल और सड़क को मिलकर काम करना होगा और भारतीय रेल बहु माडल रेल सहयोग विकसित करने के लिए संकल्पबद्ध है।

समझौते इससे केरल और आंध्र प्रदेश में अवसंरचना विकास में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि नई लाइनें बिछाने, आमान परिवर्तन तथा डबलिंग परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता है।

## जस्टिस संजय मिश्रा यूपी के नए लोकायुक्त बने

**28 जनवरी**

देश की सर्वोच्च अदालत ने जस्टिस संजय मिश्रा को उत्तर प्रदेश का नया लोकायुक्त नियुक्त किया है।

जस्टिस संजय मिश्रा होंगे यूपी के नए लोकायुक्त। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश देते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यूपी के सीएम और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश लोकायुक्त के एक नाम पर सहमत नहीं हो पाए। जस्टिस संजय मिश्रा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जज हैं। इससे पहले जस्टिस रंजन गोगोई की खंडपीठ ने




अपने पिछली सुनवाई में अखिलेश सरकार पर कोर्ट को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए ओपन फैसला सुरक्षित रख लिया था। 16 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहबाद उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जस्टिस वीरेंद्र सिंह यूपी का लोकायुक्त नियुक्त किया था। जिसके बाद सच्चिदानंद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर वीरेंद्र सिंह की नियुक्त का विरोध किया था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने वीरेंद्र सिंह के शपथ पर रोक लगा दी थी।

## महिलाओं की सुरक्षा के लिये पुडुचेरी द्वारा 'मित्रा एप्प'

**30 जनवरी**



पुडुचेरी के उप राज्यपाल ए. के. सिंह ने संघ राज्य क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'मित्रा एप्प' का शुभारंभ किया। इस एप्प का शुभारम्भ पुडुचेरी में मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी की मौजूदगी में शुरू किया गया।

मित्रा एप्प एंड्रॉयड आधारित एप्प आपातकालीन एसएमएस भेजने में सक्षम है। इस सन्देश को भेजने के लिए व्यक्ति को तीन बार पॉवर बटन दबाना होगा। वर्तमान में यह सुविधा केवल स्मार्टफोन में उपलब्ध है। यह पुडुचेरी पुलिस की एक पहल है। यह एप्प महिलाओं, बच्चों और वृद्ध के लिए अधिक उपयोगी है।

चालू वित्त वर्ष 2016-17 के लिए भारत का विकास दर पूर्वानुमान 7.5 प्रतिशत है।

## नीतीश कुमार 'सामाजिक न्याय सम्मान' के लिए चयनित

**01 फरवरी**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सामाजिक न्याय के क्षेत्र में प्रतिष्ठित 'वीरमणि सामाजिक न्याय सम्मान' से सम्मानित किया जायेगा। नीतीश को यह पुरस्कार वर्ष 2015 के लिए दिया जायेगा। समाज सुधारक पेरियार इवी रामासामी के विदेशों में रहने वाले एनआरआई अनुयायियों की ओर से यह अवार्ड देने की घोषणा की गयी। पुरस्कार के अंतर्गत नीतीश कुमार को एक लाख रूपए नकद राशि दी जाएगी।

द्रविड़ कड़गम के अध्यक्ष के डॉ. के. वीरमणि के नाम पर यह पुरस्कार पेरियार के समर्थकों की ओर से सामाजिक न्याय के क्षेत्र में काम करनेवाले राजनेता को हर वर्ष दिया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह को (1996), कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सीताराम केसरी को (1998) में व मायावती को (1998) में यह पुरस्कार मिल चुका है।

## पंडित रामनारायण को भीमसेन जोशी जीवन गौरव पुरस्कार

**04 फरवरी**



राज्य शासन की तरफ से दिया जाने वाला पंडित भीमसेन जोशी जीवन गौरव पुरस्कार इस साल जाने-माने सारंगी वादक पंडित रामनारायण को दिया जाएगा। इस बात की घोषणा सांस्कृतिक कार्यमंत्री विनोद तावड़े ने दी।

प्रत्येक वर्ष राज्य शासन की तरफ से शास्त्रीय गायन और वादन के क्षेत्र में लंबे समय तक उल्लेखनीय कार्य करने वाले कलाकारों को भारतरत्न पंडित भीमसेन जोशी के नाम पर जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। इस पुरस्कार में पांच लाख रुपए नकद, मानपत्र, सम्मानचिनह प्रदान किया जाता है। सांस्कृतिक कार्यमंत्री विनोद तावड़े की अध्यक्षता में पंडित भाई गायतोंडे, उस्ताद राजा मियां, पंडित विजय कोपरकर, पंडित केशव गिंडे, पंडित सुरेश तलवलकर, पंडित नाथराव नेरलकर, कमलाताई भोंडे, कल्याणी देशमुख की समिति ने पुरस्कार के लिए वरिष्ठ सारंगीवादक पंडित रामनारायण की अनुशंसा की।

इसके पूर्व यह पुरस्कार किशोरी आमोनकर, पंडित जसराज और प्रभा अत्रे को प्रदान किया जा चुका है। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में एकल सारंगी वादन की कला का विकास करने वाले 88 वर्षीय पंडित रामनारायण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सारंगी वादन के क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय हैं। पंडितजी ने किशोर अवस्था में संगीत की शिक्षा प्राप्त कर खुद ही अपना रास्ता बनाया। मुंबई में वर्ष 1948 से रह रहे पंडित रामनारायण देश-विदेश में कई जगहों पर संगीत कार्यक्रम दे चुके हैं।

## धीरेंद्र हीरालाल वाघेला बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

**10 फरवरी**



न्यायधीश धीरेंद्र हीरालाल वाघेला को बंबई उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वर्तमान में हीरालाल वाघेला उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद पर कार्यरत हैं। मुंबई में 16 फरवरी 2016 को वह पदभार ग्रहण करेंगे। वह मोहित एस शाह का स्थान लेंगे जो सितम्बर,2015 को पद से सेवानिवृत्ति हुए थे।

गुजरात के राजकोट में अगस्त,1954 को जन्मे न्यायमूर्ति वाघेला नवम्बर 1975 में अपने गृहनगर में कानूनी अभ्यास शुरू किया। तत्पश्चात वर्ष 1999 के सितम्बर माह में वाघेला ने गुजरात उच्च न्यायालय अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पद ग्रहण किया।

## बिहार सरकार ने पटना मेट्रो रेल परियोजना को मंजूरी दी

**10 फरवरी**

बिहार सरकार ने बिहार की महत्वाकांक्षी पटना मेट्रो रेल परियोजना को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में 16 हजार 960 करोड़ रूपये की पटना मेट्रो रेल परियोजना से संबंधित नगर विकास विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

कुल 16 हजार 960 करोड़ रूपये की पटना मेट्रो रेल परियोजना वर्ष 2021 तक पूरी कर ली जायेगी। पटना मेट्रो रेल परियोजना के लिए बिहार सरकार, केन्द्र और जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी से सहायता लेगी।

इस परियोजना के पहले चरण में 13.68 किलोमीटर ईस्ट-वेस्ट कोरिडोर पर काम होगा. इसमें दानापुर, सगुना मोड़, आरपीएस मोड़, पाटलिपुत्रा, रूकनपुरा, राजाबाजार, गोल्फ क्लब, पटना जू, विकास भवन, हाइकोर्ट, इनकम टैक्स, पटना जंक्शन, मीठापुर स्टेशन होंगे।

दूसरे चरण में 14.20 किलोमीटर नार्थ-साउथ कोरिडोर बनेगा जिसमें पटना जंक्शन, आकाशवाणी, गांधी मैदान, पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच), पटना विश्वविद्यालय, प्रेमचंद्र रंगशाला, राजेंद्रनगर, नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच), कुम्हरार, गांधी सेतु, जीरो माइल और न्यू आइबीटीएस स्टेशन होंगे।

आरबीआई के व्यावसायिक अर्थव्यवस्था श्सर्वेक्षण के अनुसार जीवीए विकास वर्ष 2015-16 में 7.4 प्रतिशत होगी।

## उत्तर-प्रदेश में नई राजस्व संहिता लागू

**11 फरवरी**

अखिलेश सरकार ने 11 फरवरी 2016 से नई राजस्व संहिता-2016 लागू कर दिया। इसके लागू होने के साथ ही 1901 का भू राजस्व अधिनियम खत्म हो गया। इस अधिनियम में राजस्व विभाग की 234 धाराओं और 16 अध्यायों में संशोधन कर राजस्व से संबंधित नियमों की कठिनाइयों को आसान किया गया।

### क्या फायदे होंगे नई राजस्वा संहिता से-

नई राजस्व संहिता का फायदा दलितों और किसानों को होगा। दलित अब किसी को भी अपनी जमीन बेच सकेंगे।

### इसके लिए तीन शर्तें सरकार की ओर से लागू की गई हैं-

पहली शर्त- जमीन बेचने वाला दूसरी जगह बस गया हो, दूसरी शर्त- वह किसी जानलेवा रोग से पीड़ित हो।

तीसरी शर्त- कोई उसका उत्तराधिकारी न हो, इसके बाद किसानों को कोर्ट के ज्यादा चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

10 फरवरी को कैबिनेट की बैठक रद्द होने के बाद बाई सर्कुलेशन में इसकी स्वीकृति दी गई। नई राजस्व संहिता के तहत अब राजस्व कोर्ट में नए दायर होने वाले केसों की सुनवाई की जाएगी। संशोधित राजस्व संहिता प्रभावी होने के बाद कोई अशक्त व्यक्ति अपनी कृषि भूमि का दूसरे के नाम पट्टा भी कर सकता है।

## उत्तर-प्रदेश बजट 2016-17 विधान सभा में पेश

**12 फरवरी**

उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 12 फरवरी 2016 को बतौर वित्त मंत्री उत्तर-प्रदेश का वर्ष 2016-17 का बजट विधान सभा में पेश किया। उत्तर-प्रदेश के बतौर वित्त मंत्री अखिलेश यादव ने पांचवां एवं अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया।

### संबंधित मुख्य तथ्यः

- उत्तर-प्रदेश बजट 2016-17 में राज्य के लिए कुल 3.46 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान।
- पिछले बजट (2015-16) से 14.6 प्रतिशत ज्यादा आवंटन।
- समाजवादी पेंशन के दायरे में वृद्धि करते हुए 55 लाख लोगों को समाजवादी पेंशन देने की घोषणा।
- आबकारी कर और वैट में 10-10 फीसदी की वृद्धि।
- राजस्व प्राप्ति 3.40 लाख करोड़ का अनुमान।
- वृद्धावस्था पेंशन 39 लाख लोगों तक पहुंचेगी।
- समाजवादी पूर्वांचल एक्प्रेस बजट प्रावधान में शामिल।
- गन्ना मूल्य भुगतान के लिए 1336 करोड़।
- राजकीय मेडिकल कॉलेजों की संख्या 16 एवं एमबीबीएस की सीट बढ़कर 1700 करने की घोषणा।
- 10 लाख से ज्यादा किसानों को डीबीटी का लाभ मिलेगा।
- सूखाग्रस्त जिलों के लिए 2057 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- 1200 कौशल विकास प्रशिक्षक केंद्र खुलने की घोषणा।
- सूखाग्रस्त जिलों में चारा-दाना कार्यक्रम।
- किसानों को 3 फीसदी पर सरकार द्वारा ऋण देने की घोषणा।
- इंदिरा आवास के लिए 3162 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- लखनऊ मेट्रो के लिए 814 करोड़ रुपए का आवंटन।
- शहरों को 22 घंटे बिजली देने की घोषणा।
- कन्नौज में विशेष आलू मंडी के लिए 102 करोड़ रुपये का आवंटन।

## मध्य प्रदेश को मिला राज्य का पहला मेगा फूड पार्क

**13 फरवरी**




मध्य प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए मैसर्स इंडस मेगा फूड पार्क प्रा. लिमिटेड द्वारा विकसित राज्य के पहले मेगा फूड पार्क का केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने खरगौन जिले की कसारबाढ़ तहसील के पनवा गांव में उद्घाटन किया। मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के देवास जिले में दूसरे मेगा फूड पार्क की स्थापना की भी मंजूरी दी है जो अगले दो-ढाई साल में तैयार हो जाएगा। इस अवसर पर बादल ने कहा कि यह मेगा फूड पार्क 127.70 करोड़ रुपए की लागत से 53.78 एकड़ क्षेत्र में स्थापित किया गया है। इससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलने, जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं की बर्बादी रोकने के साथ-साथ कृषि उत्पादों के मूल्य संबर्द्धन तथा उद्यमिता के व्यापक अवसर जुटाने तथा राज्य के युवाओं को रोजगार प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी। इस मेगा फूड पार्क से खरगौन, रतलाम, उज्जैन, धार, खण्डवा, देवास आदि जिलों के लोगों को बहुत लाभ पहुंचेगा और इस क्षेत्र के लगभग 6000 लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने के अलावा 25 से 30 हजार किसानों को भी काफी फायदा होगा।

एक अंतर-मंत्रालयी समिति ने अमरावती में एक हेरिटेज पार्क के विकास को स्वीकृति दी है।




## साई इंग वन ताइवान की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं 18 जनवरी



ताइवान में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी की आजादी समर्थक उम्मीदवार साई इंग वन ताइवान की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई। साई इंग वन ने सत्तारूढ़ क्वामिनतांग पार्टी के एरिक चू को हराया है। वह चीनी भाषी दुनिया में पहली महिला राष्ट्रपति हैं। चीन के साथ नजदीकी रिश्तों की पैरोकार सत्तारूढ़ क्वामिनतांग पार्टी को चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा है।

चीन ताइवान को अपने अलग हुए प्रांत के तौर पर देखता है और चेतावनी भी देता रहा है कि जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक उसे वापस लिया जा सकता है। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले चीन और ताइवान के नेताओं की ऐतिहासिक मुलाकात भी हुई थी।

## माइकल कीटन को मिला फ्रेंच सम्मान 19 जनवरी




ऑस्कर के लिए नामांकित फिल्म 'स्पॉटलाइट' में अपनी भूमिका के लिए पुरस्कार जीतने के बाद अभिनेता माइकल कीटन को फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान मिला है। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्री फ्लूर पोलेरीन द्वारा आयोजित किया गया था। यह पुरस्कार कीटन के करियर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के लिए दिया गया।

इससे पहले यह पुरस्कार जिम जार्मुश, रॉबर्ट पैक्सटन, रॉबर्ट रेडफोर्ड और मेरिल स्ट्रीप को दिया गया था। उनकी फिल्म 'स्पॉटलाइट' छह ऑस्कर पुरस्कारों के लिए नामित हुई थी।

## पाकिस्तान ने स्वदेशी क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया 20 जनवरी

पाकिस्तान ने स्वदेशी रूप से विकसित परमाणु क्षमता संपन्न क्रूज मिसाइल का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया।

यह मिसाइल 350 किलोमीटर तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। एयर लांच्ड क्रूज मिसाइल 'राद' का उड़ान परीक्षण सातवीं बार किया गया।

इसका पहला परीक्षण 2007 में किया गया था। इसे 'हत्फ-4' मिसाइल के नाम से भी जाना जाता है।

इस मिसाइल को इस तरह से विकसित किया गया है कि यह बड़े पारंपरिक अथवा परमाणु हथियार सैकड़ों किलोमीटर तक ले जा सकती है तथा इस निशाना भी सटीक होगा। यह आधुनिक क्रूज मिसाइल सुपरसोनिक अथवा सबसोनिक की गति से चल सकती है।

## अमीना होंगी डब्ल्यूएसएससीसी की नई अध्यक्ष 20 जनवरी




वाटर सप्लाई एंड सेनिटेशन कलैबट्रिव काउंसिल (डब्ल्यूएसएससीसी) ने घोषणा की कि, फेडरल रिपब्लिक ऑफ नाइजीरिया की पर्यावरण मंत्री अमीना जे. मोहम्मद डब्ल्यूएसएससीसी की नई अध्यक्ष होंगी।

अमीना की नियुक्ति उस परंपरा को कायम रखेगी, जिसके अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में काम करने, मौजूदा या पूर्व सरकार के अधिकारी के रूप में काम करने का अनुभव रखने वाला व्यक्ति ही डब्ल्यूएसएससीसी में नियुक्त होगा। अमीना का नया कार्यभार 02 अप्रैल, 2016 से प्रभावी होगा। वह स्टीयरिंग कमेटी की अध्यक्ष होंगी और डब्ल्यूएसएससीसी के जेनेवा आधारित सचिवालय एवं अफ्रीका व एशिया के 20 देशों में इसके काम की देखरेख और इसके 5,000 सदस्यों का मार्गदर्शन करेंगी।

श्रम मंत्रालय ने एनसीएस परियोजना के लिए निजी काम प्रदाताओं के साथ 8 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

## माल्दोवा की संसद ने पावेल फिलिप को प्रधानमंत्री नियुक्त किया
**23 जनवरी**



माल्दोवा की संसद ने पावेल फिलिप को देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। माल्दोवा में पिछले एक वर्ष में तीन प्रधानमंत्री बन चुके हैं। उनकी नियुक्ति से पहले वर्ष 2015 में चिरिल गबुरिची (जून 2015) एवं वलेरिऊ स्ट्रेलेट (अक्टूबर 2015) पद से इस्तीफा दे चुके हैं।

यह पूर्व सोवियत राज्य एवं यूरोप का निर्धन माना जाने वाला देश है जो पिछले कुछ समय से राजनैतिक अस्थिरता से गुजर रहा है। देश के केंद्रीय बैंक से एक बिलियन अमेरिकी डॉलर की गड़बड़ी के कारण अक्टूबर 2015 में सरकार को अविश्वास मत के कारण इस्तीफा देना पड़ा।

पावेल फिलिप यूरोपियन गठबंधन के सदस्य है तथा पिछली सरकार में सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री रह चुके हैं। व्लादिमीर प्लाहोटनुइक से उनके लगभगी रिश्ते होने के कारण विपक्षी पार्टियां उनकी उम्मीदवारी का विरोध कर रही थीं। प्लाहोटनुइक, मोलडोवा के सबसे धनी एवं प्रसिद्ध व्यक्ति हैं जिन्हें इस बैंकिंग गड़बड़ी का मुख्य आरोपी माना जा रहा है।

## पुर्तगाल में रेबेलो डिसूजा ने जीता राष्ट्रपति चुनाव
**25 जनवरी**



पुर्तगाल के राष्ट्रपति चुनाव में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (एसडीपी) के उम्मीदवार मार्शेलो रेबेलो डिसूजा ने जीत दर्ज की। देश के चुनाव प्रशासन से संबंधित मंत्रालय के अनुसार, रेबेलो डिसूजा को कुल पड़े मतों में से 99 प्रतिशत की गिनती के बाद 52 प्रतिशत मत मिले हैं, जो उनकी जीत के लिए काफी हैं।

रेबेलो (67) मार्च में देश के 20वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। वह निवर्तमान राष्ट्रपति अनिबल कवाको सिल्वा की जगह लेंगे, जो पांच-पांच वर्ष के अधिकतम दो कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के रूप में सेवा दे चुके हैं। रेबेलो लिस्बन विश्वविद्यालय में कानून विभाग में प्रोफेसर हैं। इस बार राष्ट्रपति पद की दौड़ में 10 उम्मीदवार आमने-सामने थे। रेबेले इससे पहले समाचार पत्र के संपादक और टीवी कमेंटेटर रह चुके हैं। रेबेलो ने 1970 के दशक में लोक सेवा क्षेत्र में प्रवेश किया। वह एसडीपी के अध्यक्ष और यूरोपीय संसद के सदस्य भी रह चुके हैं।

पुर्तगाल के संविधान में राष्ट्रपति को कोई कार्यकारी शक्तियां नहीं दी गई हैं। हालांकि, राष्ट्रपति के पास संसद भंग करने का अधिकार है।

## भारतवंशी मुस्लिम धर्मगुरु को मानद डॉक्ट्रेट की उपाधि
**26 जनवरी**

भारतीय मूल के मुस्लिम धर्मगुरु मुहम्मद शाहिद रजा को सामुदायिक हित में सराहनीय काम करने के लिए ब्रिटेन के लिसेस्टर विश्वविद्यालय ने मानद डॉक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया है। मुहम्मद शाहिद रजा लिसेस्टर सेंट्रल मस्जिद के मुख्य इमाम हैं। विश्वविद्यालय के चांसलर लार्ड ग्रोकोट ने डी मोंटफोर्ट हाल में स्नातक छात्रों और उनके परिजनों की मौजूदगी में रजा को मानद उपाधि दी।

बिहार में जन्मे रजा ने ब्रिटेन आने से पहले मुरादाबाद, आगरा और मेरठ में पढ़ाई की थी। वह 1978 में लिसेस्टर में इस्लामिक सेंटर के मुख्य इमाम बने थे। रजा ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों स्तरों पर मुस्लिम समूहों और अंतरधार्मिक संबंधों के काम में लगाया है। रजा ने अपने केंद्र में अंतरधार्मिक संवाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न धर्मो के प्रतिनिधियों के स्वागत की परंपरा डाली है। उन्होंने लिसेस्टर में मस्जिदों के संघ की भी स्थापना की है। वह ब्रिटेन की शरीयत (मुस्लिम कानून) परिषद के कार्यकारी सचिव हैं। रजा को लिसेस्टर में मुस्लिम समुदाय के लिए दी गई सेवाओं के लिए 2008 में आर्डर आफ ब्रिटिश अम्पायर सम्मान से सम्मानित किया गया था।

## ईरान, इटली के बीच अरबों डॉलर का समझौता
**27 जनवरी**



अमेरिका द्वारा ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने के बाद अपने पहले विदेश दौरे पर ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी इटली पहुंचे। ईरानी राष्ट्रपति के इस दो दिवसीय दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच अरबों डॉलर के व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

ईरान की सरकार ने अमेरिका व अन्य महाशक्तियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया, जिसके नतीजे में 16 जनवरी को ईरान पर से प्रतिबंध हटा लिए गए। यह उस वृहद समझौते का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत ईरान अपनी परमाणु गतिविधियों पर लगाम लगाने को तैयार हुआ है। इटली के विश्लेषक उम्मीद कर रहे हैं कि इटली दौरे के दौरान रूहानी नए व्यापार समझौते के अंतर्गत 18 अरब डॉलर के समझौते को अंतिम रूप देंगे। रूहानी के दौरे के पहले दिन चार व्यावसायिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें इटली की स्टील कंपनी डानीली और ईरानी कंपनियों के बीच चार अरब डॉलर का समझौता सम्मिलित है। वहीं इटली की एक अवसंरचना विकसित करनेवाली कंपनी कोनडोट्टे के साथ ईरान ने चार अरब डॉलर का समझौता किया।

12 वें दक्षिण एशियाई खेलों में भारतीय साइकिल चालक टी विजयलक्ष्मी ने 30 किमी इवेंट में स्वर्ण पदक जीता।

## टॉप-10 अमीरों की लिस्ट जारी, बिल गेट्स फिर पहले पायदान पर

27 जनवरी



आईटी की दुनिया के बादशाह और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स 87.4 अरब डॉलर यानी लगभग 5.9 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ फिर से एक बार दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। अमीर लोगों की संपत्ति के बारे में बताते हुए वेल्थ-एक्स कंपनी ने एक बार फिर लिस्ट जारी की है जिसमें कई हस्तियों के नाम सम्मिलित हैं।

लिस्ट में इंडीटेक्स फैशन ग्रुप के अमाचिओ ओर्टेगा के प्रमुख 4.5 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, ब्रेकशिरे हथवे के वॉरेन बफेट 4.1 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं। आपको बता दें कि टॉप 10 अमीरों की इस लिस्ट में फेसबुक के मालिक मार्क जकरबर्ग भी हैं।

शीर्ष १० अमीरों की सूची निम्न हैः-

1. बिल गेट्स - 87.4 बिलियन डॉलर
2. अमांशियो ऑर्टेगा - 66.8 बिलियन डॉलर
3. वारेन बफेट- 60.7 बिलियन डॉलर
4. जेफ बेजॉस- 56.6 बिलियन डॉलर
5. डेविड कोच - 47. 4 बिलियन डॉलर
6. चार्ल्स कोच - 48. 8 बिलियन डॉलर
7. लारी एल्लिसन - 45.3 बिलियन डॉलर
8. मार्क जुकेरबर्ग - 42.8 बिलियन डॉलर
9. माइकेल ब्लूबर्ग - 42.1 बिलियन डॉलर
10. इंगवार कंप्राड - 39.3 बिलियन डॉलर

## क्यूबा, उत्तर कोरिया ने दो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए

27 जनवरी



क्यूबा व उत्तरी कोरिया ने वैज्ञानिक व प्रौद्योगिकी विकास पर दो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। इन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर क्यूबा के विदेशी व्यापार व विदेशी निवेश मंत्री रोड्रिगो मालमिएर्का तथा क्यूबा में उत्तर कोरिया के राजदूत पाक चांग युल ने किए।

व्यापार प्रोटोकॉल क्यूबा के रेलवे संघ व शर्करा उद्योग के पक्ष में वस्तु विनिमय समझौता के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच सामानों के आदान प्रदान को प्रोत्साहित करता है। मालमिएर्का व पार्क दोनों ने ही हवाना व प्योंगयांग के बीच आर्थिक व विज्ञान संपर्क विकसित करने के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति पर सहमति जताई।

क्यूबा व उत्तर कोरिया के बीच 28 अगस्त, 1960 को कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए थे और तब से अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक मंचों पर दोनों एक दूसरे का समर्थन करते हुए व्यापार तथा वाणिज्यिक संबंधों को बरकरार रखा है।

वर्तमान में कैरीबियाई द्वीप तथा एशियाई देश के बीच शिक्षा, तेल, कृषि व व्यापार क्षेत्र में समझौते हैं।

## प्रिंस मेहिडल अवॉर्ड्स 2015 बैंकाक में प्रदान किये गये

30 जनवरी

यूएस के मॉर्टन मावर और यूके के सर माइकल मार्मोट को थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में वर्ष 2015 के मेहिडल अवार्ड्स से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार उन्हें थाईलैंड के राजकुमार भूमिबोल अदुल्यादेज की ओर से राजकुमारी महा चक्री सिरिनधोर्न ने प्रदान किया।

भूमिबोल स्वास्थ्य सही ना होने के कारण इस समारोह में भाग नहीं ले सके।

उन्हें यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के कारण दिया गया।

यूएस के मॉर्टन मावर को मेडिसिन श्रेणी में 'द ऑटोमेटिक इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डेफीब्रिलटर' नामक यंत्र की खोज के लिए दिया गया है।

यह यंत्र हृदय की गति की निगरानी करने में सक्षम है और इस दौरान किसी भी तरह की विषमता के उत्पन्न होने पर विद्युत् धारा के प्रवाह को जारी करता है।

यूके के सर माइकल मार्मोट को 'स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारक' अवधारणा को देने के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य की श्रेणी में यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

आईपीएल नीलामी 2016 में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शेन वॉटसन ने 9.5 करोड़ रुपये की उच्चतम बोली प्राप्त किया।

## 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' ने जीता ऑस्ट्रेलियाई अकादमी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

**30 जनवरी**



जॉर्ज मिलर द्वारा निर्देशित फिल्म 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' और टोड हेन्स द्वारा निर्देशित फिल्म 'कैरोल' ने 'आस्ट्रेलियन अकेडमी ऑफ सिनेमा एंड टेलीविजन आर्ट्स' अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार (एएसीटीए) में दो-दो पुरस्कार जीते।

वेबसाइट 'वेराइटी डॉट कॉम' की रिपोर्ट के अनुसार, एवलॉन हॉलीवुड में आयोजित पांचवे ऑस्ट्रेलियाई अकादमी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में 'मैड मैक्स रू फ्यूरी रोड' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सवश्रेष्ठ निर्देशन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**आक्टा अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार 2016 के विजेताओं की पूरी सूची निम्न प्रकार हैः**

सर्वश्रेष्ठ फिल्मः मैड मैक्सः फ्यूरी रोड

सर्वश्रेष्ठ निर्देशनः मैड मैक्सः फ्यूरी रोड - जॉर्ज मिलर

सर्वश्रेष्ठ पटकथाः स्पॉटलाइट- टॉम मैकार्थी एवं जोश सिंगर

सर्वश्रेष्ठ लीड अभिनेताः लियोनार्डो डिकैप्रियो - द रेवेनैंट

सर्वश्रेष्ठ लीड अभिनेत्रीः केट ब्लैंचेट- कैरॉल

सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेताः मार्क राइलैंस- ब्रिज ऑफ स्पाईज

सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्रीः रूनी मारा - कैरॉल

## यू विन मइंत म्यांमार के नए स्पीकर

**01 फरवरी**



यूनियन सॉलिडेरिटी एंड डेवलेपमेंट पार्टी (यूएसडीपी) के यू ती खुन मयात को सदन का उपसभापति चुना गया है। प्रथम सत्र में हुए इस चुनाव के साथ ही संसद के पांच वर्ष का कार्यकाल शुरू हो गया। यू विन पिछली संसद में एनएलडी की तरफ से पथेन निर्वाचन क्षेत्र से सांसद थे।

वह **2015** में हुए आम चुनाव में तामवे निर्वाचन क्षेत्र से निचले सदन के लिए ही दोबारा निर्वाचित हुए हैं। यू ती थुन ने कुतकई निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीता है। सदन के सभापति के रूप में शपथ लेने पर यू विन ने कहा कि यह दिन म्यांमार के राजनीतिक इतिहास में लोकतांत्रिक बदलाव के लिहाज से एक सम्मानीय दिन है।

उन्होंने देश के लोगों के लिए आधारभूत मानवाधिकारों की रक्षा की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रणाली की रक्षा में सहयोग करने, लोगों के अधिकारों की रक्षा और एक सही लोकतांत्रिक संघीय ढांचे के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए सभी साझेदारों से सहयोग करने का आग्रह किया।

## ताइवान में नई संसद ने काम शुरू किया

**01 फरवरी**

ताइवान के संसदीय इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा। संसद में राष्ट्रवादी कुओमिंतांग पार्टी (केएमटी) का **60** वर्ष से चला आ रहा वर्चस्व खत्म हो गया और उसकी जगह आजादी समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) ने ले ली। डीपीपी को **16** जनवरी को हुए आम चुनाव में पूर्ण बहुमत मिला है।

उन्होंने केएमटी के वांग जिन-पाइंग को हटाकर डीपीपी के सु जिया-चियुआन को सदन का नया अध्यक्ष चुना। सु जिया-चियुआन लैजिसलैटिव युआन के अध्यक्ष पद पर **17** वर्षों से विराजमान थे। ताइवान की नई राष्ट्रपति साई इंग-वेन होंगी। उनके नेतृत्व में डीपीपी को अब अपने वादे के अनुरूप विधायी, न्यायिक, आर्थिक और सामाजिक सुधार करने हैं।

**113** सदस्यीय विधायिका में केएमटी के सदस्यों की संख्या **64** से घटकर **35** रह गई है। डीपीपी ने चुनाव में **68** सीटें जीती हैं। सदन में महिला सांसदों की संख्या **43** है। **113** सांसदों में से **27** पीएचडी डिग्री धारी हैं और **58** के पास मास्टर्स डिग्री है। सांसदों की औसत आयु **50** वर्ष है।

ब्रह्मपुत्र क्रेकर और पॉलीमर लिमिटेड प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

## डब्ल्यूएचओ ने जिका वायरस पर वैश्विक आपातकाल की घोषणा की **02 फरवरी**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मच्छर जनित वायरस 'जिका' के प्रसार को लेकर अंतर्राष्ट्रीय आपात स्थिति घोषित कर दी। इस वायरस से जन्म संबंधी विकृति उत्पनन होती है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने जिनेवा में स्वतंत्र विशेषज्ञों की आपात बैठक बुलाकर पिछले वर्ष ब्राजील में जिका के आने और असामान्य तौर पर छोटे सिर के साथ जन्मे बच्चों की संख्या में वृद्धि के बीच तार जुड़े होने के संदेह के बाद इसके प्रसार का आंकलन किया गया।

डब्ल्यूएचओ महानिदेशक मारग्रेट चान ने कहा, 'साक्ष्यों की समीक्षा के बाद समिति ने राय दी है कि माइक्रोसेफेली के समूह और अन्य तंत्रिका संबंधी जटिलताएं एक आपात स्थिति पैदा करती हैं और दुनिया के अन्य हिस्सों के लिए लोगों की सेहत को खतरा पैदा होता है।' संगठन का आंकलन है कि अगले वर्ष अमेरिकियों में जिका के 40 लाख मामले हो सकते हैं लेकिन यात्रा या व्यापार पर किसी तरह की पाबंदी की सिफारिश नहीं की गई है। चान ने कहा, 'यह समझना महत्वपूर्ण है कि गर्भवती महिलाएं कई कदम उठा सकती हैं।'

## बांग्लादेश मंत्रिमंडल ने दोहरी नागरिकता अधिनियम 2016 के मसौदे को मंजूरी प्रदान की **02 फरवरी**



बांग्लादेश मंत्रिमंडल ने को प्रस्तावित दोहरी नागरिकता कानून, 2016 को मंजूरी दी। इसे दो अधिनियमों को मिलाकर तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत प्रवासी बंगलादेशी नागरिकों के लिए दोहरी नागरिकता का प्रावधान है। इस नये अधिनियम को मौजूदा नागरिकता अधिनियम 1951 में संशोधन के उपरांत तैयार किया गया है। इसमें बांग्लादेशी नागरिकों के लिए अस्थाई नागरिकता, 1972 अधिनियम में संशोधन करके उन्हें भविष्य में दोहरी नागरिकता देने का जिक्र किया गया है। इससे पूर्व, बांग्लादेशियों के पास इंग्लैंड एवं अमेरिका की नागरिकता का ही विकल्प मौजूद था।

### नागरिकता अधिनियम

- बंगलादेशी नागरिक जो विश्व के किसी भी देश में रहते हैं एवं उस देश का बांग्लादेश के साथ राजनीतिक संबंध है वह इस नागरिकता का पात्र है।
- इसके अंतर्गत उन देशों की नागरिकता नहीं दी जा सकती जिनके साथ बांग्लादेश सरकार ने राजनैतिक संबंधों को प्रतिबंधित किया है।
- सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, संसद सदस्यों, सशस्त्र बलों के सदस्यों, सार्वजनिक सेवाओं और संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति को दोहरी नागरिकता के अधिकार की अनुमति नहीं दी गई।
- वह विदेशी नागरिक जिसने बांग्लादेश के नागरिक से विवाह किया हो एवं पांच वर्ष से बांग्लादेश का निवासी हो, वह दोहरी नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है।
- बांग्लादेश सरकार किसी देश के किसी नागरिक को दोहरी नागरिकता का अधिकार देने की शक्ति रखती है।

## जॉन निकोल्सन अफगानिस्तान में नाटो कमांडर नियुक्त **05 फरवरी**



आर्मी लेफ्टिनेंट जनरल जॉन निकोल्सन को अफगानिस्तान में नाटो कमांडर नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर यूएस सीनेट कमिटी ने मंजूरी प्रदान की। उन्होंने यूएस जनरल जॉन कैम्पबेल का स्थान लिया जो अफगानिस्तान में पिछले 18 महीनों से अपनी सेवाएं दे रहे थे। सीनेट आर्म्ड सर्विसेज कमिटी ने निकोल्सन के नाम को अफगानिस्तान से संबंधित एक बैठक में मंजूरी प्रदान की जिसमें यूएस जनरल जॉन कैम्पबेल की समयावधि समाप्त होने की घोषणा भी की गयी। फिलहाल, निकोलस नाटो की सेनाओं के यूएस आर्मी कमांडर हैं।

इससे पहले वे विभिन्न चुनौतीपूर्ण स्थानों पर कार्यरत रह चुके हैं इनमें वे-अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा सहायता बल (आईएसएएफ) और अमेरिकी बल अफगानिस्तान, पाकिस्तान/अफगानिस्तान संयुक्त स्टाफ के समन्वय प्रकोष्ठ के निदेशक एवं क्षेत्रीय कमांड आईएसएएफ के डिप्टी कमांडर आदि पदों पर रह चुके हैं।

## मॉर्गन फ्रीमैन को चैप्लिन पुरस्कार **06 फरवरी**



मॉर्गन फ्रीमैन को 43वें वार्षिक चैप्लिन पुरस्कार का प्राप्तकर्ता नामित किया गया है। यह सम्मान लिंकन सेंटर फिल्म सोसायटी द्वारा दिया जाता है, जो कि न्यूयॉर्क फिल्म फेस्टिवल प्रस्तुत करने वाला संगठन है।

चौपलिन पुरस्कार प्रसिद्धि और कलात्मक उपलब्धि के उच्चतम स्तर पर पहुंचने वाले अभिनेताओं और फिल्म निर्माताओं को प्रदान किया जाता है। फ्रीमैन को उनके कैरियर के दौरान "लीन ऑन मी", "ड्राइविंग मिस डेजी," "द शवशांक रिडेम्पशन" "सेवेन" और 2004 की फिल्म "मिलियन डॉलर बेबी," जिसके लिये उन्हें अकादमी पुरस्कार मिला था, जैसी उपलब्धियों के लिये ट्रॉफी प्रदान की जायेगी। वह सीबीएस श्रृंखला "मैडम सेक्रेटरी" के कार्यकारी निर्माता हैं, और "थ्रो द वार्महोल विद मॉर्गन फ्रीमैन" आयोजक एवं संचालक हैं।

फ्रीमैन को अभिनय पुरस्कार-गोल्डन ग्लोब्स से एवं सेसिल बी डेमिले अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है तथा उन्हें कैनेडी सेंटर फॉर ऑनर भी प्राप्त हो चुका है।

दक्षिण एशियाई खेलों 2016 गुवाहाटी और शिलांग में आयोजित की गई।

## गायक-गीतकार डेन हिक्स का निधन

**08 फरवरी**



गायक-गीतकार डेन हिक्स का कैलिफोर्निया की मील घाटी में दो वर्ष तक गले और लीवर के कैंसर से जूझने के बाद निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। हिक्स एकॉस्टिक बैंड डेन हिक्स और हिज हॉट लिक्स के लिए जाने जाते रहे हैं।

वह अपने समय में भले ही अधिक सफलता हासिल नहीं कर पाए, लेकिन उनके साथी संगीतकार उनका बहुत सम्मान करते थे। 'वेयर द मनी', 'स्ट्राइकिंग इट रिच' और 'लास्ट ट्रेन टू हिक्सविले' सहित वह कई सफल एल्बम्स के लिए संगीत रिकॉर्ड कर चुके हैं।

लिटिल रॉक, आर्क में 9 दिसंबर, 1949 को जन्मे, हिक्स एक सैन्य परिवार से संबंधित थे। पांच वर्ष की उम्र में हिक्स अपने परिवार के साथ कैलिफोर्निया शहर के उत्तर में सांता रोजा चले गये। उन्होंने गाना गाना और गिटार बजाना सीखने से पहले एक ड्रमर के रूप में अपनी संगीत अभिव्यक्ति की शुरूआत की थी। उन्हें "आई स्केयर माईसेल्फ", "कैन्ड म्यूजिक" और "हाउ कैन आई मिस यू', व्हेन यू वॉन्ट गो अवे?" जैसे गीतों के लिये सदैव याद किया जाता रहेगा।

## नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री सुशील कोईराला का निधन

**09 फरवरी**

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री सुशील कोईराला का निधन हो गया। सुशील कोईराला का जन्म 12 अगस्त 1939 को नेपाल के मोरांग जिले में हुआ था।

कोईराला 11 फरवरी 2014 से 10 अक्टूबर 2015 तक नेपाल के प्रधानमंत्री रहे। इसके



अलावा कोईराला साल 2010 से नेपाल कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष भी थे।

वी. पी. कोईराला की प्रजातान्त्रिक समाजवादी धारा से प्रेरित होकर सन् 1950 में कोईराला राजनीति में आए और सन 1955 में वे नेपाली कांग्रेस से जुड़े। इसके बाद सन 1961 में राजा महेन्द्र द्वारा प्रजातन्त्र का हरण होने के बाद कोईराला 16 वर्ष तक भारत में रहे और यहां रहकर उन्होंने नेपाली काँग्रेस के मुखपत्र तरुण का संपादन किया।

## अमेरिका में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले सीईओ बने पिचाई

**09 फरवरी**



गूगल के प्रमुख सुंदर पिचाई अमेरिका में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले सीईओ में से एक बन गए हैं। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट की ओर से करीब 19.9 करोड़ डॉलर के शेयर दिए जाने के बाद पिचाई ने यह उपलब्धि हासिल की।

अल्फाबेट की ओर से पिचाई को सी क्लास के 273,328 शेयर्स दिए गए हैं। अल्फाबेट ने स्टॉक एक्सचेंज में तीन फरवरी को की गई फाइलिंग में बताया कि पिचाई अगर 2019 तक कंपनी के सीईओ बने रहते हैं, तो उन्हें यह शेयर तिमाही के आधार पर दिए जाएंगे।

पिछले वर्ष नई कंपनी अल्फाबेट बनाकर गूगल को उसके अधीन लाने के बाद पिचाई को गूगल का सीईओ बनाया गया था। इससे पहले पिचाई गूगल के फाउंडर लैरी पेज के डिप्टी थे। गूगल के प्रमुख का पद संभालने के बाद पिचाई को दिया गया यह पहला अवॉर्ड है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह गूगल की ओर से अपने किसी भी एग्जिक्यूटिव को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा अवॉर्ड है। अल्फाबेट ने इसके अलावा गूगल का क्लाउड बिजनेस संभाल रहे डेन ग्रीन को भी 4.28 करोड़ डॉलर के रिस्ट्रिक्टेड शेयर अवॉर्ड किए हैं।

## इस वर्ष अंटार्कटिक व गहरे समुद्र का अन्वेषण करेगा चीन

**09 फरवरी**



चीन के वैज्ञानिकों की टीम इस वर्ष नए उपकरणों के साथ अंटार्कटिक और गहरे समुद्र का अन्वेषण करेगा। 'स्टेट ओशियन एडमिनिस्ट्रेशन' (एओए) ने यह जानकारी दी।

अंटार्कटिक के अन्वेषण के लिए एसओए एक 'एयर सर्विस' टीम का गठन करेगा, जो भूमि, वायु और समुद्र की पूर्ण रूप से जांच में सहायता करेगा।

एसओए ने कहा कि ध्रुवीय वातावरण के साथ-साथ निगरानी और आवेदन सेवा प्रणालियों के लिए प्रौद्योगिकी और उपकरणों को विकसित किया जाएगा। इसके साथ एसओए एक 'पायलट डीप-सी माइनिंग' परियोजना भी चलाएगा।

साथ ही एसओए 2016 में सातवां आर्कटिक अनुसंधान अभियान भी चलाएगा और पहली बार रूस के साथ संयुक्त रूप से एक आर्कटिक महासागर अभियान का प्रबंध करने की भी कोशिश करेगा।

रणनीतिक योजना और अर्थव्यवस्था विभाग के प्रमुख झांद झानहाई ने कहा कि प्रशासन कई राज्य समुद्रीय प्रयोगशालाओं का निर्माण करेगा।

जॉन निकोल्सन अफगानिस्तान में नाटो के नए कमांडर है।

## इजराइल की तमर हाह्व संयुक्त राष्ट्र सूचना केंद्र की निदेशक नियुक्त

12 फरवरी



तमर हाह ने ब्यूनस आयर्स स्थित संयुक्त राष्ट्र सूचना केंद्र (यूएनआईसी) के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। उन्हें संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून द्वारा नियुक्त किया गया। इससे पहले हाह लैटिन अमेरिका एवं पनामा में वर्ष **2013** से संसाधन जुटाने के लिए एवं क्षेत्रीय कार्यालय में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या फण्ड तैयार करने हेतु सलाहकार पद पर कार्यरत थीं।

### संयुक्त राष्ट्र सूचना केंद्र (यूएनआईसी)

- इसमें संयुक्त राष्ट्र के **63** कार्यालय कार्यरत हैं जो उन स्थानों की क्षेत्रीय भाषा में सूचनाएं उपलब्ध कराते हैं।
- यह केंद्र मीडिया, शिक्षा संस्थानों, सरकार के साथ सहयोग, स्थानीय सिविल सोसाइटी एवं निजी क्षेत्र के बीच तालमेल के साथ काम करते हैं।
- यह केंद्र संयुक्त राष्ट्र के उन देशों में प्रमुख सूचना केंद्र हैं।
- इसका उद्देश्य विकाशील देशों में लोगों को संगठन के कार्यों से अवगत कराना तथा उनके बीच संयुक्त राष्ट्र के प्रति जागरुकता फैलाना है।

## यूएई ने प्रसन्नता, सहिष्णुता एवं युवा मामले के लिए महिला मंत्रियों की नियुक्ति की

13 फरवरी



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने नवनिर्मित मंत्रालयों प्रसन्नता, सहिष्णुता एवं युवा मामले के लिए महिला मंत्रियों को नियुक्त किया है। प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मख्तूम ने **29** मंत्रियों में से आठ महिला मंत्रियों की नियुक्ति की घोषणा की। ओहौद अल-रोउमी को प्रसन्नता मंत्री नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त वे मंत्रि परिषद के निदेशक का पद भी संभालेंगी। सहिष्णुता मंत्री का पद यूएई में सहिष्णुता एवं लोगों के बीच सौहार्द की भावना लाने के लिए बनाया गया।

### अन्य महिला अधिकारियों की नियुक्ति

- शम्मा अल-मजरौई - युवा मामलों की मंत्री
- लुबना अल-कासिमी - सहिष्णुता मंत्री
- नौरा अल-काबी - संघीय राष्ट्रीय परिषद या संसद राज्य मंत्री
- जमीला अल-मुहैरी - राज्य शिक्षा मंत्री
- निजला अल-अवार - सामुदायिक विकास मंत्री
- रीम अल-हाशिमी - अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री
- मैथा अल-शम्सी - राज्य मंत्री

## कनाडा, जापान के बीच संबंध प्रगाढ़ करने पर सहमति

13 फरवरी



कनाडा के विदेश मंत्री स्टीफन डियोन और जापान के विदेश मंत्री फूमियो किशिदा दोनों देशों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सहमति बनी है।

किशिदा कनाडा के आधिकारिक दौरे पर ओटावा पहुंचे। जापान के किसी विदेश मंत्री ने **1996** के बाद पहली बार कनाडा का दौरा किया है। उनकी इस बैठक को आगामी जी7 सम्मेलन की तैयारियों के रूप में देखा जा सकता है। यह सम्मेलन मई में जापान में आयोजित होगा।

दोनों नेताओं के बीच संयुक्त राष्ट्र, जी7 सम्मेलन, जी20 सम्मेलन, एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग परिषद सहित बहुपक्षीय और क्षेत्रीय मंचों में सहयोग पर चर्चा की।

www.bankersguru.org
www.railwayguru.org
www.sscguru.org

## अरुणा सेठी भारतीय लागत लेखा सेवा की प्रमुख नियुक्त

**04 फरवरी**

मुख्य सलाहकार (लागत) अरुणा सेठी (आईसीओएएस 1985) ने भारतीय लागत लेखा सेवा (आईसीओएएस) के प्रमुख के तौर पर प्रभार संभाला है। सेठी पहली महिला आईसीओएएस अधिकारी हैं, जिन्होंने यह प्रतिष्ठा हासिल की है।

वह इससे पहले भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में अनेक महत्वपूर्ण पद संभाल चुकी हैं। इनमें उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, कंपनी मामलों के मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय इत्यादि शामिल हैं।

आईसीओएएस भारत सरकार की छह संगठित लेखा सेवाओं में से एक है।

आईसीओएएस अन्य लेखा सेवाओं की तुलना में थोड़ी नई है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1978 में हुई थी।

आईसीओएएस में 178 अधिकारियों को नियुक्त करने की मंजूरी मिली हुई है। हालांकि, वर्तमान में इसमें 116 अधिकारी ही हैं।

इस कार्यालय को लागत लेखा से जुड़े मुद्दों पर मंत्रालयों एवं सरकारी उपक्रमों को सलाह देने की जिम्मेदारी दी गई है और यह कार्यालय उनकी ओर से लागत संबंधी जांच कार्य भी पूरे करता है।

## पीएनबी को जन धन योजना के लिए सर्वोत्तम बैंक पुरस्कार

**04 फरवरी**

Punjab National Bank

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने प्रधानमंत्री जन धन योजना के लिए सर्वोत्तम बैंक पुरस्कार जीता है। इसके लिए पुरस्कार समारोह सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के चैंबर सीआइएमएसएमई ने आयोजित किया था।

बैंक के कार्यकारी निदेशक डॉ. राम एस. संगापुरे ने केंद्रीय ऊर्जा, कोयला और अक्षय ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल और सीआइएमएसएमई के अध्यक्ष मुकेश मोहन गुप्ता से पुरस्कार प्राप्त किया। पीएनबी को बड़े बैंकों में सीएसआर और कारोबार दायित्व के लिए सर्वश्रेष्ठ बैंक तथा सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई बैंक के लिए रनरअप भी घोषित किया गया।

## पसिफिक-रिम देशों ने ट्रांस पसिफिक पार्टनरशिप समझौते पर हस्ताक्षर किये

**04 फरवरी**



सभी 12 पसिफिक-रिम देशों ने अमेरिका की अगुवाई में न्यूजीलैण्ड में ट्रांस पसिफिक पार्टनरशिप (टीपीपी) समझौता किया। यह विश्व के सबसे बड़े व्यापारिक समझौतों में से एक है। इस पर न्यूजीलैण्ड के प्रधानमंत्री जॉन की एवं अमेरिकी व्यापारिक प्रतिनिधि माइक फ्रोमन द्वारा हस्ताक्षर किये गये।

इसमें सभी 12 देशों को इस क्षेत्र में निवेश करने के विशेषाधिकार दिए जायेंगे जो कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का 40 प्रतिशत है। समझौते पर ऑस्ट्रेलिया, ब्रूनेई, कनाडा, चिली, जापान, मलेशिया, मेक्सिको, न्यूजीलैंड, पेरू, सिंगापुर, संयुक्त राज्य अमेरिका और वियतनाम द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

टीपीपी पर इससे पहले अक्टूबर 2015 में पांच वर्ष तक बातचीत होने पर सहमति व्यक्त की गयी थी। हस्ताक्षर के पश्चात् सभी सदस्य दो वर्ष के भीतर अंतिम मंजूरी प्राप्त करेंगे।

यह समझौता अमेरिका में कांग्रेस में लंबित होने के बावजूद पारित हो गया। अमेरिका की अगुवाई में हुए इस समझौते को राष्ट्रपति बराक ओबामा की ओर से एक बड़ा कदम भी बताया गया है जिसका प्रभाव नवम्बर 2016 में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में देखने को मिल सकता है।

## वित्त मंत्रालय के लिये समर्पित यू-ट्यूब चैनल

**05 फरवरी**



वित्त मंत्री अरुण जेटली ने वित्त मंत्रालय का एक यू-ट्यूब चैनल लॉन्च किया है। जेटली ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में लगातार चर्चा हो रही है। ऐसे में एक मंच की आवश्यकता है, जहां पूरी सामग्री को उपलब्ध कराया जा सके। इस चैनल को इसी उद्देश्य से लॉन्च किया गया है।

जेटली ने कहा कि हालांकि अधिकांश पब्लिक डोमेन में हैं, इसके बावजूद बाहरी दुनिया के लिए इस डिबेट को जानने के लिए एक प्लेटफॉर्म की जरूरत महसूस की जा रही थी। यह चैनल उन लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा, जो इन मुद्दों को समझना चाहते हैं। यूट्यूब चैनल पर प्रमुख सरकारी स्कीमों, समारोहों, बैठकों, प्रेस कॉन्फ्रेंस आदि के वीडियो होंगे।

## राजधानी में 'भारत निवेश सम्मेलन, 2016' का उद्घाटन

**05 फरवरी**



बंदर सेरी बेगावान, ब्रूनेई की राजधानी है।

अर्थव्यवस्था

न्यूज़ डायरी

वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 'भारत निवेश सम्मेलन, **2016**' का उद्घाटन किया। वित्त मंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना निधि(एनआईआईएफ) के लोगो का भी उद्घाटन किया। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ने पिछले **19** महीने में सरकार ने निवेश के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि निर्णय प्रक्रिया तेज हो, नीतिगत बदलाव हो और ढांचागत सुधार समेत और स्थिति बेहतर हो। उन सुधारों की गति निरंतर बनी हुई है और दिशा सुनिश्चित है। इस तरह पिछले **19** महीनों में हमने भारत में निवेश का दरवाजा खोला है। हम कारोबार की सुगमता बढ़ाने के लिए सक्रियता से प्रयास कर रहे हैं। जेटली ने यह भी उम्मीद जताई कि संसद के बजट सत्र में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) विधेयक और दिवाला व शोधन अक्षमता विधेयक पारित हो जाएगा। उन्होंने कहा-हमने दिवाला एवं शोधन अक्षमता कानून का प्रभावी मसविदा तैयार करने में पूरा वक्त लगाया है। जिसे पिछले सत्र में संसद में पेश किया गया था।

## बीसीपीएल और नुमालीगढ़ रिफाइनरीज लिमिटेड का वैक्स प्लांट को राष्ट्र को समर्पित

**05 फरवरी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिब्रूगढ़ के समीप लेपेटकाटा में एक पेट्रो रसायन परिसर, ब्रह्मपुत्र क्रेकर एंड पॉलिमर लिमिटेड को राष्ट्र को समर्पित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने नुमालीगढ़ रिफाइनरीज लिमिटेड के वैक्स प्लांट (मोम संयंत्र) को भी राष्ट्र के नाम किया।

ये दो परियोजनायें दो कारणों से महत्वपूर्ण हैं - (अ) प्राकृतिक कच्चे माल के लिए इनसे वैल्यू एडीशन (मूल्य संवर्धन) प्राप्त होगा; (ब) असम के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इन परियोजनायें रोजगार सृजन सुनिश्चित करेंगी और इनसे बड़े पैमाने पर लागत की बचत होगी।

भारत के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की खातिर देश का तेजी से औद्योगिक विकास आवश्यक है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने अपनी 'प्रगति' पहल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह पहल करोड़ों रुपये की ठप परियोजनाओं को प्रोत्साहन दे रही है।

## आरबीआई सर्वे में वित्त वर्ष 17 के लिये 7.8 प्रतिशत जीवीए का अनुमान

**06 फरवरी**




आधार मूल्य पर सकल मूल्य योजन (जीवीए) का उपयोग करते हुए मापी जाने वाली आउटपुट ग्रोथ में **2015-16** और **2016-17** के दौरान मामूली सुधार ही देखने को मिल सकता है। हालांकि **2016-17** की दूसरी तिमाही की वृद्धि में तेजी आ सकती है। सर्वे के अनुसार **2015-16** में जीवीए के आधार पर सकल घरेलू विकास दर **7.4** प्रतिशत रह सकती है। ये अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक के सर्वे में दिए गये हैं।

आरबीआई ने कहा है कि सीपीआई महंगाई **2016-17** की तीसरी तिमाही तक **6** फीसदी से नीचे रह सकती है। हालांकि, मध्यम अवधि का विकास और महंगाई संबंधी अनुमान पिछले राउंड के सर्वे के अनुमानों के बराबर रहने की ही आशा है। केंद्रीय बैंक ने यह भी कहा है कि निकट भविष्य में अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपया स्थिर रह सकता है। रिजर्व बैंक **2007** के सितंबर से ही 'सर्वे ऑफ प्रोफेशनल फॉरकास्टर्स' का संचालन करता आ रहा है। इस सर्वे के नतीजे वास्तव में रेस्पॉन्डेंट फॉरकास्टर्स के होते हैं, न कि आरबीआई के। **2016** के जनवरी में संचालित हालिया सर्वे में **24** पेशेवरों ने हिस्सा लिया। विकास का यह अनुमान आने वाली पांच तिमाही के लिए विकास अनुमानों से निकाले गए हैं।

## प्रधानमंत्री ने पारादीप रिफाइनरी राष्ट्र को समर्पित की

**08 फरवरी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा में अत्याधुनिक पारादीप रिफाइनरी राष्ट्र को समर्पित की। इस अवसर पर एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास से संबंधित एक आधिकारिक कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी की वह सराहना करते हैं। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक को स्मरण करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि पारादीप अब ''विकास द्वीप'' बन जाएगा- ओडिशा के लोगों के लिए विकास का एक द्वीप। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को रोजगार के अवसरों का लाभ मिलेगा और ईंधन के लिए लकड़ी जलाने पर निर्भर देशभर की गरीब महिलाओं को एलपीजी की उपलब्धता हासिल हो सकेगी।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मुद्रा और स्टार्ट अप इंडिया जैसी सरकार की पहलों का भारत के युवा लाभ उठा रहे हैं। उद्घाटन स्थल पर पहुँचने से पूर्व, प्रधानमंत्री ने स्वदेशी तकनीक से बनी इंडमैक्स इकाई और मुख्य नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। उन्होंने कहा कि संयंत्र में इंडमैक्स उत्पादन क्षमता मेक इन इंडिया पहल का एक उदाहरण है।

एक अनूठी मैजिक प्रोसेस लैब का राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला, पुणे में उद्घाटन किया गया।

## आरबीआई ने चार एनबीएफसी कंपनियों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया

**08 फरवरी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने चार गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है। आरबीआई ने कोलकाता की गोयल कॉमर्शियल प्रा. लि. और फर्स्ट डेब्ट मैनेजमेंट लि., मुंबई की नास्टैल्जिया फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड और नारद रीयल्टर्स प्रा. लि. का रजिस्ट्रेशन रद्द किया है। गोयल कॉमर्शियल 7 मार्च 1998 से, फर्स्ट डेब्ट मैनेजमेंट 14 जुलाई 1999, नास्टैल्जिया फिनवेस्ट 20 अप्रैल 1998 से और नारद रीयल्टर्स 26 मार्च 2004 से एनबीएफसी का कम कर रहीं थी।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग

**09 फरवरी**



केंद्रीय विद्युत, कोयला और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पीयूष गोयल ने क्वीन्सलैंड के प्रधानमंत्री एनस्टेसिया पॉलसुजाक और प्राकृतिक संसाधन और खनन मंत्री डॉ. एंथोनी लेहम और ऊर्जा, जैव ईंधन और पेयजल मंत्री मार्क बैली के साथ ब्रिसबेन, ऑस्ट्रेलिया में बैठक में भाग लिया। बैठक में पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री और दोनों मंत्रियों को भारत भ्रमण का न्यौता दिया और कहा कि भारत का मानव संसाधन और ऑस्ट्रेलिया की प्रौद्योगिकी विश्व को नई दिशा दे सकते हैं। दोनों पक्ष सरकारी स्तर के साथ-साथ व्यापारियों और लोगों के बीच सपंर्क बढ़ाने पर भी सहमत हुए।

बैठक के दौरान पीयूष गोयल ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार कार्यक्रम संचालित कर रहा है और इस संबंध में ऑस्ट्रेलिया से कम लागत पर गैस के वितरण का स्वागत करता है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री एनस्टेसिया पॉलसुजाक ने कहा कि खनन क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करने के कारण क्वींसलैंड अपनी विशेषज्ञता भारत को प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने कौशल विकास के क्षेत्र में क्वींसलैंड की क्षमताओं पर विशेष ध्यान दिलाया। बैठक में उपस्थित अन्य मंत्रियों ने ऑस्ट्रेलिया के खनन उद्योग के श्रेष्ठ सुरक्षा रिकार्ड पर जोर दिया।

## वर्ष 2014 के लिए प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कारों की घोषणा

**09 फरवरी**

भारत सरकार ने वर्ष 2014 के लिए प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कारों की घोषणा की है। ये पुरस्कार केन्द्र और राज्य सरकारों के विभागीय तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं 500 या इससे अधिक कर्मियों की निजी क्षेत्र की ईकाइयों में काम करने वाले 54 कर्मियों को उनके विशिष्ट प्रदर्शन, नवाचार की योग्यताओं, उत्पादकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान तथा साहस और सजगता के लिए प्रदान किया जाएगा।

इस वर्ष के नामांकनों में से श्रम भूषण पुरस्कार के लिए 9, श्रम वीर ध् श्रम वीरांगना के लिए 19 और श्रमश्री ध्श्रम देवी के लिए 26 नामों का चयन किया गया है। हालांकि श्रम पुरस्कारों की कुल संख्या 32 है,लेकिन पुरस्कार प्राप्त करने वालों की संख्या 54 (3 महिलाओं सहित) है, क्योंकि कुछ पुरस्कार एक से अधिक कर्मीध या कर्मियों के दल को दिए गए हैं। इनमें सार्वजनिक क्षेत्र के 36 और निजी क्षेत्र के 18 कर्मी शामिल हैं।

श्रम रत्न, श्रम पुरस्कारों में यह सर्वोच्च पुरस्कार (एक) है, जिसमें 'सनद' के साथ दो लाख रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाता है। वर्ष 2014 के लिए इस प्रतिष्ठित श्रम रत्न पुरस्कार के लिए किसी का भी चयन नहीं किया गया है, क्योंकि चयन समिति को इस पुरस्कार के लिए कोई भी नामांकन योग्य नहीं लगा।

## ट्राई ने भेदभावपूर्ण डाटा शुल्क को नकारा

**09 फरवरी**



भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि कोई भी कंपनी विषय सामग्री के आधार पर भेदभावपूर्ण डाटा शुल्क (विभेदी कीमत निर्धारण) पेश नहीं कर सकती है।

ट्राई ने अपनी अधिसूचना में कहा, "कोई भी सेवा प्रदाता कंपनी किसी भी नाम से किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी ऐसा समझौता नहीं करेगी, जिसके कारण विषय सामग्री के आधार पर विभिन्न तरह के डाटा के लिए भेदभावपूर्ण शुल्क योजना पेश की जाए या उपभोक्ताओं से भेदभावपूर्ण तरीके से शुल्क लिया जाए।"

ट्राई अध्यक्ष आर. एस. शर्मा ने कहा कि कोई भी कंपनी स्रोत, गंतव्य, एप्लीकेशन या सामग्री के आधार पर भेदभावपूर्ण शुल्क नहीं लगा सकती है।



आतंकवाद विरोधी सम्मेलन 2016 जयपुर में आयोजित किया गया।

## मुकेश अंबानी को एनईए का सदस्य चुना गया

**10 फरवरी**



रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी अमेरिका के प्रतिष्ठित संस्थान नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग (एनएई) के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। अंबानी को ऑयल रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल उत्पादों और इससे जुड़े उद्योग क्षेत्र से सदस्य चयनित किया गया है। इस निर्वाचन में 80 सदस्य और 22 विदेशी सदस्य चयनित हुए। अंबानी के नाम का डॉ. रघुनाथ माशेलकर ने प्रस्ताव किया था। डॉ. सैम पित्रोदा भी इस वर्ष इसके सदस्य निर्वाचित हुए हैं। एनएई ने 80 नए सदस्यों का चुनाव किया।

संस्थान ने 22 नए विदेशी सदस्यों का भी चुनाव किया। संस्थान के अध्यक्ष सी.डी. मोटे जूनियर ने इसकी घोषणा की। इसके साथ ही एनएई के अमरीकी सदस्यों की संख्या 2, 275 हो गई है तथा संस्था के विदेशी सदस्यों की संख्या 232 हो गई है। नए चुने गए सदस्यों का 9 अक्टूबर 2016 को वाशिंगटन में इंडस्ट्री परिचय कराया जाएगा। एनएई एक प्राइवेट नॉन प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन है। एनएई में सिर्फ उन्हीं लोगों का चयन किया जाता है जिन्होंने इंजीनियरिंग रिसर्च, तकनीक और इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया होता है।

नेशनल इंजीनियरिंग अकादमी के लिए निर्वाचित होना इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विशेष सम्मान की बात मानी जाती है। नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग की स्थापना 1964 में हुई थी। एनएई ने तब 232 सदस्यों का चयन किया था। जिसमें में सिर्फ 10 भारतीय सदस्य थे। हालांकि उनमें कुछ सदस्य भारतीय मूल के थे। इससे पहले डॉ. पीसी कपूर (IIT DELHI-2009), नारायणमूर्ति (2010), डॉ.पी. रामाराव (ARCI-2012), डॉ. प्रदीप (TCS- 2012), रतन टाटा (2013) अकादमी के सदस्य रह चुके हैं।

## 2016-17 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 7.9% रह सकती है: क्रिसिल

**10 फरवरी**

वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 7.9 प्रतिशत रह सकती है। इससे पहले क्रिसिल ने 8.1 प्रतिशत का अनुमान व्यक्त किया था। रिसर्च संगठन ने वैश्विक संकट के बढ़ने के कारण ऐसा किया है। क्रिसिल रिसर्च ने ये जानकारियां दी हैं।

क्रिसिल ने कहा है कि अभी तक इंडियन इकोनॉमी में रिकवरी मुख्य रूप से क्रूड ऑयल और कमोडिटी प्राइस में कमी के साथ सरकार की बेहतर नीतियों के कारण आई। संगठन ने उम्मीद जताई है कि यह रिकवरी जारी रहेगी। उसने यह भी कहा कि लगातार तीसरे वर्ष मानसून खराब रहने का इकोनॉमी पर और बुरा असर होगा।

क्रिसिल ने कहा है कि, अगले फाइनेंशियल ईयर में सामान्य मानसून से कृषि को गति मिलेगी, क्योंकि पिछले दो वर्ष के दौरान इसकी ग्रोथ कम रही है। इस वर्ष मौसम विभाग के एक्सपर्ट का कहना है कि ला नीना असर के कारण अच्छी बारिश हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, अगले वर्ष की ग्रोथ में आरबीआई पॉलिसी रेट कट्स, वेतन आयोग और ओआरओपी आदि का भी योगदान रहेगा।

अगले वर्ष अगर मानसून ठीक रहा तो ग्रोथ रेट 7.9 प्रतिशत रह सकती है। वर्तमान फाइनेंशियल ईयर के लिए ग्रोथ का अनुमान 7.6 प्रतिशत है। आईएमएफ और विश्व बैंक ने भी 2016 के लिए वैश्विक ग्रोथ अनुमान को कम कर दिया है।

## डॉ. डी. जे. पांडियन एआईआईबी के उपाध्यक्ष, मुख्य निवेश अधिकारी नियुक्त

**11 फरवरी**

एशियन इंफ्रास्ट्राक्चर बैंक (एआईआईबी) ने भारत के नामित डॉ. डी.जे. पांडियन को नव गठित यूएसडी 100 अरब बहुपक्षीय विकास बैंक के उपाध्यक्ष, मुख्य निवेश अधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने की घोषणा की है। मुख्य निवेश अधिकारी की प्रमुख जिम्मेवारी बैंक की दृष्टि, उद्देश्य तथा रणनीतियों के अनुरूप सम्पूर्ण एशिया में सतत निवेश का संवर्धन कर बैंक के ढांचगत निवेश की योजना तथा उसकी देखरेख करना तथा एआईआईबी संचालन संबंधी प्रासंगिकता, प्रभावशीलता तथा क्षमता सुनिश्चित करना है। डॉ. पांडियन का भारतीय प्राशासनिक सेवा (आईएएस) में 30 वर्ष का व्यापक करियर रहा है। उन्होंने ऊर्जा (तेल तथा गैस, बिजली, नवीकरणीय) बुनियादी ढांचा, वित्त तथा उद्योग क्षेत्रों में राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तरों में प्रमुख पदों पर कार्य किया है।

## देवेंद्र सिंह आईसीसी आयोग के उपाध्यक्ष पद पर नामित

**11 फरवरी**

सिंगापुर में भारतीय मूल के एक शीर्ष वकील को पेरिस स्थित 'इंटरनेशनल चैम्बर ऑफ कॉमर्स कमीशन' के उपाध्यक्ष के तौर पर नामित किया गया है। 'इंटरनेशनल चैम्बर ऑफ कॉमर्स कमीशन' निजी क्षेत्र का वैश्विक कारोबारी संगठन है और वैश्विक कारोबार एवं वाणिज्य में इसकी केंद्रीय भूमिका है।

देवेंद्र सिंह को इंटरनेशनल चैम्बर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के कारोबार उत्तरदायित्व एवं भ्रष्टाचार निरोध पर बने आयोग के उपाध्यक्ष के तौर पर नामित किया गया है।

वयोवृद्ध उर्दू लघु कहानी लेखक, कवि और पत्रकार इन्तिजार हुसैन का निधन हो गया।



सिंह 1988-2006 तक देश के संसद के सदस्य और स्थानीय कानून कंपनी 'ड्रीयू एंड नैपियर' के मुख्य कार्यकारी रहे हैं। उन्हें आईसीसी के तहत 13 नीति आयोगों में से एक के नेता के तौर पर नियुक्त किया गया है, जो समूची दुनिया में इस्तेमाल किए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय नियमों, तंत्र और मानकों को विकसित करता है।

कारोबार उत्तरदायित्व और भ्रष्टाचार निरोध पर आयोग अन्य चीजों के अलावा आचार नियमावली, बेहतर कार्यप्रणाली विकसित करता है और भ्रष्टाचार से निपटने की हिमायत करता है।इसमें 40 देशों से 300 से अधिक सदस्य होते हैं जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों, कानूनी कंपनियों, कारोबारी संघों और छोटे एवं मझोले आकार के उद्योगों का प्रतिनिधित्व करता है।

## भारत और यूएई के बीच 9 अहम समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

12 फरवरी



भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपने संबंधों को एक नया आयाम देते हुए साइबर सुरक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में 9 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा आबूधाबी के शाहजादे एवं यूएई की सशस्त्र सेनाओं के उप मुख्य कमांडर जनरल शेख मोहमद बिन जायेद अल नाह्यान के बीच हैदराबाद हाउस में हुई बैठक के बाद इन समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों पक्षों के बीच साइबर सुरक्षा, ढांचागत क्षेत्र में निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा तथा मुद्रा विनिमय व्यवस्था के क्षेत्र में चार समझौते किए गए। यूएई के दूसरे सर्वोच्च नेता जनरल नाह्यान तीन दिन की भारत यात्रा पर राजधानी दिल्ली पहुंचे थे, जिनकी मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर हवाई अड्डे पर स्वयं अगवानी की थी।

उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है, जिसमें कई कैबिनेट मंत्री, शीर्षस्थ अधिकारी एवं उद्योग जगत के बड़े प्रतिनिधि शामिल हैं।

## खुदरा महंगाई दर जनवरी में 17 माह के उच्च स्तर 5.69% पर

13 फरवरी

खाद्य उत्पादों के महंगा होने के कारण खुदरा मुद्रास्फीति (महंगाई दर) जनवरी में 16 महीने के उच्च स्तर 5.69% पर पहुंच गई। मुद्रास्फीति में लगातार छठे महीने तेजी आई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर 2015 में 5.61% और जनवरी 2015 में 5.19% थी। जनवरी 2016 में खुदरा कीमतों में बढोतरी की दर सितंबर 2014 (6.46%) की तुलना में सबसे अधिक रही। सरकारी आंकड़ों के अनुसार उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) आधारित खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर जनवरी 2016 में 6.85% रही। मोटे अनाज व उत्पादों का खुदरा मूल्य जनवरी में औसतन 2.19% उंचा रहा। मांस और मछली वर्ग में मूल्य वृद्धि 8.23% और अंडों की मूल्य वृद्धि दर 3.96% रही।



उक्त उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण यह भी माना जाता है कि सर्दी के दौरान इनकी खपत अधिक रहती है। आलोच्य महीने में हालांकि मौसमी फलों की दरों में 0.24% की कमी रही।

## दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने इलैक्ट्रॉनिक्स विकास कोष (ईडीएफ) का शुभारम्भ

15 फरवरी




इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और मैसर्ज कैनबैंक वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड ने मुम्बई में इलैक्ट्रॉनिक्स विकास कोष (ईडीएफ) का शुभारम्भ किया। माननीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने ईडीएफ के अंतर्गत ग्रुप ऑफ डॉटर फंड्स को प्रतिबद्धता पत्र सौंपकर इसके शुभारम्भ की औपचारिक घोषणा की। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की पहल इलैक्ट्रॉनिक्स विकास कोष (ईडीएफ) की स्थापना 'डॉटर फंड्स' में भाग लेने के लिए 'कोषों के कोष ' के रूप में की गई है।

डॉटर फंड्स की राशि का निर्धारण बाजार की आवश्यकताओं और कोष की जरूरतें पूरी करने संबंधी उसके प्रबंधन की क्षमताओं के आधार पर होगा। ये डॉटर फंड्स देश के भीतर इलैक्ट्रॉनिक्स, नैनो इलैक्ट्रॉनिक्स, और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान एवं विकास तथा उत्पाद के विकास को प्रोत्साहन देंगे। वे भारत में बड़े पैमाने पर आयातित उत्पादों के लिए विदेशी कंपनियों और प्रौद्योगिकियों के अधिग्रहण में भी सहायता प्रदान करेंगे। डॉटर फंड्स में मुख्य रूप से घरेलू अभिकल्प क्षमताओं को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। डॉटर फंड्स समर्थित देश के भीतर विशिष्ट क्षेत्रों में आईपी का संसाधन संग्रह तैयार करेंगे।

कांग्रेस के पूर्व नेता बलराम जाखड़ का हाल ही में निधन हो गया।




## सानिया-मार्टिना ने जीता सिडनी इंटरनेशनल टूर्नामेंट का खिताब

16 जनवरी



भारत की टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और उनकी स्विस जोड़ीदार मार्टिना हिंगिस ने सिडनी इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट का महिला युगल खिताब जीत लिया। सानिया और हिंगिस ने फाइनल मुकाबले में केरोलिन गार्सिया और क्रिस्टीना लादेनोविक को हराया। सानिया और मार्टिना की शीर्ष वरीय जोड़ी ने अपनी तीसरी वरीय प्रतिद्वंद्वियों को **1-6, 7-5 10-5** से हराया। सानिया और मार्टिना की जोड़ी पहला सेट **1-6** से बुरी तरह से हार गई। दूसरे सेट में भी यह जोड़ी **2-5** से पीछे थी, लेकिन ऐसे हालतों की आदी हो चुकी इस जोड़ी ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए शानदार और मैच जीताऊ वापसी की। वापसी करते हुए सानिया-मार्टिना ने दूसरे सेट पर **7-5** से कब्जा जमाया।

तीसरे और निर्णायक सेट काफी रोमांचक रहा। टाई ब्रेक से हुए इस सेट के फैसले में सानिया-मार्टिना ने **10-5** से बाजी जीत कर सिडनी इंटरनेशनल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। यह इस जोड़ी की लगातार **30**वीं जीत है और **2016** में लगातार दूसरा खिताब। इससे पहले यह जोड़ी **2016** में ही ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर चुकी है। सानिया इस वर्ष यह खिताब जीत कर अपने खिताब को बनाए रखने में सफल रहीं। उन्होंने पिछली बार अमेरिका की बैथनी मैटेक के साथ यह खिताब जीता था।

## सानिया के साथ संयुक्त रूप से नंबर वन बनीं मार्टिना

18 जनवरी



स्विट्ज़रलैंड की मार्टिना हिंगिस विश्व महिला युगल रैंकिंग में भारत की टेनिस स्टार सानिया मिर्जा के साथ संयुक्त रुप से नंबर वन बन गईं हैं।

मार्टिना **16** वर्ष बाद डब्ल्यूटीए की महिला युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में सानिया और मार्टिना के एक बराबर **11395** अंक हैं। भारतीय-स्विस जोड़ी ने लगातार **30**वीं जीत हासिल करते हुए सिडनी इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया था। सानिया और मार्टिना की जोड़ी ने अब तक एक साथ **11** खिताब जीते हैं।

## अश्विन को पछाड़ ब्रॉड बने टेस्ट में नम्बर-1 टेस्ट गेंदबाज

18 जनवरी

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने भारत के रविचन्द्रन अश्विन को पीछे कर टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है। स्टुअर्ट ब्रॉड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है जिसके बाद उन्हें शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

ब्रॉड **880** के साथ शीर्ष पर हैं। उनसे नौ अंक पीछे भारत के अश्विन हैं। दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन **850** अंको के साथ तीसरे स्थान पर हैं। भारत के रविन्द्र जडेजा **789** अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं।

टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में आजिंक्य रहाणे भारत के इकलौते बल्लेबाज हैं जो शीर्ष **10** में सम्मिलित हैं। शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीवन स्मिथ काबिज हैं। ऑलराउंडर खिलाड़ियों की रैंकिंग में अश्विन शीर्ष पर बने हुए हैं। इसी सूची में जडेजा **259** अंकों के साथ पांचवे स्थान पर हैं।

## विराट कोहली ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, बने सबसे तेज 7000 रन बनाने वाले बल्लेबाज

18 जनवरी



विराट कोहली अब वनडे में सबसे तेज **7000** रन बनाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। विराट ने वनडे करियर में **51** के शानदार औसत से **24** शतक और **36** अर्धशतकों के साथ **7000** से ज्यादा रन बनाए हैं। भारतीय बल्लेबाजों में कोहली से आगे पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का नाम है। गांगुली ने **174** पारियों में **7000** रन बनाए हैं।

**7000** से अधिक वनडे रन बनाने वालों की सूची में कोहली दुनिया के **36**वें और भारत के **8**वें खिलाड़ी बन गए हैं।

भारतीय खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर (**18,426** रन)

सौरभ गांगुली (**11,363** रन)

राहुल द्रविड़ (**10,889** रन)

मोहम्मद अजहरुद्दीन (**9,378** रन)

महेंद्र सिंह धोनी (**8,850** रन)

युवराज सिंह (**8,329** रन)

वीरेंद्र सहवाग (**8,273** रन)

## अजित चंदीला पर लगा आजीवन प्रतिबंध, हिकेन पर पांच वर्ष का प्रतिबंध 18 जनवरी

हरियाणा के ऑफ स्पिनर अजित चंदीला पर 2013 के आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग मामले में आजीवन बैन लगा दिया गया है जबकि मुंबई के बल्लेबाज हिकेन शाह पर पांच वर्ष का बैन लगाया गया। बीसीसीआई की अनुशासन समिति ने बैठक के बाद यह प्रतिबंध लगाया। बीसीसीआई अध्यक्ष शशांक मनोहर की अध्यक्षता वाली समिति के सदस्यों में ज्योतिरादित्य सिंधिया और निरंजन शाह सम्मिलित हैं। समिति ने चंदीला के साथी आरोपी पाकिस्तानी अंपायर असद रउफ पर फैसला 12 फरवरी तक टाल दिया है। उन्हें जवाब देने के लिये नौ फरवरी तक की मोहलत दी गई है।

## चैनल 2 समूह, वर्ष 2016-2023 के लिए आईसीसी का ऑडियो अधिकार भागीदार नियुक्त 19 जनवरी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैनल 2 समूह को विशेष ऑडियो अधिकार प्रदान किए। इस अधिकार के अंतर्गत चैनल 2 समूह वर्ष 2016 से 2023 के मध्य अपने एफएम और एएम चैनल के माध्यम से सभी आईसीसी मैचों का रेडियो प्रसारण करेगा। इस तरह से चैनल 2 इस वर्ष बांग्लादेश में शुरू हो रहे अंडर 19 विश्वकप से लेकर वर्ष 2023 के वर्ल्ड कप का प्रसारण करेगा।

इस दौरान यह समूह कुल 17 मैचों का प्रसारण करेगा।

### चैनल 2 समूह के बारे में

- चैनल 2 मूवीज ओर इंटरटेनमेंट, चैनल 2 समूह कारपोरेशन और केन्या ब्रोडकास्टिंग कारपोरेशन का संयुक्त उपक्रम है।
- मध्य पूर्व और भारतीय फिल्म उद्योग में चैनल 2 समूह का नेटवर्क मजबूत है।

## श्रीलंका के ऑल-राउंडर क्रिकेटर थिसारा परेरा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया 19 जनवरी



श्रीलंका के ऑल-राउंडर क्रिकेटर थिसारा परेरा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। 26 वर्ष के परेरा वनडे और टी20 खेलते रहेंगे। परेरा ने वर्ष 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ कार्डिफ में टेस्ट डेब्यू करने के बाद कुल 6 टेस्ट खेले हैं। टेस्ट में परेरा ने कुल 203 रन बनाए हैं और 11 विकेट लिए हैं। परेरा ने वर्ष 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट खेला था।

श्रीलंकाई क्रिकेट में मैच फिक्सिंग को लेकर हलचल मची हुई है। इस सिलसिले में गेंदबाजी कोच अनुषा समारनायके को दो महीने के लिए निलम्बित भी किया गया है। फिक्सिंग मामले में श्रीलंकाई पुलिस कुशल परेरा और रंगना हैराथ से पूछताछ कर चुकी है। थिसारा परेरा का नाम भी वर्ष 2013 में आईपीएल के दौरान मैच फिक्सिंग में आया था। एक भारतीय अखबार ने सनराइज़र्स हैदराबाद के लिए खेल रहे परेरा पर पैसे लेकर मैच फिक्स करने का आरोप लगाया लेकिन वे बीसीसीआई की जांच में बेदाग निकले।

## ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर नैथन हॉरित्ज़ ने क्रिकेट से संन्यास लिया 20 जनवरी

नैथन हॉरित्ज़ ने क्रिकेट से सन्यास ले लिया है। ऑस्ट्रेलिया के लिए 17 टेस्ट, 58 वनडे और 3 टी20 खेलने के बाद हॉरित्ज़ ने अपने क्रिकेट करियर का अंत किया। 34 वर्ष के हॉरित्ज़ को बिग बैश लीग के सिर्फ एक मैच में खेलने का



मौका मिला। अपनी टीम मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेल रहे हॉरित्ज़ ने उस मैच में दो ओवर डाले और 29 रन दिए।

हॉरित्ज़ ने कई मौकों पर अपने प्रदर्शन से प्रभावित भी किया है। 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ़ सिडनी टेस्ट में हॉरित्ज़ ने अपने करियर का पहला पांच विकेट लिया। हॉरित्ज़ ने इस मैच में 53 रन देकर 5 विकेट लिए।

## आईसीसी ने एमआरएफ टायर्स को वैश्विक भागीदार घोषित किया 21 जनवरी



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और टायर निर्माता कंपनी एमआरएफ टायर्स ने चार वर्षीय करार का ऐलान किया। इसके अंतर्गत एमआरएफ टायर्स 2016-20 के दौरान विश्व क्रिकेट प्रतियोगिताओं में आईसीसी का वैश्विक भागीदार (ग्लोबल पार्टनर) होगा।

इन चार वर्षों में टी-20 विश्वकप 2016, आईसीसी चैंपियन्स ट्राफी 2017 और आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2019 भी होने हैं। यह ऐलान एमआरएफ टायर्स के मुख्यालय में किया गया। इस मौके पर आईसीसी के मुख्य कार्यकारी डेविड रिचर्डसन, एमआरएफ टायर्स के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के.एम.माम्मेन, एमआरएफ के ब्रांड एंबेसडर एवं पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर और अन्य अधिकारी मौजूद थे। आईसीसी और एमआरएफ टायर्स की आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2015 में भागीदारी सफल रही थी। इस टूर्नामेंट को आईसीसी के अब तक के सबसे सफल आयोजनों में माना जाता है।

## पीएनबी मेटलाइफ की ब्रांड एंबेसेडर बनीं बैडमिंटन चैम्पियन वैष्णवी

22 जनवरी



भारतीय अंडर-15 बैडमिंटन स्टार वैष्णवी जक्का रेड्डी को जीवन बीमा कंपनी पीएनबी मेटलाइफ इंडिया का ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया गया है। वैष्णवी पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चौंपियनशिप की भी ब्रांड एंबेसेडर होंगी।

दो वर्ष के अनुबंध के अंतर्गत वैष्णवी पीएनबी मेटलाइफ जेबीसी में खेलेंगी। पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चौंपियनशिप भारतीय बैडमिंटन संघ (बाई) की ओर से एकमात्र मान्यता प्राप्त अंडर-9 और अंडर-11 राष्ट्रीय टूर्नामेंट है।हैदराबाद की वैष्णवी अंडर-15 की नंबर वन महिला खिलाड़ी हैं।

## भारतीय ओलंपिक संघ ने आईओएस स्पोर्ट्स एंड इन्टरटेनमेंट को मार्केटिंग पार्टनर नियुक्त किया

22 जनवरी



भारतीय ओलंपिक संघ(आईओए) ने खेल प्रबंधन फर्म आईओएस स्पोर्ट्स एंड इन्टरटेनमेंट को अगले दो वर्षों के लिए मार्केटिंग पार्टनर नियुक्त किया।

भारत के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी पेशेवर खेल विपणन एजेंसी को ओलम्पिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के लिए प्रायोजन राजस्व एकत्र करने के लिए रखा गया हो।

ज्ञात हो ओलिंपिक इस वर्ष 5 अगस्त से 21 अगस्त के मध्य रिओ डी जेनेरियो में ओलम्पिक खेलो का आयोजन किया जाएगा। समझौते में मीडिया, पी. आर. (पब्लिक रिलेशनशिप) और प्रायोजन को सम्मिलित किया गया है।आईओएस ने आगामी ओलंपिक के लिए 10 से 12 करोड़ का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है। आईओए ने लम्बे समय से किसी मार्केटिंग एजेंसी की तलाश में था जो खिलाड़ियों और संघ के लिए राजस्व एकत्रित कर सके।समझौते के अंतर्गत अब आईओएस स्पोर्ट्स एंड इन्टरटेनमेंट 31 दिसम्बर 2018 तक भारतीय ओलंपिक संघ का मार्केटिंग पार्टनर रहेगा।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी लेटन हेविट ने लिया टेनिस से सन्यास

23 जनवरी



ऑस्ट्रेलिया के टेनिस खिलाड़ी लेटन हेविट ने टेनिस से सन्यास ले लिया है।

लेटन हेविट के बारे में

- लेटन हेविट विश्व के पूर्व नम्बर एक टेनिस खिलाड़ी हैं।
- उन्होंने वर्ष 2001 में यूएस ओपन और वर्ष 2002 में आस्ट्रलिया ओपन का खिताब जीता।
- इसके अतिरिक्त वर्ष 2000 के यूएस ओपन में उन्होंने बेलारूस के मेक्स मिर्नी के साथ डबल्स का खिताब जीता।
- उन्होंने वर्ष 2001 और 2002 में एटीपी टूर का खिताब भी अपने नाम किया।
- इसके अतिरिक्त वर्ष 1999 और 2003 का डेविस कप खिताब भी लेटन हेविट जीत चुके हैं।
- वर्ष 2004 के यूएस ओपन में उनका मुकाबला रोजर फेडरर से था। जिसमे हेविट की हार हुई थी।

## ऑस्ट्रेलियन ओपनः शारापोवा ने दर्ज की 600वीं जीत

24 जनवरी



विश्व की नंबर पांच महिला टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में लॉरेन डेविस को हराकर अपने करियर की 600वीं जीत दर्ज की। शारापोवा ने डेविस को 6-1, 6-7(5), 6-0 से हराकर यह उपलब्धि प्राप्त की। शारापोवा ने पहला सेट 26 मिनट में जीत लिया था। दूसरे सेट में डेविस ने अच्छा खेल दिखाया और सेट अपने नाम किया।

शारापोवा ने तीसरे सेट में वापसी करते हुए डेविस को एक भी प्वाइंट नहीं लेने दिया और तीसरा सेट जीत कर मैच भी जीत लिया।

चौथे दौर में शारापोवा का सामना बेलिंडा बेंकिक से होगा।

रूसी कंपनी रोसोबोरोंएक्सपोर्ट ने Mi-17V -5 हेलीकाप्टर को अंतिम खेप प्रदान की ।

## राणा डग्गुबाटी बने प्रो. कबड्डी के ब्रांड एंबेसेडर

**25 जनवरी**



स्टार स्पोर्ट्स प्रो. कबड्डी ने तेलुगू स्टार राणा डग्गुबाटी को तीसरे सत्र के लिए अपना ब्रांड दूत बनाया। मेगा हिट 'बाहुबली' के स्टार राणा डग्गुबाटी को स्टार स्पोर्ट्स प्रो. कबड्डी लीग के तीसरे संस्करण के लिये ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है। नये तेवर और कलेवर के साथ शुरू होने वाले प्रो कबड्डी के मौजूदा संस्करण से जुड़ने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुये अभिनेता ने कहा, 'मैं लीग से जुड़कर बेहद रोमांचित हूं। मैं लीग के आयोजकों का तहे दिल से आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इस प्रतिष्ठित लीग का ब्रांड एंबेसेडर बनाया।

## चंद्रपॉल का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास **25 जनवरी**

वेस्टइंडीज के अनुभवी बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपॉल ने 22 वर्षों के करियर के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 41 वर्षीय चंद्रपॉल पिछले वर्ष मई से वेस्टइंडीज टीम की तरफ से नहीं खेल पाए थे। उन्होंने 22 वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय करियर में 164 टेस्ट मैचों में 51.37 की औसत से 11867 रन बनाए। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 203 रहा। वे वेस्टइंडीज की तरफ से टेस्ट मैचों में रन बनाने के मामले में ब्रायन लारा (11953 रन) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। चंद्रपॉल ने इंग्लैंड के खिलाफ मार्च 1994 में गयाना में अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण किया था, जहां उन्होंने अर्द्धशतक बनाया था और घरेलू टीम ने यह मैच पारी और 44 रनों से जीता था। उनका अंतिम टेस्ट पिछले वर्ष मई में बारबाडोस में इंग्लैंड के खिलाफ रहा, जिसे वेस्टइंडीज ने जीतकर सीरीज में बराबरी की। उन्होंने 268 अंतर्राष्ट्रीय वन-डे और 22 ट्वेंटी-20 मैचों में भी वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया।

## पी. वी. सिंधु ने मलेशिया मास्टर्स ग्रां. प्री. गोल्ड का खिताब जीता

**25 जनवरी**



भारत की पी वी सिंधु ने स्काटलैंड की क्रिस्टी गिलमर को सीधे गेम में हराकर मलेशिया मास्टर्स ग्रां. प्री. गोल्ड का खिताब जीत लिया है। सिंधु का यह मलेशिया मास्टर्स ग्रां प्री गोल्ड में दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2013 में भी जीत दर्ज की थी। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी इससे पहले गिलमर के खिलाफ 2013 के फ्रेंच ओपन में खेली थी जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इस बार उन्होंने दिखाया कि उन्हें आखिर महिला एकल में भारत की दमदार खिलाड़ी क्यों माना जाता है। सिंधु ने शुरू से दबदबा बनाये रखकर 32 मिनट तक चले मुकाबले में 21-15, 21-9 से जीत दर्ज करके अपना पांचवां ग्रां. प्री. गोल्ड खिताब जीता।

## भारत ने पहला दृष्टिहीन टी-20 एशिया कप जीता

**25 जनवरी**

भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान टीम को हराकर पहला दृष्टिहीन टी-20 एशिया कप खिताब जीता। कोच्चि में खेले गये इस मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान की टीम को 44 रनों से हराया। पहले खेलने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 208 रन बनाये और पाकिस्तान की टीम को जीतने के लिए 209 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी पाकिस्तानी टीम भारतीय लक्ष्य के लगभग भी नहीं पहुंच पायी और पूरी टीम महज 164 रनों पर सिमट गयी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने फाइनल तक कोई हार नहीं देखी थी जबकि भारत दूसरे स्थान पर था। लीग मैच में पाकिस्तान ने भारत को 19 रनों से हराया था।

## निंग, होंग को चीन के सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार

**25 जनवरी**

चीन के 'सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) स्पोर्ट अवार्ड' समारोह में दिग्गज तैराक निंग जेताओ को पुरुष वर्ग में और पैदलचाल धावक लियु होंग को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

निंग (23) ने छह अगस्त, 2015 को रूस के शहर कजान में विश्व का 100 मीटर 'फ्रीस्टाइल' खिताब अपने नाम किया था। होंग (28) ने पिछले वर्ष जून में स्पेन में आयोजित आईएएएफ वाकिंग चैलेंज 2015 में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए जीत हासिल की थी। इस समारोह में चीन की महिला बॉलीवॉल टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार मिला। इस टीम ने जापान में 2015 का विश्व कप खिताब जीता था। टीम की कोच जेनी लांग पिंग को सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार दिया गया।

## ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होंगे जैफ थामसन और वैली ग्राउट

**26 जनवरी**



दिग्गज तेज गेंदबाज जैफ थामसन और पूर्व विकेटकीपर वैली ग्राउट को एलेन बोर्डर मेडल डिनर के दौरान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में सम्मिलित किया जाएगा।

थामसन को एक समय अपने गेंदबाजी जोड़ीदार रहे डेनिस लिली को हॉल ऑफ फेम में सम्मिलित करने के 20 वर्ष बाद यह सम्मान मिल रहा है। लिली शुरूआत में हॉल ऑफ फेम में सम्मिलित 10 खिलाड़ियों में से एक थे। वर्ष 1968 में 41 बरस की उम्र में दिवंगत हुए विकेटकीपर ग्राउट को भी थामसन के साथ हॉल ऑफ फेम में सम्मिलित किया जाएगा जिससे इसके सदस्यों की संख्या 41 हो जाएगी। थामसन ने 1972 से 1985 के बीच ऑस्ट्रेलिया की ओर से 50 टेस्ट में 200 विकेट चटकाए और उस समय वह छठे सबसे सफल गेंदबाज थे। उन्होंने 50 वनडे में 55 विकेट भी हासिल किए। ग्राउट ने 1957 से 1966 के बीच 51 टेस्ट में 163 कैच और 24 स्टंप किए और 15.08 की औसत से रन बनाए। शेफील्ड शील्ड पारी में रिकॉर्ड आठ कैच लपकने का रिकॉर्ड अब भी संयुक्त रूप से उनके और विक्टोरिया के पूर्व कप्तान डेरेन बैरी के नाम है।

भारतीय वायु सेना में एयर मार्शल रैंक के एक अधिसंख्य पद को 17 महीने के लिए बनाया गया है।

## फेडरर ने रचा इतिहास, 300वां ग्रैंड स्लैम मैच जीता

**26 जनवरी**



स्विट्ज़रलैंड के रॉजर फेडरर ने ''बेबी फेड'' के नाम से मशहूर बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को हराते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। यह ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनकी रिकॉर्ड **300**वीं जीत है। अब वे महान मार्टिना नवरातिलोवा के **306** ग्रैंड स्लैम जीत के रिकॉर्ड से मात्र छह जीत दूर है।

तीसरी वरीयता प्राप्त फेडरर ने **27**वीं वरीय बुल्गारिया के दिमित्रोव को **6-4, 3-6, 6-1, 6-4** से हराया। अब उनका सामना **15**वीं वरीयता प्राप्त डेविड गोफिन से होगा। जापान के सातवीं वरीय केई निशिकोरी ने भी स्पेन के **26**वीं वरीय गुलेरमो गर्सिया लोपेज को चार सेट तक चले मैच में **7-5, 2-6, 6-3, 6-4** से हराया। अब उनके पास जो विल्फ्रेड सोंगा से बदला लेने का मौका होगा जिनसे वे पिछले वर्ष फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। सोंगा ने फ्रांस के पियरे ह्यूज हरबर्ट को **6-4, 7-6, 7-6** से पराजित किया। बेल्जियम के गोफिन ने आस्ट्रिया के **19**वीं वरीयता प्राप्त डोमिनक थीम को चार सेट में **6-1, 3-6, 7-6, 7-5** से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया।

## जापान और हांगकांग को जूनियर टेबल टेनिस विश्व खिताब

**26 जनवरी**



जापान के इजुमो ताकुतो और हांगकांग की झू चेंगझू ने आईटीटीएफ वर्ल्ड जूनियर सर्किट टेबल टेनिस फाइनल्स का क्रमशः लड़कों और लड़कियों का खिताब जीत लिया।

अभय प्रवर्ष स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में ताकुतो ने स्पेन को कार्लोस वेडरियल को एकतरफा मुकाबले में **4-0** से हराया।

दूसरी ओर, झू को दक्षिण कोरिया के पार्क सेरी से कड़ी टक्कर मिली लेकिन इसके बावजूद वह यह मैच **4-2** से जीतने में सफल रहीं।

विजेता खिलाड़ियों को **3800** (प्रत्येक खिलाड़ी) डॉलर मिले जबकि उपविजेता खिलाड़ियों को **2100** डॉलर का पुरस्कार मिला।

## वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी चुने गए वैन डर होर्स्ट, वेल्टेन

**27 जनवरी**



अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने नीदरलैंड्स के रॉबर्ट वैन डर होर्स्ट और लिडेवजी वेल्टेन को क्रमशः पुरुष एवं महिला वर्ग में वर्ष **2015** का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया। भारत के प्रतिभाशाली स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह जूनियर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अवार्ड से चूक गए।

नीदरलैंड्स ने अवार्ड की हैट्रिक लगाई। नीदरलैंड्स महिला हॉकी टीम की गोलकीपर जोयसे सोमब्रोक को लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया, जबकि पुरुष वर्ग में यह अवार्ड आयरलैंड के गोलकीपर डेविड हार्टे को मिला। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का अवार्ड पुरुष वर्ग में जर्मनी के क्रिस्टोफर रुहर और महिला वर्ग में ब्रिटेन की लिली ओवस्ली को मिला। रुहर ने दूसरी बार यह अवार्ड हासिल किया।

वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए डच टीम के कप्तान वैन डर होर्स्ट **10** वर्ष पहले सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का अवार्ड जीत चुके हैं।

## वॉर्नर ने जीता एलेन बॉर्डर मैडल

**28 जनवरी**

ऑस्ट्रेलिया के धुरंधर ओपनर डेविड वॉर्नर ने अपने करियर की एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुये पहली बार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा सम्मान एलेन बॉर्डर मैडल जीता है। वॉर्नर ने इसके अतिरिक्त 'टेस्ट प्लेटर ऑफ द ईयर' का खिताब भी अपने नाम किया है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के उपकप्तान वार्नर ने इस होड़ में कप्तान स्टीवन स्मिथ को पछाड़ते हुए यह खिताब जीता। स्मिथ ने पिछले वर्ष एलेन बॉर्डर मैडल जीता था।

इस वर्ष वॉर्नर को **240** वोट मिले जबकि स्मिथ को **219** और तीसरे नंबर पर मौजूद मिशेल स्टार्क को **183** वोट मिले। आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को 'वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर' का खिताब मिला।

डेविड एंड्रयू वार्नर (जन्मरू **27** अक्टूबर **1986**) एक ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। तेजी से रन बनाने वाले बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वार्नर, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट इतिहास के **132** वर्षों में ऐसे पहले क्रिकेटर हैं जिन्हें प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अनुभव न होने पर भी राष्ट्रीय टीम के लिए चुन लिया गया। वह न्यू साउथ वेल्स, डरहम, दिल्ली डेयरडेविल्स और सिडनी सिक्सर्स के लिए खेलते हैं। वह अगस्त **2015** में, खेल के टेस्ट और वनडे प्रारूपों के लिये ऑस्ट्रेलिया के उपकप्तान बने।

इंडो-जर्मन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (**IGSTC**) को **2017-2022** तक बढ़ा दिया गया है।

## फुल्टोन, कारेन वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी कोच चुने गए

**28 जनवरी**



अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने वर्ष 2015 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एवं महिला कोच की घोषणा कर दी। आयरलैंड पुरुष हॉकी टीम के दक्षिण अफ्रीकी कोच क्रेग फुल्टोन और इंग्लैंड एवं ब्रिटेन महिला हॉकी टीम की सहायक कोच कारेन ब्राउन सर्वश्रेष्ठ कोच चुने गए।

जिब्राल्टर के नाथन स्टैग्नो ने जहां सर्वश्रेष्ठ पुरुष अंपायर का अवार्ड हासिल किया, वहीं दक्षिण अफ्रीका की मिशेले जूबर्ट वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला अंपायर चुनी गईं।

फुल्टोन के मार्गदर्शन में आयरलैंड की टीम 100 वर्ष के अंतराल के बाद ओलम्पिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। बीते वर्ष बेल्जियम के एंटवर्प में हुए हॉकी वर्ल्ड लीग (एचडब्ल्यूएल) सेमी-फाइनल में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के बल पर इसी वर्ष ब्राजील के रियो डी जनेरियो में होने वाले ओलम्पिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया।

वहीं ब्रिटेन के लिए सर्वाधिक 355 मैच खेल चुकीं कारेन के मार्गदर्शन में ब्रिटिश महिला हॉकी टीम बीते वर्ष यूरोपीयन खिताब हासिल करने में सफल रही। वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला अंपायर चुनी गईं जूबर्ट ने 22 की अवस्था से अंपायरिंग शुरू की और वह सीनियर हॉकी में 100 मैचों में अंपायरिंग करने वाली दक्षिण अफ्रीका की दूसरी महिला अंपायर बनीं। जूबर्ट ने बीते वर्ष दिसंबर में अर्जेंटीना के रोसारियो में हुए एचडब्ल्यूएल फाइनल्स में सर्वश्रेष्ठ अंपायरिंग के लिए एफआईएच गोल्डन व्हिसल हासिल किया। सर्वश्रेष्ठ पुरुष अंपायर चुने गए स्टैग्नो को भी हाल ही में एफआईएच गोल्डन व्हिसल से सम्मानित किया गया। बीते वर्ष भारत के रायपुर में हुए एचडब्ल्यूएल फाइनल्स के दौरान सीनियर हॉकी में 100 मैचों में अंपायरिंग करने वाले वह जिब्राल्टर के पहले अंपायर बने।

## ओलंपिक चैंपियन अभिनव बिंद्रा को आईएसएसएफ ने 'डिप्लोमा आफ ऑनर' और 'प्रेसीडेंट बटन' से सम्मानित किया

**29 जनवरी**

ओलंपिक चैंपियन अभिनव बिंद्रा को अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने इस खेल में योगदान के लिए 'डिप्लोमा आफ ऑनर' और 'प्रेसीडेंट बटन' से सम्मानित किया।

आईएसएसएफ अध्यक्ष ओलगेरियो वजाक राणा ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफाईंग प्रतियोगिता से इतर बीजिंग ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता 33 वर्षीय बिंद्रा को सम्मानित किया। राइफल निशानेबाज बिंद्रा की निगाह रियो ओलंपिक पर टिकी है जिसके लिए उन्होंने पहले ही कोटा स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक के लिए तैयारियां सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। बिंद्रा ने कहा कि मेरी तैयारियां अच्छी चल रही है। मैं अभ्यास और प्रतियोगिता के लिए जर्मनी जा रहा हूं और वहां मेरी टीम है जिसमें कोच और फिजियो शामिल है।

उनहोंने कहा कि उम्मीद है कि इस बार हमारा सबसे बड़ा दल रियो जाएगा। भारत में पिछले कुछ वर्षों में निशानेबाजी में जो प्रगति हुई है उससे मैं खुश हूं।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 श्रृंखला जीत कर इतिहास रचा

**29 जनवरी**



भारत की महिला क्रिकेट टीम ने मेलबर्न क्रिकेट मैदान,ऑस्ट्रलिया में आयोजित दूसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 10 विकेट से हरा दिया। मैच का फैसला डकवर्थ-लेविस नियम के आधार पर हुआ. इसके साथ भारतीय महिलाओं ने तीन मैचों की इस सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया।

भारतीय महिलाओं ने खराब मौसम के कारण 18 ओवरों तक सीमित किए गए मैच में टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के 8 विकेट झटक 125 रनों पर सीमित कर दिया और फिर 9.1 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए संशोधित लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की ओर से झूलन गोस्वामी ने चार ओवरों में 16 रन देकर दो विकेट लिए. बल्लेबाजी में कप्तान मिताली राज 37 तथा स्मृति मंधाना 22 रनों पर नाबाद लौटीं। राजेश्वरी गायकवाड़ ने 27 रन पर दो विकेट लिए। पूनम यादव और हरमनप्रीत कौर को एक एक विकेट मिला।

भारतीय पारी के दौरान बारिश के व्यवधान को देखते हुए भारत को 10 ओवरों में 66 रनों का लक्ष्य मिला था। झूलन गोस्वामी को 'वुमैन ऑफ द मैच' चुना गया।

डकवर्थ लुईस नियम क्रिकेट के सीमित मैच के दौरान किसी प्रकार की प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों एवं अन्य स्थितियों में अपनाया जाने वाला नियम है, ताकि मैच अपने निर्णय तक पहुँच सके। यह नियमअंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

इस नियम के तहत घटाए गए ओवरों में नए लक्ष्य निर्धारित किये जाते हैं। इस लक्ष्य निर्धारण विधि को एक खास सांख्यिकीय सारणी की मदत से निकाला जाता है जिसका संशोधन समय-समय पर होता रहता है। इस नियम का विकास इंग्लैंड के दो सांख्यिकी के विद्वान फ्रैंक डकवर्थ और टौनी लुईस ने किया था। नवंबर 2014 को डकवर्थ लुईस नियम को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न नाम दिया गया।

नेपाल के सेना प्रमुख को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक से सम्मानित किया गया है।

## धोनी ने मेलबर्न में विश्व रिकॉर्ड बनाया

**30 जनवरी**



टीम इंडिया के वनडे और टी-20 कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए दूसरे टी-20 मैच में दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। भारत के सबसे सफल कप्तान बनने वाले धोनी ऑस्ट्रेलिया में बाइलेटरल सीरीज जीतने वाले पहले भारतीय कप्तान बने तो इस जीत के साथ धोनी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 140 स्टंपिंग करने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए।

उन्होंने श्री लंका के पूर्व विकेटकीपर कुमार संगाकारा के 139 स्टंपिग को पीछे छोड़ा। धोनी ऑस्ट्रेलिया में दो सीरीज जीतने वाले दूसरे कप्तान भी बन गए।

धोनी की ये रिकॉर्ड स्टंपिंग भी बेहतरीन रही। रविन्द जडेजा की गेंद पर ऑस्ट्रेलिया ऑलराउंडर जेम्स फॉक्नर कुछ अजीब तरीके से आउट हुए। जडेजा की गेंद को फॉकनर आगे निकल कर खेलना चाहते थे। लेकिन गेंद और बल्ले के बीच कहीं भी संपर्क नहीं हुए गेंद धोनी के दस्तानों में भी नहीं समाई थी। लेकिन किस्मत के धनी धोनी की किस्मत ने एक बार फिर उनका साथ दिया। गेंद उनके पैड से टकरा कर खुद विकेच पर जा लगी। फॉकनर क्रीज से बाहर थे और कप्तान रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके थे।

इससे पहले उन्होंने युवराज की गेंद पर मैक्सवेल को स्टंप कर संगाकारा की बराबरी की। इस विकेट पर ही वो रिकॉर्ड बना सकते थे अगर वो शान मार्श को स्टंप कर देते।

## बैडमिंटनः श्रीकांत ने जीता सैयद मोदी ग्रां. प्री. गोल्ड खिताब

**01 फरवरी**



भारत के शीर्ष पुरुष बैडमिंटन स्टार किदाम्बी श्रीकांत ने सैयद मोदी ग्रां. प्री. गोल्ड चैम्पियनशिप जीत ली है। सैयद मोदी चैम्पियनशिप में श्रीकांत की यह पहली खिताबी जीत है।

उन्होंने पुरुष एकल के फाइनल में चीन के हुआंग युझिअंग को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

श्रीकांत लगातार तीसरे वर्ष चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश करने में सफल रहे थे।

पिछले दो बार जीत से वंचित रहने के बाद श्रीकांत ने तीसरी बार में खिताब अपने नाम करने में कोई गलती नहीं की। श्रीकांत ने युझिअंग को 21-13, 14-21, 21-14 से मात दी।

इससे पहले भारतीय पुरुष युगल में प्रणव जेरी चोपड़ा और अक्षय देवालकर की जोड़ी को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया के गोह वी शेम और वी कियोंग टान की जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को 14-21, 24-22, 21-8 से हराया।

पहला गेम हारने के बाद मलेशियाई जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अगले दोनों गेम जीत कर खिताब पर कब्जा जमाया।

## टी-20: टीम इंडिया ने रचा इतिहास, 3-0 से जीती ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला

**01 फरवरी**



140 वर्ष के क्रिकेट इतिहास में पहली बार घर में ऑस्ट्रेलिया का क्लीन स्वीप, रैंकिंग में भारत नंबर-1भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच सिडनी में खेला गया। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हरा दिया। इस प्रकार उसने सीरीज पर 3-0 से कब्जा करते हुए 'क्लीन स्वीप' कर दिया। 140 वर्ष के क्रिकेट इतिहास में इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को कभी भी उसके घरेलू मैदान में किसी टीम ने 3 या इससे अधिक मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप नहीं किया था। तीन मैचों की सीरीज में 199 रन बनाने वाले विराट कोहली को 'मैन ऑफ द सीरीज', वहीं इस मैच के शतकवीर शेन वॉटसन को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

टीम इंडिया टी-20 रैंकिंग में भी नंबर वन बन गई है। खास बात यह कि वह पहले आठवें नंबर पर थी। 198 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन बना लिए। सुरेश रैना 25 गेंदों में 49 रन और युवराज सिंह 12 गेंदों में 15 रन बनाकर नाबाद रहे। यह मैच रोमांचक रहा और अंतिम गेंद पर खत्म हुआ। आखिरी 6 गेंदों में टीम इंडिया को 13 रन चाहिए थे, जिसे युवी-रैना ने हासिल कर लिया।

जय शंकर मेनन ने गोलान में यूएनडीओएफ के प्रमुख है जो इजरायल और सीरिया के बल का निरीक्षण करेंगे।

## अंडर-19 क्रिकेट में भारतीय बल्लेबाज पंत ने जड़ा सबसे तेज अर्धशतक

01 फरवरी



भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का नया रिकॉर्ड बना डाला। उन्होंने यह कारनामा बांग्लादेश में चल रहे अंडर-19 विश्व कप में नेपाल के खिलाफ भारत के आखिरी ग्रुप मुकाबले में किया।

नेपाल से मिले 170 रनों के साधारण लक्ष्य का पीछा करते हुए पंत ने 18 गेंदों में अर्धशतक जड़ डाला, जिसकी बदौलत भारत मात्र 18.1 ओवरों में सात विकेट से बड़ी जीत हासिल करने में सफल रहा। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संशोधित 48 ओवरों के मैच में आठ विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए थे। प्रेम तमांग को अपना विकेट देने से पहले पंत ने 78 रनों की अपनी पारी में महज 24 गेंदों का सामना किया और नौ चौके तथा पांच छक्के लगाए। पंत ने बाउंड्री के जरिए ही 66 रन बटोरे। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए मैच में उन्होंने काफी धीमी पारी खेली थी। पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 83 गेंदों में 57 रन बनाए थे।

पंत से पहले अंडर-19 स्तर पर सबसे तेज अर्धशतक का रिकार्ड वेस्टइंडीज के ट्रेवोन ग्रीफिथ के नाम था। ग्रिफिथ ने 2010 में 19 गेंदों में अर्धशतक लगाकर यह कीर्तिमान कायम किया था। ऑस्ट्रेलिया के जॉर्ज बैले ने 2002 में अंडर-19 क्रिकेट में खेलते हुए 21 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

## सोंग ने स्पीथ को हराकर सिंगापुर ओपेन खिताब जीता

02 फरवरी



दक्षिण कोरिया के गोल्फ खिलाड़ी यूंगहान सोंग ने सर्वोच्च विश्व वरीयता प्राप्त अमेरिकी स्टार जॉर्डन स्पीथ को पछाड़ते हुए 10 लाख डॉलर इनामी एसएमबीसी सिंगापुर ओपन खिताब जीत लिया। सेंटोसा गोल्फ क्लब में हुए पीजीए टूर के इस टूर्नामेंट के चौथे राउंड में सोंग ने एक अंडर का स्कोर हासिल किया। फाइनल राउंड के आखिरी के दो होल पर सोंग पार स्कोर कर सके, जबकि आखिरी होल पर बर्डी लगाने के बावजूद स्पीथ दूसरे स्थान पर रहे। सोंग ने ओवरऑल 12 अंडर का स्कोर हासिल किया और एक शॉट के अंतर से खिताब जीत लिया।

## पाकिस्तान के सबसे बुजुर्ग टेस्ट क्रिकेटर इसरार अली का निधन

03 फरवरी

पाकिस्तान क्रिकेट के सबसे बुजुर्ग क्रिकेटर इसरार अली का गृहनगर ओकारा में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। निमोनिया अटैक से 88 वर्ष की उम्र में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इसरार अली का जन्म 1 मई 1927 को जुलंदर (अभी जालंधर) भारत में हुआ था। इसरार वर्ष 1952 में यानी बंटवारे के बाद पहली बार भारत दौरे पर आई पाकिस्तानी टीम हिस्सा थे। उन्होंने पाकिस्तान के लिए चार टेस्ट मैच जबकि 40 फर्स्ट क्लास मैच खेले।

इसरार ने अपना क्रिकेटिंग करियर 1946-47 में पंजाब में शुरू किया था। 1952 में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए दो टेस्ट क्रिकेट मैचों में भेजी गई पाकिस्तान के पहली टेस्ट टीम के सदस्य रहे अली एक ऑल-राउंडर



थे। 60 वर्ष पहले जब पाकिस्तान ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला था तब इसरार उसका हिस्सा थे। भारत के खिलाफ दो टेस्ट खेलने के अलावा उन्होंने 1959 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी दो टेस्ट मैच खेले थे। अपने टेस्ट करियर में उन्होंने 6 विकेट लिए। उन्होंने तकरीबन 40 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच भी खेले जिस दौरान उन्होंने 114 विकेट लिए जबकि 20.54 की औसत से 1130 रन भी बनाए।

## राहुल द्रविड़ आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी निगरानी ग्रुप में शामिल

05 फरवरी



भारत के महान बल्लेबाज राहुल द्रविड को आईसीसी की नव नियुक्त भ्रष्टाचार रोधी निगरानी ग्रुप में शामिल किया गया। ऐसा आईसीसी की इंटीग्रीटी वर्किंग कमेटी की सिफारिशों के बाद किया गया।

आईसीसी के अनुसार, ‘‘निगरानी ग्रुप में कार्यकारी समिति के चेयरमैन शामिल होंगे। जिसमें पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड, कानून विशेषज्ञ लुई वेस्टन और स्वतंत्र भ्रष्टाचार रोधी सलाहकार जान एबोट (इंटीग्रीटी वर्किंग पार्टी के चेयरमैन) भी शामिल हैं। भ्रष्टाचार रोधी इकाई के चेयरमैन सर रोनी फ्लानागन और आईसीसी के मुख्य कार्यकारी डेविड रिचर्डसन भी ग्रुप के पदेन सदस्य होंगे। द्रविड़ इस समय बांग्लादेश में चल रहे अंडर-19 विश्व कप में भारतीय टीम को कोचिंग दे रहे हैं।

अर्चना रामासुंदरम सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की पहली महिला महानिदेशक है।

## आईपीएल 9 नीलामी में शेन वाटसन 9.5 करोड़, युवराज 7 करोड़ में बिके 06 फरवरी



इंडियन प्रीमियर लीग सीजन-9 के लिए शुरू हुई नीलामी में बिके सबसे महंगे खिलाड़ियों में युवराज सिंह और शेन वाटसन रहे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 9.5 करोड़ रूपए में शेन वाटसन को खरीदा जबकि युवराज सिंह को सनराइजर्स हैदराबाद ने 7 करोड़ रूपए में खरीदा।

सनराईजर्स हैदराबाद ने 5.50 करोड़ रूपए में आशीष नेहरा को खरीदा। इसी तरह से पुणे सुपर जायंट्स ने 3.8 करोड़ में ईशांत शर्मा को खरीदा।

युवराज को सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के साथ चली जबर्दस्त बोली के बाद सात करोड़ रुपये में खरीद लिया। युवराज की यह कीमत उनकी पिछले वर्ष की 16 करोड़ रुपये की कीमत से नौ करोड़ रुपये कम है।

युवी को पिछले सत्र में दिल्ली डेयरडेविल्स ने 16 करोड़ रुपये में खरीदा जबकि उससे पिछले सत्र में युवराज को रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस बार युवी को वह कीमत नहीं मिली, जो उन्हें पिछले दो सत्रों में मिली।

मार्की खिलाड़ियों में आस्ट्रेलिया के वॉटसन 9.5 करोड़ रुपये की कीमत के साथ सबसे महंगे बिके। वॉटसन को भारतीय टेस्ट कप्तान विराट कोहली की बेंगलुरु टीम ने खरीदा।

बाएं हाथ के अनुभवी तेज गेंदबाज और विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल किये गये आशीष नेहरा को सनराइजर्स हैदराबाद ने 5.50 करोड़ रुपये में खरीदा जबकि तेज गेंदबाज इशांत शर्मा को 3.5 करोड़ रुपये में आईपीएल की नयी टीम राइङ्क्षजग पुणे सुपर जायन्ट्स ने खरीदा।

## केन्या 2018 में अफ्रीका नेशन्स चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा 08 फरवरी



केन्या 2018 में अफ्रीका नेशन्स चैम्पियनशिप (सीएचएएन) की मेजबानी करेगा। अफ्रीकी फुटबाल परिसंघ के दूसरे उपाध्यक्ष अल्मामी काबेले कामारा ने कहा कि पूर्वी अफ्रीकी देश को चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिए तैयारियां शुरू कर देनी चाहिए।

काबेले ने कहा, ''हमने रवांडा को इस वर्ष बहुत ही बेहतर तरीके से समारोह का आयोजन करते देखा है और अपने आयोजन के लिए उन्होंने 'ए ग्रेड' रैटिंग हासिल की है। हमने केन्या को बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए कहा है, ताकि 2018 के प्रतियोगिता का आयोजन सफल हो सके।'' इससे पहले सूडान ने 2011 में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया है और अफ्रीका तीसरी बार इसकी मेजबानी करेगा।

## कांगो ने जीता अफ्रीका नेशंस चैम्पियनशिप-2016 खिताब 08 फरवरी



कांगो गणराज्य, अफ्रीकी देश माली को 3.0 से हराकर अफ्रीकन नेशन्स चैम्पियनशिप (चान) 2016 का विजेता बन गया है। कांगो गणराज्य दूसरी बार इस चैम्पियनशिप को जीतने वाला पहला देश बन गया है। इस वर्ष इस चैम्पियनशिप का आयोजन 16 जनवरी 2016 से 7 फरवरी 2016 के मध्य रवांडा में किया गया था। जबकि वर्ष 2018 के लिए इस चैम्पियनशिप के मेजबान के रूप में केन्या का चयन किया गया है। इसमें अफ्रीकी देश की 16 टीमों ने भाग लिया था। चैम्पियनशिप के दौरान कुल 32 मैचों को खेला गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 2 वर्षों के अंतराल में होता है। इससे पूर्व इस प्रतियोगिता का आयोजन वर्ष 2014 में साउथ अफ्रीका में किया गया था। चैम्पियनशिप का ऑरेंज मैन ऑफ द मैच कांगो गणराज्य के मेचाक एलिया को दिया गया। ज्ञात हो पहली बार इस चैम्पियनशिप का आयोजन वर्ष 2009 में आइवरी कोस्ट में किया गया था।

## बृजभूषण शरण सिंह एसएडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष नियुक्त 09 फरवरी



सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह दक्षिण एशिया कुश्ती महासंघ (एसएडब्ल्यूएफ) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त पाकिस्तान के चौधरी मोहम्मद अजगर, श्रीलंका के यूएच नेविले तथा नेपाल के राज मोहम्मद अंसारी को उपाध्यक्ष जबकि बंगलादेश के तबीऊर रहमान को एसएडब्ल्यूएफ का महासचिव नियुक्त किया गया है। बृजभूषण को यह अधिकार दिया गया है कि वह भारत से एक संयुक्त सचिव और अफगानिस्तान से एक कोषाध्यक्ष तथा प्रत्येक सदस्य देशों से एक कार्यकारी सदस्य की नियुक्ति करे।

बृजभूषण को वर्ष 1991 में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य के गोंडा निर्वाचन क्षेत्र से 10वीं लोकसभा में चुना गया था। वर्ष 1999 में पुनः उन्हें इसी निर्वाचन क्षेत्र से चुना गया। वर्ष 2004 में 14वीं लोकसभा के दौरान बलरामपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा की ओर से वह पुनः निर्वाचित हुए। वर्ष 2012 के अप्रैल माह में बृजभूषण को भारतीय कुश्ती महासंघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान उनके समक्ष कोई प्रतिस्पर्धी नहीं था।

आई.आर.ई.पी.एस. का पूर्ण रूप भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम होता है।

## लाहिड़ी ने हिल्टन एशियन टूर गोल्फर आफ द ईयर पुरस्कार जीता

12 फरवरी



भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी को आनलाइन पोल में वोटिंग के बाद प्रशंसकों ने हिल्टन एशियन टूर गोल्फर आफ द ईयर चुना। लाहिड़ी ने वर्ष **2015** में यादगार प्रदर्शन किया और दुनिया के उभरते हुए युवा स्टार खिलाड़ियों में शामिल रहे।

इस भारतीय गोल्फर ने पिछले वर्ष मे बैंक मलेशिया ओपन और हीरो इंडिया ओपन का खिताब जीता जबकि पीजीए चौम्पियनशिप में संयुक्त पांचवें स्थान पर रहे। इसके अलावा वह प्रेसीडेंट कप में खेलने वाले पहले भारतीय बने और वर्ष का अंत एशियाई टूर आर्डर आफ मेरिट जीतकर किया। वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष **40** में शामिल रहे।

## बीसीसीआई ने रउफ पर लगाया 5 वर्ष का प्रतिबंध

12 फरवरी



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पाकिस्तानी अंपायर असद रउफ को भ्रष्टाचार के मामले में पांच वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। प्रतिबंध के बाद रउफ बीसीसीआई से संबंधित किसी भी गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। रउफ को मुंबई पुलिस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) **2013** में हुए फिक्सिंग विवाद में आरोपी बनाया था। जिसके बाद रउफ फरार हो गए थे।

बीसीसीआई की अनुशासन समिति की बैठक में रउफ को बोर्ड के भ्रष्टाचार रोधी कानून के अनुच्छेद **2.2.2, 2.3.2, 2.3.3** और **2.4.1** का दोषी पाया था। रउफ समिति के सामने पेश नहीं हुए उन्होंने बोर्ड को जवाब भेज अपने ऊपर लगे आरोपों की सफाई पेश की थी। समिति ने रउफ पर फैसला लेने से पहले उनके द्वारा भेजे गए जवाबों और जांच समिति की रिपोर्ट भी देखी थी। रउफ ने हमेशा ही अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताया है।

## चीन के पूर्व फुटबाल खिलाड़ी जेंग का निधन

12 फरवरी



चीन के पूर्व फुटबाल खिलाड़ी जेंग झुलिन का **87** साल की उम्र में निधन हो गया। जेंग ने **1984** एशियन कप में चीन को टीम के निदेशक रहते हुए उप-विजेता बनाया था। थाईलैंड में जन्म लेने वाले जेंग सात साल की उम्र में ही परिवार के साथ चीन आ गए थे। गोलकीपर रहते हुए उन्होंने तिआनजिन फुटबाल क्लब को **1959** एशियन कप में दूसरे स्थान तक पहुंचाया। वह **1960** में तिआनजिन के कोच बने और चीन फुटबाल कप में टीम को जीत दिलाई। उन्होंने **1973** में बीजिंग फुटबाल क्लब का कोच पद संभाला और क्लब को सफलता दिलाई। जेंग को बाद में राष्ट्रीय टीम का कोच भी बनाया गया। उन्होंने कोच रहते हुए सिंगापुर में **1984** में एशियन कप में टीम को उप-विजेता बनाया।

## एमसीएल चैंपियन बनी वीरेंद्र सहवाग की टीम 'जेमिनी अरेबियन्स'

15 फरवरी

भारत के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग की शानदार कप्तानी में जेमिनी अरेबियन्स ने खिताबी मुकाबले में लियो लायन्स को **16** रन से हराकर मास्टर्स चौंपियंस लीग (एमसीएल) टूर्नामेंट के पहले सत्र का खिताब अपने नाम कर लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जेमिनी अरेबियन्स ने निर्धारित **20** ओवरों में **7** विकेट के नुकसान पर **130** रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके बाद ब्रायन लारा की अगुवाई में लक्ष्य का पीछा करने उतरी लियो लायन्स की टीम **19.3** ओवरों में **114** रन पर सिमट गई और मुकाबला **16** रनों से गंवा दिया।

हैट्रिक सहित चार विकेट लेने वाले जेमिनी के गेंदबाज नावेद-उल-हसन को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जेमिनी टीम को शुरुआत में झटका लगा जब कप्तान वीरेंद्र सहवाग चौथे ही ओवर में पवेलियन लौट गए, उन्हें राबिन पीटरसन की गेंद पर ब्रेंडन टेलर ने स्टम्प आउट कर दिया।

इसके बाद कुमार संगकारा (**30**) ने रिचर्ड लेवी (**21**) के साथ **30** रनों की भागीदारी की। जस्टिन केम्प ने अंतिम ओवरों में तूफानी बल्लेबाजी कर दो छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद **32** रन बनाए। लियो लॉयन्स की तरफ से स्कॉट स्टायरिस ने **18** रनों पर दो और फिडेल एडवर्ड्स ने **27** रनों पर दो विकेट लिए। जवाब में लॉयंस के हामिश मार्शल ने सर्वाधिक **46** रन बनाए। उनके अलावा कप्तान ब्रायन लारा ने **28** रनों का योगदान दिया। लायंस एक समय जीत की तरफ बढ़ते दिख रहे थे लेकिन नावेद की हैट्रिक ने उनकी कमर तोड़ दी। उन्होंने **17**वें ओवर की अंतिम तीन गेंदों पर योहान बोथा (**3**), हीथ स्ट्रीक (**0**) और ब्रायन लारा (**28**) का शिकार किया। नावेद ने चार ओवर में मात्र नौ रन खर्च कर चार विकेट लिए।

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी छठी द्विमासिक मौद्रिक नीति में नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है।




## भारत ने पांचवां नौवहन उपग्रह आईआरएनएसएस-1ई लांच किया

20 जनवरी




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय क्षेत्रीय नौवहन उपग्रह प्रणाली आईआरएनएसएस श्रृंखला के पांचवें उपग्रह आईआरएनएसएस-1 ई को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी -सी31 के जरिए प्रक्षेपित कर एक और इतिहास रच दिया है। श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से रॉकेट का प्रक्षेपण किया गया जो वर्ष का पहला रॉकेट प्रक्षेपण था।

इसकी कामयाबी के साथ ही भारत का अपना न केवल उपग्रहों का जाल तैयार हो जाएगा बल्कि देष के पास अपना जीपीएस शुरू हो जाएगा। अब जीपीएस के लिए भारत को दूसरे मुल्कों पर निर्भर रहना नहीं पड़ेगा। यानी ये उड़ान खास है। भारतीय अरमानों को पंख लगाने वाला इसरो का ये कार्यक्रम अंतरिक्ष अनुसंधान के इतिहास में भारत का पताका लहराने वाला साबित होगा।

इस मिशन की कामयाबी के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में सम्मिलित हो गया है जिनके पास नौवहन यानी दिषासूचक प्रणाली है। आईआरएनएसएस प्रणाली के लिए 1420 करोड़ रुपए की कुल लागत निर्धारित की गई है। अभी तक दुनिया के चुनिंदा देशों के पास ही अपनी नौवहन प्रणाली है जिसमें रूस की ग्लोनास, अमेरिका की जीपीएस, यूरोपीय संघ की जीएनएसएस, चीन की बेईदोउ प्रणाली सम्मिलित है।

आईआरएनएसएस-1 ई आईआरएनएसएस अंतरिक्ष प्रणाली के सात उपग्रहों में से पांचवां नेविगेषन यानी दिषासूचक उपग्रह है।

## भारतीय वैज्ञानिक द्वारा निर्मित जेट का अनावरण

30 जनवरी




भारतीय वैज्ञानिक अभिषेक रॉय का डिजाइन किया हुआ 'एंटीपॉड' जेट प्लेन बनकर तैयार है। एंटीपॉड को कनाडियाई एयरक्राफ्ट कंपनी से संबंधित चार्ल्स बंबार्डियर ने पेश किया है। एंटीपॉड एक हाइपरसॉनिक जेट प्लेन है जो लंदन  से न्यूयॉर्क की 5597 किमी की दूरी केवल 11 मिनट में पूरी कर लेगा। प्लेन की एफिशिएंसी का अनुमान आप इस बात से लगा सकते हैं कि यह महज एक घंटे में ही 10 लोगों को 20 हजार किमी की सैर करवा सकता है।

एंटीपॉड अधिकतम मैक 24 यानि कि ध्वनि से 24 गुना तेज रफ्तार से उड़ने वाला प्लेन है  जिसे रॉकेट प्रोपेलर की सहायता से 40 हजार किलोमीटर की हाइट तक पहुंचाया जाता है। इसके बाद रॉकेट प्लेन से अलग हो जाते हैं और उसका सुपरसॉनिक कंबशन इंजन शुरू हो जाता है। ध्वनि की गति को मैक में काउंट किया जाता है। एक मैक में 1195 किमी प्रति घंटा की गति होती है। 40 हजार किलोमीटर पर ओवरहीटिंग से बचाने के लिए इस जैट में नासा के लॉन्ग पेनेट्रेशन मोड कंसेप्ट का यूज किया गया है जिससे विमान की सतह गर्म नहीं होती है।

## चीनी वैज्ञानिकों द्वारा प्रत्यारोपण व औषधि परीक्षण हेतु लिवर ऊतक का विकास

01 फरवरी



चीनी वैज्ञानिकों को कृत्रिम अंग तैयार करने की दिशा में एक और सफलता मिली है। चीनी विज्ञानी जिन्यी वांग ने लैब में लिवर का ऐसा ऊतक यानी टिश्यू तैयार किया है जो वास्तविक से अधिक भिन्न नहीं है। इसे लैब ऑन चिप तकनीक से बनाया गया है।

इसके लिए नार्थ वेस्ट ए एंड एफ यूनिवर्सिटी के विज्ञानी वांग के नेतृत्व में विज्ञानियों ने मानव के लिवर से कोशिका ली फिर उससे सूक्ष्म तरलीय ऊतक तैयार किया। जीव विज्ञान और भौतिकी में कम आयतन के दो तरल पदार्थों को परिष्कृत करके उनको सूक्ष्म पारस्परिक क्रिया से गुजारा जाता है, इसे सूक्ष्म तरलीय प्रक्रिया कहा जाता है।

ऊतक बनाने की समूची प्रकिया के परिणाम एकल चिप पर एकत्र हो गए। विज्ञानियों का दावा है कि बिना किसी साइड इफेक्ट के और मानव शरीर को सहज स्वीकार्य

सरोज कुमार झा को विश्व बैंक के एक वरिष्ठ निदेशक पद पर नियुक्त किया गया है।

लिवर लैब में तैयार की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। हालांकि सौ प्रतिशत सफलता के लिए कुछ और शोध की आवश्यकता है, यह लक्ष्य पूरा होने में अब अधिक वक्त नहीं लगेगा।

मानव के लिए कृत्रिम अंगों की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। आपात परिस्थितियों में प्रत्यारोपण के लिए अंग आसानी से उपलब्ध नहीं होते। यदि हो भी जाएं तो यह बात भी अहम रहती है कि दान किए जाने वाले अंग को शरीर स्वीकार करता भी है या नहीं।

वैज्ञानिकों के अनुसार, टिश्यू बनाने की प्रकिया में हर अवस्था सही रही और वास्तविक लिवर के कुछ और समकक्ष पहुंचने में हम सक्षम हो गए। इसके लिए छोटे और पेचीदा लोबूल्स को तैयार किया गया जो लिवर का अहम हिस्सा हैं। यह हिस्सा पित्त के स्त्राव और रक्त के प्रवाह को नियमित, नियंत्रित करता है। वांग के शोध के परिणाम एनालिटिकल केमिस्ट्री जर्नल में प्रकाशति हुए है।

## चीन की नोबल विजेता तू यूयू के नाम पर क्षुद्रग्रह का नामकरण

**02 फरवरी**



चीन के प्रशासन ने देश की वैज्ञानिक तू यूयू के नाम पर एक क्षुद्रग्रह का नामकरण किया है। तू यूयू ने अपनी आर्टिमीसिनि दवा के लिए फिजियोलॉजी और चिकित्सा क्षेत्र में साल 2015 का नोबेल पुरस्कार जीता था। उनकी इस दवा का इस्तेमाल मलेरिया के इलाज में किया जाता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन आयोग के प्रमुख ली बिन ने तू यूयू (85) के नाम पर क्षुद्रग्रह के नामकरण का प्रमाण-पत्र दिया। इस क्षुद्रग्रह का कोड 21230 है। इस कोड के आखिरी चार अंक तू यूयू के जन्मदिन को दर्शाते हैं। उनका जन्म 30 दिसंबर, 1930 में हुआ था।

## नासा का नया रॉकेट अपने संग 13 छोटे उपग्रह ले जाएगा

**03 फरवरी**



अमेरिका की अंतरिक्ष एंजेसी नासा ने कहा कि गहरे अंतरिक्ष मिशन के लिए स्पेस लांच सिस्टम (एसएलएस) रॉकेट 2018 में अपनी पहली उड़ान के दौरान 13 छोटे उपग्रहों और एक ओरियन अंतरिक्ष यान को ले जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, एसएलएस के पहले मिशन का मुख्य उद्देश्य ओरियन रॉकेट की एकीकृत प्रणाली के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना है जिससे बाद मानव मिशन के लिए भी रास्ता खुल सकें।

नासा के अनुसार, ''एसएलएस ने विज्ञान के महत्वपूर्ण परीक्षणों का एक असाधारण अवसर प्रदान किया है। इसके साथ ही पृथ्वी की कक्षा से परे महत्वपूर्ण तकनीकों की जांच संभव है।'' इस रॉकेट के पास ओरियन भेजने के साथ ही 13 छोटे उपग्रह को भेजने की अभूतपूर्व शक्ति है।

अपनी पहली उड़ान के लिए एसएलएस रॉकेट की 77 टन का वजन ढोने की क्षमता निर्धारित की गई है लेकिन वास्तव में यह 143 टन वजन ढोने की अभूतपूर्व क्षमता रखता है। नासा ने कहा कि ''क्यूबसैट्स'' नाम से जाने जाने वाले छोटे उपग्रह गहरे अंतरिक्ष में सेकंडरी पेलोड के तौर पर कार्य करेंगे। इससे भविष्य में गहरे अंतरिक्ष मिशन में मानव अन्वेषण का मार्ग प्रशस्त होगा। इन 13 उपग्रहों में से चार चांद का अध्ययन करेंगे। यह बर्फीले पानी, हाइड्रोजन और आसपास के अंतरिक्ष में अन्य संपदा की खोज करेंगे।

## बेंगलुरू में अंतरिक्ष केंद्र स्थापित करेगा रिलायंस समूह

**04 फरवरी**



रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी ने अंतरिक्ष केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। इस केंद्र में अंतरिक्ष से संबंधित अनुसंधान, विकास और नवाचार किए जाएंगे। इस केंद्र से करीब 1500 अति कुशल नौकरियां तैयार होंगी।

अंबानी ने 'इनवेस्ट कर्नाटक समिट' के उद्घाटन समारोह में कहा, ''हमने कर्नाटक में दूरसंचार, ऊर्जा, मनोरंजन, वित्तीय सेवाएं और अब रक्षा के क्षेत्र में करीब 5000 करोड़ रुपये का निवेश किया है और इससे लगभग 5000 नौकरियां तैयार हुई हैं।''

अनिल अंबानी ने 'धीरूभाई अंबानी सेंटर फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च इन एयरोस्पेस' का ऐलान किया। नई पहल रिलायंस डिफेंस के बैनर तले होगी, और यह एक ज्ञान आधारित प्रौद्योगिकी उपक्रम होगा, जो बेंगलुरू की नवाचार भावना के अनुरूप होगी। यह केंद्र शहर के बाहर व्हाईटफील्ड इलाके में स्थापित होगा।

## चांद पर चहलकदमी करने वाले छठे अंतरिक्ष यात्री मिशेल का निधन

**06 फरवरी**







श्याम एस. अग्रवाल को जनजातीय मामलों के मंत्रालय के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।



चांद पर चलहकदमी करने वाले छठे अंतरिक्ष यात्री एडगर मिशेल का निधन हो गया। वह **86** वर्ष के थे। मिशेल का फ्लारिडा के वेस्ट पॉम बीच में निधन हो गया।

वह **1971** में 'अपोलो **14** अभियान' के दौरान चांद पर चहलकदमी करने वाले पायलट थे। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि चांद पर उतरने की **45**वीं वर्षगांठ के दिन उनका निधन हो गया।

अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा पर मिशेल अपोलो **14** के कमांडर एलन शेपहार्ड के साथ गए थे, जो अंतरिक्ष यात्रा करने वाले पहले अमेरिकी नागरिक थे।

इनका लक्ष्य चंद्रमा पर वैज्ञानिक उपकरण तैनात करना और संचार संबंधी परीक्षण करने के साथ ही चांद की सतह की तस्वीरें लेना था। मिशेल और शेपहार्ड ने सबसे लंबे समय तक चांद पर रहकर रिकार्ड कायम किया था।

वह **33** घंटे तक चांद पर रहे थे। उन्होंने चांद पर से पहले रंगीन टेलीविजन का ट्रांसमिशन भी किया था। मिशेल ने चांद पर से **42.6** किलोग्राम पत्थर और मिट्टी के नमूने एकत्रित करने में सहायता की थी।

मिशेल का जन्म टेक्सास के हेरफार्ड में हुआ था और उन्होंने मेसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी से एयरोनाटिक्स में मानद उपाधि हासिल की थी। वर्ष **1966** में उनका अंतरिक्ष यात्री के रूप में चयन किया गया था।

## वैज्ञानिकों ने ब्लड टेस्ट के माध्यम से अल्जाइमर का पता लगाने की तकनीक विकसित की

**10 फरवरी**

इजरायल की तेल अवीव यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के एक समूह ने ब्लड टेस्ट के माध्यम से अल्जाइमर का पता लगाने की तकनीक विकसित करने की घोषणा की है।

इससे दिमागी बीमारी अल्जाइमर का पता ब्लड टेस्ट के माध्यम से ही चल जाएगा।

शोधकर्ताओं ने खून में ऐसे बायोमार्कर की पहचान की है, जिससे आसानी से अल्जाइमर का पता लगाया जा सकेगा। अल्जाइमर में व्यक्ति की याददाश्त और समझने की शक्ति खत्म होने लगती है। इजरायल की तेल अवीव यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने अल्जाइमर से ग्रसित होने की आशंका वाले प्रौढ़ लोगों में खास प्रोटीन एडीएनपी की पहचान की।

शोधकर्ताओं ने खून में एडीएनपी की मात्रा और दिमाग में एमलॉयड बीटा की परत के बीच स्पष्ट संबंध देखा एवं इसी आधार पर इस तकनीक को विकसित किया। दिमाग में एमलॉयड की परत ही अल्जाइमर की वजह बनती है।

शोधकर्ता एडीएनपी के स्तर और बड़ी उम्र के लोगों के आइक्यू के बीच संबंध का पता लगाने भी सफल रहे हैं।

अभी अल्जाइमर का पता लगाने के लिए कई दौर की जांच करनी पड़ती है। शुरुआती स्तर पर इसका पता लगाना भी मुश्किल होता है।

## 'मिल्की वे' के पीछे सैकड़ों आकाशगंगाएं

**11 फरवरी**

वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से महज **25** करोड़ प्रकाश वर्ष दूर ऐसी सैकड़ों आकाशगंगाओं की खोज की है जो अब तक हमारी आकाशगंगा के 'मिल्की वे' के पीछे छिपी हुई थीं।

इस खोज से 'ग्रेट अट्रैक्टर' के तौर पर जानी जाने वाली रहस्यमयी गुरूत्वाकर्षणीय अनियमितता और लाखों अरबों सूर्य के बराबर गुरूत्वाकर्षणीय बल वाले सैकड़ों हजारों अन्य आकाशगंगाओं को जानने में सहायता मिलेगी, ऑस्ट्रेलिया में 'कॉमनवेल्थ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ऑग्रेनाइजेशन' (सीएसआईआरओ) के एक उन्नत रिसीवर से लैस पार्क्स रेडियो टेलीस्कोप की सहायता से वैज्ञानिक तारों और मिल्की वे के गुबार के पार भी देखने में सक्षम रहे।

'इंटरनेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोनॉमी रिसर्च' (आईसीआरएआर) के केंद्र 'यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया' के प्रोफेसर लिस्टर स्टेवली-स्मिथ के अनुसार, टीम ने **883** आकाशगंगाओं का पता लगाया जिसकी एक तिहाई को इससे पहले कभी नहीं देखा गया था, स्टेवली-स्मिथ ने बताया कि वैज्ञानिक **1970** और **1980** के दशक में ब्रह्मांड विस्तार के कारण हुए प्रमुख विचलन के बाद से रहस्यमयी 'ग्रेट अट्रैक्टर' की तह तक पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

इस शोध से कई नई संरचनाओं का पता चला, जिससे सम्मिलित रूप से तीन आकाशगंगाओं (एनडब्ल्यू**1**, एनडब्ल्यू**2** और एनडब्ल्यू**3**) और दो नए झुंडों (सीडब्ल्यू**1** और सीडब्ल्यू**2**) सहित 'मिल्की वे' की गतिविधि के बारे में पता लगाने में मदद मिलेगी, अंतरिक्ष विज्ञानी दशकों से 'मिल्की वे' के पीछे छिपे आकाशगंगा के विस्तार का मानचित्रीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं।



सांग यंग-हान ने सिंगापुर ओपन खिताब **SMBC** जीतने के लिए अमेरिकी स्टार जोर्डन स्पीथ को पराजित किया।

## इसरो, इस वर्ष जीएसएलवीयान पर आधारित क्रायोजनिक मार्क-थ्री का प्रक्षेपण करेगा — 11 फरवरी




मंगलयान की सफल लॉन्चिंग से दुनिया में परचम लहराने के बाद इसरो के वैज्ञानिक ने एक और अहम मिशन को अंजाम दिया। आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से भारत के सबसे वजनी रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 रॉकेट का प्रक्षेपण किया गया।

अगर ये मिशन सफल रहता है तो इसरो अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजने की अपनी योजना का एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लेगा। दरअसल जीएसएलवी मार्क-3 अपने साथ एक भारी भरकम कैप्सूल यानी क्रू मॉड्यूल एटमॉस्फेयर रिएंट्री एक्सपेरिमेंट मिशन भी लेकर जा रहा है। इसरो न सिर्फ इस कैप्सूल को अंतरिक्ष में भेज रहा है बल्कि वो उसे सकुशल धरती पर वापस लाकर भी दिखाएगा।

अगर इसमें कामयाबी मिलती है तो इसरो अंतरिक्ष में कैप्सूल भेजने और उसे वापस लाने की तकनीकी परीक्षा में पास हो जाएगा। ऐसे कैप्सूल में ही अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जाता है हालांकि इस प्रयोग के सफल रहने के बाद भी इसरो को अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजने में तकरीबन पांच साल लगेंगे।

## वैज्ञानिकों ने गुरुत्वाकर्षण तरंगों की खोज की — 12 फरवरी



एक शताब्दी पहले आइंस्टीन ने अंतरिक्ष में जिन गुरुत्वाकर्षण लहरों की भविष्यवाणी की थी उसे वैज्ञानिकों ने अंततरू ढूंढ निकाला है। वैज्ञानिकों ने इसकी घोषणा की और इस सफलता की खुशी की तुलना गैलिलियो द्वारा टेलीस्कोप से पहली बार ग्रहों के देखे जाने से की। वैज्ञानिकों ने इसे खगोलशास्त्र की महत्वपूर्ण खोज बताया है।

ब्रह्मांड में होने वाले जबरदस्त टकरावों से उत्पन्न होने वाले इन तरंगों की खोज से खगोलविद काफी खुश हैं क्योंकि इससे ब्रह्मांड को देखने का एक नया नजरिया मिल गया है। उनके लिए यह एक मूक फिल्म को आवाज देने जैसा है क्योंकि ये तरंगे ब्रह्मांड की आवाज हैं। खोज टीम में शामिल कोलंबिया यूनिवर्सिटी के एस्ट्रोफिजिसिस्ट स्जाबोल्क्स मार्का ने कहा, 'अभी तक हमारी सिर्फ नजरें आसमान पर थीं और हम उसका संगीत नहीं सुन सकते थे। अब आकाश पहले जैसा नहीं होगा।'

शोधकर्ताओं ने घोषणा की कि 1.3 अरब वर्ष पहले जब दो ब्लैक होल टकराए थे तो इन दोनों के जुड़ने से एक तरंग अंतरिक्ष के रास्ते 14 सितंबर 2015 को पृथ्वी पर पहुंचा। जटिल यंत्रों के जरिए इसकी खोज की गई। इस घटना की पहचान अमेरिका स्थित दो भूमिगत डिटेक्टरों ने की। इन डिटेक्टरों को कुछ इस तरह डिजाइन किया गया है जो गुरुत्व तरंगों से गुजरने वाली अत्यंत छोटी कंपन का भी पता लगा सकते हैं।

## 2020 तक निजी हाथों में होगा भारत का पीएसएलवी — 15 फरवरी

सरकार देश के अंतरिक्ष प्रोग्राम में बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रही है। सरकार की योजना है कि अगले चार साल के भीतर इसरो के पोलर सैटलाइट लॉन्च सिस्टम (पीएसएलवी) को निजी हाथों में सौंप दिया जाए। यह बात इसरो के अध्यक्ष ए. एस. किरन कुमार ने कही है।

पूरा प्लान तैयार होने के बाद रॉकेट प्रक्षेपण (पीएसएलवी से जुड़ा) का पूरा काम निजी कंपनियों को दे दिया जाएगा। यह काम इसरो की वाणिज्यिक शाखा ऐंट्रिक्स के जरिए किया जाएगा।

'मेक इन इंडिया वीक 'के दौरान इंडस्ट्री लीडर्स से इस योजना की चर्चा की जाएगी और 2020 में हम इसे लागू कर दिया जायेगा। कुमार के अनुसार, पीएसएलवी के निजीकरण से न सिर्फ प्रक्षेपणों की क्षमता बढ़ेगी बल्कि साल में प्रक्षेपणों की संख्या भी 12 से बढ़कर 18 तक हो जाएगी।

अगर भारत की यह योजना कामयाब होती है तो यह अमेरिका के युनाइटेड लॉन्च एलायंस (न्स) की ही तरह होगा, जो कि लॉकहीड मार्टिन और बोइंग कंपनी का जॉइंट वेंचर है। इसे 2006 में बनाया गया था। इसका मकसद अमेरिकी मिशनों को और भी ज्यादा सस्ता और चुस्त बनाना था।

भारत में पहला पीएसएलवी सितंबर 1993 में लॉन्च किया गया था। अब तक 33 पीएसएलवी प्रक्षेपण किए जा चुके हैं। 1993 में एक पीएसएलवी लॉन्च नाकाम हुआ था, बाकी सभी सफल रहे हैं। इसीलिये इसे दुनिया के सबसे सफल रॉकेटों में गिना जाता है।

सीबीडीटी यूनाइटेड किंगडम के साथ दो द्विपक्षीय अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौतों (APAS) में प्रवेश किया है।




## फिल्मकार अनिल गांगुली का निधन — 16 जनवरी



मशहूर फिल्मकार अनिल गांगुली का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 82 साल के थे। गांगुली एक जाने-माने निर्देशक और पटकथा लेखक थे जिन्होंने 1970 के दशक से 90 के दशक तक हिंदी सिनेमा में काम किया।

उन्हें सबसे अधिक जया भादुड़ी अभिनीत 'कोरा कागज' और 'तपस्या' के लिए जाना जाता है। दोनों फिल्मों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। उनकी अन्य उल्लेखनीय फिल्में 'साहेब', 'तृष्णा', 'खानदान', 'हमकदम', 'प्यार के काबिल', 'बलिदान':1990 में बंगाली बोलीदानः, 'दुश्मन देवता' आदि हैं।

## चीन ने बेलारूस का दूरसंचार उपग्रह अंतरिक्ष में छोड़ा — 17 जनवरी



चीन ने दक्षिण पश्चिम चीन के जिचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से निर्धारित कक्षा में बेलारूस का एक दूरसंचार उपग्रह प्रक्षेपित किया। इस उपग्रह को लॉन्ग मार्च-थ्रीबी रॉकेट के जरिए छोड़ा गया। यह बेलारूस का पहला दूरसंचार उपग्रह है और चीन ने पहली बार किसी यूरोपीय देष के किसी उपग्रह का प्रक्षेपण किया है। चीनी अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निगम द्वारा निर्मित बेलइंटरसैट-1 को पूर्वी देशांतर में 51.5 डिग्री पर स्थित एक भू-स्थैतिक कक्षा में स्थापित कर दिया जाएगा, जो सैटेलाइट टीवी, रेडियो प्रसारण और ब्रॉडबैंड इंटरनेट सहित दूरसंचार सेवाओं को एक व्यापक सेवा प्रदान करेगा। इस उपग्रह का जीवन काल 15 वर्षो का होगा। यह 2016 में चीन का पहला मिषन है और लॉन्ग मार्च कैरियर रॉकेट का 223वां प्रक्षेपण है।

## केन्या के किपकेटर ने जीती मुंबई मैराथन, बनाया नया कीर्तिमान — 18 जनवरी



केन्या के धावक गिडोन किपकेटर ने हुई मुंबई मैराथन में पुरुष श्रेणी में नया रिकार्ड बनाते हुए मैराथन जीत ली। किपकेटर ने 42.195 किलोमीटर की मैराथन को दो घंटे आठ मिनट और 35 सेकेंड में पूरा किया। किपकेटर ने जैक्सन किपरोप के दो घंटे नौ मिनट 32 सेकेंड के रिकार्ड को धवस्त किया। किपकेटर ने शुरू से लेकर अंत तक मैराथन में अपना दबदबा बनाए रखा। मैराथन छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से षुरू होकर राजीव गांधी सी लिंक पर खत्म हुई। मैराथन जीतने के बाद किपकेटर को 41,000 डॉलर का इनाम मिला। साथ ही रिकॉर्ड तोड़ने पर 15,000 डॉलर की राशि भी प्रदान की गई।

## आकाशगंगा में ढूंढा गया दूसरा सबसे बड़ा ब्लैकहोल — 18 जनवरी

अंतरिक्ष विज्ञानियों ने आकाशगंगा के केंद्र में एक अदृश्य ब्लैकहोल के संकेतों की पहचान की है, जिसका वजन सूर्य के वजन का 100 हजार गुना है। इस दल का मानना है कि यह संभावित ''मध्यवर्ती द्रव्यमान'' ब्लैकहोल तारामंडलों के केंद्रों में स्थित भारी-भरकम ब्लैक होल्स की उत्पत्ति को समझने का मूल है। जापान की कीओ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर तोमोहारू ओका के नेतृत्व में अंतरिक्ष विज्ञानियों के दल ने पाया कि गैस के एक गहरे बादल का पता लगाया गया, जो कि आकाशगंगा के केंद्र से मात्र 200 प्रकाशवर्श की दूरी पर है। इसे सीओ-0.40-0.22 कहा गया। इस बादल में मौजूद गैस की गति भिन्न-भिन्न है। दल ने इस रहस्यमयी गुण का पता दो रेडियो दूरदर्षियों से लगाया। इनमें से एक जापान में मौजूद 45 मीटर का नोबेयामा रेडियो टेलीस्कोप है और दूसरा चिली में एएसटीई टेलीस्कोप है। दोनों का ही संचालन एस्ट्रोनॉमिकल ऑब्जर्वेटरी ऑफ जापान करती है। यह शोध एस्ट्रोफिजिकल जनरल लैटर्स में प्रकाशित हुआ है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गंगटोक में सिक्किम जैविक उत्सव, 2016 का उद्घाटन किया — 19 जनवरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गंगटोक में सिक्किम जैविक उत्सव, 2016 का उद्घाटन किया और टिकाऊ खेती और किसान कल्याण पर आयोजित सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सिक्किम ऑर्गेनिक के लोगो को भी डिजिटल तौर पर लांच किया। उन्होंने सिक्किम में विकसित ऑर्किड की तीन किस्मों को भी लांच किया। प्रधानमंत्री ने राज्य को पूर्ण जैविक खेती की यात्रा की ओर ले जाने के लिए मुख्यमंत्री पवन चामलिंग को दो प्रशस्तियां दीं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के 100 प्रतिशत कवरेज के लिए राज्य के दो जिलों को भी प्रशस्ति पत्र सौंपे गए। उन्होंने किसानों और जनजातीय लोगों के विकास की चामलिंग की दृष्टि की प्रशंसा की। राज्य में जो विकास हो रहा है उसका श्रेय उन्होंने चामलिंग को दिया। उन्होंने कहा कि चामलिंग ने राज्य में कल्याण और विकास के जो मुद्दे उठाए हैं उस पर केंद्र सरकार गौर करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह राज्य के किसानों के मेहमान हैं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान जो विचार-विमर्श हुआ उसने देश में कृषि के प्रति समग्र दृष्टिकोण की रूपरेखा तय कर दी है।

नीतीश कुमार को 'सामाजिक न्याय 2015 के लिए के. वीरमणि अवॉर्ड' के लिए चुना गया है।

## यूएनडब्ल्यूटीओ ने विश्व पर्यटन बैरोमीटर जारी किया

19 जनवरी

विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने वर्ष 2015 की क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर पर्यटन के क्षेत्र में प्रवृत्तियों की समीक्षा की और 2016 के लिए संभावित आंकलन पर विश्व पर्यटन बैरोमीटर जारी किया। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो लगभग 1184 मिलियन है। वर्ष 2015 में 2014 की अपेक्षा 50 लाख अधिक यात्री दर्ज किए गए।

विश्व पर्यटन बैरोमीटर की मुख्य विषेशताएं-

- 2010 में पर्यटकों की संख्या में कमी के बाद 2015 तक औसत विकास दर में पिछले 6 वर्षों से लगातार प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 4 प्रतिशत या उससे अधिक बढ़त जारी है।
- 2015 में बड़े पैमाने पर दुनिया के कई हिस्सों से पर्यटकों के आगमन से विनिमय दर, तेल की कीमतें और प्राकृतिक और मानव निर्मित संसाधन संकट से प्रभावित थे। क्षेत्रीयता के आधार पर, यूरोप, अमेरिका और एशिया और प्रशांत क्षेत्र में वर्ष 2015 में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।
- मध्य पूर्व एशिया में भी पर्यटकों के आगमन में 3 प्रतिशत की वृद्धि की दर्ज की गयी। जबकि उत्तरी अफ्रीका में पर्यटकों की कम आवक के कारण अफ्रीका में 3 प्रतिशत की कमी रही। इससे क्षेत्र में पर्यटकों की आमद में एक तिहाई से अधिक कमजोर की कमी का अनुमान है।

## अमेरिका के सुप्रसिद्ध अभिनेता आबे विगोदा का निधन

27 जनवरी



अमेरिका के सुप्रसिद्ध अभिनेता और गॉडफादर फिल्म से अपनी विशेष पहचान बनाने वाले आबे विगोदा का न्यूजर्सी में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। 24 फरवरी 1921 को न्यूयॉर्क शहर में जन्मे विगोदा का पूरा नाम अब्राहम चार्ल्स विगोदा था। उनके पिता दर्जी का काम करते थे।

बार्ने मिलर पुलिस कॉमेडी सीरीज में अभिनय करने वाले धीमी गति से डॉयलाग बोलते थे और वह नाटक और कॉमेडी दोनों में ही माहिर थे। विगोदा ने 1972 में आयी 'गॉडफादर' में डकैत सिल्वाटोर तेसियो की भूमिका निभायी थी जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। विगोदा को वर्ष 1982 में एक पत्रिका ने गलती से मृत घोशित कर दिया था, जब वह 62 वर्ष के थे। विगोदा ने 17 वर्ष की आयु में मंच पर अपनी पहली प्रस्तुति दी थी। जब उन्हें गॉडफादर फिल्म में अभिनय का अवसर मिला था, वह 50 वर्ष के हो चुके थे।

## भारत के विभाजन पर लिखी गई किताब को प्रतिष्ठित 'विलियम ई कोल्बाई अवार्ड'

28 जनवरी



विभाजन और उसके घातक परिणामों पर लिखी गई एक किताब को अमेरिका में 5,000 डॉलर का प्रतिष्ठित '2016 विलियम ई. कोल्बाई अवॉर्ड' प्रदान किया गया है। निसिद हजारी की किताब ''मिडनाइट्स फ्यूरीजः द डेडली लेगेसी ऑफ इंडियाज पार्टीशन'' ने यह पुरस्कार जीता है।

यह हजारी की पहली किताब है जिसमें वर्श 1947 में हुए भारत के विभाजन और उसके आसपास हुई हिंसा के बारे में बताया गया है।

## वन्य जीव फिल्म निर्माता नरेश बेदी, वी. शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

29 जनवरी



वन्य जीव फिल्म निर्माता नरेश बेदी को रविन्द्र नाट्य मंदिर, मुंबई में आयोजित मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 14वें संस्करण के दौरान वी शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस महोत्सव का उद्घाटन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री राज्यवर्धन राठौर द्वारा किया गया। एमआईएफएफ 2016 का आयोजन महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से फिल्म प्रभाग द्वारा किया गया है।

एमआईएफएफ दक्षिण एशिया में गैर-फीचर फिल्मों का सबसे बड़ा महोत्सव है। इसकी स्थापना वर्ष 1990 में की गई थी। इसका पूर्ण नाम मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल फॉर डोक्युमेंट्री, शॉर्ट एंड एनिमेशन फिल्म्स है। अतः यह डोक्युमेंट्री, शॉर्ट एंड एनिमेशन फिल्म्स के क्षेत्र की प्रतिभाओं सम्मानित करने वाला महोत्सव है। उद्घाटन समारोह के दौरान नरेश बेदी की फिल्म 'चेरुब ऑफ द मिस्ट', जेकब फ्रे की 'द प्रेसिडेंट' और सर्गे टेसिस की 'सेकंड विंड' को प्रदर्शित कियता गया। ज्ञात हो एमआईएफएफ 2016 के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता जैकी श्रॉफ हैं।

- नरेश बेदी भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थाअन (एफटीआईआई) से स्नातक हैं। वह प्रतिष्ठित वाइल्डस्क्रीन रेड पांडा पुरस्कार को प्राप्त करने वाले पहले एशियाई हैं। उनके द्वारा निर्मित फिल्मों को नेशनल ज्योग्राफिक, डिस्कवरी चौनल, बीबीसी आदि पर दिखाया गया है।

मुक्तेश कुमार परदेशी को मेक्सिको में भारत के राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है।

## उर्दू लेखक इंतजार हुसैन का निधन

**03 फरवरी**



उर्दू कथा लेखक, उपन्यासकार, कवि और स्तंभकार इंतजार हुसैन का पाकिस्तान के लाहौर में निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। वह पहले पाकिस्तानी और उर्दू लेखक थे जिन्हें प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मैन बुकर पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। उनका जन्म 7 दिसंबर 1923 को भारत में उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में डिबाई नामक स्थान पर हुआ था।

उन्होंने वर्ष 1946 मेरठ महाविद्यालय से उर्दू में स्नातक किया और वर्ष 1947 में लाहौर चले गए। उन्होंने विभिन्न समाचार पत्रों में पत्रकार के रूप में कार्य किया और वर्ष और वर्ष 1988 में 'डेली मशरीक' समाचारपत्र से सेवानिवृत्त हुए। उनकी प्रसिद्ध पुस्तकों में कंकरी, गली कूचे, शेर-ए-अफसोस, दीन और दास्तां, पिंजरा और शहर जाद के नाम शामिल हैं।

उन्हें वर्ष 2014 में फ्रांस सरकार द्वारा श्ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर' कला से सम्मानित किया गया। वर्ष 2013 में उन्हें उपन्यास के लिए अंतर्राष्ट्रीय मैन बुकर पुरस्कार के लिए अंतिम दस लोगों की सूची में नामित किया गया ऐसा करने वाले वह पहले पाकिस्तानी और पहले उर्दू लेखक थे।

## तितली को एफएससीसी में सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म अवार्ड दिया गया

**04 फरवरी**

भारतीय फिल्म निर्माता कनु बहल द्वारा निर्देशित तितली फ्रेंच सिंडिकेट ऑफ सिनेमा क्रिटिक्स-2016 (एफएससीसी) द्वारा सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म का अवार्ड दिया गया। इससे पहले तितली विभिन्न फिल्म फेस्टिवल्स में अवार्ड जीत




चुकी है जिसमें बोर्डोक्स, हवाई, न्यूयॉर्क, टर्की एवं स्पेन फिल्म फेस्टिवल शामिल हैं।

तितली वर्ष 2015 में कनु बहल द्वारा लिखित एवं निर्देशित फिल्म है। इसे दिबाकर बेनर्जी प्रोडक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड एवं आदित्य चोपड़ा द्वारा यश राज फिल्म्स के बैनर तले लॉन्च किया गया। इसमें रणवीर शौरी, अमित सिआल, शशांक अरोड़ा, ललित बहल एवं शिवानी रघुवंशी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसकी कहानी एक परिवार के सदस्यों द्वारा समाज की सच्चाई को दर्शाया गया है।

इसमें प्रत्येक वर्ष चार पुरस्कार दिए जाते हैं- सर्वश्रेष्ठ फ्रांसीसी फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म, सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म एवं सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म। यह प्रत्येक वर्ष इंटरनेशनल क्रिटिक्स वीक भी आयोजित करता है जो कांस फिल्म फेस्टिवल के समकक्ष माना जाता है।

## चीन के प्रतिष्ठित नाटककार यान सू का निधन

**12 फरवरी**



चीन की पीपुल्स लिबरेशन पार्टी (पीएलए) के लोकप्रिय नाटककार और गीतकार यान सू का निधन हो गया। पीएलए वायुसेना के जनरल अस्पताल के अनुसार, यान सू का बीजिंग में तड़के 3.07 बजे निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे।

यान को ओपेरा, नाटक और संगीत में अपने योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड सहित 100 से अधिक पुरस्कार जीते।

कला के प्रति अपने समर्पण और के लिए लोग उन्हें पसंद करते थे। यान ने 'डेयर टू आस्क व्हेयर इज द रोड', 'जर्नी टु द वेस्ट' के थीम सांग सहित कई लोकप्रिय गानों के बोल लिखे ते। 'जर्नी टु द वेस्ट' का प्रसारण चीन में 1986 में किया गया। वह सितंबर 2015 को बीजिंग में 'विक्टरी एंड पीस' सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति के बाद कोमा में चले गए थे।

## ताजिकिस्तान में भारत के राजदूत बिराजा प्रसाद का निधन

**13 फरवरी**



ताजिकिस्तान गणराज्य में भारत के राजदूत बिराजा प्रसाद निधन हो गया। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता विकास स्वरूप ने ट्विटर के माध्यम से कहा कि ताजिकिस्तान गणराज्य में भारत के राजदूत बिराजा प्रसाद का निधन हो गया।

राजदूत बिराजा प्रसाद ओडिशा के वर्ष 1998 बैच के एक भारतीय विदेश सेवा अधिकारी थे। बिराजा प्रसाद किसी भी देश में भारतीय राजदूत के रूप में नियुक्त किए सबसे कम उम्र के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) थे। उन्होंने भारतीय दूतावास के मिशन में उप प्रमुख के रूप में मैड्रिड में भी काम किया। मंत्रालय में प्रसाद ने रूस, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित कार्यों को संभाला।

म्यांमार ने प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष के रूप में यू विन मइंत को निर्वाचित किया गया है।




Mahendra's™

Helping Hand

Website

www.mahendras.org
www.interviewguru.mahendras.org
www.mahendrapublication.org
stportal.mahendras.org
enews.mahendras.org

myshop.mahendras.org
www.bankersguru.org
www.railwayguru.org
www.sscguru.org



# पद्म पुरस्कार 2016

पद्म पुरस्कार-देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री श्रेणियों में दिए जाते हैं। यह पुरस्कार, कला, सामाजिक कार्य, जन हित के मामलों, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, व्यापार एवं उद्योग, मेडिसिन, साहित्य तथा शिक्षा, खेल-कूद तथा नागरिक सेवाओं के लिए दिए जाते हैं। पद्म विभूषण असाधारण और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दिया जाता है। पद्म भूषण उच्च श्रेणी की उत्कृष्ट सेवाओं तथा पद्मश्री किसी क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया जाता है। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। पद्म पुरस्कार राष्ट्रपति द्वारा मार्च/अप्रैल में राष्ट्रपति भवन में आयोजित किए जाने वाले समारोह में प्रदान किए जाते हैं। इस वर्ष राष्ट्रपति ने **112** व्यक्तियों को पद्म पुरस्कारों की स्वीकृति दी है। **10** पद्म विभूषण, **19** पद्म भूषण की सूची नीचे दी गयी है। इनमें **19** महिलाएं तथा **10** व्यक्ति विदेशी, एनआरआई, पीआईओ हैं। पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त करने वाले लोगों की संख्या **83** हैं (सूची नहीं दी गयी है)।

## पद्म विभूषण

| क्र.सं. | नाम | क्षेत्र | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1. | सुश्री यामिनी कृष्णमूर्ति | कला- शास्त्रीय नृत्य | दिल्ली |
| 2. | श्री रजनीकांत | कला- सिनेमा | तमिलनाडु |
| 3. | श्रीमती गिरिजा देवी | कला- शास्त्रीय गायन | पश्चिम बंगाल |
| 4. | श्री रामोजी राव | साहित्य एवं शिक्षा- पत्रकारिता | आंध्र प्रदेश |
| 5. | डॉ विश्वनाथन शांता | मेडिसिन- ऑनकोलॉजी | तमिलनाडु |
| 6. | श्री श्री रविशंकर | अन्य- अध्यात्म | कर्नाटक |
| 7. | श्री जगमोहन | लोक मामले | दिल्ली |
| 8. | डॉ वासुदेव कलकुंते आत्रे | विज्ञान इंजीनियरिंग | कर्नाटक |
| 9. | श्री अविनाश दीक्षित (विदेशी) | साहित्य एवं शिक्षा | अमेरिका |
| 10. | स्वर्गीय श्री धीरू भाई अंबानी(मरणोपरांत) | व्यापार तथा उद्योग | महाराष्ट्र |

## पद्म भूषण

| क्रम सं. | नाम | क्षेत्र | राज्य |
|---|---|---|---|
| 11. | श्री अनुपम खेर | कला-सिनेमा | महाराष्ट्र |
| 12. | श्री उदित नारायण झा | कला-पार्श्व गायन | महाराष्ट्र |
| 13. | श्री राम वी सुतार | कला- मूर्तिकला | उत्तर प्रदेश |
| 14. | श्री हिसनाम कन्हाईलाल | कला- थियेटर | मणिपुर |
| 15. | श्री विनोद राय | सिविल सेवा | केरल |
| 16. | डॉ यार्लगद्द लक्ष्मी प्रसाद | साहित्य तथा शिक्षा | आंध्र प्रदेश |
| 17. | प्रोफेसर एन. एस. रामानुज ततआचार्य | साहित्य तथा शिक्षा | महाराष्ट्र |
| 18. | डॉ बरजिंदर सिंह हमदर्द | साहित्य तथा शिक्षा-पत्रकारिता | पंजाब |
| 19. | प्रोफेसर डी नागेश्वर रेड्डी | मेडिसिन- गैस्ट्रोइंट्रोलाजी | तेंलगाना |
| 20. | स्वामी तेजोमायानंद | अन्य -अध्यात्म | महाराष्ट्र |
| 21. | श्री हाफिज कंट्रैक्टर | अन्य-कृषि | महाराष्ट्र |

शेष पृष्ठ. 86 पर

नासा के 'सेप्सवार्ड बाउंड प्रोग्राम 2016' के लिए लद्दाख का चयन किया गया है।

# स्टार्ट-अप इंडिया

# स्टैंड-अप इंडिया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में स्टार्ट-अप इंडिया अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के शुभारंभ पहले उद्यमशीलता के विभिन्न पहलुओं पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्चुअल प्रदर्शनी का भ्रमण किया और स्टार्ट-अप उद्यमियों से संवाद किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले **10** शानदार स्टार्ट-अप इनोवेटर्स ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने **15** अगस्त को स्टार्ट-अप इंडिया अभियान लॉन्च किया था, तो इस घोषणा पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया लेकिन आज बड़ी संख्या में लोग इसे समर्थन दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आम तौर पर सफल स्टार्ट-अप उन लोगों द्व ारा बनाए जाते हैं, जो खास विचारो पर काम करते हैं या लोगों के सामने आ रही समस्याओं को हल निकालने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि पैसा कमाना उनका प्राथमिक उद्देश्य नहीं, लेकिन अक्सर उनके उप-उत्पाद होते हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप इनोवेटर्स अक्सर दूसरों के प्रति सहानुभूति की भावना से आगे बढ़ते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं, भारत के युवा नौकरी खोजने वाले के बजाय रोजगार पैदा करने वाले बनें। उन्होंने कहा कि यदि एक स्टार्ट-अप सिर्फ **5** लोगों को भी रोजगार दे, तो यह भी राष्ट्र की बड़ी सेवा होगी। उन्होंने यह भी कहा कि युवा इनोवेटर्स को फसल हानि और साइबर सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रधानमंत्री स्टार्ट-अप कार्ययोजना की मुख्य बातों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप्स को वित्तपोषण के लिए एक **10,000** करोड़ रुपए का स्टार्ट-अप फंड बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप को पहले तीन साल तक लाभ पर आयकर के भुगतान से छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार स्टार्ट-अप्स के लिए एक सरल निकासी नीति पर काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार स्टार्ट-अप पेटेंट आवेदनों की फास्ट-ट्रैकिंग पर काम कर रही है। उन्होंने स्टार्ट-अप कारोबारों के लिए पेटेंट शुल्क में **80** फीसदी तक छूट की घोषणा की और कहा कि स्टार्ट-अप के लिए **9** श्रम और पर्यावरण कानूनों के वास्ते एक स्व-प्रमाणन आधारित अनुपालन व्यवस्था पेश की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवाचार को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही अटल इनोवेशन मिशन पेश किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नया उद्यम शुरू करने वाले स्टार्टअप कारोबारियों के लिए तीन साल का टैक्स अवकाश, पूंजीगत लाभ टैक्स से छूट, इंस्पेक्टर राज मुक्त परिवेश और वित्तपोषण के लिए **10,000** करोड़ रुपये का कोष स्थापित करने सहित कई तरह के प्रोत्साहनों की घोषणा की।

- प्रधानमंत्री ने **9** श्रम और पर्यावरण कानूनों के अनुपालन के लिए स्वरूप्रमाणन योजना की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि उद्यम शुरू होने के पहले तीन साल के दौरान कोई जांच नहीं की जाएगी।
- देश में नर्वप्रवर्तन सोच के साथ आने वाले तकनीक आधारित इन नये उद्यमों के लिये एक उदार पेटेंट व्यवस्था भी लाई जाएगी। पेटेंट पंजीकरण में इन उद्यमों को पंजीकरण शुल्क में **80ः** छूट दी जायेगी।
- स्टार्टअप उद्यमियों के पहले सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें बढ़ावा देने के वास्ते एक कार्य योजना की घोषणा की। इन उद्यमों को देश में संपत्ति और रोजगार सृजन करने वाले अहम क्षेत्र के तौर पर देखा जा रहा है।
- दुनियाभर में स्टार्टअप की तीसरी बड़ी संख्या भारत में है। सरकार इन उद्यमों को सरकारी खरीद ठेके लेने के मामले में भी मानदंड में कई तरह की छूट देगी। स्टार्ट अप उद्यमों को सरकारी ठेकों में अनुभव और कारोबार सीमा के मामले में छूट दी जायेगी।
- स्टार्टअप कारोबारियों द्वारा कमाये जाने वाले मुनाफे पर व्यावसाय शुरू होने के पहले तीन साल तक इनकम टैक्स से छूट होगी। ऐसे उद्यमों में वित्तपोषण को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों द्वारा किए गए निवेश के बाद अपनी संपत्ति बेचने पर **20ः** की दर से लगने वाले पूंजीगत लाभ टैक्स से भी छूट होगी। यह छूट सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उद्यम पूंजीकोषों के निवेश पर भी उपलब्ध होगी।
- दिवाला कानून में स्टार्ट अप उद्यमों को कारोबार बंद करने के लिए सरल निर्गम विकल्प देने का प्रावधान भी किया जायेगा। इसके तहत **90** दिन की अवधि में ही स्टार्ट अप अपना कारोबार बंद कर सकेंगे।
- स्टार्टअप के लिए **19** बिंदुओं की कार्ययोजना पेश की गयी है। पूंजीगत लाभ टैक्स में छूट से स्टार्टअप भी एमएसएमई के बराबर आ जाएंगे। स्टार्टअप में टैक्स छूट उचित बाजार मूल्य के ऊपर निवेश पर दी जाएगी। इनकम टैक्स कानून के तहत कंपनी के उचित बाजार मूल्य से उपर मिलने वाले वित्तपोषण पर प्राप्तकर्ता को कर देना होता है।
- स्वःप्रमाणन आधारित अनुपालन व्यवस्था से स्टार्टअप पर नियामकीय बोझ कम होगा। स्वरूप्रमाणन अनुपालन की यह व्यवस्था कर्मचारियों को ग्रेच्युटी भुगतान, ठेका कर्मचारी, कर्मचारी भविष्य निधि कोष, पानी और वायु प्रदूषण कानूनों के मामले में उपलब्ध होगी।
- सरकार का 'स्टार्ट अप इंडिया' कार्यक्रम देश में नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त वातावरण बनाना है ताकि आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा दिया जा सके और देश में बड़े-पैमाने पर रोजगार के अवसर मुहैया कराए जा सकें।
- सरकार और नियामकीय संस्थानों के साथ बातचीत करने के लिये एक एप और पोर्टल जारी किया जाएगा। पेटेंट आवेदनों को कम लागत पर परीक्षण के लिये कानूनी समर्थन भी दिया जायेगा। इससे स्टार्ट अप को भी बौद्धिक संपदा अधिकारों के मामले में जागरूकता आएगी और वह अपने आईपीआर की सुरक्षा और उनका व्यवसायीकरण भी कर सकेंगे।

नोवाक जोकोविच ने हाल ही में अपना छठा ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया है।

- स्टार्टअप के मामले में सरकारी खरीद के नियमों में ढील दिये जाने से स्टार्ट अप को भी दूसरे अनुभवी उद्यमियों और कंपनियों के बराबर का मंच उपलब्ध हो जायेगा। स्टार्टअप को वित्तपोषण का समर्थन देने के लिये सरकार **2,500** करोड़ रुपये का शुरुआती कोष बनाएगी जिसमें अगले **4** साल के दौरान कुल **10,000** करोड़ रिपये का कोष होगा। इस कोष का प्रबंधन निजी क्षेत्र के पेशेवर करेंगे जबकि जीवन बीमा निगम इस कोष में सह-निवेशक होगा। इसके अलावा स्टार्टअप के लिए बनाए गये ऋण गारंटी कोष से बैंकिंग प्रणाली से भी स्टार्टअप के लिये उद्यम रिण का प्रवाह होगा। इस कोष से जोखिम के बदले गारंटी उपलब्ध हो सकेगी।
- सरकार की ओर से एक राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्ट कंपनी बनाने का प्रस्ताव है जिसमें अगले चार साल तक सालाना **500** करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया जाएगा।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं महिलाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए 'स्टैंड अप इंडिया योजना' को मंजूरी दी गयी है। इस योजना का उद्देश्य प्रत्येक उद्यमशील वर्ग के लिए औसतन प्रति बैंक शाखा कम से कम दो ऐसी परियोजनाओं को सुगम बनाना है।

योजना की शुरूआत के बाद **36** महीनों में कम से कम ढाई लाख मंजूरियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### स्टैंड अप इंडिया योजना में निम्नलिखित का प्रावधान है-

- **10,000** करोड़ रुपये की प्रारंभिक राशि के साथ भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के जरिये पुनर्वित खिड़की
- राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) के जरिये एक ऋण गारंटी तंत्र का सृजन
- उधार लेने वालों को ऋण पूर्व चरण एवं संचालनों दोनों प्रक्रियाओं के दौरान सहयोग देना। इसमें लेखा क्रय सेवाओं के साथ उनकी घनिष्टता बढ़ाना, ऑनलाइन प्लेटफार्म एवं ई- मार्केट स्थानों के साथ पंजीकरण तथा सर्वश्रेष्ठ प्रचलनों एवं समस्या समाधान पर सत्रों का आयोजन शामिल है।

### इस योजना के विवरण इस प्रकार हैं:-

- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं महिलाओं दोनों के लिए समर्थन मुहैया कराने पर फोकस है।
- इस मंजूरी का समग्र उद्देश्य आबादी के ऐसे सुविधा विहीन क्षेत्रों तक बैंक ऋण की सुविधाएं प्रदान करने के लिए संस्थागत ऋण संरचना का लाभ उठाना है। ये बैंक ऋण अनुसूचित जातिध अनुसूचित जनजाति एवं महिला वर्ग के ऐसे कर्जदारों द्वारा गठित गैर कृषि क्षेत्र में ग्रीन फील्ड उद्यमों के लिए **10** लाख से **100** लाख रुपये के बीच एवं **7** वर्ष की अवधि तक पुनर्अदायगी के योग्य होंगे।
- इस योजना के तहत ऋण उपयुक्त रूप से संरक्षित एवं एक ऋण गारंटी योजना के जरिये ऋण गारंटी से समर्थित होंगे, जिसके लिए वित्तीय सेवा विभाग निपटान कर्ता होगा तथा राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) संचालक एजेंसी होगी।
- समग्र ऋण का मार्जिन धन **25** प्रतिशत तक होगा। राज्य योजनाओं के साथ समन्वय से कई कर्जदारों के लिए मार्जिन धन जरूरत में वास्तविक कमी आने की उम्मीद है। एक अवधि के बाद ऐसा प्रस्ताव है कि क्रेडिट ब्यूरो के जरिये कर्जदारों के एक ऋण इतिहास का निर्माण किया जाएगा।

**पृष्ठ. 84 का शेष**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22. | श्री रवीन्द्र चंद्र भार्गव | लोक मामले | उत्तर प्रदेश |
| 23. | डॉ वेंकट रामाराव अल्ला | विज्ञान तथा इंजीनियरिंग | आंध्र प्रदेश |
| 24. | सुश्री साइना नेहवाल | खेल-बैडमिंटन | तेंलगाना |
| 25. | सुश्री सानिया मिर्जा | खेल-टेनिस | तेंलगाना |
| 26. | सुश्री इंदु जैन | व्यापार तथा उद्योग | दिल्ली |
| 27. | स्वर्गीय स्वामी दयानंद सरस्वती(मरणोपरांत) | अन्य- अध्यात्म | उत्तराखंड |
| 28. | श्री राबर्ट ब्लैकविल (विदेशी) | लोक मामले | अमेरिका |
| 29. | श्री पलोनजी शपूरजी मिस्त्री(एनआरआई/पीआईओ) | व्यापार तथा उद्योग | आयरलैंड |

### पद्म पुरस्कार

पद्म पुरस्कार वर्ष **1954** में प्रारम्भ किये गये थे। वर्ष **1978, 1979** तथा **1993** से **1997** के दौरान थोड़े से अंतराल को छोड़कर, ये पुरस्कार प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किये गये हैं।

ये पुरस्कार तीन श्रेणियों अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री में प्रदान किये जाते हैं। पद्म विभूषण 'असाधारण एवं विशिष्ट' सेवा के लिये; पद्म भूषण 'उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा' के लिये; तथा पद्म श्री 'विशिष्ट सेवा' के लिये प्रदान किया जाता है। इन पुरस्कारों को प्रदान करने का आशय किसी विशिष्ट कार्य को मान्यता प्रदान करना है, तथा ये पुरस्कार सभी प्रकार की गतिविधियों/क्षेत्रों जैसे कि कला, साहित्य और शिक्षा, खेल-कूद, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिये प्रदान किये जाते हैं।

एक वर्ष में प्रदान किये जाने वाले पुरस्कारों की कुल संख्या(मरणोपरान्त तथा विदेशियों को दिये जाने वाले पुरस्कारों को छोड़कर) **120** से अधिक नहीं होनी चाहिये।

फ्रेंक फिनले, ऑस्कर नामित ब्रिटिश अभिनेता जिन्हें 'ओथैलो' के लिए जाना जाता है, हाल ही में निधन हो गया।



# 12वें दक्षिण एशियाई खेल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **5** फरवरी **2016** को गुवाहाटी में एक भव्य समारोह में **12**वें दक्षिण एशियाई खेलों का शुभारंभ किया। अगले दिन **6** फरवरी को **12**वें दक्षिण एशियाई खेलों की शिलांग के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में सरूसाजय खेल परिसर गुवाहाटी में भारी भीड़ के बीच भव्य शुरूआत हुई। पांच फरवरी **2016** से **16** फरवरी **2016** तक चलने वाले दक्षिण एशियाई खेलों का आयोजन गुवाहाटी और शिलांग में किया गया। यह पूर्वोत्तर भारत में आयोजित होने वाला अब तक का सबसे बड़ा खेल महोत्सव है। पहली बार इसमें लैंगिक समानता भी देखने को मिली क्योंकि इस बार के दक्षिण एशियाई खेलों में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने सभी स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। भारत सरकार के खेल एवं युवा मामलों के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सर्वानंद सोनोवाल की अध्यक्षता और भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एन. रामचंद्रन की उपाध्यक्षता में इन खेलों के संचालन के लिए एक आयोजन समिति गठित की गई थी।

दक्षेस (सार्क) देश अर्थात् अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका ने इन खेलों में हिस्सा लिया। सार्क देश दुनिया की कुल आबादी का **21** प्रतिशत हैं वहीं वैश्विक अर्थव्यवस्था में इन देशों की हिस्सेदारी **9.12** प्रतिशत के आसपास है। दक्षेस, दक्षिण एशियाई देशों के लोगों की मित्रता, विश्वास और आपसी समझ की भावना के साथ मिलकर काम करने का एक मंच है। ताकि दक्षेस के सदस्य राष्ट्र स्थायी शांति और समृद्धि को हासिल कर सकें। दक्षिण एशियाई खेल इस उद्देश्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इन खेलों के दौरान **23** खेलों में **228** प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं। पदक तालिका के लिए कुल **228** स्वर्ण, **228** रजत और **308** कांस्य पदक दांव पर रहे। **16** खेल गुवाहाटी में आयोजित किए गए। इनमें खो-खो, कबड्डी, हैंडबाल, शूटिंग, एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, तैराकी, ट्रायथलन, हॉकी, भारोत्तोलन, कुश्ती, स्क्वैश, साइक्लिंग और टेनिस शामिल हैं। वहीं शिलांग में सात खेलों का आयोजन किया गया। इनमें तीरंदाजी, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, जूडो, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो और वुशु शामिल हैं। पुरुष फुटबॉल स्पर्धा गुवाहाटी और महिला फुटबॉल स्पर्धा शिलांग में आयोजित की गयी।

## लोगो एवं शुभंकर

इन खेलों का लोगो शांति, प्रगति और क्षेत्र में समृद्धि का प्रतीक है। इसकी आठ पंखुडियां खेलों में भाग लेने वाले आठ देशों का प्रतिनिधित्व करती हैं। पंखुड़ियों के रंग आठ देशों के ध्वजों से लिए गए हैं। खेलों का शुभंकर एक सींग वाला छोटा गैंडा 'तिखोर' तेज, शरारती, आधुनिक और खेलों में रुचि लेने वाला है। वह एक प्रेरक, दोस्त और शांति, प्रगति एवं समृद्धि का दूत है। इन खेलों का थीम गीत 'ई पृथ्वी एकोन क्रीडांगन, क्रीडा होल शांतिर प्रांगण' विश्व प्रसिद्ध दिवंगत संगीतकार भूपेन हजारिका के स्वरों में है। इसका अर्थ है कि 'यह पूरी दुनिया खेल का एक मैदान है और खेल शांति का प्रतीक हैं।' इस गीत का सभी सार्क देशों की आधिकारिक भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है और इन भाषाओं में से प्रत्येक में गाया जाएगा।

## पदक तालिका

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | भारत | 188 | 90 | 30 | 308 |
| **2** | श्रीलंका | 25 | 63 | 98 | 186 |
| **3** | पाकिस्तान | 12 | 37 | 57 | 106 |
| **4** | अफगानिस्तान | 7 | 9 | 19 | 35 |
| **5** | बांग्लादेश | 4 | 15 | 56 | 75 |
| **6** | नेपाल | 3 | 23 | 34 | 60 |
| **7** | मालदीव | 0 | 2 | 1 | 3 |
| **8** | भूटान | 0 | 1 | 15 | 16 |

## दक्षिण एशियाई खेलों के बारे में

दक्षिण एशियाई खेल (जिन्हें पहले सैफ खेल, दक्षेश खेल, और पूर्व में दक्षिण एशियाई महासंघ खेल के रूप में जाना जाता था) एक द्विवार्षिक बहु खेल समारोह है जो दक्षिण एशिया के खिलाड़ियों के बीच आयोजित किया जाता है। इन खेलों के शासी निकाय दक्षिण एशियाई खेल परिषद (**SACS**) का गठन, **1983** में किया गया था। वर्तमान दक्षिण एशियाई खेलों में आठ सदस्य अर्थात् अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं।

पहले दक्षिण एशियाई खेल **1984** में काठमांडू, नेपाल में आयोजित किये गये थे और उसके बाद से कुछ अवसरों को छोड़कर हर दो वर्ष पर आयोजित किये जाते रहे हैं। **2004** में, दक्षिण एशियाई खेल परिषद की **32** वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दक्षिण एशियाई महासंघ खेलों का नाम बदल कर दक्षिण एशियाई खेल कर दिया जाय, क्योंकि अधिकारियों का यह मानना था कि शब्द महासंघ इस आयोजन की महत्ता को कम करता है और भीड़ को आकर्षित करने में एक बाधा के रूप में काम करता है।

## आईओए प्रतिबंध व देरी

प्रारंभ में, ये खेल अक्टूबर **2012** में आयोजित होने थे। हालांकि, **16** दिसंबर, **2011** को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की आम सभा की बैठक के दौरान इन खेलों को फरवरी, **2013** तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते मार्च में भारतीय समिति पर प्रतिबंध लगा दिया। प्रतिबंधों को मई में हटाये जाने और **2013** में भारत-पाकिस्तान सीमा की घटनाओं के कारण पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ खराब संबंधों के कारण इस आयोजन में और बिलम्ब हो गया। **2** वर्ष बाद, **11** फरवरी **2014** को,

आईसीसी के हाल के टी-ट्वेंटी बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट कोहली का शीर्ष स्थान का दावा किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने प्रतिबंध हटाने का फैसला किया। भारतीय पक्ष ने शीतकालीन ओलंपिक खेलों में ओलंपिक आयोजनों में स्वतंत्र प्रतिभागियों के रूप में प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया।

एक वर्ष बाद, 5 जून 2015 को, 12 वें दक्षिण एशियाई खेलों के आयोजन स्थल को लेकर अनिश्चितता समाप्त हो गई तथा खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ ने नवंबर-दिसंबर 2015 में गुवाहाटी और शिलांग में क्षेत्रीय बहु खेलों को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। हालांकि इसे पुनः फरवरी 2016 तक के लिये एक अस्थायी तिथि तक स्थगित कर दिया गया। उल्फा के वार्ता विरोधी गुट ने भी दक्षिण एशियाई खेलों में, (जिसने 2007 में भारत के गुवाहाटी राष्ट्रीय खेलों में विरोध जताया था) समर्थन का वचन दिया।

3 फरवरी 2016 को, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (फीबा) ने कहा कि वह "भारतीय बास्केटबॉल महासंघ के मामलों में भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा अस्वीकार्य हस्तक्षेप" के कारण प्रतियोगिता को मान्यता नहीं देगा।

1995 में दक्षिण एशियाई खेल, मद्रास में हिस्सा लेने के बाद पाकिस्तानी महिला वॉलीबाल टीम ने दो दशकों के बाद दक्षिण एशियाई खेलों में वापसी की है। मद्रास खेलों में उन्हें कांस्य पदक प्राप्त हुआ था। अफगानिस्तान और पाकिस्तान की बास्केटबॉल टीमों ने इन खेलों में भाग नहीं लिया।

भारत ने गुवाहाटी और कोलकाता को प्रवेश बिंदुओं के रूप में नामित करने की घोषणा करते हुये 12 वें दक्षिण एशियाई खेलों में भाग लेने वाले पाकिस्तानी एथलीटों को विशेष रियायत प्रदान की।

### महत्वपूर्ण पदक विजेता

- महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता में मीराबाई चानू सैखोम (भारत) ने स्वर्ण पदक जीता।
- गुरु राजा (भारत) ने 56 किलोग्राम पुरुष भारोत्तोलन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।
- 200 मीटर पुरुष तैराकी प्रतियोगिता में मैथ्यू एबेसिंघा (श्रीलंका) ने स्र्वण पदक जीता।
- 200 मीटर महिला तैराकी प्रतियोगिता में शिवानी कटारिया (भारत) ने स्वर्ण पदक जीता।
- 48 किलोग्राम महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रियंका सिंह (भारत) ने स्वर्ण पदक जीता।
- 55 किलोग्राम महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता में अर्चना (भारत) ने स्वर्ण पदक जीता।
- 57 किलोग्राम पुरुष भारोत्तोलन प्रतियोगिता में रविंदर (भारत) ने स्वर्ण पदक जीता।
- 60 किलोग्राम महिला भारत्तोलन प्रतियोगिता में मनीषा (भारत) ने स्वर्ण पदक जीता।
- 65 किलोग्राम पुरूष कुश्ती में रजनीश (भारत) ने स्वर्ण पदक जीता।
- साइक्लिंग की पुरुष और महिला प्रतियोगिताओं में छाओबा देवी इलांगबाम (भारत) ने रजत, अरविंद पवार (भारत) ने स्वर्ण, मंजीत सिंह (भारत) ने स्वर्ण और बिद्यालक्ष्मी टॉरंगबाम (भारत) ने पदक जीते।
- भारत्तोलन की 58 किलोग्राम महिलाओं की प्रतियोगिताओं में सरस्वती राउत (भारत) स्वर्ण, फुलापाती चकामा (बांग्लादेश) ने दूसरा स्थाान और मोहिदीन उमेइरा (श्रीलंका) ने तीसरा स्थाान प्राप्त किया।
- भारत्तोलन की 69 किलोग्राम पुरुषों की प्रतियोगिताओं में सांबो लापुंग (भारत) ने पहला स्थान, आईसीडीडी मुडियाम्सेलाग (श्रीलंका) ने दूसरा स्थान और अबु सुफ्यान (पाकिस्तान) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- प्रदीप (भारत) ने 61 किलोग्राम की पुरूष वर्ग की कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता।
- अमित धनकर (भारत) ने 70 किलोग्राम की पुरूष वर्ग की कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता।
- 63 किलो ग्राम महिला भारोत्तोलन में माबिया अखेतर (बांग्लादेश) ने स्वर्ण पदक, आयशा विनोदनी धर्मसेना लंका गीगानेग (श्रीलंका) ने रजत और जुन माया छंत्याल (नेपाल) ने कांस्यं पदक जीता।
- 75 किलो ग्राम महिला भारोत्तोलन में कविता देवी (भारत) ने स्वर्ण पदक, विक्रमासिंघे अशिनी सुरंगी विक्रमासिंघे ए मुदियां सीलेग (श्रीलंका) ने रजत और फिरोगा परवीन (बांग्लादेश) ने कांस्य पदक जीता।
- जोशना चिनप्पा (भारत), ने महिला स्क्वैश में स्र्वण पदक प्राप्त किया।
- रजनी (भारत) ने, महिला कुश्ती में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता में भारत की टीम ने स्वर्ण पदक जीता।
- पुरूषों की कबड्डी प्रतियोगिता में भारत की टीम ने स्वर्ण पदक जीता।
- पुरूषों की फुटबॉल प्रतियोगिता में नेपाल की टीम ने स्वर्ण पदक जीता।
- 50 मीटर एयर राइफल शूटिंग में पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत के चैन सिंह ने स्वर्ण पदक, भारत के गगन नारंग रजत पदक और श्रीलंका के सैम समाराकून ने कांस्य पदक जीता।
- भारत की अंजुम मॉडगिल ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल शूटिंग में स्वर्ण पदक जीता।
- भारत के ओंकार सिंह ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में स्वर्ण पदक जीता।
- टीम पाकिस्तान ने पुरुष हॉकी में स्वर्ण पदक जीता।
- टीम इंडिया ने पुरुष हॉकी में रजत पदक जीता।
- एथलेटिक्स में पुरुषों की 42 किमी मैराथन दौड़ में भारत के नितेंदर सिंह रावत ने स्वर्ण पदक, श्रीलंका के कूरय अनुराधा इंद्रजीत ने रजत पदक और भारत के क्षेताराम ने कांस्य पदक जीता।

भारत तीसरे चरण में अफगानिस्तान में 92 लघु विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दे दिया है।



# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

कृषि भारतवासियों के लिए पारंपरिक और सांस्कृतिक रूप से बहुत अहम है। नरेन्द्र मोदी की सरकार कृषि की मोर्चे पर बहुत गंभीरता से विचार करती रही है। इसके मद्देनजर सरकार ने **13** जनवरी, **2016** को नई फसल बीमा योजना की घोषणा की, जिसकी चहुं ओर प्रशंसा की गई।

सरकार और नीति निर्माताओं को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के काम में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता रहा है। इसके अलावा उच्च कृषि उत्पादन और कृषि क्षेत्र में समुचित रोजगार की भी चुनौतियां रही हैं। इस बात की बहुत पहले से आवश्यकता महसूस की जाती थी कि किसानों के कल्याण, खेतिहर समुदाय के लिए जोखिम प्रबंधन और सूखे तथा बाढ़ के दौरान फसल संबंधी समस्याओं के लिए एक ऐसा खाका तैयार किया जाए, जिसके तहत इन चुनौतियों से निपटने में आसानी हो।

सरकार द्वारा प्राकृतिक आपदा और सूखे के प्रबंधन संबंधी विस्तृत नीति बनाई गई, जिसके तहत आपदा संबद्ध योजनाएं, पीड़ित आबादी के लिए राहत उपाय तथा इन सब को दूरगामी लक्ष्यों के तहत एकीकृत करने संबंधी कार्रवाई शामिल है। दूसरे शब्दों में युद्ध स्तर पर काम करने की आवश्यकता महसूस की गई। इसके लिए दूरदर्शिता, कार्ययोजना पर विचार भी जरूरी हो गया था।

नई फसल बीमा योजना को इसी परिप्रेक्ष्य में समझना चाहिए। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कमजोर मानसून के कारण देश के सामने लगातार दूसरे वर्ष सूखे की समस्या खड़ी है। नई योजना के तहत सरकार को हर वर्ष **8** से **9** हजार करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी। किसानों का प्रीमियम खाद्यान्न और तिलहन के लिए अधिकतम **2** प्रतिशत रखा गया है, जबकि बागवानी और कपास की फसल के लिए यह प्रीमियम **5** प्रतिशत है। बहुप्रतीक्षित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इस वर्ष खरीफ फसल के मौसम से शुरू होगी। योजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृत दी गई थी।

इस नई योजना को निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियां भी चलाएंगी। नीति-निर्माता, खेतिहर समुदाय और विशेषज्ञ इसे महत्वपूर्ण पहल मान रहे हैं। सरकार के इस कदम से मानसून के उतार-चढ़ाव से होने वाले प्रभावों से किसानों की सुरक्षा करने के लिए बीमा दायरे में अब अधिक रकबा रखा गया है। इस विचार से इस योजना की शुरुआत सही समय पर हुई है। उल्लेखनीय है कि कुछ अन्य देशों में भी इसी प्रकार की योजनाएं चलती हैं। रबी फसल के लिए किसानों का हिस्सा **8** से **10** प्रतिशत वार्षिक प्रीमियम के मुकाबले सही रूप में **1.5** प्रतिशत रखा गया है। वर्ष भर चलने वाली नकदी फसल और बागवानी फसल के मद्देनजर इसकी अधिकतम सीमा **5** प्रतिशत रखी गई है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौजूदा राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना और संशोधित एनएआईएस के स्थान पर होगी।

सरकारी स्रोतों के अनुसार, सेवाकर के संबंध में यह बताया गया है कि चूंकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एनएआईएस/एनएनएआईएस के स्थान पर लागू की गई है इसलिए, योजना के कार्यान्वयन में संलग्न सभी सेवाओं को सेवाकर से मुक्त कर दिया गया है। एक आंकलन है कि नई योजना से बीमा प्रीमियम में किसानों के लिए लगभग **75-80** प्रतिशत की सब्सिडी सुनिश्चित की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पिछले पांच वर्षों से विभिन्न आपदा राहत उपायों के तहत सरकार प्रतिवर्ष लगभग **5** हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है। सरकार के इस नए प्रयास से यह खर्च अस्थायी रूप से लगभग **9** हजार करोड़ रुपए हो जाएगा। जोखिम के संबंध में इससे खास तौर से किसानों को बहुत मदद मिलेगी। कई लोगों का मानना है कि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को पहले की बीमा योजनाओं के जटिल नियमों के जाल से मुक्ति भी मिलेगी। आधिकारिक घोषणा के चंद घंटों के अंदर ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट के द्वारा विश्वास व्यक्त किया था कि नई फसल बीमा योजना से किसानों के जीवन में आमूल परिवर्तन होगा। प्रधानमंत्री ने कई ट्वीटों के जरिए कहा, 'यह एक ऐतिहासिक दिन है। मुझे विश्वास है कि किसानों के लाभ से प्रेरित यह योजना किसानों के जीवन में आमूल परिवर्तन लाएगी।'

उन्होंने अपनी ट्वीट में आगे कहा, 'किसान भाइयो और बहनो, उस समय जब आप लोहड़ी, पोंगल और बिहू उत्सव मना रहे होंगे, तो उस समय सरकार ने आपको प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के रूप में एक उपहार भेंट किया है।' नई योजना में मौजूदा योजनओं के कामयाब पक्षों को शामिल किया गया है और पुरानी योजनाओं में जो कमियां थीं, उन्हें 'प्रभावशाली तरीके से दूर' किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'योजना में सबसे कम प्रीमियम रखा गया है और मोबाइल फोन, क्षति का तुरंत आकलन तथा तय सीमा के अंदर भुगतान जैसी प्रौद्योगिकी के आसान प्रयोग भी शामिल किए गए हैं।'

बीमा दायरे में फसली रकबा **194.40** मिलियन हेक्टेयर रखा गया है और इसके लिए सरकार को हर वर्ष **8800** करोड़ रुपए खर्च करने होंगे। यह महत्वपूर्ण उल्लेख है कि मई, **2014** में सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने यह घोषणा की थी कि वह एक नई फसल बीमा योजना शुरू करेगी। गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने भी विश्वास व्यक्त किया है कि किसान इस नई योजना को अपनाएंगे जो उन्हें वित्तीय उतार चढ़ावों से बचने में मदद करेगी। विशेषज्ञों का भी मानना है कि फसल प्रीमियम के लिए उच्च सब्सिडी दर अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। उदाहरण के लिए संयुक्त राष्ट्र में इस तरह के बीमा के दायरे में **120** हेक्टेयर मिलियन क्षेत्र को रखा गया है, जिसके लिए लगभग **70** प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। चीन में भी किसानों को बुआई संबंधी

शेष पृष्ठ 91 पर

ईपीएफओ ने यूएएन की शुरूआत के लिए **2015-16** के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार जीता है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन 2016

वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम आयोजन ऑस्ट्रेलियन ओपन, का **104वाँ** संस्करण मेलबर्न में **18** से **31** जनवरी के बीच आयोजित किया गया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों के बीच अद्भुत मैच प्रतिस्पर्धायें देखने को मिलीं। इस टूर्नामेंट के एकल, युगल और मिश्रित युगल श्रेणी में पेशेवर खिलाड़ियों के लिए खेल आयोजन शामिल किये जाते हैं।

नोवाक जोकोविच ने अपने पुरुष एकल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया और इस प्रकार वे रिकॉर्ड की बराबरी करते हुये उन्होंने अपना छठा ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता। सेरेना विलियम्स महिला एकल में उपविजेता रहीं जो कि विगत वर्ष में चैम्पियन थीं। वे अपने खिताब की रक्षा करने में विफल रहीं और, फाइनल में एंजेलिक केर्बर से मैच हार गयीं। केर्बर **1999** के फ्रेंच ओपन में में स्टेफी ग्राफ द्वारा आखिरी खिताबी जीत दर्ज़ करने के बाद, ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पहली जर्मन खिलाड़ी बन गई हैं। विगत वर्षों की ही तरह, इस वर्ष के टूर्नामेंट का खिताब प्रायोजक 'किआ' थी। इस संस्करण के टूर्नामेंट में **720363** लोगों की उपस्थिति के साथ एक नया रिकॉर्ड भी दर्ज हुआ।

## टूर्नामेंट

इस टूर्नामेंट का संचालन अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) द्वारा किया जाता है। यह आयोजन ग्रैंडस्लैम श्रेणी के तहत **2016** के एटीपी वर्ल्ड टूर और **2016** के डब्ल्यूटीए टूर कैलेंडर का हिस्सा है। टूर्नामेंट में पुरुष और महिला दोनों में एकल और युगल के साथ ही मिश्रित युगल स्पर्धा भी शामिल थी। लड़कों और लड़कियों (**18** से नीचे के आयु के खिलाड़ियों के लिये) दोनों के लिये एकल व युगल स्पर्धाये थी, जो कि ग्रेड ए श्रेणी का हिस्सा था। परिषद के टूर के हिस्से के रूप में आयोजनों की ग्रैंड स्लैम श्रेणी के तहत इसमें पुरुष और महिला के व्हीलचेयर टेनिस खिलाड़ियों के लिये एकल, युगल व चतुष्क आयोजन भी शामिल किये गये थे। यह टूर्नामेंट हार्ड कोर्ट पर खेला गया और यह तीन मुख्य शो कोर्टों : रॉड लेवर एरेना, हिसेंसे एरेना और मार्गरेट कोर्ट एरेना सहित **25** कोर्टों की एक श्रृंखला में आयोजित किया गया।

## पुरुष एकल

इस श्रेणी में नोवाक जोकोविच विजेता रहे। उन्होंने सफलतापूर्वक अपने खिताब का बचाव किया, जिन्होंने पिछले वर्ष के फाइनल के एक रीमैच में एंडी मरे को **6-1, 7-5, 7-6** (**7-3**) से हराया था। जोकोविच ने अब तक के इतिहास में छह बार ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरूष एकल खिताब जीतने के रॉय एमरसन के रिकॉर्ड की बराबरी की। इस जीत के परिणामस्वरूप, जोकोविच अब **11** ग्रैंड स्लैम खिताब धारित करन वाले खिलाड़ी बन गये और रॉड लेवर और ब्योर्न बोर्ग के रिकॉर्ड की बराबरी की।



दो बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन और विश्व के पूर्व नंबर **1**, **2005** के फाइनल के विजेता ऑस्ट्रेलियाई लेटन हेविट ने एकल और युगल दोनों खेलों में अपना अंतिम पेशेवर मैच खेला। एकल में वह दूसरे दौर में डेविड फेरर से हार गए। युगल में वह तीसरे दौर में ही हार गए थे।

## महिला एकल



सेरेना विलियम्स विगत चैम्पियन थीं, लेकिन वह फाइनल मैच में एंजेलिक केर्बर से **4-6, 6-3, 4-6** से हार गयीं। केर्बर पहले दौर में मैच प्वाइंट बचाने वाली पहली बड़ी चैंपियन बन गईं, जोकि उन्होंने मिसाकी दोई के खिलाफ किया था। वह **1999** में फ्रेंच ओपन में स्टेफी ग्राफ के बाद, प्रमुख मैच जीतने वाली पहली जर्मन खिलाड़ी हैं।

**2001** विंबलडन चैंपियनशिप में अपनाये गये **32** वरीयता ड्रॉ के बाद से पहले दौर में बारह वरीयता खोना, अब तक के किसी भी बड़े टूर्नामेंट के पहले दौर में सबसे अधिक है।

जोहन्ना कोंटा, **1983** में जो ड्यूरी के बाद किसी प्रमुख खेल के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश महिला बन गयीं। झांग शुआई, **1990** में एंजेलिका गवाल्डन के बाद से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली क्वालीफायर बन गयीं।

## पुरुष युगल



सिमोन बोलेली और फैबियो फोगनिनी विगत चैम्पियन थे, परंतु वे एड्रियन मन्नारिनो और लुकास पॉइल्ले से दूसरे दौर में हार गए। जेमी मरे और ब्रूनो सोरेस ने डेनियल नेस्टर और राडेक स्टेपानेक को फाइनल में, **2-6, 6-4, 7-5** से पराजित कर खिताब जीता। ऑस्ट्रेलियाई लेटन हेविट ने एकल व युगल में अपना अंतिम पेशेवर मैच खेला, सैम ग्रोथ के साझेदारी में यह जोड़ी तीसरे दौर में जैक सॉक और वासेक पॉस्पीसिल से हार गयी। यह दोनों पुरुषों के लिए पहली ग्रैंड स्लैम युगल जीत थी लेकिन जेमी के लिए यह विशेष रूप से एक सुखद क्षण था जोकि उन्होंने अपने कैरियर के कई चरणों में अनुभव कर पाने के बारे में सोचा भी नहीं होगा।

कैप्टन कार्ली लॉयड ने **2015** के लिए फीफा का वर्ष की विश्व महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है।

## महिला युगल



बेथानी माटेक सैंड्स और लूसी सफारोवा रक्षात्मक चैम्पियन थीं, लेकिन सफारोवा ने जीवाणु संक्रमण के कारण टूर्नामेंट से अपने को अलग कर लिया। माटेक सैंड्स ने सबाइन लिसिकी के साथ खेला लेकिन दूसरे दौर में वह अनास्तासिया और एरिना रोडियोनोवा से हार गयीं।

शीर्ष वरीय मार्टिना हिंगिस और सानिया मिर्जा ने, फाइनल में एंड्रिया ह्लावाकोवा और लूसी ह्रडेका को 7-6 (7-1) 6-3 से पराजित किया।

यह सानिया और मार्टिना के लिए उनका लगातार तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब था जिन्होंने **2015** का विम्बलडन और अमेरिकी ओपन जीता था। अविश्वसनीय उपलब्धि में सानिया और मार्टिना ने लगातार **36** मैचों में जीत दर्ज की आठ खिताब जीते। उन्होंने यूएस ओपन से शुरू करते हुये **2015** में ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले लगातार पांच खिताब जीते। यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में सानिया का दूसरा खिताब था, उन्होंने **2009** में महेश भूपति के साथ मिश्रित युगल का खिताब जीता था।

## मिश्रित युगल



मार्टिना हिंगिस और लिएंडर पेस रक्षात्मक चैम्पियन थे, लेकिन वे सानिया मिर्जा और इवान डोडिग से क्वार्टर फाइनल में हार गए। एलेना वेस्नीना और ब्रूनो सोरेस ने कोको वांडेवेघे और होरिया टेकाउ को फाइनल में **6-4, 4-6, 10-5,** से पराजित कर खिताब जीता। ब्राजील के ब्रूनो सोरेस और उनकी रूसी जोड़ीदार एलीना वेसनिना ने रॉड लेवर एरेना पर आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल का खिताब जीता। सोरेस, जिन्होंने ब्रिटेन के जेमी मरे के साथ पुरुष युगल खिताब जीता था, लगभग **16** घंटे के बाद ही अपना दूसरा खिताब जीता जब उन्होंने और वेसनिना ने अमेरिकी कोको वेंडवेघे और उसकी रोमानियाई जोड़ीदार होरिया टेकाउ को **6-4, 4-6, 10-5** से हराया।

---

पृष्ठ 89 का शेष

**75** मिलियन हेक्टेयर तक के दायरे में बीमा दिया जाता है, जिसके लिए प्रीमियम पर लगभग **80** प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत में अगले **5** वर्षों के दौरान योजना के दायरे में फसली क्षेत्र का **50** प्रतिशत हिस्सा आ जाएगा।

इस नई योजना में ऐसे कुछ नए पक्ष भी मौजूद हैं जो इस योजना को किसानों के अनुकूल बनाते हैं और भविष्य के दृष्यपटल को बदल देने में सक्षम हैं। नई फसल बीमा योजना 'एक राष्ट्र-एक योजना' की विषय वस्तु के अनुरूप है। एक आधिकारिक घोषणा में कहा गया है, 'इस योजना में पुरानी योजनाओं के सभी बेहतरीन पक्ष मौजूद हैं और पुरानी योजनाओं की कमजोरियों तथा कमियों को दूर कर लिया गया है।' इस तरह यह योजना किसानों को पहली योजनाओं की जटिलताओं से मुक्त करती है।

हितधारकों के लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि इस योजना में खेतों में खड़ी फसल को होने वाले नुकसान से बचाने का प्रावधान भी किया गया है। इस तरह खड़ी फसलों को न रोके जा सकने वाले नुकसानों से बचाया जा सकता है। इसमें स्वाभाविक आगजनी, बिजली गिरने, तूफान-आंधी, ओलावृष्टि, बवंडर, बाढ़, जल-भराई, भू-स्खलन, सूखा, किटाणु, फसल के रोग आदि जैसे जोखिम शामिल हैं।

इसी तरह अन्य मामलो में जहां अधिसूचित क्षेत्रों के बीमित किसानों की बहुतायत को विपरीत मौसमी परिस्थितियों के चलते बुआई करने से रोका जाता है और ऐसी बुआई करने पर उन्हें अधिक खर्च करना पड़ता है, तो इसके लिए उनको यह अधिकार दिया गया है कि वे बीमित राशि का अधिकतम **25** प्रतिशत हर्जाने का दावा कर सकें।

कटाई के बाद होने वाले नुकसान को भी बीमा के दायरे में रखा गया है। इसके लिए फसलों को कटाई के बाद सूखने के लिए मैदान में रखने के संबंध में अधिकतम **14** दिनों की अवधि के लिए यह बीमा उपलब्ध किया जाएगा। बीमा योजना के दायरे में उन अधिसूचित स्थानों की फसलों को भी रखा गया है, जिन स्थानों पर आंधी-तूफान, भू-स्खलन आदि जैसे जोखिम स्थानीय स्तर पर होते रहते हैं। इसके अलावा यह भी स्पष्ट किया गया है कि, सरकार की सब्सिडी में कोई उच्च सीमा नहीं होगी। यदि बकाया प्रीमियम **90** प्रतिशत भी होगा तो उसे सरकार वहन करेगी। इसके पहले प्रीमियम दरों पर अधिकतम सीमा का प्रावधान था जिसके कारण किसानों को कम भुगतान हो पाता था। यह अधिकतम सीमा सरकार की प्रीमियम सब्सिडी की सीमा के मद्देनजर निर्धारित की गई थी। अब इस अधिकतम सीमा को समाप्त कर दिया गया है और किसानों को बीमित रकम का पूरा हिस्सा बिना किसी कटौती के प्राप्त होगा। नई योजना में प्रौद्योगिकी का भी उपयोग किया जाएगा। अधिक प्रौद्योगिकी और विज्ञान को प्रोत्साहित किया जाएगा। स्मार्ट फोनों के जरिए फसल कटाई का आंकड़ा अपलोड किया जाएगा ताकि किसानों को दावे का भुगतान करने में कम विलंब हो। स्रोतों ने बताया कि फसल कटाई प्रयोगों को कम करने के लिए दूर संवेदी प्रणाली का भी इस्तेमाल किया जाएगा।




प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अनिवार्य बनाने से संचालन कुशलता में सुधार होगा और किसानों, बीमा एजेंसियों, विशेषज्ञों और बीमा क्षेत्र से संबंधित हितधारकों को लाभ होगा। इसके अलावा किसानों का प्रीमियम कम करने से नीतियों को अधिक कुशलता से लागू किया जा सकेगा। राज्यों के लिए नई फसल बीमा अनिवार्य करने का अर्थ है कि, बीमा लेने वालों की सूची बढ़ेगी। इसके अलावा आंधी जैसी घटनाओं से फसल के नुकसान और तबाही से किसानों को बचाने के लिए उपाय किए गए हैं, जिनसे सभी हितधारकों को फायदा पहुंचेगा।

येल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट अपने डीन का पदनाम इंदिरा नूई के नाम करेगा।

# Mahendra's™

YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS

**Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations**




## FOR ANY QUERIES

# 1800-103-5225




## CONNECT TO US THROUGH

## WEBSITES

www.mahendras.org
www.interviewguru.mahendras.org
www.mahendrapublication.org
stportal.mahendras.org
enews.mahendras.org
myshop.mahendras.org
www.bankersguru.org
www.railwayguru.org
www.sscguru.org

# प्रश्न खजाना भाग-ए

**प्र.1.** एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) का उपाध्यक्ष, मुख्य निवेश अधिकारी किसे नियुक्त किया गया है?

(1) शुभालक्ष्मी पानसे
(2) डॉ. डी. जे. पांडियन
(3) नरेंद्र जाधव
(4) सुखमय चक्रवर्ती
(5) गिरीश मिश्रा

**प्र.2.** ऑस्ट्रेलिया ने भारत में अपने अगले उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया है?

(1) श्री नवदीप सूरी
(2) श्रीमती.सुजाता सिंह
(3) श्री बीरेन नंदा
(4) हरिंदर सिद्धू
(5) श्री सुनील कुमार अरोड़ा

**प्र.3.** रेलवे के उपनगरीय खंड के निम्नलिखित में से किस रेलवे जोन के लिये केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने कागज रहित अनारक्षित टिकट प्रणाली का शुभारंभ किया है?

(1) उत्तर मध्य रेलवे
(2) पूर्व मध्य रेलवे
(3) दक्षिण मध्य रेलवे
(4) पूर्वोत्तर रेलवे
(5) दक्षिण पूर्व रेलवे

**प्र.4.** प्रख्यात ------------- अरबिंदो मुखर्जी का निधन हो गया।

(1) क्रिकेट कमेंटेटर
(2) गीत लेखक
(3) समाचार संपादक
(4) कार्टूनिस्ट
(5) फिल्म निर्देशक

**प्र.5.** पेरिस स्थित 'अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य आयोग चैंबर' के उपाध्यक्ष के रूप में किसे नामित किया गया है?

(1) कूर्म वेणु गोपालस्वामी
(2) देवेंद्र सिंह
(3) एहसान जाफरी
(4) सचिंद्र चौधरी
(5) पवन दुग्गल

**प्र.6.** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना को अतिरिक्त 61 जिलों में (11 राज्यों को कवर करते हुये) विस्तारित किया है। यह योजना शुरू की गयी थी:-

(1) सोनीपत से (2) करनाल से
(3) पानीपत से (4) फरीदाबाद से
(5) हिसार से

**प्र.7.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हावड़ा में पंचला में ---- की एक एकीकृत उपभोक्ता वस्तु विनिर्माण इकाई की आधारशिला रखी।

(1) आईटीसी
(2) हल्दीराम
(3) ब्रिटानिया
(4) गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड
(5) डाबर इंडिया लिमिटेड

**प्र.8.** उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिये राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) ने निम्नलिखित में से किस संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है?

(1) केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान
(2) केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान
(3) केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान
(4) भारतीय रासायनिक जीवविज्ञान संस्थान
(5) केन्द्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान

**प्र.9.** किस लैटिन अमेरिकी देश ने विदेशी व्यापार तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में सहयोग पर उत्तर कोरिया के साथ दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं?

(1) वेनेजुएला (2) पेरू
(3) क्यूबा (4) बोलीविया
(5) ब्राजील

**प्र.10.** डॉ कमलेश कुमार पांडेय को दिव्यांग व्यक्तियों का प्रमुख ----------- (CCPD) नियुक्त किया गया है।

(1) सचिव (2) कार्यकारी
(3) प्रबंधक (4) निदेशक
(5) आयुक्त

**प्र.11.** किस संघ शासित प्रदेश ने खतरे या आपात स्थिति में आपातकालीन एसओएस संदेश भेजकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मित्रा मोबाइल आवेदन की शुभारम्भ किया है?

(1) पुडुचेरी
(2) दमन और दीव
(3) चंडीगढ़
(4) अंडमान और निकोबार
(5) लक्षद्वीप

**प्र.12.** किस भारतीय क्रिकेटर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुमार संगकारा ने 139 विकेट के सर्वाधिक स्टम्पिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है?

(1) दिनेश कार्तिक
(2) महेंद्र सिंह धोनी
(3) वृद्धिमान साहा
(4) नमन ओझा
(5) पार्थिव पटेल

**प्र.13.** वरिष्ठ पत्रकार टी. एन. गोपाकुमार का हाल ही में निधन हो गया। वह किस देश से संबंधित है-

(1) केरल (2) कर्नाटक
(3) तमिलनाडु (4) मध्य प्रदेश
(5) आंध्र प्रदेश

अंडर -19 बल्लेबाज ऋषभ पंत ने नेपाल के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप सबसे तेजी से रन बनाए हैं।

प्र.14. सरकार ने कितने प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ वर्ष 2014-15 के आर्थिक विकास अनुमान में संशोधन किया है?

(1) 0.1 (2) 0.2
(3) 0.3 (4) 0.4
(5) 0.5

प्र.15. प्रोफेसर मॉर्टन मॉवर (अमेरिका) और सर माइकल मरमॉट (यूके) को हाल ही में प्रिंस महिडोल अवॉर्ड 2015 से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है:-

(1) अंतर्राष्ट्रीय राजनीति
(2) खगोल विज्ञान
(3) अंतर्राष्ट्रीय शांति
(4) चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य
(5) नाभिकीय भौतिकी

प्र.16. विश्व की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एंजेलिक केर्बर ने विश्व की नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना पहला महिला एकल खिताब जीता। कर्बर ---- मूल की एक खिलाड़ी हैं।

(1) स्पेनी (2) फ्रांसीसी
(3) जर्मन (4) रूसी
(5) ब्रिटिश

प्र.17. वाइस एडमिरल गिरीश लूथरा ने नौ सेना की ----------- कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला है।

(1) उत्तरी (2) दक्षिणी
(3) पूर्वी (4) पश्चिमी
(5) केन्द्रीय

प्र.18. "मैड मैक्सः फ्यूरी रोड" के साथ साथ किस अन्य फिल्म को ऑस्ट्रेलियाई अकादमी के सिनेमा एवं टेलीविजन आर्ट्स के अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों (AACTA) में दो पुरस्कार हासिल हुये हैं?

(1) कैरॉल (2) स्पॉटलाइट
(3) द रेवेनैंट (4) रूम
(5) द बिग शॉर्ट

प्र.19. मुख्यमंत्री के रूप में सामाजिक न्याय की दिशा में उनके योगदान हेतु 'सामाजिक न्याय के लिए के. वीरामणि पुरस्कार 2015' के लिए किसे चुना गया है?

(1) आनंदी बेन
(2) देवेंद्र फड़नवीस
(3) नीतीश कुमार
(4) शिवराज सिंह चौहान
(5) वसुंधरा राजे

प्र.20. मेक्सिको में भारत के राजदूत के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

(1) विजय गोखले
(2) मुक्तेश कुमार परदेशी
(3) रंगाराज विश्वनाथन
(4) अमरेंद्र खटुआ
(5) रवि बांगड़

प्र.21. किस देश की नई संसद ने प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष के रूप में यू विन मिन्त को निर्वाचित किया है?

(1) अफगानिस्तान (2) थाईलैंड
(3) कंबोडिया (4) म्यांमार
(5) सिंगापुर

प्र.22. इस देश ने अपनी नई संसद का उद्घाटन किया है जिसमें आजादी समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) ने पूर्ण बहुमत पाकर राष्ट्रवादी कुओमिन्तांग पार्टी (केएमटी) के 60 से अधिक वर्षों के विधायी नियंत्रण का अंत कर दिया है। इस देश का नाम बताइये?

(1) अफगानिस्तान
(2) म्यांमार
(3) ताइवान
(4) थाईलैंड
(5) दक्षिण कोरिया

प्र.23. भारत में किस स्थान को नासा के पहले 'स्पेशवार्ड बाउंड कार्यक्रम 2016' के लिए चयनित किया गया है?

(1) सियाचिन (2) ऊटी
(3) जोधपुर (4) इलाहाबाद
(5) लद्दाख

प्र.24. हाल ही में किसने अपना छठा ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष एकल का खिताब जीता है?

(1) नोवाक जोकोविच
(2) एंडी मरे
(3) रोजर फेडरर
(4) राफेल नडाल
(5) जिमी कोनर्स

प्र.25. भारतीय बैडमिंटन स्टार किदम्बी श्रीकांत ने फाइनल में ----- के हुआंग युझियान को हराकर सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप जीती है।

(1) थाईलैंड (2) दक्षिण कोरिया
(3) जापान (4) चीन
(5) मलेशिया

प्र.26. फ्रैंक फिनले, जिन्हें 'ओथेलो' के लिए जाना जाता है ---- के ऑस्कर नामित अभिनेता थे जिनका हाल ही में निधन हो गया।

(1) फ्रांस (2) जापान
(3) ब्रिटेन (4) जर्मनी
(5) इटली

प्र.27. किस भारतीय बल्लेबाज ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है?

(1) रोहित शर्मा
(2) विराट कोहली
(3) शिखर धवन
(4) रविचंद्रन अश्विन
(5) रविंद्र जडेजा

प्र.28. भारत ने तीसरे चरण में अफगानिस्तान में कितनी लघु विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की दी है?

(1) 62 (2) 72
(3) 82 (4) 92
(5) 102

प्र.29. किस अंडर-19 भारतीय बल्लेबाज ने हाल ही में नेपाल के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच में अंडर -19 विश्व कप के पचास सबसे तेजी से रन बनाए हैं?

(1) इशान किशन (2) अमनदीप खरे
(3) ऋषभ पंत (4) मयंक डागर
(5) अमोलप्रीत सिंह

प्र.30. निम्नलिखित किसे सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किये जाने के बाद वह, किसी अर्धसैनिक बल की प्रमुख बनने वाली पहली महिला बन गयी हैं?

(1) ओमिता पॉल
(2) कावेरी बनर्जी
(3) अर्चना रामसुन्दरम
(4) विजयलक्ष्मी के. गुप्ता
(5) सुजाता मेहता

उर्जित आर पटेल को आर बी आई के डिप्टी गवर्नर के रूप में पुनः नियुक्त किया गया।

प्र.31. रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने हाल ही में आई.आर.ई.पी.एस. का उद्घाटन किया है। आई.आर.ई.पी.एस. का पूर्ण रूप क्या है?
(1) इंडियन रूरल ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम
(2) इंडियन रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम
(3) इंडियन रेलवे ई-परचेज सिस्टम
(4) इंडियन रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सल्यूशन
(5) इन्फो रेल ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम

प्र.32. गूगल की मूल कंपनी का नाम क्या है, जिसने बाजार पूंजीकरण के मामले में दुनिया में सबसे मूल्यवान कंपनी के रूप में एप्पल को पीछे छोड़ दिया है?
(1) एक्सेंचर (2) एलियनवेयर
(3) स्प्रिंट (4) अल्फाबेट
(5) राजेर

प्र.33. भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी ----- द्विमासिक मौद्रिक नीति में नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है।
(1) दूसरी (2) तीसरी
(3) चौथी (4) पांचवीं
(5) छठीं

प्र.34. निम्नलिखित में से किसे विश्व बैंक में वरिष्ठ निदेशक (टकराव एवं हिंसा समूह) के रूप में नियुक्त किया गया है?
(1) धनेन्द्र कुमार
(2) सरोज कुमार झा
(3) सुभाष चंद्र गर्ग
(4) एस. जयशंकर
(5) दीपक मोहंती

प्र.35. जनजातीय मामलों के मंत्रालय में सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
(1) श्याम एस. अग्रवाल
(2) अनिल स्वरूप
(3) आर. विजय कुमार
(4) शैलेश नायक
(5) रंगलाल जामुडा

प्र.36. सांग यंग-हान ने अमेरिकी स्टार जोर्डन स्पीथ को पराजित कर एसएमबीसी सिंगापुर ओपन खिताब जीता। वह किस देश से संबंधित है-
(1) जापान (2) चीन
(3) दक्षिण कोरिया (4) थाईलैंड
(5) ताइवान

प्र.37. भारत सरकार की किस एजेंसी ने हाल ही में यूनाइटेड किंगडम के साथ दो द्विपक्षीय अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौतों (**APAs**) में प्रवेश किया है?
(1) केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीईसी)
(2) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)
(3) आर्थिक मामले विभाग (डीईए)
(4) केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी)
(5) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

प्र.38. चीनी प्राधिकारियों ने 2015 की नोबेल विजेता वैज्ञानिक तू यूयू के नाम पर एक क्षुद्रग्रह का नामकरण किया है। उन्हें किस क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है-
(1) फिजियोलॉजी या चिकित्सा
(2) रसायन विज्ञान
(3) शांति
(4) साहित्य
(5) अर्थशास्त्र

प्र.39. कोयना क्षेत्र में भूकंप क्रियाविधि को समझने के लिए निम्नलिखित में से किस राज्य में बोरहोल भूभौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (**BGRL**) की आधारशिला कराड में रखी गयी है?
(1) कर्नाटक (2) केरल
(3) महाराष्ट्र (4) राजस्थान
(5) गुजरात

प्र.40. निम्न में से भारत के किस पड़ोसी देश ने प्रस्तावित मसौदा नागरिकता कानून 2016 में अपने प्रवासी नागरिकों के लिए दोहरी नागरिकता के दायरे के विस्तार को स्वीकृति दे दी है?
(1) भूटान (2) नेपाल
(3) म्यांमार (4) पाकिस्तान
(5) बांग्लादेश

प्र.41. चीन के निम्नलिखित में से किस प्रांत के लिये विश्व बैंक ने स्वच्छ ऊर्जा हीटिंग सिस्टम के निर्माण हेतु 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण की सहायता प्रदान करने को स्वीकृति दी है?
(1) तियानजिन (2) शांक्सी
(3) हेबेई (4) लिओनिंग
(5) जिलिन

प्र.42. भारत में परियोजनाओं में निवेश के संयुक्त कार्यान्वयन के लिए एनआईआईएफ किस रूसी कंपनी के साथ रूस-भारत उच्च प्रौद्योगिकी निजी इक्विटी फंड स्थापित करने पर सहमत हुई है?
(1) अलरोसा (2) रसनैनो
(3) डाज (4) रेगनम
(5) रूसल

प्र.43. भारत और ब्रुनेई ने हाल ही में, स्वास्थ्य, रक्षा तथा युवा एवं खेल मामलों में सहयोग पर द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने के लिए ब्रुनेई की राजधानी में 3 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रूनेई की राजधानी क्या है?
(1) नोम पेन्ह
(2) वियनतियाने
(3) पोर्ट मोरेस्बी
(4) बांदर सेरी बेगावान
(5) नेपीडॉ

प्र.44. निम्नलिखित में से किस स्थान पर एक अनूठी मैजिक (मॉड्यूलर, चंचल, तेज और सतत) प्रोसेस लैब का उद्घाटन किया गया है?
(1) केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई), लखनऊ,
(2) जीनोमिक्स एवं एकीकृत जीवविज्ञान संस्थान (आईजीआईबी), दिल्ली
(3) राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (एनसीएल), पुणे
(4) नेशनल एयरोस्पेस प्रयोगशाला (एनएएल), बंगलौर
(5) भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर), लखनऊ

प्र.45. निम्नलिखित में से किस स्थान पर आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2016 का आयोजन किया गया है?
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) जैसलमेर (4) पटियाला
(5) अमृतसर

भानुमूर्ति बीएम को विप्रो के नए अध्यक्ष व सीईओ के रूप में नियुक्त किया।

प्र.46. वयोवृद्ध उर्दू लघु कहानी लेखक, कवि और पत्रकार इंतिजार हुसैन का निधन हो गया। वह किस देश से संबंधित हैं-

(1) बांग्लादेश (2) पाकिस्तान
(3) अफगानिस्तान (4) इंडोनेशिया
(5) मलेशिया

प्र.47. कांग्रेस के पूर्व नेता बलराम जाखड़ का हाल ही में निधन हो गया। उन्होंने कौन सा पद धारित किया था:-

(1) वित्त मंत्री
(2) केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री
(3) लोकसभा अध्यक्ष
(4) उपाध्यक्ष, योजना आयोग
(5) अध्यक्ष, वित्त आयोग

प्र.48. रूस की सरकारी हथियार व्यापार कंपनी रोसोबोरनेक्सपोर्ट ने भारत को -------- हेलीकाप्टरों की अंतिम खेप सौंप दी है।

(1) एम आई -26(टी)
(2) का-32ए11बीसी
(3) राशेल
(4) एनसैट
(5) एमआई-17वी-5

प्र.49. कैबिनेट ने राज्यों में परियोजनाओं हेतु संसाधन जुटाने के लिए अनुमति देने के लिए किस मंत्रालय को राज्य सरकारों के साथ संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनियाँ स्थापित करने को अपनी स्वीकृति दे दी है?

(1) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
(2) रसायन और उर्वरक मंत्रालय
(3) भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय
(4) रेल मंत्रालय
(5) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

प्र.50. भारतीय वायु सेना में किस अवधि के लिए एयर मार्शल के एक अतिरिक्त पद का सृजन किया गया है?

(1) 10 माह (2) 13 माह
(3) 17 माह (4) 19 माह
(5) 22 माह

प्र.51. भारत और जर्मनी के बीच हस्ताक्षरित की गई संयुक्त घोषणा के अनुसार, भारत-जर्मनी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (आईजीएसटीसी) की विस्तारित अवधि क्या है?

(1) 2015-2020
(2) 2017-2022
(3) 2016-2021
(4) 2018-2023
(5) 2019-2024

प्र.52. किस पड़ोसी देश के सेना प्रमुख को हाल ही में भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक से सम्मानित किया गया है?

(1) बांग्लादेश (2) भूटान
(3) नेपाल (4) श्रीलंका
(5) म्यांमार

प्र.53. इजरायली और सीरियाई बलों के बीच संघर्ष विराम बनाए रखने के लिए गोलान में तैनात संयुक्त राष्ट्र मुक्ति पर्यवेक्षक सेना (यूएनडीओएफ) का मिशन प्रमुख एवं सेना कमांडर के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

(1) ओम प्रकाश मल्होत्रा
(2) अमित शर्मा
(3) मनोज एम. नारावने
(4) जय शंकर मेनन
(5) प्रवीण बख्शी

प्र.54. भारत ने निम्नलिखित में से किस देश के साथ बुनियादी एवं खोजपूर्ण वैज्ञानिक अनुसंधान के संचालन के लिए एक समन्वित अनुदान प्रतियोगिता पर सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

(1) फ्रांस
(2) जर्मनी
(3) यूनाइटेड किंगडम
(4) रूस
(5) जापान

प्र.55. निम्नलिखित में से किस देश के साथ भारत ने हाल ही में दोहरा कराधान बचाव संधि में संशोधन के लिए एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए हैं?

(1) अल्बानिया (2) रोमानिया
(3) आर्मीनिया (4) एस्टोनिया
(5) लिथुआनिया

प्र.56. मशहूर अभिनेत्री रेखा को हाल ही में यश चोपड़ा मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। निम्नलिखित में से किस राज्य ने उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया है?

(1) पंजाब (2) गुजरात
(3) मध्य प्रदेश (4) तमिलनाडु
(5) महाराष्ट्र

प्र.57. राजस्थान, उदय योजना के अंतर्गत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाला तीसरा राज्य बन गया है, अन्य दो राज्य निम्न में से कौन हैं?

(1) झारखंड और छत्तीसगढ़
(2) झारखंड और कर्नाटक
(3) ओडिशा और छत्तीसगढ़
(4) ओडिशा और गुजरात
(5) झारखंड और महाराष्ट्र

प्र.58. मेलबोर्न में किस भारतीय मूल के दंत चिकित्सक को सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया से सम्मानित किया गया है?

(1) रमन बेदी
(2) सजीव कोशी
(3) जयंत पटेल
(4) चेन्नुपती जगदीश
(5) जय चंद्रा

प्र.59. भारत ने हाल ही में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपना नंबर 1 स्थान कितने वर्षों बाद पुनः प्राप्त कर लिया है?

(1) दो (2) तीन
(3) चार (4) पांच
(5) छह

प्र.60. किस संगठन ने नीदरलैंड की रॉबर्ट वान डेर होर्स्ट और लिडविज वेल्टेन की जोड़ी को वर्ष 2015 के लिये क्रमशः पुरुष व महिला वर्ग के लिये वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित किया है?

(1) अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति।
(2) अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ महासंघ।
(3) अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ।
(4) विश्व स्क्वैश महासंघ।
(5) अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ।

फेडरल बैंक ने मिस्ड कॉल प्रणाली के माध्यम से फंड ट्रांसफर की सुविधा शुरू की है।

प्र.61. प्रसिद्ध ------ अभिनेता एबे विगोडा का हाल ही में निधन हो गया।

(1) ब्रिटिश (2) अमेरिकी
(3) फ्रांसीसी (4) इतालवी
(5) ऑस्ट्रेलियाई

प्र.62. किस राज्य सरकार ने निःशुल्क जांच, उपचार, परीक्षण और दवाएं उपलब्ध कराने के लिए महिलाओं के लिए विशेष साप्ताहिक मुफ्त क्लीनिक की शुरूआत की है?

(1) मध्य प्रदेश (2) कर्नाटक
(3) झारखंड (4) तमिलनाडु
(5) महाराष्ट्र

प्र.63. किस देश को, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में पहला स्थान दिया गया है?

(1) नॉर्वे (2) फिनलैंड
(3) डेनमार्क (4) स्वीडन
(5) नीदरलैंड

प्र.64. केंद्रीय मंत्री थावरचंद गहलोत ने दिव्यांगों के लिए एक विशेष जॉब पोर्टल का शुभारंभ किया है। वह किस मंत्रालय से संबंधित हैं?

(1) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(2) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(3) पंचायती राज मंत्रालय
(4) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
(5) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

प्र.65. रेल मंत्रालय ने रेलवे बुनियादी ढांचा विकास के लिए "संयुक्त उद्यम कंपनियों" की स्थापना के लिए निम्न में से किन दो राज्य सरकारों के साथ अलग-अलग समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं?

(1) केरल और आंध्र प्रदेश
(2) तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश
(3) कर्नाटक और आंध्र प्रदेश
(4) तेलंगाना और आंध्र प्रदेश
(5) केरल और कर्नाटक

प्र.66. हाल ही में भारत के उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के लोकायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया है?

(1) स्वतंत्र सिंह
(2) एन. के. मेहरोत्रा
(3) संजय मिश्रा
(4) राजेश्वर सिंह
(5) मुर्तजा हुसैन

प्र.67. ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर ने पहली बार एलन बोर्डर पदक जीतने के साथ ही 'वर्ष का टेस्ट खिलाड़ी' पुरस्कार भी जीता है। वह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम में किस भूमिका में हैं?

(1) कप्तान (2) उप-कप्तान
(3) विकेट कीपर (4) तेज गेंदबाज
(5) टेस्ट कप्तान

प्र.68. भारतीय कार्यकर्ता हेनरी तीफाग्ने एमनेस्टी इंटरनेशनल मानवाधिकार पुरस्कार 2016 प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल की कौन सी शाखा मानवाधिकार पुरस्कार प्रदान करती है?

(1) यूनाइटेड किंगडम
(2) फ्रांस
(3) स्विट्जरलैंड
(4) जर्मनी
(5) इटली

प्र.69. अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने पुरुषों की श्रेणी में वर्ष 2015 के कोच के रूप में आयरलैंड के दक्षिण अफ्रीकी कोच ----- की घोषणा की है।

(1) क्लाउड जुलिएन
(2) क्रेग फुल्टन
(3) डेव कैमरून
(4) बैरी ट्रोट्ज
(5) पॉल मौरिस

प्र.70. पुस्तक 'मिडनाइट्स फुरीसः डेड्ली लिगेसी ऑफ इंडियाज पार्टीशन' जो 1947 में भारत के विभाजन और इसके भयावह परिणामों पर आधारित है, ने अमेरिका में 'विलियम ई. कोल्बी अवार्ड 2016' जीता है। इस पुस्तक के लेखक कौन है?

(1) दिनेश डिसूजा
(2) विक्रम अमर
(3) आसिफ मांडवी
(4) सुकेतु मेहता
(5) निसिद हजारी

## उत्तर भाग - ए

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र.1.(2) | प्र.2.(4) | प्र.3.(3) | प्र.4.(5) | प्र.5.(2) | प्र.6.(3) | प्र.7.(1) | प्र.8.(4) | प्र.9.(3) | प्र.10.(5) |
| प्र.11.(1) | प्र.12.(2) | प्र.13.(1) | प्र.14.(1) | प्र.15.(4) | प्र.16.(3) | प्र.17.(2) | प्र.18.(1) | प्र.19.(3) | प्र.20.(2) |
| प्र.21.(4) | प्र.22.(3) | प्र.23.(5) | प्र.24.(1) | प्र.25.(4) | प्र.26.(3) | प्र.27.(2) | प्र.28.(4) | प्र.29.(3) | प्र.30.(3) |
| प्र.31.(2) | प्र.32.(4) | प्र.33.(5) | प्र.34.(2) | प्र.35.(1) | प्र.36.(3) | प्र.37.(4) | प्र.38.(1) | प्र.39.(3) | प्र.40.(5) |
| प्र.41.(3) | प्र.42.(2) | प्र.43.(4) | प्र.44.(3) | प्र.45.(1) | प्र.46.(2) | प्र.47.(3) | प्र.48.(5) | प्र.49.(4) | प्र.50.(3) |
| प्र.51.(2) | प्र.52.(3) | प्र.53.(4) | प्र.54.(4) | प्र.55.(3) | प्र.56.(5) | प्र.57.(1) | प्र.58.(2) | प्र.59.(4) | प्र.60.(5) |
| प्र.61.(2) | प्र.62.(1) | प्र.63.(3) | प्र.64.(4) | प्र.65.(1) | प्र.66.(3) | प्र.67.(2) | प्र.68.(4) | प्र.69.(2) | प्र.70.(5) |

Mahendra's™
YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS
Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations

लेखक मणि शंकर मुखर्जी का हाल ही में निधन हो गया।

# प्रश्न खजाना
## भाग-बी

**प्र.71.** भारत किस देश को पीछे छोड़ते हुये, 2015 में दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक बन गया है?

(1) चीन (2) मलेशिया
(3) थाईलैंड (4) विएतनाम
(5) ब्राजील

**प्र.72.** 'स्मार्ट सिटी मिशन' के लिए चुने गये 98 शहरों में से 20 स्मार्ट शहरों की सूची धन प्राप्ति के लिए जारी की गई है। इस मिशन के अंतर्गत राजधानी शहरों की कुल संख्या कितनी है?

(1) 24 (2) 18
(3) 16 (4) 22
(5) 12

**प्र.73.** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने निम्नलिखित किन दो राज्यों के राजधानी शहरों में बुनियादी ढांचा सुधार जारी रखने में मदद करने के लिए केंद्र के साथ 80 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

(1) नागालैंड और मणिपुर
(2) मणिपुर और मिजोरम
(3) मिजोरम और त्रिपुरा
(4) त्रिपुरा और मणिपुर
(5) मेघालय और मिजोरम

**प्र.74.** निम्नलिखित में से कौन व्यय प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष थे जिसने हाल ही में, सरकार को अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की है?

(1) विजय एल. केलकर
(2) बिमल जालान
(3) उर्जित पटेल
(4) ऊषा थोराट
(5) दीपक मोहंती

**प्र.75.** निम्न में से कौन, जीआईसी री की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने के बाद भारत में बीमा क्षेत्र में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त की जानी वाली पहली महिला बन गई हैं?

(1) कल्पना मोरपारिया
(2) बाला देशपांडे
(3) ऐलिस वैद्यन
(4) रेणुका रामनाथ
(5) काकु नखाटे

**प्र.76.** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ---- ने बुकिंग के समय सिलेंडर की ऑनलाइन भुगतान सुविधा का शुभारम्भ किया है।

(1) धर्मेंद्र प्रधान
(2) कलराज मिश्र
(3) जगत प्रकाश नड्डा
(4) प्रकाश जावड़ेकर
(5) जितेंद्र सिंह

**प्र.77.** निम्नलिखित में से कौन सा, भारत के उन शहरों के सही नामों का प्रतिनिधित्व करता है जिनकी संबंधित राज्य सरकारों ने चंडीगढ़ में भारत-फ्रांस व्यापार शिखर बैठक के दौरान 'स्मार्ट सिटी' विषय के अंतर्गत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?

(1) चंडीगढ़, बंग्लुरू और पांडिचेरी
(2) चंडीगढ़, नागपुर और पांडिचेरी
(3) वाराणसी, नागपुर और पांडिचेरी
(4) चंडीगढ़, नागपुर और लखनऊ
(5) चंडीगढ़, हैदराबाद और पांडिचेरी

**प्र.78.** निम्नलिखित में से किसे वर्ष 2016 के लिए पद्‌म पुरस्कारों के विजेताओं की 118 हस्तियों की सूची में सम्मिलित किया गया है?

(1) अनुपम खेर
(2) रजनीकांत
(3) सानिया मिर्जा
(4) प्रियंका चोपड़ा
(5) उपरोक्त सभी

**प्र.79.** लोकप्रिय ----- फिल्म अभिनेत्री कल्पना का हाल ही में निधन हो गया।

(1) तेलुगू (2) तमिल
(3) कन्नड़ (4) मलयालम
(5) बंगाली

**प्र.80.** निम्नलिखित में से किस शहर ने, दृष्टिहीनों के पहले टी-20 एशिया कप क्रिकेट की मेजबानी की जिसमें भारत ने पाकिस्तान को 44 रनों से हराया?

(1) चेन्नई (2) बेंगलुरु
(3) कोच्चि (4) कोयम्बटूर
(5) नागपुर

**प्र.81.** पी. वी. सिंधु ने अंतिम मैच में स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिल्मर को हराने के बाद अपना दूसरा मलेशिया मास्टर्स ग्रां प्री. गोल्ड खिताब जीता है। पी. वी. सिंधु निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित हैं?

(1) टेनिस (2) बैडमिंटन
(3) टेबल टेनिस (4) तैराकी
(5) स्क्वाश

**प्र.82.** निम्नलिखित में से किसे, पुर्तगाल के अगले राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित किया गया है?

(1) मार्सेलो रेबेलो डी सूजा
(2) नूरी अबूशाहमेन
(3) अतीफेते जाहजागा
(4) राउल खजिम्बा
(5) पेट्रो पोरोशेंको

**प्र.83.** निंग जेताओ और लियू हॉंग ने इस साल के चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) खेल पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला एथलीट का पुरस्कार जीता है। वे क्रमशः हैं:-

(1) फुटबॉलर, तैराक
(2) तैराक, फुटबॉलर
(3) शटलर, बॉक्सर
(4) तैराक, रेस वाकर
(5) शटलर, तैराक

शैलेश को भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त नियुक्त किया गया है।

प्र.84. भारतीय मूल के इमाम मुहम्मद शाहिद रजा को अपने स्थानीय समुदाय के प्रति उनके कार्य को सम्मानित करने के लिये ------- में लीसेस्टर विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है ।

(1) लंदन (2) पेरिस
(3) बर्लिन (4) लिस्बन
(5) कैलिफोर्निया

प्र.85. किस ब्रिटिश लेखक को पेन/एलन फाउंडेशन साहित्यिक सेवा पुरस्कार 2016 के विजेता के रूप में घोषित किया गया है?

(1) रॉबर्ट मैक्फार्लेन
(2) जॉन मैकग्रेगर
(3) जे. के. रॉलिंग
(4) इवान मॉरिस
(5) वैनेसा वाल्टर्स

प्र.86. भारत, किस देश में उपग्रह ट्रैकिंग एवं इमेजिंग सेंटर की स्थापना करेगा जो चीन और दक्षिण चीन सागर को कवर करते हुये इसकी राजधानी को भारतीय पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के चित्रों की पहुँच प्रदान करेगा?

(1) थाईलैंड (2) वियतनाम
(3) मलेशिया (4) कंबोडिया
(5) म्यांमार

प्र.87. किस मंत्रालय ने दूरसंचार क्षेत्र में कौशल विकास राष्ट्रीय कार्य योजना विकसित करने और लागू करने करने के लिये दूरसंचार विभाग (डीओटी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं?

(1) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
(2) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय
(3) लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
(4) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(5) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

प्र.88. **FIPB** ने हाल ही में **6,500** करोड़ रुपये के कुल तेरह एफडीआई प्रस्तावों को स्वीकृति दी है। **FIPB** का पूर्ण रूप है-

(1) **Freign Investment Promotion Board**
(2) **Foreign Industries Promotion Board**
(3) **ForeX Investment Protection Board**
(4) **Foreign Institutional Promotion Board**
(5) **Fertilizer Industry Promotion Board**

प्र.89. प्रख्यात ------- वादक पंडित शंकर घोष का निधन हो गया।

(1) बांसुरी (2) हारमोनियम
(3) सरोद (4) तबला
(5) गिटार

प्र.90. किस तेलुगू स्टार को स्टार स्पोर्ट्स प्रो कबड्डी ने तीसरे सत्र के लिए अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में हस्ताक्षरित किया है?

(1) अल्लू अर्जुन
(2) रवि तेजा
(3) राणा दग्गुबाती
(4) नंदामुरी बालकृष्णा
(5) अर्जुन सार्जा

प्र.91. ग्रीनपीस इंडिया का कार्यकारी निदेशक निम्नलिखित में से किसे नियुक्त किया गया है?

(1) रवि चेल्लम
(2) अनुपम मिश्रा
(3) चंडी प्रसाद भट्ट
(4) मोहन धारिया
(5) अनिल प्रकाश जोशी

प्र.92. निम्नलिखित में से किस स्थान से रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने सबसे ऊंचे पोल से देश का सबसे बड़ा झंडा फहराया?

(1) इंडिया गेट, नई दिल्ली
(2) साबरमती आश्रम, अहमदाबाद
(3) मेहरानगढ़, जोधपुर
(4) पहाड़ी मंदिर, रांची
(5) वीजा भगवान मंदिर, हैदराबाद

प्र.93. निम्नलिखित में से किसने **5,180** करोड़ रुपये की कोच्चि मेट्रो रेल परियोजना के पहले परीक्षण संचालन को हरी झंडी दिखाई है?

(1) जे. जयललिता
(2) ओमन चांडी
(3) सिद्धारमैया
(4) ई. श्रीधरन
(5) सुरेश प्रभु

प्र.94. भारतीय मूल के किस व्यक्ति ने 'ग्राउंडब्रेकिंग डिजाइन' की श्रेणी में रिचर्ड चुआंग के साथ ऑस्कर पुरस्कार जीता है?

(1) वाश्ती कोला
(2) बिभू महापात्र
(3) राहेल रॉय
(4) ओमी वैद्य
(5) राहुल ठक्कर

प्र.95. भारत का कौन सा रेलवे स्टेशन उच्च स्पीड वाई-फाई इंटरनेट सुविधा वाला अब तक का पहला रेलवे स्टेशन बन गया है?

(1) बंगलुरू सिटी स्टेशन
(2) चेन्नई सेंट्रल स्टेशन
(3) मुंबई सेंट्रल स्टेशन
(4) कानपुर सेंट्रल स्टेशन
(5) वाराणसी सेंट्रल स्टेशन

प्र.96. शिवनारायण चंद्रपाल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। वह किस देश से संबंधित है-

(1) न्यूजीलैंड
(2) दक्षिण अफ्रीका
(3) इंग्लैंड
(4) वेस्ट इंडीज
(5) ऑस्ट्रेलिया

प्र.97. विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के अवसर पर जारी विश्व के सर्वश्रेष्ठ देशों की पहली सूची में भारत का स्थान क्या है?

(1) 22वाँ (2) 24वाँ
(3) 26वाँ (4) 28वाँ
(5) 30वाँ

प्र.98. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ---------- के साथ सार्वजनिक क्षेत्र की एमएमटीसी लिमिटेड द्वारा निर्मित भारत स्वर्ण सिक्के (आईजीसी) बैंकों को बेचने की अनुमति दे दी है।

(1) महात्मा गांधी
(2) शेर स्तम्भ
(3) अशोक चक्र
(4) लाल किला
(5) आरबीआई का लोगो

मलाला यूसुफजई पर अमेरिकी वृत्तचित्र, को बाफ्टा पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।

प्र.99. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

(1) ए. के. जैन
(2) अतुलेश जिंदल
(3) सी. आर. विश्वनाथ
(4) पी. के. पुजारी
(5) पी. के. सिन्हा

प्र.100. प्रधानमंत्री ने हाल ही में 'महामना एक्सप्रेस' को हरी झण्डी दिखाई-

(1) इलाहाबाद से
(2) मेरठ से
(3) कानपुर से
(4) लखनऊ से
(5) वाराणसी से

प्र.101. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जमाकर्ताओं को न्यूनतम लॉक-इन अवधि के बाद परिपक्वता के पहले वापस लेने की अनुमति दी जाने वाली मध्यम कालिक और दीर्घ कालिक स्वर्ण मौद्रीकरण योजनाओं की अवधि क्या है?

(1) 1-3 वर्ष और 4-7 वर्ष
(2) 2-4 वर्ष और 5-8 वर्ष
(3) 3-5 वर्ष और 6-9 वर्ष
(4) 5-7 वर्ष और 12-15 वर्ष
(5) 6-8 वर्ष और 9-15 वर्ष

प्र.102. ------ स्थित उम्मेद भवन पैलेस को विश्व की सबसे बड़ी यात्रा साइट ट्रिपएडवाइजर ने ट्रैवलर्स च्वाइस पुरस्कार में विश्व का सर्वश्रेष्ठ होटल घोषित किया है।

(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) नागपुर (4) हैदराबाद
(5) लखनऊ

प्र.103. भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने निम्नलिखित में से किस खेल फर्म को अगले दो वर्ष के लिए अपने विपणन अधिकार भागीदार के रूप में हस्ताक्षरित किया है?

(1) आईओएस स्पोर्ट्स एंड एंटरटनमेंट
(2) एसपीटी स्पोर्ट्स मैनेजमेंट
(3) परसेप्ट स्पोर्ट
(4) रहिती स्पोर्ट्स
(5) प्रोकैम

प्र.104. किस अंडर-15 बैडमिंटन खिलाड़ी को लाइफ इंश्योरेंस कंपनी पीएनबी मेटलाइफ इंडिया का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है?

(1) नेहा पंडित
(2) रितुपर्णा दास
(3) रूथ्विका शिवा
(4) वैष्णवी रेड्डी
(5) धन्या नायर

प्र.105. हाल ही में टेनिस से संन्यास की घोषणा करने वाले लेटन हेविट किस देश के निवासी हैं?

(1) ऑस्ट्रेलिया
(2) ऑस्ट्रिया
(3) स्विट्जरलैंड
(4) फ्रांस
(5) स्पेन

प्र.106. निम्नलिखित में से किसे मोल्दोवा के प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है?

(1) पियरे कुरून्जिजा
(2) ऑगस्टिन मताता पोन्यो
(3) पावेल फ़िलिप
(4) इब्राहिम महलाब
(5) शेरिफ इस्माइल

प्र.107. ओएनजीसी विदेश लिमिटेड ने अपस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में सहयोग के लिए किस अफ्रीकी राष्ट्र के साथ एक समझौता किया है?

(1) नाइजीरिया
(2) मिस्र
(3) लीबिया
(4) अल्जीरिया
(5) इक्वेटोरियल गिनी

प्र.108. निम्नलिखित में से किस संस्थान के साथ भारत ने बिहार कोसी बेसिन विकास परियोजना के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक वित्तपोषण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

(1) आईएमएफ
(2) एडीबी
(3) विश्व बैंक
(4) डब्ल्यूटीओ
(5) यूएनडीपी

प्र.109. निम्नलिखित में से किस संस्थान के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए अन्वेषण और बाहरी अंतरिक्ष के उपयोग में सहयोग संबंधी एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं?

(1) कुवैत वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान
(2) इसराइल वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान
(3) ईरान वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान
(4) केन्या वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान
(5) कोरियाई वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान

प्र.110. पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित मृणालिनी साराभाई का हाल ही में अहमदाबाद में निधन हो गया। वह थीं-

(1) एक शास्त्रीय नृत्यांगना
(2) एक शास्त्रीय गायिका
(3) नृत्य निर्देशिका
(4) दोनों (1) और (2)
(5) दोनों (1) और (3)

प्र.111. निम्नलिखित में से किस राज्य ने भारतीय फिल्म संगीत के प्रति बहुमूल्य योगदान के सम्मान में संगीत के उस्ताद इलैय्याराजा को प्रतिष्ठित 'निशागांधी पुरष्कारम' से सम्मानित किया है?

(1) कर्नाटक (2) तमिलनाडु
(3) महाराष्ट्र (4) केरल
(5) गुजरात

प्र.112. उत्तर प्रदेश ने हाल ही में पहली बार सैय्यद मुश्ताक अली ट्राफी जीती। उत्तर प्रदेश ने निम्नलिखित में से किस टीम को पराजित किया था?

(1) हैदराबाद (2) बड़ौदा
(3) महाराष्ट्र (4) बंगाल
(5) गुजरात

